फाल्गुन कृष्ण पक्ष, षष्ठी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 1 मार्च 2024
वर्ष -2, अंक -190, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य - 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



भारत ने कश्मीर मुद्दे पर पाकिस्तान को फटकारा 16

तेरा क्या होगा लवली में इलियाना और रणदीप 2

घाटमपुर के बरौली गांव में ईंट भट्ठे में श्रमिकों की नाबालिग बेटियों के साथ वारदात

## गैंगरेप के बाद चचेरी बहनों के शव पेड़ से लटके मिले

कार्यालय संवाददाता, कानपुर/घाटमपुर

- ठेकेदार और साथियों ने गैंगरेप कर बनाया अश्लील वीडियो, जबरन शराब पिलाकर की मारपीट
- गैंगरेप, पॉक्सो समेत कई गंभीर धाराओं में दर्ज की गई रिपोर्ट, तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

**अमृत विचार :** घाटमपुर कोतवाली क्षेत्र के बरौली गांव में गैंगरेप के बाद बुधवार रात नाबालिग चचेरी बहनों (16 और 14 वर्षीय) के शव पेड़ पर फांसी के फंदे से लटके मिले। दोनों के साथ मंगलवार रात नशे में धुत ईंट भट्ठे के ठेकेदार ने साथियों के साथ मिलकर गैंगरेप किया था। दोनों किशोरियों के अश्लील वीडियो बनाकर जबरन शराब और बीड़ी पिलाकर पीटा भी था। उस दौरान ईंट-भट्ठे में काम करने वाले लोग बाजार करने गए थे। 16 वर्षीय मृतका किशोरी के पिता की तहरीर पर पुलिस ने ठेकेदार रामस्वरूप, रज्जू, संजय, अन्य के विरुद्ध गैंगरेप, पॉक्सो, आत्महत्या के लिए उकसाने, मारपीट, धमकी, आपत्तिजनक वीडियो, फोटो खींचने की एफआईआर दर्ज की है। तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है।

घाटमपुर के बरौली गांव में श्रीबालाजी भट्ठे में जिला हमीरपुर के थाना सिसौलर निवासी दो श्रमिक काम करते हैं। वह दोनों फुफेरे भाई हैं। दोनों ने पुलिस को बताया कि भट्ठे में रामस्वरूप ठेकेदारी करता है। मंगलवार शाम को हफ्ते भर का हिसाब हुआ तो पैसे मिलने पर वह और भट्ठे के अधिकतर श्रमिक परिवार बाजार चले गए थे। अपनी-अपनी झोपड़ी में 16 वर्षीय और 14 वर्षीय चचेरी बहनें अकेली थीं। इसी दौरान नशे में धुत ठेकेदार रामस्वरूप, उसका बेटा रज्जू, संजू और एक अन्य झोपड़ी में घुस गए और चचेरी बहनों के साथ गैंगरेप किया। दोनों को मारापीटा, जबरन शराब और बीड़ी पिलाई। अश्लील वीडियो भी बनाया। किशोरियों के पिता ने बताया कि वे लोग बाजार से लौटे तो लड़कियां रो रही थीं। पूछने पर उन्होंने हकीकत बताई।

श्रमिक जब विरोध जताने आरोपियों के पास पहुंचे तो अभद्रता करते हुए भगा दिया। बुधवार को दिन भर सभी पुलिस के पास जाने की सोचते रहे लेकिन डर से नहीं गए। बुधवार शाम दोनों किशोरियां खेलने निकलीं लेकिन लौटीं नहीं। रात 10 बज गया, दोनों नहीं लौटीं तो खोजबीन शुरू हुई। रात में करीब 11 बजे भट्ठे से कुछ दूर एक पेड़ से दोनों के शव लटके मिले। सूचना पर थाने की पुलिस पहुंची। गुरुवार सुबह संयुक्त पुलिस आयुक्त (कानून व्यवस्था) हरीश चन्दर, डीसीपी रविंद्र कुमार, एसीपी रंजीत कुमार भट्ठे पर पहुंचे। ठेकेदार रामस्वरूप, रज्जू व संजय को गिरफ्तार कर लिया गया है। भट्ठे के मुनीम, भट्ठा मालिक को नजरबंद कर दिया गया है। गुरुवार रात दोनों किशोरियों का पोस्टमार्टम तीन डॉक्टरों के पैनल ने किया। गांव में पुलिस-पीएसी तैनात कर दी गई है। पुलिस गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद अन्य कार्रवाई होगी।

## अक्टूबर-दिसंबर में आर्थिक वृद्धि दर 8.4%

नई दिल्ली, एजेंसी

- एनएसओ ने जारी किए आंकड़े, समूचे वित्त वर्ष में 7.6 प्रतिशत रहने का अनुमान

देश की आर्थिक वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष (2023-24) की तीसरी अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में तेजी से बढ़कर 8.4 प्रतिशत हो गई, जिसमें विनिर्माण, खनन और निर्माण क्षेत्रों के बेहतर प्रदर्शन की अहम भूमिका रही है। आर्थिक वृद्धि का यह अनुमान जताए गए विभिन्न अनुमानों से कहीं अधिक है। आरबीआई ने तीसरी तिमाही में वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत और पूरे वित्त वर्ष के लिए सात प्रतिशत रहने की संभावना जताई थी।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के गुरुवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर दिसंबर तिमाही में 8.4 प्रतिशत रही है। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह 4.3 प्रतिशत रही थी। जीडीपी वृद्धि एक निश्चित अवधि में वस्तुओं और सेवाओं के कुल मूल्य में वृद्धि को दर्शाती है। इसके साथ ही एनएसओ ने राष्ट्रीय खातों के अपने दूसरे अग्रिम अनुमान में वित्त वर्ष 2023-24 के लिए देश की वृद्धि दर के बढ़कर 7.6 प्रतिशत होने का अनुमान लगाया है। इस साल जनवरी में जारी पहले अग्रिम अनुमान में जीडीपी वृद्धि दर 7.3 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया था।

एनएसओ ने पिछले वित्त वर्ष 2022-23 के लिए जीडीपी वृद्धि दर के अनुमान को भी संशोधित कर सात प्रतिशत कर दिया है। पहले इसके 7.2 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया था। चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में सकल मूल्य-वर्धन (जीवीए) के हिसाब से विनिर्माण क्षेत्र का उत्पादन 11.6 प्रतिशत बढ़ा, जबकि एक साल पहले की समान अवधि में इसमें 4.8 प्रतिशत की गिरावट आई थी।

### एक नजर

#### चालक रहित ट्रेन मामले में लोको पायलट बर्खास्त

**नई दिल्ली।** उत्तर रेलवे ने जम्मू के कठुआ से पंजाब के उच्ची बस्सी तक लगभग 78 किलोमीटर तक बिना चालक के चलने वाली एक मालगाड़ी के लोको पायलट को सेवा से हटा दिया है। उन्होंने कहा कि उसकी लापरवाही के कारण एक बड़ा हादसा हो सकता था जिससे लोगों की जान जा सकती थी। रेलवे सूत्रों ने कहा कि इस मामले में एक उच्च स्तरीय जांच जारी है तथा कुछ और लोगों के खिलाफ कार्रवाई हो सकती है। बता दें कि घटना के तुरंत बाद उत्तर रेलवे ने लोको पायलट समेत छह लोगों को निलंबित कर दिया था।

#### ओपीएस लागू नहीं होने पर हड़ताल की दी धमकी

**नई दिल्ली।** ज्वाइंट फोरम फॉर रिस्टोरेशन ऑफ ओल्ड पेंशन स्कीम (जेएफआरओपीएस) के तहत एकजुट हुईं रेलवे कर्मचारियों व श्रमिक यूनियनों ने धमकी दी है कि अगर पुरानी पेंशन योजना लागू करने की उनकी मांग नहीं मानी गई तो वे एक मई से देश भर में सभी ट्रेन सेवाओं का संचालन बंद कर देंगी। जेएफआरओपीएस के संयोजक शिव गोपाल मिश्रा ने कहा कि अब विकल्प नहीं बचा है। मिश्रा ने कहा कि हम 19 मार्च को आधिकारिक तौर पर रेल मंत्रालय को एक नोटिस देंगे, जिसमें 1 मई से ट्रेनों का संचालन रोकने के बारे में सूचित किया जाएगा।

केंद्रीय कैबिनेट ने दी पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को मंजूरी

## देश में 1 करोड़ घरों को मिलेगी 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली

### छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने के लिए 78,000 रुपये तक मिलेगी सब्सिडी

नई दिल्ली, एजेंसी



केंद्रीय मंत्रिमंडल ने गुरुवार को पीएम-सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को मंजूरी दे दी। इस पर 75,021 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। योजना के तहत एक करोड़ घरों को छतों पर सौर संयंत्र लगाने के लिए 78,000 रुपये तक सब्सिडी और 300 यूनिट मुफ्त बिजली मिलेगी।

केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि छत पर सौर संयंत्र लगाने और एक करोड़ परिवारों को हर महीने प्रति परिवार 300 यूनिट तक बिजली मुफ्त देने की योजना को मंजूरी दी गई है। प्रधानमंत्री ने 13 फरवरी, 2024 को यह योजना शुरू की थी। योजना के तहत दो किलोवाट क्षमता की सौर प्रणाली के लिए लागत का 60 प्रतिशत और दो किलोवाट से तीन किलोवाट क्षमता के बीच प्रणाली के लिए अतिरिक्त लागत के 40 प्रतिशत की केंद्रीय वित्तीय सहायता मिलेगी। यह सहायता तीन किलोवाट तक के लिए है।

मौजूदा मानक कीमतों पर देखा जाए तो एक किलोवाट क्षमता की सौर प्रणाली के लिए 30,000 रुपये, दो किलोवाट क्षमता की सौर प्रणाली के लिए 60,000 रुपये और तीन किलोवाट क्षमता या उससे अधिक के लिए सब्सिडी 78,000 रुपये होगी। योजना के तहत प्रत्येक जिले के एक गांव को 'मॉडल सोलर' गांव के रूप में विकसित किया जाएगा। यह ग्रामीण क्षेत्रों में छत पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने के लिए 'रोल मॉडल' के रूप में कार्य करेगा। इसके अलावा, स्थानीय शहरी निकायों और पंचायती राज संस्थानों को भी अपने क्षेत्रों में छतों पर सौर संयंत्र लगाने को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा।

#### पीएम सूर्य घर पोर्टल पर करवा सकते हैं पंजीकरण

परिवार राष्ट्रीय पोर्टल पीएम सूर्य घर डॉट गॉव डॉट इन (https://pmsuryaghar.gov.in) के माध्यम से सब्सिडी के लिए आवेदन करेंगे और छत पर सौर ऊर्जा स्थापित करने के लिए एक उपयुक्त विक्रेता का चयन कर सकेंगे। राष्ट्रीय पोर्टल के जरिए उपयुक्त सौर प्रणाली, लाभ आकलन, विक्रेता रेटिंग आदि जैसी जरूरी जानकारी उपलब्ध होगी। परिवार रिहायशी मकानों में छतों पर तीन किलोवाट तक की क्षमता के सौर संयंत्र लगाने के लिए करीब सात प्रति ब्याज पर बिना किसी गारंटी के कर्ज ले सकेंगे।

#### अधिशेष बिजली की बिक्री से कर सकेंगे कमाई

इस योजना के माध्यम से, परिवार बिजली बिल बचाने के साथ-साथ वितरण कंपनियों को अधिशेष बिजली की बिक्री के माध्यम से अतिरिक्त आय अर्जित कर सकेंगे। घर में अगर तीन किलोवाट क्षमता की सौर प्रणाली लगाई जाती है, तो इससे प्रतिमाह औसतन 300 से अधिक यूनिट बिजली पैदा की जा सकेगी। अनुमान है कि इस योजना से प्रत्यक्ष रूप से लगभग 17 लाख नौकरियां सृजित होंगी।

#### अन्य फैसले...

- बाघों के संरक्षण को इंटरनेशनल बिग कैट अलायंस का होगा गठन
- तीन सेमीकंडक्टर इकाइयां स्थापित किए जाने पर भी लगी मुहर
- 12 महत्वपूर्ण एवं सामरिक खनिजों पर रॉयल्टी दर तय की गई
- राष्ट्रीय एक स्वास्थ्य संस्थान, नागपुर में निदेशक पद सृजन को मंजूरी

**पीएंडके उर्वरकों पर 24,420 करोड़ रुपये सब्सिडी :** सरकार ने आगामी खरीफ सत्र के लिए फॉस्फेटिक एवं पोटाश (पीएंडके) उर्वरकों पर 24,420 करोड़ रुपये की सब्सिडी देने की घोषणा की। कहा है कि किसानों को प्रमुख पोषक तत्व डीएपी 1,350 रुपये प्रति क्विंटल के दाम पर मिलती रहेगी। कैबिनेट बैठक में पीएंडके उर्वरकों पर 1 अप्रैल से 30 सितंबर तक के खरीफ सत्र के लिए पोषक तत्व-आधारित सब्सिडी दरें तय करने के लिए उर्वरक विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि आगामी खरीफ सत्र के लिए नाइट्रोजन पर सब्सिडी 47.02 रुपये, फॉस्फेटिक पर 28.72 रुपये, पोटाश पर 2.38 रुपये और सल्फर पर 1.89 रुपये प्रति किलोग्राम तय की गई है।

## सीरियल बम विस्फोट केस में करीम टुंडा बरी

जयपुर, एजेंसी



- 1993 में देशभर में पांच ट्रेनों में हुए थे सिलसिलेवार धमाके
- अजमेर की टाडा कोर्ट ने दो अन्य आरोपियों को दी उम्रकैद

अजमेर की एक विशेष अदालत ने 1993 में कई ट्रेनों में हुए सिलसिलेवार बम विस्फोटों के मामले में मुख्य आरोपी अब्दुल करीम टुंडा को गुरुवार को यह कहते हुए बरी कर दिया कि अभियोजन पक्ष आरोपों को साबित करने के लिए पर्याप्त सबूत पेश नहीं कर सका।

न्यायाधीश महावीर प्रसाद गुप्ता की टाडा अदालत ने दो अन्य आरोपियों-इरफान और हमीदुद्दीन को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। भारत में वांछित आतंकवादी दाऊद इब्राहिम के घनिष्ठ सहयोगी टुंडा (81) पर दिसंबर 1993 में बाबरी मस्जिद विध्वंस की पहली बरसी पर विभिन्न शहरों में पांच ट्रेनों में विस्फोट करने का आरोप है। इन बम धमाकों में दो लोगों की मौत हो गई थी और कई घायल हुए थे। टुंडा के वकील शफकतुल्लाह सुल्तानी ने अजमेर में संवाददाताओं से कहा कि अदालत ने अब्दुल करीम टुंडा को उसके खिलाफ लगाए गए सभी आरोपों से बरी कर दिया। टाडा अदालत ने 5-6 दिसंबर 1993 की रात लखनऊ, कानपुर, हैदराबाद, सूरत और मुंबई में यात्री ट्रेनों में हुए विस्फोटों के मामले में मुख्य आरोपी टुंडा और सह आरोपियों इरफान उर्फ पप्पू और हमीदुद्दीन- के खिलाफ 30 सितंबर 2021 को आरोप तय किए थे।

#### धमाकों में हुई थीं दो मौतें, 22 लोग हुए थे घायल

नई दिल्ली और हावड़ा जाने वाली राजधानी एक्सप्रेस ट्रेनों, नई दिल्ली-मुंबई राजधानी एक्सप्रेस, सूरत-बड़ौदा फ्लाइंग क्वीन एक्सप्रेस और हैदराबाद-नई दिल्ली एपी एक्सप्रेस में हुए विस्फोटों में दो लोग मारे गए थे और कम से कम 22 घायल हो गए थे। आरोपियों के खिलाफ आतंकवादी और विघटनकारी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के साथ ही विस्फोटक पदार्थ अधिनियम, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान की रोकथाम अधिनियम और भारतीय रेलवे अधिनियम के तहत आरोप लगाए गए थे।

## भाजपा के प्रकोष्ठ के तौर पर काम करती है सीबीआई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- सीबीआई के समन पर अखिलेश यादव का भाजपा पर पलटवार
- बोले-पांच साल तक क्यों नहीं भेजा समन, चुनाव के करीब ही क्यों

**अमृत विचार :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव अवैध खनन मामले में गुरुवार को पूछताछ के लिए सीबीआई के सामने हाजिर नहीं हुए, लेकिन जवाब जरूर दिया है। सपा प्रमुख ने सीबीआई से जांच दिल्ली की जगह लखनऊ में कराने की मांग की है। उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़ने का भी प्रस्ताव रखा है।

सूत्रों के मुताबिक, अखिलेश यादव ने समन के जवाब में कहा कि जांच में सहयोग के लिए तैयार हूं, लखनऊ में जांच हो या फिर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से भी जुड़ सकता हूं। साथ ही सवाल भी उठाया कि चुनाव से पहले ही नोटिस क्यों भेजा है? 2019 के बाद यानी पिछले 5 सालों में कोई जानकारी क्यों नहीं मांगी गई? अखिलेश ने गुरुवार को लखनऊ में पार्टी कार्यालय पर पीडीए की बैठक को संबोधित किया। बैठक में उन्होंने कहा, भाजपा इस समय सबसे कमजोर स्थिति में है। वह संवैधानिक संस्थाओं को अपने प्रकोष्ठ की तरह प्रयोग कर रही है। अखिलेश की पत्नी और सपा सांसद डिंपल यादव ने भी कहा, वे ऐसे पहले नेता प्रतिपक्ष नहीं हैं जिन्हें समन भेजा गया है। लगातार नेताओं, उद्योगपतियों, व्यापारियों, छोटे व्यापारियों पर दबाव बनाया जा रहा है।

## अवनीश अवस्थी का कार्यकाल एक साल के लिए बढ़ा



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मुख्य सलाहकार सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी अवनीश कुमार अवस्थी का कार्यकाल शासन ने एक साल के लिए बढ़ा दिया है। गुरुवार को जारी नए आदेश के बाद अवनीश अवस्थी का कार्यकाल एक मार्च 2024 से 28 फरवरी 2025 तक के लिए बढ़ा दिया गया है। उप्र. कैडर के 1987 बैच के आईएएस अधिकारी अवनीश अवस्थी का कार्यकाल दूसरी बार बढ़ाया गया है। इससे पहले उनका कार्यकाल 1 मार्च 2023 से 29 फरवरी 2024 तक बढ़ा था।

## संदेशखालि : शाहजहां शेख गिरफ्तार टीएमसी से 6 साल के लिए निलंबित

- ईडी टीम पर हमले के मामले में फरार था बाहुबली नेता
- हाईकोर्ट की सख्ती पर की गई गिरफ्तारी की कार्रवाई



**बशीरहाट, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के संदेशखालि में महिलाओं के नेतृत्व में हुए हिंसक विरोध प्रदर्शन और कई दिनों तक चले सियासी संग्राम के बाद गुरुवार तड़के 55 दिनों से फरार तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता शाहजहां शेख को गिरफ्तार कर लिया गया। शेख पर यौन उत्पीड़न एवं जमीन हड़पने का आरोप है। हालांकि उसकी गिरफ्तारी ईडी की टीम पर हमला करने के मामले में हुई है। इस बीच तृणमूल कांग्रेस ने शेख को पार्टी से छह साल के लिए निलंबित कर दिया है।

पार्टी नेता डेरेक ओ ब्रायन ने कहा कि महिलाओं के यौन शोषण और जमीन हड़पने के आरोपी शाहजहां शेख को छह वर्ष के लिए पार्टी से निलंबित कर दिया गया। संदेशखालि विधानसभा क्षेत्र का पार्टी संयोजक शेख उत्तर 24 परगना जिला परिषद के सदस्य भी था।

एडीजी (दक्षिण बंगाल) सुप्रतिम सरकार ने कहा कि शेख को उत्तर 24 परगना जिले के सुंदरवन के बाहरी इलाके में संदेशखालि से लगभग 30 किमी दूर मिनाखान थाना क्षेत्र में एक घर से गिरफ्तार किया गया। शेख कुछ साथियों के साथ उस घर में छिपा था। गिरफ्तारी के बाद उसे बशीर हाट कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे 10 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। सफेद कुर्ता-पायजामा पहने शेख सुबह करीब 10 बजकर 40 बजे हवालात से बाहर आया और अदालत कक्ष की ओर गया। उसने वहां इंतजार कर रहे मीडियाकर्मियों की तरफ हाथ हिलाया। मुश्किल से दो मिनट तक चली अदालती सुनवाई के बाद उसे कोलकाता के भवानी भवन ले जाया गया, जो पुलिस मुख्यालय है।

## बनभूलपुरा हिंसा का वांछित अब्दुल मोईद गिरफ्तार



- एसओजी ने दिल्ली से दबोचा

**हल्द्वानी।** बनभूलपुरा हिंसा के आखिरी वांटेड और हिंसा के मास्टर माइंड अब्दुल मलिक के बेटे अब्दुल मोईद को एसओजी ने दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया। तड़के टीम ने उसके ठिकाने पर दबिश दी। कई राज्यों में फरारी काटने के बाद उसने दिल्ली के एक मुस्लिम बाहुल्य इलाके में छिपने का ठिकाना बनाया था। 8 फरवरी को हुई हिंसा के बाद 21वें दिन उसकी गिरफ्तारी हुई। गुरुवार को अब्दुल मोईद को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया। बीती 8 फरवरी को मलिक का बगीचा स्थित नजूल भूमि पर कब्जा कर बनाए गए अवैध मदरसा और प्रार्थना स्थल के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई थी। इस दौरान बनभूलपुरा क्षेत्र में हिंसा भड़की। मामले में नामजद लाइन नंबर 8 आजाद नगर निवासी अब्दुल मोईद पर हिंसा भड़काने के आरोप के साथ यूएपीए भी लगा है।

## हिमाचल में कांग्रेस के छह विधायक अयोग्य करार, जाएंगे सुप्रीम कोर्ट

शिमला, एजेंसी

- विधानसभा अध्यक्ष ने दल बदल कानून के तहत की कार्रवाई
- राज्यसभा के लिए वोटिंग में भाजपा प्रत्याशी को दिया था वोट

हिमाचल प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने राज्य की एकमात्र राज्यसभा सीट के लिए हाल ही में हुए चुनाव में 'क्रॉस वोटिंग' करने के लिए गुरुवार को छह कांग्रेस विधायकों को अयोग्य घोषित कर दिया। बागी विधायकों ने इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाने का निर्णय लिया है। बागी विधायकों ने वित्त विधेयक पर सरकार के पक्ष में मतदान करने के पार्टी व्हिप की अवहेलना करते हुए विधानसभा में बजट पर मतदान से भी परहेज किया था।

अयोग्य घोषित किए गए विधायकों में राजेंद्र राणा, सुधीर शर्मा, इंद्रदत्त लखनपाल, देवेंद्र कुमार भुट्टो, रवि ठाकुर और चैतन्य शर्मा शामिल हैं। बागी विधायकों को अयोग्य ठहराए जाने के बाद सदन में कुल विधायकों की संख्या 68 से घटकर 62 रह गई है। इससे कांग्रेस विधायकों की संख्या 40 से घटकर 34 हो गई है।

#### पार्टी में सभी मतभेद दूर, संकट खत्म : शिवकुमार



**शिमला।** कांग्रेस के केंद्रीय पर्यवेक्षक डीके शिवकुमार ने गुरुवार को घोषणा की कि सभी मतभेद दूर हो गए हैं। सभी आंतरिक मामलों को सुलझाने के लिए एक समन्वय समिति बनाने का निर्णय लिया गया है। दावा किया कि राज्य की कांग्रेस सरकार अपना कार्यकाल पूरा करेगी। शिवकुमार ने ये बातें संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहीं, जिसमें दो अन्य केंद्रीय पर्यवेक्षक भूपेंद्र सिंह हुड्डा और भूपेश बघेल, मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और हिमाचल कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह भी शामिल थीं।

## आज से शुरू होगी गेहूं की खरीद

**लखनऊ।** पहली मार्च यानी शुक्रवार से गेहूं की सरकारी खरीद शुरु होगी, जो 15 जून तक चलेगी। सरकार ने 2275 रुपये प्रति कुंतल गेहूं का समर्थन मूल्य निर्धारित किया है। राज्य सरकार ने निर्देश दिया है कि इस दौरान किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने चाहिए। गेहूं की बिक्री हेतु किसानों को खाद्य व रसद विभाग के पोर्टल पर विभाग के मोबाइल ऐप पर पंजीकरण-नवीनीकरण कराना अनिवार्य है। वहीं, विभाग की ओर से किसानों से अनुरोध किया गया है कि गेहूं को ओसाकर, मिट्टी, कंकड़, धूल आदि को साफकर अच्छी तरह से सुखाकर ही क्रय केंद्र पर बिक्री के लिए लेकर जाएं। इस वर्ष बटाईदार किसानों द्वारा भी पंजीकरण कराते हुए गेहूं की बिक्री की जा सकेगी।

## 'प्रतिभा' से ग्रामीण क्षेत्रों में लाएंगे नवाचार

विशेष

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

- ग्रामीण विकास मंत्रालय का विकसित किया गया पोर्टल जल्द होगा लागू
- फ्लैगशिप कार्यक्रमों को मिलेगा बढ़ावा, सभी जिलाधिकारियों को पत्र

**अमृत विचार :** प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में विकास के लिए अनुसंधान और नवाचार अपनाया जाएगा। इसके प्रोत्साहन के लिए ग्रामीण विकास मंत्रालय ने प्रोग्राम फॉर एक्शन थ्रू इंटर्नशिप भारत (प्रतिभा) पोर्टल विकसित किया है।



ये पोर्टल जल्द ग्रामीण इलाकों में लागू होगा। इससे माध्यम से विकास मंत्रालय के फ्लैगशिप यानी महत्वाकांक्षी कार्यक्रमों को बढ़ावा मिलेगा। संचालन के लिए ग्राम पंचायतों में प्रशिक्षित युवक (इंटर्न्स) रखे जाएंगे। इन्हें ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्रालय से जुड़े सभी कार्यक्रम का प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह ग्रामीणों को प्रेरित करेंगे और विकास के क्षेत्र में नवाचार पर काम करेंगे। गांव की बेहतरी के लिए क्या जरूरी है, इसकी खोज कर क्रियान्वयन भी करेंगे। शासन ने सभी जिलाधिकारी को पोर्टल के क्रियान्वयन के लिए पत्र जारी किया है। लखनऊ में इसकी प्रक्रिया शुरू हो गई है।

#### हर ग्राम पंचायत पर रखे जाएंगे दो युवक

हर ग्राम पंचायत पर दो युवक रखे जाएंगे। इनका चयन दो माह के अंदर जिले स्तर पर होना है। विभाग युवाओं को कौशल उन्नयन के लिए प्रशिक्षित करेगा। इसके बाद राज्य, जिला, ब्लॉक, उत्पादक, उद्यम, क्लस्टर, ग्राम पंचायत या फिर ग्रामीण विकास मंत्रालय की किसी योजना में तैनात किए जाएंगे। जो विकास के क्षेत्र में काम करेंगे। जिला स्तर पर इंटर्नशिप कार्यक्रम के नोडल अधिकारी जिलाधिकारी बनाए गए हैं।

ग्रामीण विकास मंत्रालय की यह पहल है। नवाचार से गांव के विकास में और बेहतरी आएगी। योजनाओं का क्रियान्वयन होगा और ग्रामीणों को उसका लाभ मिलेगा। इस पर काम करेंगे। - **हिमांशू शेखर ठाकुर,** जिला पंचायत राज अधिकारी, लखनऊ

# पहलवानों का राष्ट्रीय शिविर ट्रायल के बाद : डब्ल्यूएफआई

## 15 महीने बाद शिविर की तैयारी कर रहा है महासंघ, किसान आंदोलन के कारण दिल्ली में हो सकता है आयोजन

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) 15 महीने बाद सीनियर राष्ट्रीय शिविर की तैयारी कर रहा है और किसान आंदोलन से शिविर पटियाला की बजाय दिल्ली में आयोजित हो सकता है। डब्ल्यूएफआई के राष्ट्रीय शिविर जनवरी 2023 के बाद से बंद है जब देश के तीन शीर्ष पहलवानों ने तत्कालीन अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर यौन उत्पीड़न के आरोपों को लेकर प्रदर्शन किया था।

इंदिरा गांधी स्टेडियम में 10 और 11 मार्च को होने वाले ट्रायल के तुरंत बाद राष्ट्रीय शिविर शुरू होगा। डब्ल्यूएफआई के निलंबन के बाद कुश्ती का काम देख रही तदर्थ समिति ने जयपुर में अपनी राष्ट्रीय चैंपियनशिप कराने के बाद रोहतक (पुरुष) और पटियाला (महिला) में अभ्यास शिविर शुरू किए। युनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग द्वारा निलंबन वापिस लेने के बाद डब्ल्यूएफआई ने बिशकेक में 11 से 16 अप्रैल तक होने वाली एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप और 19 से 21 अप्रैल तक उपमहाद्वीपीय ओलंपिक क्वालीफायर के लिए राष्ट्रीय टीम चुनने को ट्रायल का ऐलान किया। डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि ट्रायल के बाद हर वर्ग के शीर्ष 4 पहलवानों को राष्ट्रीय शिविर में बुलाया जाएगा। समझा जाता है कि सोनीपत के साइ केंद्र में पुरुष और दिल्ली के आईजी स्टेडियम में महिला वर्ग के शिविर लगेंगे। सूत्र के अनुसार पंजाब में गतिविधियों पर प्रतिबंध से हर किसी के लिए पंजाब पहुंचना आसान नहीं होगा। सरकार से महिलाओं के शिविर के लिए आईजी स्टेडियम देने का अनुरोध किया है।

- इंदिरा गांधी स्टेडियम में 10-11 मार्च के ट्रायल के बाद शिविर




### ट्रायल में उतरने से बजरंग का इंकार, अदालत की ली शरण



**नई दिल्ली।** आगामी राष्ट्रीय ट्रायल में भाग लेने के भारतीय कुश्ती महासंघ के न्योते को ठुकराते हुए पहलवान बजरंग पूनिया ने दिल्ली हाईकोर्ट में आपात संयुक्त याचिका दायर करके 10-11 मार्च को आयोजित चयन ट्रायल पर रोक की मांग की है। बजरंग, विनेश फोगाट, साक्षी मलिक और उनके पति सत्यव्रत कादियान ने अदालत की शरण ली है। मामले की सुनवाई शुक्रवार को होगी। बजरंग ने याचिका दायर करने की पुष्टि नहीं की लेकिन भारतीय कुश्ती पर सरकार की चुप्पी पर सवाल दागे। दो महीने से रूस में अभ्यास कर रहे बजरंग ने कहा कि अगर ट्रायल संजय सिंह की अगुवाई वाली डब्ल्यूएफआई करा रही है तो वह इसमें हिस्सा नहीं लेंगे। उन्होंने कहा अगर मुझे ट्रायल में भाग नहीं लेना होता तो मैं अभ्यास पर 30 लाख खर्च नहीं करता लेकिन निलंबित डब्ल्यूएफआई ट्रायल कैसे करा रहा है।

### पूर्व सीईओ नोर्मन ने विवादास्पद हालात में पद से दिया था त्यागपत्र

# हॉकी इंडिया प्रमुख टिर्की ने कहा- एलेना ने सीईओ के रूप में शानदार काम किया

राउरकेला, एजेंसी



एलेना नोर्मन भले ही विवादास्पद हालात में पद छोड़कर गई हों लेकिन हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने पूर्व सीईओ की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह खेल के विकास में इस ऑस्ट्रेलियाई अधिकारी के योगदान की सराहना करते हैं।

टिर्की ने हालांकि हॉकी इंडिया में गुटबाजी के नोर्मन के दावे को खारिज कर दिया। टिर्की ने कहा कि पद संभालने के बाद हमने अच्छा काम किया है और मैं इसकी सराहना करता हूं। हमने दो साल में टीमों का प्रदर्शन देखा है। हमारी सीईओ ने भारतीय हॉकी के लिए शानदार काम किया है। हम उनके प्रयासों और योगदान की सराहना करते हैं। टिर्की और सचिव भोलानाथ सिंह ने इससे एक दिन पहले संयुक्त बयान जारी कर नोर्मन के दावे को खारिज किया था।

नोर्मन ने मंगलवार को इस्तीफा दिया था और आरोप लगाया कि संघ में गुटबाजी है। एक में दिलीप टिर्की और में तथा दूसरे में भोलानाथ सिंह, (कार्यकारी निदेशक) कमांडर आरके श्रीवास्तव और (कोषाध्यक्ष) शेखर जे मनोहरन हैं। नोर्मन का इस्तीफा भारतीय महिला हॉकी टीम की कोच यानेक शॉपमैन के पद छोड़ने के ठीक बाद आया है। उन्होंने भी काम की मुश्किल परिस्थितियों की शिकायत की थी। नीदरलैंड की कोच ने हॉकी इंडिया पर महिला हॉकी के साथ सौतेला व्यवहार करने का भी आरोप लगाया था।

## खेल डायरी

### यूवेंटस के मिडफील्डर पॉल पोग्बा डोपिंग के लिए प्रतिबंधित, खेल पंचाट में करेंगे अपील



**रोम, एजेंसी।** इटली की डोपिंग रोधी अदालत ने यूवेंट्स के मिडफील्डर पॉल पोग्बा पर टेस्टोस्टेरॉन का पॉजिटिव पाए जाने के बाद गुरुवार को 4 साल के लिए प्रतिबंध लगाया। पोग्बा ने कहा कि वह स्विट्जरलैंड स्थित खेल पंचाट में अपील करेंगे, लेकिन पोग्बा ने पॉजिटिव आने के लिए कोई कारण नहीं बताया। खेल पंचाट के फैसले में एक साल लग सकता है। विश्व कप विजेता फुटबॉलर पोग्बा के सितंबर में पॉजिटिव पाए जाने के बाद इस अधिकतम प्रतिबंध की घोषणा की गई। पोग्बा ने कहा कि उनका मानना है कि यह फैसला गलत है। मैं इस फैसले से दुखी हूं क्योंकि मैंने अपने पेशेवर खेल करियर में जो कुछ भी हासिल किया, वो सब मुझसे छीन लिया गया है। उन्होंने कहा कि मैंने कभी भी जानबूझकर कोई सप्लीमेंट नहीं लिया है, जिससे डोपिंग रोधी नियमों का उल्लंघन हुआ हो। 20 अगस्त को उडिनेसे में युवेंटस के मैच के बाद उनकी जांच हुई थी। वह सीरी ए के इस मैच में नहीं खेले थे। पोग्बा ने इटली की डोपिंग रोधी एजेंसी से कोई समझौता नहीं करने का फैसला किया जिसके बाद मामला डोपिंग रोधी अदालत में गया। पोग्बा की सजा को सार्वजनिक नहीं किया गया।

### प्रज्ञानानंदा ने की चूक प्राग में दूसरे दौर में हारे

**प्राग, एजेंसी।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा को प्राग मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के दूसरे दौर में ईरान के परहाम मघसूडलू से पराजित होना पड़ा। साथ ही क्लासिकल शतरंज में उनका 47 मैचों का अपराजेय अभियान खत्म हो गया। इस खिलाड़ी ने लाइव रेटिंग में शीर्ष स्थान भी गंवा दिया जो विश्वनाथन आनंद ने फिर हासिल कर लिया है। डी गुकेश ने चेक गणराज्य के एंगुयेन थाई दाइ वान को हराया। टूर्नामेंट के सात दौर बाकी हैं जबकि परहाम दो अंक लेकर शीर्ष पर हैं। गुकेश और उजबेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तारोव उनसे आधा अंक पीछे हैं। उजबेक खिलाड़ी ने भारत के विदित गुजराती से ड्रा खेला। प्रज्ञानानंदा, गुजराती, रोमानिया के रिचर्ड रैपो और चेक गणराज्य के डेविड नवारा चौथे स्थान पर हैं।

### अश्लील इशारे पर रोनाल्डो 1 मैच के लिए निलंबित

**रियाद, एजेंसी।** सउदी प्रो लीग फुटबॉल में अल नासर के लिए खेलते हुए अश्लील इशारे करने की वजह से पुर्तगाल के स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो एक मैच के लिए निलंबित कर दिए गए हैं। अल नासर ने स्थानीय प्रतिद्वंद्वी अल शबाब को रविवार को 3-2 से हराया, जिसके बाद रोनाल्डो ने विरोधी टीम के समर्थकों को देखकर अभद्र इशारे किए। दर्शक उनके चिर प्रतिद्वंद्वी लियोनेल मेस्सी के नाम से 'मेस्सी मेस्सी' के नारे लगा रहे थे। सउदी अरब फुटबॉल महासंघ की अनुशासन और नैतिकता समिति ने सोशल मीडिया पर गुरुवार को निलंबन की घोषणा की। अल नासर को अगले मैच में अल हजम से खेलना है। रीयाल मैड्रिड और मैनचेस्टर युनाइटेड के पूर्व स्टार रोनाल्डो को 5 हजार डॉलर अल शबाब को और आधी राशि महासंघ को जुर्माने के तौर पर देनी होगी।

### खिलाड़ियों को डिजिटल सर्टिफिकेट जारी होंगे: खेल मंत्री



**नई दिल्ली, एजेंसी।** खेलमंत्री अनुराग ठाकुर ने गुरुवार को घोषणा की कि सरकार देश भर में रजिस्टर्ड खिलाड़ियों को डिजिटल सर्टिफिकेट देगी। इससे खिलाड़ियों के प्रदर्शन और प्रतिभागिता को लेकर पारदर्शिता बनी रहेगी। डिजिटल सर्टिफिकेट में खिलाड़ियों की प्रतिस्पर्धाओं में भागीदारी की तारीफ रहेगी और यह उनकी उपलब्धियों का सबूत होगा। ठाकुर ने एक्स पर लिखा, हमारे खेल ढांचे की धुरी खिलाड़ी हैं और इसे ध्यान में रखकर खेल मंत्रालय ने उन्हें डिजिटल सर्टिफिकेट देने का फैसला किया है। खेलमंत्री ने खिलाड़ियों और राष्ट्रीय खेल महासंघों के लिए चीजें आसान करने की योजना का ऐलान पिछले साल 29 अगस्त को किया था। उस समय एनएसएफ पोर्टल भी शुरू हुआ था। ठाकुर ने कहा कि खिलाड़ी सर्वोपरि नीति के अनुरूप राष्ट्रीय खेल महासंघों को डिजिलॉकर के जरिए खिलाड़ियों को सर्टिफिकेट देने के लिए कहा गया है। यह फैसला एनएसएफ के खेल प्रशासन में पारदर्शिता और कुशलता को बढ़ावा देने और खिलाड़ियों के दस्तावेजों की सुरक्षा, पहुंच और सत्यता सुनिश्चित करने को लिया गया है।

# राहुल पांचवें टेस्ट से बाहर, बुमराह की वापसी

## बीसीसीआई ने कहा- चोट के कारण धर्मशाला के टेस्ट में नहीं खेलेंगे राहुल, टीम में भागीदारी फिटनेस पर थी निर्भर

नई दिल्ली, एजेंसी





भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने गुरुवार को कहा कि केएल राहुल चोट के कारण धर्मशाला में इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें और अंतिम टेस्ट में नहीं खेलेंगे जबकि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह टीम में वापसी करेंगे।

राहुल के दाएं पैर की जांघ में सूजन है और वह विशेषज्ञ की राय लेने लंदन गए हैं। यह विकेटकीपर बल्लेबाज जनवरी में हैदराबाद में शृंखला के पहले मैच के बाद से ही उपलब्ध नहीं है और बीसीसीआई के अनुसार वह राजकोट में तीसरे टेस्ट से पहले 90 प्रतिशत फिट थे। बीसीसीआई ने कहा कि राहुल की आईडीएफसी फर्स्ट बैंक शृंखला के अंतिम टेस्ट में भागीदारी फिटनेस पर निर्भर थी लेकिन वह धर्मशाला में पांचवें और अंतिम टेस्ट में नहीं खेल पाएंगे। बीसीसीआई की मेडिकल टीम उनकी चोट पर नजर रखे है और लंदन में विशेषज्ञों से सलाह लेने की कोशिश कर रही है। टीम की कार्यभार प्रबंधन नीति के तहत रांची में चौथे टेस्ट के लिए टीम से रिलीज बुमराह 7 मार्च से धर्मशाला में शुरू होने वाले अंतिम टेस्ट के लिए टीम से जुड़ेंगे। भारत ने चौथे टेस्ट में जीत के बाद शृंखला में 3-1 से अजेय बढ़त बनाई है। अंतिम टेस्ट में राहुल की अनुपस्थिति से रजत पाटीदार टीम में रहेंगे, लेकिन अंतिम एकादश में उनका होना निश्चित नहीं है क्योंकि वह 6 पारियों में 63 रन ही बना सके हैं। वाशिंगटन सुंदर को भी टीम से रिलीज किया गया है।

बीसीसीआई ने कहा कि वह दो मार्च से मुंबई के खिलाफ शुरू होने वाले रणजी सेमीफाइनल मैच के लिए अपनी टीम तमिलनाडु में शामिल होंगे और जरूरत पड़ी तो घरेलू मैच पूरा होने के बाद पांचवें टेस्ट के लिए भारतीय टीम में जुड़ जाएंगे। राहुल आईपीएल में लखनऊ सुपर जाइंट्स का नेतृत्व करेंगे और उन्हें आईपीएल से पहले फिट होना होगा। चोट से राहुल पिछले साल भी 4 महीने तक टीम से बाहर थे। आईपीएल में चोटिल होने के बाद राहुल ने पिछले सितंबर में एशिया कप के दौरान वापसी की। पिछले साल दक्षिण अफ्रीका के टेस्ट दौरे में राहुल भारत के लिए शतक बनाने वाले एकमात्र खिलाड़ी थे। यह शृंखला ड्रा थी। बीसीसीआई ने बताया कि तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी 26 फरवरी को सर्जरी के बाद अच्छी तरह उबर रहे हैं। वह रिहैबिलिटेशन शुरू करने के लिए बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) जाएंगे।

### रोहित और कोहली को भी घरेलू क्रिकेट खेलना चाहिए : आजाद



**नई दिल्ली।** भारत की 1983 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य कीर्ति आजाद ने क्रिकेटरों के लिए रणजी खेलने के बीसीसीआई के निर्देश का समर्थन करते हुए कहा कि यह अच्छी पहल है और रोहित शर्मा तथा विराट कोहली समेत भारतीय टीम के हर सदस्य पर लागू होनी चाहिए। ईशान किशन और श्रेयस अय्यर को रणजी नहीं खेलने से केंद्रीय अनुबंध गंवाना पड़ा है। आजाद ने कहा कि यह निर्देश बहुत अच्छी पहल है। हर किसी को रणजी खेलनी चाहिए। पांच दिन का क्रिकेट ही असली क्रिकेट है। घरेलू क्रिकेट खेलना अच्छी बात है। उन्होंने कहा कि जब भी खिलाड़ी खाली हो तो उन्हे अपने प्रदेश के लिए रणजी खेलना चाहिए। चाहे वह रोहित शर्मा हो या विराट कोहली। प्रदेश ने आपको खिलाड़ी बनने का मौका दिया, जिससे आप देश के लिए खेल सके। उन्होंने कहा कि सिर्फ ईशान और श्रेयस को सजा देना सही नहीं है। उन्होंने कहा कि सिर्फ दो को सजा देना सही नहीं है। हर किसी को सजा मिलनी चाहिए। सभी को समान नजर से देखा जाना चाहिए। आजाद ने इस पर टिप्पणी से इनकार कर दिया कि क्या ईशान और श्रेयस के लिए रास्ते अब बंद हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि मेरा सवाल यह है कि क्या वे पर्याप्त घरेलू क्रिकेट खेल रहे हैं। वे टी-20 खेल रहे हैं और हर प्रदेश में टी-20 लीग है। जब हम खेलते थे तब सारे सदस्य प्रदेश के लिये खेलते थे और इसमें गर्व महसूस करते थे लेकिन अब ऐसा नहीं है।

### पांचवें टेस्ट के लिए भारतीय टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रीत बुमराह (उप कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, रजत पाटीदार, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), केएस भरत (विकेटकीपर), देवदत्त पडिक्कल, आर अश्विन, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, आकाश दीप।

### अय्यर-ईशान को लेकर इरफान ने उठाए सवाल



**नई दिल्ली।** पूर्व तेज गेंदबाज इरफान पठान ने रणजी खेलने के आदेश का पालन नहीं करने पर ईशान किशन और श्रेयस अय्यर को बीसीसीआई का केंद्रीय अनुबंध नहीं देने के फैसले पर सवाल उठाते हुए कहा है कि हार्दिक पंड्या जैसे खिलाड़ियों के लिए यह मानदंड नहीं था। बीसीसीआई ने ईशान और श्रेयस के केंद्रीय अनुबंध रद कर दिए जबकि 2018 से एक भी टेस्ट नहीं खेले पंड्या को ग्रेड 'ए' का अनुबंध दिया गया। इरफान ने एक्स पर लिखा, अगर हार्दिक जैसे खिलाड़ी लाल गेंद का क्रिकेट नहीं खेलना चाहते तो क्या उन्हें और उनके जैसे दूसरों को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेलने पर सफेद गेंद का घरेलू क्रिकेट खेलना चाहिए। अगर यह सब पर लागू नहीं होता तो भारतीय क्रिकेट को इच्छित नतीजे नहीं मिलेंगे। ईशान पिछले साल दिसंबर में द. अफ्रीका दौरा छोड़ने के बाद झारखंड के लिए रणजी खेलने नहीं आए। उन्होंने आईपीएल की तैयारी शुरू कर दी जिसमें वह मुंबई इंडियंस के लिए खेलेंगे।

# आरसीबी के खिलाफ लौटेंगी हरमनप्रीत



बेंगलुरू, एजेंसी

मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच चार्लोट एडवडर्स ने कहा कि कप्तान हरमनप्रीत कौर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ शनिवार को डब्ल्यूपीएल के अगले मैच में उपलब्ध होंगी। फॉर्म में चल रही हरमनप्रीत कौर चोट के कारण बुधवार को यूपी वारियर्स के खिलाफ नहीं खेल सकी थी। मुंबई को सात विकेट से पराजय का सामना करना पड़ा था।




एडवडर्स ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि हरमनप्रीत कौर आज चयन के लिए उपलब्ध नहीं थी लेकिन शनिवार को आरसीबी के खिलाफ वह खेलेगी। मुझे इसका पूरा यकीन है। हरमनप्रीत ने इस डब्ल्यूपीएल में दो मैचों में 101 रन बनाए हैं। मुंबई को अनुभवी तेज गेंदबाज शबनम इस्माइल की कमी भी खली जो चोटिल है। एडवडर्स ने कहा कि उनकी फिटनेस पर नजर रखी जा रही है लेकिन आरसीबी के खिलाफ उनका खेलना काफी मुश्किल है। उन्होंने कहा कि हम उसके लिए इंतजार कर रहे हैं। यह लंबा नहीं होना चाहिए, लेकिन हम कोई जोखिम नहीं लेना चाहते। यूपी वारियर्स की वृंदा दिनेश के कंधे में भी फील्डिंग के दौरान चोट लगी थी और उनका स्कैन कराया गया है जिसकी रिपोर्ट का इंतजार है।

# ऑस्ट्रेलिया के पहले दिन 9 विकेट पर 279 रन

वेलिंगटन (न्यूजीलैंड), एजेंसी



ऑस्ट्रेलिया ने गुरुवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के पहले दिन लगातार विकेट गंवाने के बावजूद कैमरन ग्रीन (नाबाद 103 रन) की शतकीय पारी से स्टंप तक 9 विकेट गंवाकर 279 रन बना लिए। न्यूजीलैंड ने सुबह टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। लंच से 10 मिनट पहले न्यूजीलैंड ने स्टीव स्मिथ (31) का विकेट झटका था, लेकिन लंच के बाद मार्नस लाबुशेन (1), उस्मान ख्वाजा (33) और ट्रेविस हेड (1) आउट हो गए। इससे ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 4 विकेट पर 89 रन हो गया। मिशेल मार्श (40) और ग्रीन ने पांचवें विकेट के लिए 67 रन की भागीदारी की। मार्श मैट हैनरी का शिकार हुए। ग्रीन ने इसके बाद न्यूजीलैंड की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। उन्होंने अपना दूसरा टेस्ट शतक जमाया जिसमें 16 चौके जड़े थे। न्यूजीलैंड के लिए हैनरी ने 4 तो विलियम ओरोरके और स्कॉट कुगेलेजिन ने दो दो विकेट लिए। रचिन रविंद्र को 1 विकेट मिला। ग्रीन के साथ जोश हेजलवुड क्रीज पर थे जिन्होंने खाता नहीं खोला था।

# बॉलीवुड हलचल

## मई में आ सकती है जॉली एलएलबी 3




**मुंबई।** अभिनेता अक्षय कुमार-अरशद वारसी की फिल्म जॉली एलएलबी 3 मई 2024 में फ्लोर पर जा सकती है। 2013 में 'जॉली एलएलबी रिलीज हुई थी, जिसमें अरशद वारसी थे। वहीं, दूसरे पार्ट यानी 'जॉली एलएलबी' में अक्षय कुमार ने लीड रोल किया था। अब तीसरे पार्ट में अक्षय और अरशद दोनों नजर आएंगे। इसको सुभाष कपूर निर्देशित कर रहे हैं। कहा जा रहा है कि जॉली एलएलबी 3 को मई में फ्लोर पर लाया जाएगा। वहीं 2025 में इसे सिनेमाघरों में रिलीज कर दिया जाएगा। जॉली एलएलबी 3 में अक्षय और अरशद दोनों का रोल बराबर का होगा। इससे पहले दोनों 'बच्चन पांडे' में साथ नजर आए थे।

### दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह जल्द बनने वाले हैं माता-पिता



बॉलीवुड की स्टार जोड़ी दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह जल्द ही माता-पिता बनने वाले हैं। यह जानकारी खुद अभिनेता दंपति ने दी है। कुछ दिन पहले से ही सोशल मीडिया पर दीपिका पादुकोण के गर्भवती होने की खबरें सामने आ रही थीं। दंपति ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट में यह खबर साझा की है। उन्होंने अपने पोस्ट में तस्वीर साझा की, जिसमें बच्चे के जूते और कपड़े बने हैं और उसमें लिखा है सितंबर 2024। अभिनत्री प्रियंका चोपड़ा जोनस, श्रेया घोषाल, विक्रांत मैसी और आलिया भट्ट सहित बॉलीवुड के कई अभिनेताओं ने उन्हें बधाई दी। दीपिका-रणवीर की पोस्ट के कमेंट सेक्शन में प्रियंका ने लिखा, 'मुबारक', वहीं आलिया ने कई सारे दिल वाले इमोजी साझा किए। घोषाल ने कहा कि वह जोड़ी के लिए उत्साहित और खुश हैं, वहीं विक्रांत ने लिखा, आप दोनों को बहुत बहुत शुभकामनाएं। दीपिका और रणवीर 2018 में इटली में शादी के बंधन में बंधे थे।

## तेरा क्या होगा लवली में इलियाना और रणदीप



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस इलियाना डिक्रूज इन दिनों अपनी मां बनने की जर्नी को एन्जॉय करती हुई नजर आ रही है। फैंस अक्सर उनसे ऑनस्क्रीन वापसी कब करेंगी सवाल कर रहे हैं। इसी बीच उनकी अपकमिंग फिल्म तेरा क्या होगा लवली का ट्रेलर रिलीज हो गया है, जिसमें उनका अलग अंदाज देखने को मिला है। इतना ही नहीं उनके साथ रणदीप हुड्डा भी हैं, जिनकी हाल ही में लिन लैशराम से शादी हुई है। फिल्म का ट्रेलर सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है क्यों इलियाना का हटकर अंदाज और रणदीप हुड्डा का हरियाणवी लुक फैंस का ध्यान खींच रहा है। तेरा क्या होगा लवली का ट्रेलर त्वचा के रंग और दहेज के साथ भारत के स्थाई निर्धारण को दिखाता है। बलविंदर सिंह जांजुआ द्वारा निर्देशित, यह अपकमिंग फिल्म गोरी त्वचा के जुनून और दहेज प्रथा से जुड़ी जटिलताओं के बारे में बातचीत शुरू करने का वादा करती है। मूवी में इलियाना डिक्रूज, रणदीप हुड्डा और करण कुंद्रा अहम किरदार में हैं, जिसका ट्रेलर सोशल मीडिया पर धूम मचा रहा है। इस फिल्म में एक महिला की कहानी दिखाई गई है, जो दूल्हा खोजने के सामाजिक दबाव से जूझ रही है। यह किरदार इलियाना डिक्रूज़ का है, जिसकी यात्रा ने केवल उसके रंग के आधार पर आंके जाने की कठोर वास्तविकताओं का खुलासा किया है। फिल्म 8 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होने को तैयार है। निर्देशक बलविंदर सिंह जंजुआ की फिल्म में रणदीप हुडा एक पुलिस अधिकारी का किरदार निभा रहे हैं, जिसे दहेज चुराने वाले चोरों को पकड़ने का काम सौंपा गया है। कहानी में नायक और पुलिस अधिकारी के बीच की लव स्टोरी को दिखाया गया है, जिसमें भी कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

## श्रेयस ने बताई गोलमाल 5 की रिलीज डेट



बॉलीवुड की कॉमेडी फिल्मों ने दर्शकों में खास जगह बना रखी है। इनमें से एक गोलमाल की फ्रेंचाइजी भी है। इसी बीच गोलमाल 5 को लेकर अपडेट सामने आई है। एक्टर श्रेयस तलपड़े ने खुलासा किया है कि गोलमाल 5 कब रिलीज होगी। फिल्म की शूटिंग को लेकर भी एक्टर ने जानकारी साझा कर दी है। बॉलीवुड की कई फिल्मों के अगले पार्ट का फैन्स बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस लिस्ट में एक नाम फिल्म 'गोलमाल 5' का भी है। 'गोलमाल' फ्रेंचाइजी सुपरहिट है। मल्टी स्टारर इस फ्रेंचाइजी की दर्शकों के दिल में एक खास जगह हैफ्रेंचाइजी 'गोलमाल 5' को लेकर एक नई अपडेट सामने आई है। एक बार फिर से अजय देवगन अपनी पलटन के साथ लोगों को हंसाते हुए नजर आएंगे। 2020 में रोहित शेट्टी ने बताया था कि वह 'गोलमाल 5' पर काम कर रहे हैं, लेकिन इस बीच अब फिल्म से जुड़ी नई जानकारी सामने आ गई है। फिल्म में लक्ष्मण का रोल निभाने वाले श्रेयस तलपड़े ने हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान बताया है कि ये फिल्म कब आ सकती है। श्रेयस ने बताया कि 'गोलमाल 5' की शूटिंग अगले साल शुरू हो सकती है और दीवाली 2025 पर इसे रिलीज भी किया जा सकता है। श्रेयस की मानें तो 'गोलमाल 5' पैंडेमिक के दौरान अनाउंस की गई थी, लेकिन तब हालातों के चलते सारे प्लान को बदलना पड़ा था। एक्टर ने कहा कि उन्हें फिल्म के सेट पर काफी मजा आता है।

### प्रभास के चक्कर में रणबीर की एनिमल पार्क अटकी



रणबीर कपूर की 'एनिमल' के बाद अब हर किसी को 'एनिमल पार्क' का इंतजार है। पता चला था कि इसमें विक्की कौशल विलेन होंगे, हालांकि, ये फिल्म अभी नहीं बनने वाली है। संदीप रेड्डी वांगा ने प्रभास की फिल्म के लिए कुछ प्लानिंग कर रखी है। उसे पूरा करने के बाद ही 'एनिमल पार्क' के बारे में सोचेंगे। रणबीर कपूर की 'एनिमल' ने बीते साल 915 करोड़ का कारोबार किया है। थिएटर्स के बाद ओटीटी पर भी फिल्म को शानदार रिस्पॉन्स मिला। फिल्म को लेकर रोजाना नए-नए अपडेट्स आ रहे हैं। मेकर्स ने फिल्म की प्लानिंग कर ली है। हालांकि, इसे शुरू कब किया जाएगा, ये पता नहीं चल पाया है। विक्की कौशल इस पार्ट में विलेन बने हैं, लेकिन इसी बीच खबर आ रही है कि प्रभास के चक्कर में ये फिल्म अटक गई है। संदीप रेड्डी वांगा ने 'एनिमल' को डायरेक्ट किया था। इस फिल्म को जो रिस्पॉन्स मिला। उसके बाद 'एनिमल' के सीक्वल का ऐलान किया गया था। इस वक्त संदीप कई सुपरस्टार्स के साथ फिल्म बनाने की प्लानिंग कर रहे हैं। इसमें प्रभास और अल्लू अर्जुन का नाम भी है। पहले ऐसी चर्चा थीं कि संदीप पहले रणबीर की एनिमल पार्क की शूटिंग खत्म करेंगे। इसको कंप्लीट करने के बाद उन्हें प्रभास की स्पिरिट पर काम करना था, लेकिन अब डायरेक्टर ने प्लानिंग बदल दी है। एक रिपोर्ट के अनुसार संदीप जल्द ही स्पिरिट की शूटिंग शुरू करने वाले हैं। इस पिक्चर में प्रभास लीड रोल में हैं। वो फिल्म में कॉप का किरदार निभा रहे हैं, इसकी शूटिंग अक्टूबर से शुरू होगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## एक नजर

### पांच उप निरीक्षकों की तैनाती में फेरबदल

कानपुर देहात। जनपद में बेहतर कानून व्यवस्था के लिए एसपी ने पांच उप निरीक्षकों की तैनाती में फेरबदल किया है। एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति ने बताया कि पुलिस लाइन में तैनात उपनिरीक्षक कुलदीप सिंह तोमर को चौकी प्रभारी कंचौसी पर तैनाती दी गई है। इसी तरह चौकी प्रभारी कंचौसी धीरेंद्र सिंह को चौकी प्रभारी असालतगंज, पुलिस लाइन में तैनात एसआई अनूप पांडेय को चौकी प्रभारी भाऊपुर, चौकी प्रभारी भाऊपुर अंकित यादव को थाना मंगलपुर व चौकी प्रभारी असालतगंज रामपुत्र को थाना रूरा में तैनात किया गया है। सभी उपनिरीक्षकों को तत्काल कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं।

### अधेड़ ने फांसी लगा दी जान

रूरा। थाना क्षेत्र के गहलो में आम के बाग में अधेड़ ने फंदा लगा कर जान दे दी। मूल रूप से कानपुर नगर के घाटमपुर कोतवाली क्षेत्र के तिलसाड़ा निवासी रमेश चंद्र (50) अपनी बहन के स्वर्गवास हो जाने के बाद से उनके घर गहलो में कई वर्षों से रहते थे। बुधवार की देर शाम रमेश ने गहलो मोड़ पर स्थित आम के बाग में गमछे से फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। मौके से निकल रहे लोगों ने सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे हल्का प्रभारी राजेंद्र सिंह ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। उन्होंने बताया कि पीएम रिपोर्ट के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

### आज निकलेगी कलश यात्रा

कानपुर देहात। डेरापुर तहसील क्षेत्र के सरगांव बुजुर्ग स्थित प्राचीन शिव मंदिर में शुक्रवार को भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ किया जाएगा। कलश यात्रा प्राचीन शिव मंदिर परिसर से सरगांव बुजुर्ग, लहरापुर गांव होते हुए गौरियापुर, सेंगुर नदी के बिहार घाट होते हुए वापस मंदिर परिसर में पहुंचकर संपन्न होगी। इस दौरान बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालु पीले वस्त्र पहन कर व सिर पर कलश धारण कर शामिल होंगी। इससे पूर्व कथा स्थल पर हवन पूजन किया जाएगा। इसके बाद कथा का शुभारंभ करते हुए कथावाचक आचार्य पं. श्रीकांत त्रिवेदी श्रीमद्भागवत कथा श्रवण कराएंगे। कथा समापन के बाद भंडारे का आयोजन होगा। साथ ही 7 व 8 मार्च को रामलीला होगी।

### ईको पार्क में 6 मार्च को औद्यानिक विकास गोष्ठी

कानपुर देहात। निदेशालय उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण लखनऊ के निर्देश पर राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अंतर्गत जनपद स्तरीय दो दिवसीय औद्यानिक विकास गोष्ठी 6 मार्च को सुबह दस बजे से ईको पार्क माती सभागार में होगी। जिसमें किसानों को औद्यानिक फसलों से संबंधित वैज्ञानिक नवीनतम तकनीकी जानकारी उपलब्ध कराएंगे। साथ ही उनकी समस्याओं का निराकरण किया जाएगा।

# दुष्कर्म के दोषी को दस साल कैद व भाइयों को सात-सात वर्ष कारावास

## घाटमपुर के गांव में मायके आई थी पीड़िता, दोषियों पर अर्थ दंड भी लगाने का आदेश

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात



**अमृत विचार।** घाटमपुर क्षेत्र के एक गांव मायके आईं विवाहिता को घर पर अकेला पाकर वहीं के युवक ने दुष्कर्म किया था। आरोपी के दो भाईयों ने पीड़िता व उसकी छोटी बहन से मारपीट की थी। मामले में अपर जिला जज फास्ट ट्रैक की अदालत ने गुरुवार को दुष्कर्म मामले में अभियुक्त को दस वर्ष सश्रम कारावास व मारपीट में दो भाईयों को सात-सात वर्ष कारावास की सजा सुनाई है।

कानपुर नगर की घाटमपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता ने पुलिस को बताया था कि दो नवंबर 2013 को वह अमावस्या पर्व पर अपने मायके आई थी। चार नवंबर 2013 को उसके घर के सभी लोग खेत पर काम करने गए थे और वह अकेली थी। तभी गांव के प्रधान का भतीजा अरविंद कुमार घर में घुस आया और गले में चाकू लगाकर जान से मारने की धमकी देते हुए दुष्कर्म किया। छोटी बहन ने उसे छुड़ाने का प्रयास किया तो अरविंद कुमार के छोटे भाई शैलेंद्र व राहुल ने वहां आकर उसकी बहन और उससे मारपीट की। शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की थी। जिसकी सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम सुरेंद्र सिंह की अदालत में चल रही है। मंगलवार को सुनवाई के दौरान न्यायालय ने तीनों भाईयों को दोष सिद्ध किया था। वहीं गुरुवार को सजा के बिंदु पर सुनवाई करते हुए न्यायालय ने दुष्कर्म मामले में दोषी अरविंद कुमार को दस वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही दस हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया। एडीजीसी अमित सिंह चौहान व अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि मारपीट के मामले में दोषी शैलेंद्र कुमार व राहुल को सात-सात साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई है। इसके साथ ही सात-सात हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया गया है।

# मारपीट करने वाले तीन को चार साल की सजा

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

- घाटमपुर क्षेत्र के बेहटा गांव में तेरह साल पहले का मामला

**अमृत विचार।** घाटमपुर क्षेत्र में करीब तेरह साल पहले एक गांव निवासी अनुसूचित जाति के व्यक्ति के मुकदमे में समझौता न करने पर आरोपियों ने घर में घुसकर उसे जातिसूचक गालियां देते हुए मारपीट की थी। मामले में विशेष न्यायालय एससीएसटी कोर्ट ने गुरुवार को सुनवाई करते हुए तीन आरोपियों को दोषी करार देते हुए चार चार साल के कारावास की सजा सुनाई है।

सहायक शासकीय अधिवक्ता आशीष कुमार तिवारी ने बताया कि कानपुर नगर के घाटमपुर क्षेत्र के गांव बेहटा बुजुर्ग निवासी रमेशचंद्र कुरील ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि 28 जनवरी 2011 को गांव के कुछ लोगों ने उसके साथ मारपीट की थी। जिसकी रिपोर्ट उसने थाना घाटमपुर में 30 जनवरी 2011 को दर्ज कराई थी। इसके बाद अभियुक्त उसके ऊपर समझौता का दबाव डाल रहे थे। उसके सुलह न होने पर 5 फरवरी 2011 की सुबह गांव के भोले सिंह, छोटे सिंह व कल्लू सिंह उर्फ अखंड प्रताप सिंह उसके घर में घुस आए और उसके साथ मारपीट करने लगे। उसके शोर मचाने पर गांव के कई लोगों के मौके पर आने पर सभी तमंचा लहराते हुए जातिसूचक गालियां देते हुए भाग गए। मामले में पुलिस ने विवेचना कर सभी आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र कोर्ट में पेश किए थे। जिसकी सुनवाई विशेष न्यायालय एससीएसटी एक्ट रजत सिन्हा की कोर्ट में चल रही थी। गुरुवार को अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद सभी आरोपियों को दोषी करार देते हुए चार-चार साल कारावास की सजा सुनाई।



हादसे के बाद घटनास्थल पर मौजूद पुलिस व लोगों की भीड़। अमृत विचार

# हाईवे पर महिला को ट्रक ने रौंदा

संवाददाता पुखरायां

**अमृत विचार।** सिखमापुर गांव के समीप नेशनल हाइवे पर एक महिला को ट्रक ने रौंद दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। ट्रक ने उसे इस कदर कुचला था कि उसकी उम्र व अन्य पहचान तक करना मुश्किल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस घंटों शिनाख्त के प्रयास में जुटी रही, लेकिन महिला की पहचान नहीं हो सकी।



घटनास्थल पर लोगों से जानकारी लेती पुलिस। अमृत विचार

- भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के सिखमापुर में हादसा, चालक ट्रक समेत फरार

भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के सिखमापुर गांव के समीप नेशनल हाइवे पर गुरुवार की शाम एक महिला को ट्रक ने बुरी तरफ रौंद दिया और मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर जांच पड़ताल की। बुरी तरह कुचले जाने के चलते मृतक महिला की पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने स्थानीय लोगों से महिला के बारे में जानकारी ली तो किसी ने बताया कि वह पागल थी और घूमती फिरती रहती थी। लोगों ने बताया कि महिला सड़क पार कर रही थी तभी हादसा हो गया। घंटों मशक्कत के बावजूद पुलिस को कोई सही जानकारी नहीं दे सका। महिला की कितनी उम्र थी। यह भी नहीं पता चल सका। कोतवाल अंजन कुमार ने बताया कि महिला के बुरी तरह कुचले जाने के कारण पहचान नहीं हो सकी है। सिर्फ इतना पता चल सका कि वह साड़ी पहने हुए थी। शव का पंचनामा भरा गया है। आसपास क्षेत्र में सूचना देकर महिला की पहचान कराई जा रही है। फरार ट्रक चालक की तलाश की जा रही है।

# पूर्व शिवली एसओ की तरफ से जिरह जारी

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

- बलवंत हत्याकांड में जिरह पूरी न होने पर आज भी सुनवाई

**अमृत विचार।** चर्चित बलवंत हत्याकांड में चश्मदीद गवाह मृतक के चाचा बलबीर सिंह से तत्कालीन शिवली थाना प्रभारी राजेश सिंह की तरफ से गुरुवार को जिरह की गई। जिरह पूरी न होने पर आरोपी की तरफ से शेष जिरह व मैथा चौकी के तत्कालीन मुख्य आरक्षी विनोद कुमार की तरफ से जिरह के लिए कोर्ट ने एक मार्च की तारीख लगाई।

वादी पक्ष की तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता जितेंद्र प्रताप सिंह चौहान ने बताया कि आरोपी पूर्व एसओजी आरक्षी दुर्वेश कुमार व अनूप कुमार की तरफ से 28 फरवरी को जिरह पूर्ण की गई थी। आरोपी तत्कालीन मैथा चौकी प्रभारी ज्ञान प्रकाश पांडेय, आरोपी तत्कालीन एसओजी प्रभारी प्रशांत गौतम, आरोपी शोनू यादव व प्रशांत कुमार पांडे की तरफ से गवाह से जिरह पूरी की जा चुकी है। जिरह में भी साक्षी बलबीर सिंह ने घटना में जेल में निरुद्ध आठो आरोपी पुलिस कर्मियों व तत्कालीन रनियां थाना प्रभारी को बलवंत सिंह की हत्या करने में शामिल बताया। अधिवक्ता ने बताया कि मामले में वादी अंगद सिंह के पूर्व में बयान दर्ज हो चुके हैं। उन्होंने दिए गए बयानों व जिरह में भी एफआईआर व विवेचक को दिए बयान का समर्थन किया है। मामले की सुनवाई अपर जिला जज दुर्गेश की न्यायालय में चल रही है।

# कम फीडिंग पर होगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

**अमृत विचार।** जिला पोषण समिति की समीक्षा बैठक विकास भवन सभागार में की गई। पोषण ट्रैकर एप पर लक्ष्य के सापेक्ष कम फीडिंग पर सीडीपीओ अकबरपुर शहर व रसूलाबाद के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश सीडीओ ने जिला कार्यक्रम अधिकारी को दिए।

बैठक में सीडीओ लक्ष्मी एन ने सभी सीडीपीओ को निर्देश दिया कि वीएचएसएनडी सत्रों का प्रत्येक शनिवार एवं बुधवार निरीक्षण कर संबंधित सामग्री को सत्र पर सुनिश्चित कराएं। साथ ही आरबीएसके टीम के निरीक्षण में सीडीपीओ स्वयं साथ जाकर बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कराएं और चिंहित गंभीर कुपोषित बच्चों को एनआरसी में भर्ती कराएं। वीएचएसएनडी सत्रों की पोषण



जिला पोषण समिति की बैठक करती सीडीओ लक्ष्मी एन.। अमृत विचार

- सीडीओ ने की जिला पोषण समिति की बैठक, दिए निर्देश

ट्रैकर एप पर कम फीडिंग पाए जाने पर सीडीओ ने बाल विकास परियोजना अधिकारी रसूलाबाद एवं अकबरपुर शहर पर कार्रवाई के निर्देश डीपीओ राकेश यादव को दिए। सीडीओ ने सीएमओ डॉ. एके सिंह व एसीएमओ से कहा कि ऑगनबाड़ी केंद्रों पर डाक्टर को भेज बच्चों को मंजन करने की जानकारी कराएं। वहीं ऑगनबाड़ी केंद्र निर्माण के लिए नामित कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में 172 केंद्रों का निर्माण किया जा रहा है। जिसमें 17 अनारंभ, 105 नींव स्तर, 17 पिलिंथ स्तर, 17 छत स्तर, एक फिनिशिंग स्तर व 15 पूर्ण हैं।

# खेल-खेल में बताए गए गणित की पढ़ाई के तरीके

संवाददाता मंगलपुर

**अमृत विचार।** निपुण भारत मिशन के अंतर्गत बुनियादी भाषा और गणित पर आधारित चार दिवसीय मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मकता प्रशिक्षण (एफएनएल) के द्वितीय बैच के प्रशिक्षण का समापन हुआ।

गुरुवार को संदलपुर बीआरसी प्रशिक्षण कक्ष में चल रहे भाषा और गणित पर आधारित चार दिवसीय मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मकता प्रशिक्षण के अंतिम दिन बीईओ अशोक कुमार सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण को विद्यालय के कार्य रूप में लागू करने के लिए उचित योजना के साथ सभी शिक्षक प्रयास करें। प्रशिक्षक राजेंद्र सिंह ने प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण से संबंधित गणित और भाषा शिक्षण की बारीकियों से अवगत कराया। एआरपी गौरव सिंह राजपूत ने बताया कि एफएलएन प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य प्राथमिक स्तर के बच्चों को भाषा व गणित में दक्षता हासिल कराने संबंधी बिदुओं पर जानकारी देना है। जिसके उद्देश्य से शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जाएगा। नई शिक्षा नीति अंतर्गत एनएफ निपुण भारत अभियान में कक्षा वार भाषा व गणित विषयों में बच्चों को निपुण करने साथ-साथ कक्षानुरुप दक्षता विकसित करना है। प्रशिक्षक बृजेश राजावत ने खेल-खेल में गणित कैसे पढ़ाई जाए। इसके लिए शिक्षकों को प्रशिक्षित किया। एआरपी शमी ने विभिन्न गतिविधियों के जरिए बच्चो को गणित पढ़ाने के तरीके बताए।

# व्यापारी की हादसे में मौत, कोहराम

संवाददाता राजपुर



प्रदीप नायक।

**अमृत विचार।** बदनपुर डेरा निवासी बाल व्यापारी मंगलवार को सुल्तानपुर जनपद में सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इलाज के लिए सुल्तानपुर से अकबरपुर जिला अस्पताल लाते समय रास्ते में व्यापारी की मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचने पर परिजनों में कोहराम मच गया।



व्यापारी की मौत की जानकारी पर घर में बैठी गमगीन महिलाएं। अमृत विचार

राजपुर क्षेत्र के बदनपुर डेरा गांव निवासी प्रदीप नायक (35) सुल्तानपुर जनपद में बाल खरीदने बेचने का कारोबार करते थे। मंगलवार को वह सुल्तानपुर के देहली बाजार में एक कारोबारी साथी से मिलने पैदल जा रहे थे। तभी तेज रफ्तार ई-रिक्शा ने व्यापारी को टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर घायल हो गए थे। देहली बाजार चौकी पुलिस ने उन्हें सीएचसी में भर्ती कराकर घटना की सूचना परिजनों को दी थी। बुधवार को परिजन इलाज के बाद घायल को अकबरपुर जिला अस्पताल ला रहे थे। तभी रास्ते में प्रदीप की मौत हो गई। अस्पताल से मेमो मिलने पर राजपुर पुलिस ने शव का पंचनामा भरा। इधर घायल की मौत से मां लीलावती, पत्नी रीना, बेटा विशाल, बेटी राखी, श्रेया, आल्या समेत अन्य परिजन बिलखते रहे।

# निपुण परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों का सम्मान

**कानपुर देहात।** निपुण भारत मिशन के अंतर्गत जनपद के निपुण घोषित किए गए 242 परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों व सहायक अध्यापकों को प्रशस्ति पत्र देकर सीडीओ लक्ष्मी एन ने विकास भवन सभागार में सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि अन्य विद्यालय भी प्रेरणा लेकर जल्द से जल्द निपुण जनपद की संकल्पना को साकार करें। सम्मान समारोह के बाद बेसिक शिक्षा विभाग की टास्क फोर्स की बैठक की गई। जिसमें सीडीओ ने सभी शिक्षा अधिकारियों को छात्र उपस्थिति बढ़ाने, शत प्रतिशत डीबीटी, व यू-डाइस फीडिंग के



निपुण घोषित विद्यालय के शिक्षक को सम्मानित करतीं सीडीओ लक्ष्मी एन.।

निर्देश दिए। बीएसए रिद्धि पांडेय, राज्य परियोजना कार्यालय की गुणवत्ता प्रकोष्ठ से आशना शुक्ला, बीईओ संजय कुमार गुप्ता, ईश्वर कांत मिश्रा, शैलेश द्विवेदी, मनोज पटेल, अजब सिंह, कृष्ण प्रेमी, अशोक सिंह, एसआरजी अनंत त्रिवेदी, अजय कुमार गुप्ता रहे।

# 'निराकार पर विश्वास से बन जाते काम'

संवाददाता पुखरायां

**अमृत विचार।** निराकार पर जब विश्वास करके समर्पण कर देते हैं तो सारे काम बनते चले जाते हैं। हमें इस एक निराकार को पकड़ कर रहना, इसकी भक्ति करना है। यह बात बहन उर्मिला ने भोगनीपुर तहसील के प्रहलादपुर गांव में आयोजित निरंकारी आध्यात्मिक सत्संग समारोह के दौरान कही।

उन्होंने कहा कि निरंकारी माता सुदीक्षा जी इस एक की पहचान करा कर ब्रह्म दर्शन करा कर भक्ति करने की प्रेरणा दे रही है। निरंकारी मिशन में आ जाने से प्रेम भाव आ जाता है। रहने, उठने, बोलने, खाने-पीने का ढंग आ जाता है। केवल और केवल निरंकारी मिशन



निरंकारी सत्संग में जानकारी देती बहनें। अमृत विचार

ही है जो केवल मानवता का पाठ पढ़ा रहा है। क्योंकि मानवता ही सारे धर्म में श्रेष्ठ है। जब मनुष्य के अंदर मानवता आ जाती है तो सुकून प्राप्त हो जाता है। निरंकारी बाबा हरदेव ने भी न केवल हिंदुस्तान बाल्कि 76 देशों में मानवता की एक नई मिसाल कायम की है। आज पूरा विश्व मानवता को अपना कर सुकून महसूस कर रहा है। सुकून तो हर कोई चाहता है, लेकिन कैसे हो, यह केवल और केवल निरंकारी माता सुदीक्षा जी बता रही हैं। विक्रम सिंह, भूप सिंह, संतोष गुप्ता, मेंबर सिंह, निशा, पान कुमारी, श्यामा, अंजलि, खुशबू, भोम सिंह आदि रहे।

**अच्छी पहल** | नवागत बीडीओ हरगोविंद गुप्ता ने राजपुर की रमऊ ग्राम पंचायत में कराए गए विकास कार्य जांचे

# प्राथमिक विद्यालय की पोषण वाटिका में उगाई जाएंगी सब्जियां

संवाददाता राजपुर

**अमृत विचार।** ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत रमऊ गांव का नवागत खंड विकास अधिकारी ने औचक निरीक्षण कर कराए गए विकास कार्यों को जांचा। उन्होंने ओपन जिम, पार्क, आंगनबाड़ी की लर्निंग लैब, दिव्यांग शौचालय, चाइल्ड फ्रैंडली शौचालय, पुस्तकालय व अमृत सरोवर का निरीक्षण कर कई दिशा निर्देश दिए।



रमऊ में पुस्तकालय का निरीक्षण करते बीडीओ हरिगोविंद गुप्ता। अमृत विचार

गुरुवार को ग्राम पंचायत रमऊ गांव में खंड विकास अधिकारी हरिगोविंद गुप्ता ने पंचायत सचिव संदीप निषाद, छत्रपाल सिंह कुशवाहा व ग्राम प्रधान जमाल अहमद के साथ मिलकर विकास कार्यों का जायजा लिया। बीडीओ ने सबसे पहले ओपन जिम व पार्क का निरीक्षण किया। वहां पर सफाई कर्मी साफ सफाई करते दिखे। इसके बाद उन्होंने प्राथमिक विद्यालय में बनी आंगनबाड़ी के लर्निंग लैब को देखा। बच्चों की संख्या पूछने पर प्रधान ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र में करीब 80 बच्चे पंजीकृत हैं। सभी के पठन-पाठन व खाने-पीने का विशेष ध्यान रखा जाता है।

इसके साथ ही बीडीओ ने दिव्यांग शौचालय, चाइल्ड फ्रेंडली शौचालय व बच्चों के पुस्तकालय का निरीक्षण किया। रसोइया सुनीता देवी से भोजन के बारे में जानकारी की। रसोइया ने बताया कि बच्चों को पौष्टिक भोजन देने के साथ ही साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाता है। पुस्तकालय का निरीक्षण कर कहा कि ओपन सेफ लगवाएं। जिसमे रैक में अलग-अलग कक्षाओं की किताबें रखी जा सकें। निर्देश दिए कि एक मॉडल लैब बनवाएं। ताकि जो बच्चे तैयारी कर रहे है। उन्हें आसानी हो और स्कूली बच्चे भी पढ़ाई कर सकें। प्राथमिक विद्यालय में बनी पोषण वाटिका का निरीक्षण कर पालक व अन्य पौष्टिक सब्जियां उगाने को कहा। बीडीओ ने पंचायत सचिव व ग्राम प्रधान के कराए गए विकास कार्यों की सराहना की। इस मौके पर रोजगार सेवक प्रियंका कटियार, पंचायत सहायिका पुष्पा देवी, महिला मेट नाहिद, जयकरन, मिथलेश कटियार, मुशीर, रियाज, असफाक अली, शाह आलम, गुडडा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



बीडीओ को ज्ञापन देते प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारी। अमृत विचार

### परिषदीय स्कूलों में सफाई न होने पर बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

**मंगलपुर।** विद्यालयों में साफ-सफाई न होने के संबंध में अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संदलपुर ने बीडीओ को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि सफाई कर्मचारी विद्यालयों में नहीं पहुंचते हैं। जिससे गंदगी रहती है। गुरुवार को प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लाक अध्यक्ष दीपक कटियार ने बीडीओ को बताया कि राष्ट्रीय पर्व में भी सफाई कर्मचारी विद्यालयों में नहीं पहुंचते हैं। जिससे विद्यालय परिसर में गंदगी एकत्रित हो जाती है। कई बार सांप, बिच्छु, कीड़े आदि होने का डर छात्र व शिक्षकों को रहता है। इसकी शिकायत कई बार वीडियो से की जा चुकी है। इसके बावजूद समस्या का कोई निराकरण नहीं कराया गया। खंड विकास अधिकारी देवेंद्र सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। समाधान के लिए एडीओ पंचायत को निर्देशित किया गया है।

# आज व कल बारिश संग ओलावृष्टि की संभावना

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

- गुरुवार को सुबह से निकली तेज धूप, गर्म कपड़ों के बिना नजर आए लोग

**अमृत विचार।** जिले में पिछले कई दिनों से बदले मौसम के चलते तापमान में तेजी से इजाफा हो रहा है। गुरुवार को तेज धूप हुई तो घर से जैकेट, स्वेटर पहनकर निकले लोगों को परेशान होना पड़ा। जब गर्मी बर्दाश्त नहीं हुई तो उन्होंने कर्म कपड़े उतारकर रख लिए। हालांकि शुक्रवार से दो दिन फिर मौसम में बदलाव होने का अनुमान है। जिससे तेज हवाओं के साथ बारिश व ओलावृष्टि होने का अनुमान है।

गुरुवार सुबह आसमान साफ होने के कारण सुबह से ही खिली धूप निकल आई। जबकि पिछले दिनों ठंड से परेशान हो चुके लोग सुबह जैकेट, स्वेटर व अन्य गर्म कपड़े पहनकर घर से निकले थे। दोपहर में जब धूप सहन नहीं हुई तो उन्होंने गर्म कपड़े निकाले तो राहत मिली। दोपहर में धूप ऐसी हो गई थी कि लोग ज्यादा देर तक धूप में नहीं रह पा रहे थे। वहीं धूप से जमीन की नमीं सूख गई और ज्यादा तेज हवा भी चली। इस कारण लोगों को धूल से भी आंखें बचानी पड़ी। हालांकि, दोपहर बाद धूप हल्की हुई तो लोगों को हल्की ठंड का फिर से अहसास हुआ। गुरुवार को अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस रहा। जोकि सामान्य से 0.8 डिग्री सेल्सियस अधिक था। वहीं न्यूनतम तापमान 13.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# मुगल रोड पर पलटा मिर्ची लदा लोडर

संवाददाता राजपुर

**अमृत विचार।** सटटी थाना क्षेत्र के शाहजहांपुर में मुगल सड़क पर एक ढाबे के पास मिर्ची से लदा लोडर अनियंत्रित होकर पलट गया। पुलिस ने सड़क से लोडर हटवाकर यातायात बहाल कराया।

जनपद महोबा के रहमानिया नगर निवासी मोहम्मद अजीम ने बताया कि गुरुवार को सिरसागंज मंडी से अपने लोडर में मिर्ची लादकर मौदहा जा रही थे। तभी सटटी थाना क्षेत्र के शाहजहांपुर में अनियंत्रित होकर लोडर सड़क पर पलट गया। हादसे में वह जख्मीं हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल चालक को शाहजहांपुर के एक निजी अस्पताल में इलाज कराया। इधर सड़क पर लोडर पलटने से जाम की स्थिति बन गई। पुलिस ने सड़क से लोडर हटवाकर यातायात बहाल कराया। थानाध्यक्ष शिवशंकर सिंह ने बताया कि हादसे में लोडर चालक मोहम्मद अजीम मामूली रूप से जख्मी हुआ है।



पलटा पड़ा मिर्ची लदा लोडर।

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दो घायल

**पुखरायां।** भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के इटावा रोड पर बाइक सवार को ट्रक ने टक्कर मार दी। मूसानगर थाना क्षेत्र के सरौता प्रथम गांव के सौरभ ने बताया कि उनके चाचा छोटेलाल (50) और विनोद कुमार (48) बाइक में सवार होकर कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कमलपुर गांव जा रहे थे। तभी इटावा रोड पर सुजगवा गांव के सामने बाइक में ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। जिससे दोनों लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने उन्हें सीएचसी भेजा। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### दुर्घटना पर ऑटो चालक के खिलाफ केस दर्ज

रूरा। रलवल थाना रसूलाबाद निवासी सरला देवी ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि 19 फरवरी को उसके पति प्रमोद कुमार बाइक से जैनपुर जा रहे थे। तभी रूरा मेन रोड पर ऑटो ने पति की बाइक में टक्कर मार। जिससे अरविंद का पैर टूट गया। उन्होंने पति को अकबरपुर के एक निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया है। थाना प्रभारी डीएन दुबे ने बताया की ऑटो चालक के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

# बोर्ड परीक्षा क्यों होती, जीवनी याद करने से क्या होगा

**यूपी बोर्ड**

- मंडलीय मनोविज्ञान केंद्र में बच्चे पूछ रहे रोचक सवाल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** यूपी बोर्ड परीक्षा के दौरान मंडलीय मनोविज्ञान केंद्र में परीक्षार्थियों की ओर से तमाम प्रश्न पूछे जा रहे हैं। ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही मोड से परीक्षार्थी जुड़ रहे हैं। परीक्षा का डर, भूल जाने की प्रवृत्ति और तनाव के बीच बच्चे कुछ ऐसे रोचक प्रश्न भी पूछ रहे हैं जो मनोवैज्ञानिकों के लिए भी चुनौती बन रहे हैं। ऐसे प्रश्नों को मनोवैज्ञानिक 'भ्रम' और 'डर' से उपजे प्रश्न मान कर काउंसिलिंग कर रहे हैं।

यूपी बोर्ड परीक्षा के लिए जनवरी महीने से जिले में काउंसिलिंग सेल की सुविधा दी गई है। शिक्षा विभाग की ओर से इसे ऑनलाइन मोड से भी जोड़ दिया गया है।

चुन्नीगंज स्थित मंडलीय मनोविज्ञान केंद्र में 300 से अधिक कॉल आ चुकी हैं। मंडलीय मनोवैज्ञानिक डॉ. नरेश चंद्र ने बताया कि गंभीर काउंसिलिंग के बीच कई फोन ऐसे आए जिन्हें सुन काउंसिलिंग केंद्र का माहौल आनंद से भर गया।

### कटिंग बहुत हो गई, मैं फेल हो जाऊंगा क्या

निराला नगर से इंटर की एक छात्रा ने फोन कर पूछा कि 'सर, आंसर देते हुए पेपर में कटिंग बहुत हो गई है, कोचिंग में कहा जा रहा है कि नंबर कम आएंगे ऐसा है क्या' इसके जवाब में काउंसलर ने छात्रा को बताया कि सुलेख का महत्व तो पड़ता है, लेकिन कटिंग के बाद भी सही उत्तर के नंबर मिलते हैं।

**02** महीने से चल रहा है काउंसिलिंग सेल

**300** कॉल अब तक दो महीने में आईं

**43** बच्चों ने किया फोन 22 फरवरी के बाद



### ऐसे प्रश्नों की भरमार है

मनोविज्ञान केंद्र की सहायक मनोवैज्ञानिक संध्या शुक्ला ने बताया कि ऐसे भी प्रश्नों की भरमार है जिनमें बच्चों के भीतर परीक्षा का डर साफ झलकता है। काउंसिलिंग से उस डर को दूर किया जाता है।

सर, पूरे साल पढ़ाई की थी, अब सब भूल गया हूं

पेपर में सब अच्छा लिखा अब लगता है गलत उत्तर दिए

मै स्पोर्ट्स में अपना भविष्य बनाना चाहता हूं, घर वाले नहीं मान रहे

पेपर देते जाते समय बहुत डर लगता है क्या करूं

सर, पेपर के एक दिन पहले नींद नहीं आती है

सर, डर लगता है कि यदि मैं फेल हो गया तो क्या होगा

### जीवनी याद करने से क्या फायदा

पनकी इलाके से हाईस्कूल के एक छात्र ने प्रश्न पूछा कि 'सर यह जीवनी याद करने से आगे क्या फायदा होगा, बहुत प्रयास के बाद भी याद नहीं हो रही है, इसे कोर्स में क्यों रखा जाता है'।

### बोर्ड परीक्षा क्यों ली जाती है?

आजाद नगर के हाई स्कूल के एक छात्र ने प्रश्न किया कि 'सर यह बोर्ड परीक्षा क्यों ली जाती है, जब हर क्लास में हम लोग परीक्षा देते हैं तो इस परीक्षा को भी स्कूल में ही कराया जाए'।



चुन्नीगंज में पड़े मलबे को हटाता नगर निगम की जेसीबी। अमृत विचार



चुन्नीगंज में पड़े मलबा देखने पहुंचे नगर निगम के अधिकारी। अमृत विचार

# मोहब्बत का 'मकान' बचाएंगे जगह-जगह मलबा हटाएंगे

- नगर निगम ने उठाना शुरू किया मलबा
- चुन्नीगंज बस अड्डे से उठाए ईंट पत्थर

**खबर का असर**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- एलआईयू ने कहा था ईंट-पत्थर बन सकते खतरा
- प्रशासन के पत्र पर नगर निगम ने अभियान शुरू किया



सावधान! कहीं मलबा न तोड़ दे 'मोहब्बत का मकान'

**अमृत विचार।** अमृत विचार के खुलासे के बाद नगर निगम ने गुरुवार से शहर की सड़कों किनारे पड़े मलबे को हटाना शुरू कर दिया। एलआईयू की रिपोर्ट के आधार पर जिला प्रशासन की ओर से भेजे गये पत्र के बाद नगर निगम जोनवार अभियान चलाकर चिह्नित स्थानों से मलबा हटाएगा। पहले दिन गुरुवार को चुन्नीगंज क्षेत्र में बस अड्डे के बगल में पड़े मलबे को हटाया गया। अधिकारियों ने यहां बड़ी मात्रा में मलबे को जब्त किया। दूसरे स्थानों पर भी अधिकारी दस्ते के साथ पहुंचे और मलबे को उठवाया।

शहर के अति-संवेदनशील इलाकों की सड़कों पर पड़े ईंट-पत्थर (मलबा) हटाने के लिये एलआईयू ने डीएम को पत्र लिखा है। शहर के 18 अति संवेदनशील क्षेत्रों में 21 स्थानों पर बड़ी मात्रा में मलबा मिला है। जिसपर एलआईयू ने आशंका जताई है कि यदि माहौल बिगड़ा तो दंगाई इस मलबे, ईंट-पत्थर का दुष्प्रयोग कर सकते हैं जो शहर की शांति व्यवस्था, प्रेम-सौहार्द्र, एकता के लिये बड़ी चुनौती बन सकता है। अमृत विचार ने गुरुवार के अंक में इसका खुलासा किया था। इसके बाद अपर पुलिस उपायुक्त अभिसूचना राजेश कुमार श्रीवास्तव की ओर से डीएम के साथ ही नगर आयुक्त नगर निगम को भी पत्र भेजा गया है। इसमें सूची भेजते हुये कहा गया है कि जहां-जहां मलबा पड़ा है उसे हटाया जाये। नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन ने कहा कि प्रशासन की ओर से मिली सूची के तहत अभियान चलाकर हम सड़कों से मलबा हटवा रहे हैं।

### इन स्थानों पर पड़ा है मलबा

शिवाला तिराहा से संगम लाल तिराहा जाने वाले मार्ग पर, राम मोहन हाता गेट के सामने, मेस्टन रोड बीच वाले मंदिर के सामने, नेताजी सुभाष चंद्र बोस प्रतिमा के पास, मेस्टन रोड मरकज मस्जिद के सामने ट्रांसफार्मर के पास, दयानंद विधि विद्यालय गेट के पास, महमूदिया मस्जिद अजीतगंज थाना क्षेत्र बाबूपुरवा के निकट, बगाही ईदगाह बेगमपुरवा मस्जिद के मुख्य गेट के सामने, शीबा इलेक्ट्रानिक के सामने, बगाही ईदगाह की बाउंड्री के निकट, मारफूल इस्लाम मस्जितद खटिकाना के सामने वाली गली के अंदर, वारसी चिकन दरबार बाकरगंज रोड, हमदर्द दवाखाना के सामने नई सड़क बेकनगंज, एहसान हॉल के सामने पानी की टंकी के पास, चीना पार्क के पास, राधा कृष्ण मंदिर के पास कार्यस्थाना रोड, अकरम मस्जिद के पास, प्राइमरी स्कूल के पीछे दलेलपुरवा, बड़ा शिव मंदिर मसवानपुर दिक्षिणी दिशा के पास, खुशालेश्वर मंदिर के सामने निर्माणाधीन पुलिया के पास, सैय्यद बाबा मजार मोड़ सैय्यद नगर, शिवकुमारी इंटर कॉलेज के सामने खाली पड़े मैदान में मसवानपुर के पास पड़े ईंट पत्थर को हटाने को कहा है।

# गुंडे-बदमाशों का बनाया था व्हाट्सएप ग्रुप

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** लूट, हत्या का प्रयास, दुष्कर्म, कुकर्म, रंगदारी, आर्म्स एक्ट समेत अन्य संगीन मामलों के आरोपी एक लाख के इनामी हिस्ट्रीशीटर अजय ठाकुर को गुरुवार को पुलिस ने जेल भेजा। 28 जनवरी को अपना दल एस की रैली पर पथराव करने पर हिस्ट्रीशीटर और उसके साथियों के खिलाफ हत्या का प्रयास समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। जिसके बाद हिस्ट्रीशीटर ने हत्या के प्रयास की धारा के अनुसार 307 के नाम से एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया था जिसमें हिस्ट्रीशीटर समेत नामजद आठ आरोपी मेंबर थे। पुलिस की सारी एक्टिविटी व अखबारों में प्रकाशित होने वाली खबरें ग्रुप में शेयर की जाती थीं। सभी आरोपी एक दूसरे से सरेंडर करने पर भी चर्चा करते थे।

बर्रा के जरौली में 28 जनवरी को अपना दल एस की रैली पर हिस्ट्रीशीटर अजय ठाकुर, गुर्गे शिवांश ठाकुर, अभय भदौरिया, आकाश द्विवेदी, शिवम सोनकर, साहिल सोनकर उर्फ शेरा व गौतम मोगा ने मारपीट व पथराव किया था। जिसमें चार लोग घायल हो गए थे और एक दर्जन से अधिक गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गईं थीं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या का प्रयास समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। जिसके बाद से हिस्ट्रीशीटर समेत उसके साथी फरार चल रहे थे। पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने फरार आरोपियों पर 25-25 हजार व हिस्ट्रीशीटर पर एक लाख का इनाम घोषित किया था। पुलिस मामले को दो आरोपियों को जेल भेज चुकी थी। वहीं एक लाख के इनामी अजय ठाकुर को पुलिस ने दिल्ली के रोहिणी जिले से गिरफ्तार किया था। गुरुवार को डीसीपी साउथ रविंद्र कुमार में प्रेस कांफ्रेस में बताया कि घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी सबसे पहले कानपुर देहात, रूरा गया था। इसके बाद घाटमपुर और फिर पंजाब पहुंचा। पंजाब में पुलिस टीम पहुंची तब तक अजय ठाकुर फरार हो गया था। पंजाब के बाद अजय दिल्ली के रोहिणी जिला निवासी रिश्तेदार के घर में छिपा हुआ था।



पुलिस हिरासत में हिस्ट्रीशीटर अजय ठाकुर। अमृत विचार

### 25 साल की उम्र में 26 मुकदमे

हिस्ट्रीशीटर के खिलाफ वर्ष 2016 में बर्रा थाने में बंधक बनाकर रंगदारी मांगने का मुकदमा दर्ज किया गया था। पहला मुकदमा दर्ज होने के दौरान हिस्ट्रीशीटर की उम्र महज 17 साल की थी। इसके बाद दूसरा मुकदमा आर्म्स एक्ट का दर्ज किया गया। इसके बाद आरोपी के खिलाफ बर्रा, नौबस्ता, गोविंद नगर, किदवई नगर में रेप, कुकर्म, पॉक्सो एक्ट, हत्या का प्रयास, घर में घुसकर मारपीट, लूट समेत तमाम धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। अपना दल एस की रैली पर हमला करने के बाद हिस्ट्रीशीटर ने बर्रा थाना क्षेत्र निवासी किशोरी का अश्लील वीडियो वायरल करने के नाम पर उसके भाई से रंगदारी मांगी थी। जिसके बाद पुलिस ने 26वां मुकदमा हिस्ट्रीशीटर के खिलाफ दर्ज किया। डीसीपी ने बताया कि हिस्ट्रीशीटर के खिलाफ 25 साल की उम्र में 26 मुकदमे विभिन्न थानों में दर्ज हैं।

- अजय ठाकुर ने बनाया था ग्रुप, आरोपी थे सदस्य
- पुलिस की एक्टिविटी पर आपस में होती थी चर्चा

# विवाहिता की हुई मौत ससुरालियों पर आरोप

संवाददाता सिकंदरा

**अमृत विचार।** शादी के एक वर्ष बाद ससुरालियों ने अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर नवविवाहिता को मारपीट कर घायल कर दिया। हालत गंभीर होने पर ससुरालीजन उसे अकबरपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराकर फरार हो गए। अस्पताल में इलाज के दौरान नवविवाहिता ने दम तोड़ दिया।

गुरुवार को बदनपुर थाना गोहन जिला जालौन निवासी ताजुद्दीन ने सिकंदरा थाना पुलिस को लिखित शिकायत करते हुए बताया कि उसकी बहन सबीना का निकाह करीब एक वर्ष पूर्व सिकंदरा कस्बे के गांधीनगर निवासी सद्दाम पुत्र कल्लन के साथ विवाह हुआ था। शादी के कुछ दिन बाद से ही ससुराली बहन के साथ आए दिन मारपीट व प्रताड़ित करते और अतिरिक्त दहेज की मांग करते। करीब 25 दिन पूर्व बहन के साथ बेरहमी से मारपीट कर घायल कर दिया और हालत गंभीर होने पर अकबरपुर के रूरा रोड स्थित अस्पताल में भर्ती कराया। जहां बुधवार को उसकी मौत हो गई। थाना प्रभारी सिकंदरा महेश कुमार ने बताया कि तहरीर पर जांच कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# पूर्व जिला पंचायत सदस्य के दादा ने फंदा लगा दी जान

**कानपुर देहात।** पूर्व जिला पंचायत सदस्य के दादा ने संदिग्ध हालत में घर के सामने मंदिर के पास पेड़ से फंदा लगाकर जान दे दी। बारा जिला पंचायत सीट से सदस्य रहे देवराज सिंह के दादा मान सिंह (65) निवासी ग्राम पंचायत मटियामऊ के मजरा गौरन बिलई ने गुरुवार की दोपहर में घर के सामने बने मंदिर परिसर में खड़े नीम के पेड़ पर रस्सी के सहारे फंदा लगाकर जान दे दी। जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया। हालाकि परिजनों ने पुलिस को सूचना नहीं दी और शव का अंतिम संस्कार कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक अविवाहित थे।

# वो तरीका अपनाओ जो हर किसी को राहत पहुंचाए...

संवाददाता राजपुर

- राजपुर के खानकाहे आलिया अहमदिया मे उर्से सालार में उलेमाओं ने पेश की तकरीर

**अमृत विचार।** कस्बे के खानकाहे आलिया अहमदिया व दारुल उलूम अहमदिया बरकातिया में 31वें सालाना उर्स मुकद्दस जश्न ए गौसुलवरा व ख्वाजा गरीब नवाज जश्ने दस्तार बंदी का आयोजन किया गया। उर्स मुकद्दश में पहुंचे उलेमाओं ने दीनी बातों पर रोशनी डालते हुए तकरीरे पेश की। वहीं दारुल उलूम अहमदिया बरकातिया के तीन बच्चों को दस्तारे हिफ्ज से नवाजा।

बुधवार की रात को कस्बे के खानकाहे आलिया अहमदिया व दारुल उलूम अहमदिया बरकातिया मे आयोजित सालाना उर्स मुकद्दश जश्न ए गौसुलवरा व ख्वाजा गरीब नवाज जश्ने दस्तार बंदी में जेरे सदारत सैय्यद अहमद मियां कादरी बरकाती व जेरे सरपरस्ती सज्जादा नशीन खानकाहे आलिया मोहम्मदिया कालपी व चौरा शरीफ से मीर ग्यासुद्दीन अहमद तिर्मिजी कादरी ने दीनी बातों पर रोशनी डालते हुए तकरीरे पेश की। उन्होंने कहा कि कहा कि पूरी कायनात अल्लाह का कुनबा है। अपने आमाल से किसी को तकलीफ न पहुंचाएं। जिंदगी जीने के लिए वो तरीका अपनाओ जो हर किसी को राहत पहुंचाए। कहा कि दिमाग से यह बात निकाल दो कि कौन हिंदू है और कौन मुसलमान। अल्लाह की इस कायनात में रसूल के बंदों को हरेक के लिए हक और हुकूक अदा करना सिखाया गया है। मुफ्ती मोहम्मद गुलफाम रजा रामपुरी व शायरे इस्लाम निजामी बरेली ने दीनी बातों पर रोशनी डाली। वहीं खानकाहे आलिया अहमदिया व दारुल उलूम राजपुर के नायब सज्जादा नशीन फकीरे कादरी, सैय्यद मौलाना अजमत उर्स में आए लोगों का इस्तकबाल कर मस्जिदों को आबाद रखने की अपील की है। हाफिज ईमाम मियां, मौलाना अनीसुर्रहमान साहब, मुफ्ती हासिम, मौलाना फैजान अमानी आदि रहे।



उर्स में तकरीर पेश करते उलेमा। अमृत विचार

# महिला व बच्चों को ट्रेन की चपेट में आने से बचाया

**रूरा।** स्टेशन पर एक महिला अपने दो बच्चों सहित रेलवे ट्रैक पार कर रही थी। तभी ट्रैक पर आ रही ट्रेन की चपेट में आने से कस्बे के दो युवकों ने बचा लिया। कस्बा के सोनू व राकेश ने बताया कि गुरुवार सुबह करीब नौ बजे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर तीन से महिला श्रद्धा पुत्र उमंग व आदी के साथ रेलवे ट्रैक पार कर रही थी। तभी सिग्नल होने पर ट्रेन चल पड़ी। सोनू व राकेश ने साहस दिखाते हुए महिला व दोनों बच्चों को ट्रैक से हटा लिया।



बचाने वाले युवक।

**संस्कार** गौरियापुर आश्रम में पांचवें दिन 80 बालकों का हुआ यज्ञोपवीत संस्कार

# यज्ञोपवीत संस्कार के बाद होता दूसरा जन्म

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

**अमृत विचार।** अकबरपुर क्षेत्र के गौरियापुर आश्रम में पंचकुंडीय महायज्ञ के पांचवें दिन यज्ञशाला में करीब 80 बालकों का यज्ञोपवीत संस्कार संपन्न हुआ। भागवत पंडाल में पौराणिक कथाओं और सत्संग की ज्ञानगंगा देर शाम तक प्रवाहित होती रही।

गुरुवार को श्रीरामजानकी संस्कृत महाविद्यालय गौरियापुर के विद्यार्थियों सहित अन्य करीब 80 बालकों के यज्ञोपवीत संस्कार वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिविधान से संपन्न हुआ। यज्ञ के प्रधान आचार्य पंडित राज नारायण त्रिपाठी की अध्यक्षता में करीब दो दर्जन सहायक आचार्यों ने यज्ञोपवीत संबंधी सभी विधान को संपन्न कराए। आश्रम के महंत देवनारायण दास जी ने सभी बटुकों को गायत्री मंत्र प्रदान किया और उदेशित करते हुए कहा कि यज्ञोपवीत संस्कार के बाद मनुष्य का दूसरा जन्म हुआ माना जाता है। इस संस्कार के बाद बालक को सदाचार से रहते हुए विद्यार्जन करना चाहिए। कभी भी अपने चरित्र और अपने अमूल्य समय को नष्ट नहीं करना चाहिए। हमेशा मर्यादा में रहना होगा। यज्ञोपवीत संस्कार का तात्पर्य होता है कि आज से आप इसके नियमों से आबद्ध हो गए। अब शरीर और मन वाणी की पवित्रता पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। तभी इस संस्कार की आपके जीवन में सार्थकता सिद्ध हो पाएगी। वहीं ग्राम बेवन और संस्कृत महाविद्यालय के पूर्व छात्र पंडित अजय अवस्थी ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने जहां भक्तजनों को आनंदित करने के लिए अनेक परमपावन विचित्र लीलाओं के द्वारा दुष्ट आत्माओं का वध किया। वहीं विश्व को ज्ञान का उपदेश देने के लिए श्रीमद् भगवद्गीता जैसे महान ग्रंथ को सुनाकर अखिल विश्व का कल्याण किया। इसी तरह अकबरपुर निवासी भागवत व्यास सतगुरु शरण पांडेय, कानपुर के श्याम जी द्विवेदी, मुंगीसापुर के आदेश त्रिपाठी, मैथा के प्रमोद पांडेय, राहुल मिश्रा आदि ने श्रीमद्भागवत महापुराण की कथा का वर्णन किया। मानसवाचिका नीलमजी ने भरत महिमा सुनाई।



गौरियापुर आश्रम में बालकों का होता यज्ञोपवीत संस्कार। अमृत विचार

# महाशिवरात्रि पर्व को लेकर बाणेश्वर मंदिर का निरीक्षण

**रूरा।** थाना क्षेत्र में आने वाले पौराणिक बाणेश्वर महादेव मंदिर का थाना पुलिस ने निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

बताते चलें कि बनीपारा जिनई में स्थित बाणेश्वर महादेव का अति प्राचीन शिव मंदिर है। जहां पर प्रतिवर्ष शिवरात्रि के मौके पर लाखों श्रद्धालु दर्शन कर जलाभिषेक करते हैं। साथ ही बड़ी संख्या में भक्त कांवर लेकर आते हैं। जिसको मद्देनजर रखते हुए गुरुवार को रूरा थाना प्रभारी डीएन दुबे व हल्का प्रभारी अतेंद्र सिंह ने पुलिस बल के साथ मंदिर की व्यवस्था का जायजा लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि मंदिर में करीब 500 मीटर के आसपास बैरीकेटिंग की जाएगी और पूर्ण रूप से सुरक्षा व्यवस्था मुहैया कराई जाएगी।

# लखनऊ की टीम ने स्कूलों का हाल देखा

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

**अमृत विचार।** लखनऊ से पहुंची टीम ने सरवनखेड़ा विकासखंड के स्कूलों का औचक निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं को देखा और प्रधानाध्यापकों को कमियां दूर करने के निर्देश दिए। साथ ही जो स्कूल पैरामीटर्स पर सही पाए गए उनकी सराहना भी की।

गुरुवार को विकासखंड सरवनखेड़ा में राज्य परियोजना कार्यालय से आई टेक्निकल टीम की सदस्य आशना शुक्ला ने दो विद्यालयों का निरीक्षण किया। विद्यालय के स्टाफ एवं जनसमुदाय से मिलकर बच्चों को नियमित विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने निपुण विद्यालय प्राथमिक विद्यालय महादेव कुटी में शिक्षामित्र संगीता साहू से निपुण लक्ष्य ऐप का प्रयोग बच्चों के लर्निंग लेवल को बढ़ाने में कितना उपयोगी है और वे कब बच्चों का आंकलन एप से करती हैं, इसके संबंध में पूछा। इस एप के प्रयोग में क्या-क्या टेक्निकल समस्या होती है, इसकी जानकारी भी चाही। कक्षा तीन के बच्चे से पठन अभ्यास के पैराग्राफ को पढ़वाया। जिसको बच्चे ने सही पढ दिया। कक्षा एक में बच्चों ने अंग्रेजी में फ्रूट्स नेम एंड एनिमल्स नेम स्पेलिंग सहित सुनाएं। कक्षा चार में प्रीति वर्मा से निपुण तालिका को किस प्रकार से भरा जा रहा, इस पर चर्चा की और जो बच्चे लर्निंग आउटकम प्राप्त नहीं कर पा रहे। उसके लिए क्या किया जा रहा है पूछा। प्रधानाध्यापिका अन्नू सचान से पूछा कि विद्यालय को किस प्रकार से निपुण बनाया जाए। प्रधानाध्यापिका ने बताया कि स्टाफ के मध्य आपसी समन्वय बहुत अच्छा है। साथ ही वह सभी अभिभावकों से हमेशा संपर्क में रहते हैं। विद्यालय में कुल पंजीकृत 41 बच्चे उपस्थित मिले। इसके बाद उन्होंने प्राथमिक विद्यालय निनायां द्वितीय का विजिट किया।



बच्चों से जानकारी लेते लखनऊ से आए टीम के सदस्य। अमृत विचार

# सड़क हादसों में दो की मौत, एक घायल

## मलवां व जाफरगंज थाना क्षेत्र में हुए हादसे, परिजनों में मचा कोहराम, पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा

संवाददाता फतेहपुर



**अमृत विचार।** जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुए सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। मलवां और जाफरगंज में हुए हादसों की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वहीं मृतकों के परजिनों में कोहराम मचा हुआ है। एक मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मलवां थाना क्षेत्र के बादलपुर गांव निवासी अमित कुमार उर्फ छोटू कोरी गांव के ईश्वर कुशवाहा के साथ घरेलू सामान खरीदने सहिली जा रहे थे। जोनिहा चौकी की ओर जा रही स्कूल की वैन ने सहिली और तारापुर के बीच बंधवा के पास सामने से बाइक सवारों को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार अमित की मौके पर मौत हो गई। घायल ईश्वर कुशवाहा को जिला अस्पताल भेजा गया। हादसे से पिता बृजलाल व परिजनों का हाल बेहाल हो गया। इसी तरह जाफरगंज थाना क्षेत्र के पांडेयपुर निवासी दिवंगत जगतपाल यादव के पुत्र ज्ञान सिंह (23) मंगलवार रात बुआ के घर शादी समारोह में कानपुर पड़री गांव जा रहा था। जहानाबाद थाना क्षेत्र के खजुरिहा गांव के पास किसी वाहन की टक्कर से बाइक सवार ज्ञान सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने बाइक सवार को जहानाबाद सीएचसी में भर्ती कराया।

डाक्टर ने हालत नाजुक देखकर कानपुर रेफर कर दिया। रास्ते में रमईपुर के पास ज्ञान सिंह की मौत हो गई। मां उर्मिला देवी की तहरीर पर पुलिस ने हादसे की रिपोर्ट दर्ज की है। इकलौते बेटे की मौत से मां का हाल बेहाल दिखा। मृतक की एक छोटी बहन खुशबू है। थानाध्यक्ष अनुरुद्ध द्विवेदी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

- घरेलू सामान खरीदने सहिली जा रहा था युवक, स्कूली वैन की टक्कर से हुआ हादसा
- दूसरी घटना में घायल को कानपुर ले जाते समय रास्ते में गई जान

### बाइक से स्टंट करने में हाईस्कूल के छात्र घायल

**अमौली।** जहानाबाद थाना क्षेत्र के नसेनिया निवासी श्यामू पुत्र रामबाबू व अर्पित पुत्र ओमप्रकाश निवासी नेवादा जहानाबाद कस्बे के सीके इंटर कॉलेज में हाई स्कूल के छात्र हैं। जिनका सेंटर चांदपुर थाना क्षेत्र के कृषक इंटर कॉलेज बिजौली में आया है। गुरुवार को हाईस्कूल का पेपर छूटने के बाद दोनों छात्र एक ही बाइक से अपने गांव जा रहे थे। छात्रों की मानें तो साथ में दूसरी बाइक से चल रहे छात्र ने चांदपुर थाना क्षेत्र के कुलखेड़ा स्थित न्यारा पेट्रोल पंप के पास तेज रफ्तार गाड़ी में अचानक ब्रेक लगाकर स्टंट दिखा रहा था तभी पीछे की बाइक सवार अर्पित व श्यामू आगे वाली गाड़ी में जा भिड़े। जिससे बाइक चला रहे श्यामू को तो मामूली चोट आई, लेकिन अर्पित सड़क की रगड़ से गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा देख स्थानीय लोग दौड़कर मदद के लिए मौके पर पहुंचे और आनन-फानन में छात्रों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमौली में भर्ती कराया है।

### बाइकों की टक्कर में तीन लोग घायल

**थरियांव।** खखरेरू थाना क्षेत्र के तारापाई गांव निवासी सुरेंद्र कुमार शहर से खखरेरू के लिए जा रहा था। जैसे ही वह थरियांव थाना क्षेत्र के बाहिलापुर मोड़ के पास पहुंचा तभी सामने से आ रही दूसरी बाइक से टक्कर हो गई। हादसे में सुरेन्द्र के अलावा दूसरी बाइक में सवार थरियांव थाना क्षेत्र के शाहीपुर गांव निवासी हिमांशु कैथल व हर्ष सक्सेना गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया है।

### अनियंत्रित ऑटो पलटने से तीन हुए घायल

**जाफरगंज।** थाना क्षेत्र के नयापुरवा मोड़ से एक ऑटो में सवार छह लोग उमरिहा बाजार करने जा रहे थे। रास्ते में अनियंत्रित ऑटो पलट गया। हादसे में नयापुरवा निवासी परभू, उसकी बहू व एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। घायल निजी अस्पताल में इलाज कराकर घर वापस चले गए।

### केंद्रीय मंत्री की स्कॉट से टकराया लोडर

**असोथर।** नगर पंचायत असोथर में जन सेवा केंद्र का उद्घाटन समारोह मे केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति को शामिल होने जाना था। तभी असोथर नगर पंचायत के रामगंगा नहर के पास एक लोडर से केंद्रीय मंत्री के स्कॉट की जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें सुरक्षा कर्मी बाल-बाल बच गए। स्थानीग पुलिस ने लोडर को थाने में खड़ा किया है। थाना प्रभारी ने बताया कि लोडर को थाने में खड़ा करा दिया गया है। चालक फरार है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## बंद पड़ी इलेक्ट्रिक बस सेवा संचालित करने की मांग

**बिंदकी फतेहपुर।** पिछले एक माह से बंद पड़ी इलेक्ट्रिक बस सेवा को फिर संचालित करने के लिए एसडीएम से मांग की गई। एसडीएम ने इलेक्ट्रिक बस सेवा फिर से संचालित करने के लिए आश्वासन दिया और कहा कि इस मामले में परिवहन विभाग के उच्च अधिकारियों से बात करेंगे। नगर के गांधी चौराहे से लेकर कानपुर शहर तक काफी दिनों से इलेक्ट्रिक बस सेवा संचालित हो रही थी। जिससे लोगों को काफी सुविधा हो रही थी लेकिन पिछले एक माह से इलेक्ट्रिक बस सेवा बंद पड़ी है। इस संबंध में गुरुवार को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल कंछल गुट ने एसडीएम अनिल कुमार यादव से मिलकर एक ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि बिंदकी और कानपुर शहर के बीच इलेक्ट्रिक बस सेवा का संचालन किया गया था। पिछले माह से है इलेक्ट्रिक बस सेवा बंद होने से व्यापारियों तथा आम जनता व यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## चारा काटने की मशीन लगाकर कब्जे का आरोप

**बिंदकी।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक गुट के लोगों ने उप जिलाधिकारी से शिकायत किया। आरोप लगाया कि पार्क में कुछ लोगों ने चारा काटने की मशीन लगा दी है। भाकियू अराजनैतिक गुट के तहसील प्रचार मंत्री सुखी राम के नेतृत्व में तहसील पहुंचकर एसडीएम से मिले। शिकायत की है कि कोतवाली बिंदकी क्षेत्र के फिरोजपुर गांव के पार्क में अंचित, संतोष व अंगद ने चारा काटने की मशीन लगा दी है जो पूरी तरह से अवैध है। यूनियन के लोगों ने एसडीएम से चारा काटने की मशीन हटवाने तथा आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की है, वहीं एसडीएम ने कार्रवाई की बात कही है।

# मुख्य सचिव से मिल भावविभोर हुए शिक्षक और परिषदीय बच्चे

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- बच्चों से बोले मुख्य सचिव, पेड़ के नीचे बैठकर पढ़ा हूं
- लोक भवन स्थित ऑफिस में शिक्षक आनंद और बच्चों से मिले

**अमृत विचार।** प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा के साथ लखनऊ स्थित लोक भवन में ऐरायां ब्लॉक स्थित प्राथमिक विद्यालय मलूकपुर के प्रभारी प्रधानाध्यापक आनन्द कुमार मिश्र और उनके स्कूली बच्चों से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान मुख्य सचिव ने शिक्षक के विभिन्न कार्यों और बच्चों की प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

आनन्द कुमार मिश्र ने मुख्य सचिव को अपनी पुस्तक जनमत और बोलता बचपन भेंट की। जनमत जनपद फतेहपुर में आजादी के बाद से अब तक हुए सभी लोकसभा एवं विधानसभा चुनावों का इतिहास और विश्लेषण करने वाली कृति है। जबकि बोलता बचपन कोरोना काल में मलूकपुर के स्कूली बच्चों और शिक्षकों द्वारा लिखा गया प्रदेश का संभवतः ऐसा पहला बाल कहानी संग्रह है, जिसे प्राइमरी परिषदीय विद्यालय ने तैयार किया है। उन्होंने शिक्षक से पूछा कि जनमत के बारे में ज़िले की डीएम को पता है या नहीं, इस पर आनन्द ने हामी भरी। मुख्य सचिव से विद्यालय की कक्षा चार व पांच की छात्रा अवंतिका, माही देवी, कामिनी, संध्या यादव और विद्यालय के गत वर्ष के छात्र और आनन्द के पुत्र शाश्वत मिश्र ने मुलाकात की। बच्चों द्वारा बनाए गए पोस्टर भाषा संगम और वोट फॉर नेशन भी भेंट किए गए। कुंडेश्वर महादेव का आकर्षक चित्र भी दिया गया।



लखनऊ में मुख्य सचिव के साथ मौजूद बच्चे।

### मैं भी प्राइमरी स्कूल का छात्र हूं

मुख्य सचिव ने कहा कि मैं भी प्राइमरी स्कूल का छात्र रहा हूं और जमीन पर पेड़ के नीचे बैठकर पढ़ा हूं। बच्चों से बोले कि तुम सब अच्छे से पढ़ाई कर बड़े अधिकारी बनो। जिससे यहां बैठने का अवसर मिले। बच्चों से एक एक करके पूछा कि तुम क्या बनोगे।

### विभागों को भेजी पुस्तकें

मुख्य सचिव डीएस मिश्र ने जनमत को निर्वाचन विभाग, बोलता बचपन को स्कूल शिक्षा महानिदेशक के पास भेजने के निर्देश दिए। प्रत्येक परिषदीय विद्यालय के पुस्तकालय में बोलता बचपन की मौजूदगी की इच्छा पर उन्होंने डीजी से बात करने का आश्वासन दिया। बच्चों द्वारा बनाए गए भाषा संगम और वोट फॉर नेशन पोस्टर को संबंधित विभागों में लगाने तथा कुंडेश्वर महादेव की प्रतिमा को पर्यटन विभाग में स्थापित करने के निर्देश दिए। आनन्द और बच्चों को मुख्य सचिव की पसंद का नाश्ता कराया गया।

### बुकलेट से बताया कैसे हुआ स्कूल का रूपांतरण

शिक्षक आनन्द मिश्र ने मुख्य सचिव को विद्यालय के रूपांतरण को दर्शाने वाली बुकलेट मेरा विद्यालय मेरा गौरव के द्वारा स्कूल की गतिविधियों एवं उपलब्धियों के बारे में बताया। आनन्द को प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल के अलावा मंत्रियों, जन प्रतिनिधियों एवं अफसरों ने प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया है। मुख्य सचिव ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल से भी आनन्द के प्रयासों की प्रशंसा की है। आनन्द कुमार मिश्रा के शोध पत्र एनसीईआरटी नई दिल्ली और सेज पब्लिकेशन में छप चुके हैं। कई अन्य लेख भी प्रकाशित हुए हैं।

## 12 साल बाद नेत्र अस्पताल से फार्मासिस्ट का हुआ तबादला

संवाददाता फतेहपुर

- 12वीं वाहिनी पीएसी अस्पताल में हुआ स्थानांतरण

**अमृत विचार।** मदन मोहन मालवीय नेत्र चिकित्सालय में नियम के खिलाफ 12 वर्षों से कार्यरत फार्मासिस्ट के कार्यकाल व कार्यशैली एवं अस्पताल में भ्रष्टाचार संलिप्तता की जांच को लेकर गुलाबी गैंग लोकतांत्रिक ने प्रदर्शन किया था। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने मामला संज्ञान में लेकर फार्मासिस्ट का स्थानांतरण 12वीं वाहिनी पीएसी अस्पताल में कर दिया है।

कुछ दिनों पूर्व जिला नेत्र चिकित्सालय में गुलाबी गैंग लोकतांत्रिक द्वारा किये गए घेराव के बाद अस्पताल में भ्रष्टाचार की जांच व वर्षों से कार्यरत फार्मासिस्ट के कार्यकाल व कार्यशैली एवं भ्रष्टाचार में संलिप्तता की जांच की मांग पर जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने पांच सदस्यीय जांच कमेटी का गठन किया था। जिस पर जांच कमेटी ने अपनी रिपोर्ट स्वास्थ्य विभाग को प्रेषित की। जिस पर जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी त्वरित कार्यवाही करते हुए नेत्र चिकित्सालय में नियम के खिलाफ 12 वर्षों से तैनात फार्मासिस्ट बृजेन्द्र कुमार त्रिपाठी का स्थानांतरण 12वीं वाहिनी पीएसी अस्पताल में किया है।

वहीं 12वीं वाहिनी पीएसी अस्पताल में कार्यरत फार्मासिस्ट आनंद प्रकाश सिंह का स्थानांतरण मदन मोहन मालवीय नेत्र चिकित्साल में किया गया है। गुलाबी गैंग लोकतांत्रिक की अध्यक्ष हेमलता पटेल ने सीएमओ सहित स्वास्थ्य विभाग का आभार व्यक्त किया है।

# बेटी के साथ प्रेमी को देखा तो काट दिया था सिर

खुलासा

संवाददाता फतेहपुर

- लाश को ले जाकर जंगल में फेंक दिया था
- कहा- दोनों गलत हरकत कर रहे थे, खौल गया खून

**27** फरवरी को एक युवक की लाश मिली थी

**05** टीमों को लगाया गया था खुलासा करने के लिये

**अमृत विचार।** 27 फरवरी को एक युवक की सिर कटी लाश मिली थी। इसके बाद एसपी ने हत्या के खुलासे के लिए पुलिस की 5 टीमों को लगाया था। गुरुवार को पुलिस ने हत्या का खुलासा करते हुए बाप-बेटे को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार प्रेम प्रंसग को लेकर युवक की हत्या की गई थी। युवती को उसके प्रेमी के साथ पिता और भाई ने आपत्तिजनक हालत में देख लिया था, जिस कारण गुस्से में आकर दोनों ने कुल्हाड़ी से वार कर युवक को मार डाला था।

पुलिस लाइन में वारदात का खुलासा करते हुए एसपी उदय शंकर सिंह ने बताया कि जिले के सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के जगजीवन पुर गांव के जंगल में 27 फरवरी की सुबह एक युवक नरेंद्र पटेल का क्षत-विक्षत शव बरामद किया गया था। सिर, धड़ से अलग था। बॉडी को देख ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी थी। जिसके बाद टीम वहां पहुंची और जांच पड़ताल की।

इस मामले में निहालपुर मजरे इब्राहिमपुर निवासी मृतक नरेंद्र के भाई जितेंद्र पटेल पुत्र बच्चीलाल ने 27 फरवरी को थाना पुलिस को तहरीर दी। तहरीर में बताया कि उसका भाई नरेंद्र पटेल 25 फरवरी की रात से घर से बिना बताए कहीं चला गया। 27 फरवरी की सुबह 11 बजे जग जीवनपुर गांव के रहने वाले भगवत जो खेत की रखवाली करते थे, उन्होंने गांव आकर सूचना दी कि एक सिर कटी लाश पड़ी है। जब मौके पर पहुंचे तो कपड़ा और गर्दन की कलाई पर बने टैटू से शव की पहचान की।

वारदात के खुलासे के लिए थाना प्रभारी राजेन्द्र त्रिपाठी और एसओजी टीम ने मृतक नरेंद्र के मोबाइल की लोकेशन ट्रेस की तो आखिरी लोकेशन जीवनपुर गांव में ही मिली। जांच आगे बढ़ी तो प्रेम-प्रंसग की बात सामने आई। जिस पर पुलिस को लड़की के परिजनों पर गया। इसके बाद पुलिस टीम ने कमैपुर मोड़ के पास से हत्या के आरोपी युवती के पिता सुमेर पटेल (45) और बेटे ब्रजेश पटेल (19) को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनसे जब सख्ती से पूछताछ की तो आरोपी पिता-पुत्र ने हत्या की बात कबूल कर ली।

बताया कि उनकी बेटी से नरेंद्र का 6 महीने से प्रेम प्रसंग चल रहा था। घटना के एक हफ्ते पहले नरेंद्र कुमार पटेल सूरत के गुजरात से गांव आया था। 25 फरवरी की रात में गांव में सभी लोग एक शादी में गए थे। नरेंद्र, प्रेमिका से मिलने उसके घर पहुंच गया। रात में हम दोनों घर पहुंचे तो दोनों को आपत्तिजनक स्थिति में देखा तो हमारा खून खौल गया और वारदात को अंजाम दे दिया।

### साइकिल में शव लादकर ले गए जंगल

इसके बाद हमने उसे पकड़कर पीटा। इसके बाद उसकी गला दबाकर हत्या कर दी। इसके बाद शव को साइकिल में लादकर जगजीवनपुर के जंगल में ले जाकर कुल्हाड़ी से सिर काटकर अलग कर दिया। लाश को वहीं फेंककर घर आ गए। पुलिस ने मृतक नरेंद्र का मोबाइल, हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी और खून से सना कपड़ा बरामद कर लिया है।

जानकारी | तीन मार्च को कानपुर में होगा परिषद का राष्ट्रीय अधिवेशन, सभी से पहुंचने की अपील

# समाज के उत्थान के लिए राजनीति जरुरी : सुमंत

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष का शहर में हुआ आगमन



मीडिया के समक्ष जानकारी देते परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. सुमंत गुप्ता का गुरुवार को शहर आगमन हुआ। उन्होंने मीडिया के समक्ष कहाकि परिषद का राष्ट्रीय अधिवेशन आगामी तीन मार्च को कानपुर में आयोजित होने जा रहा है। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सदस्य नवीन जैन शिरकत करेंगे। उन्होंने कहा कि समाज के उत्थान के लिए समाज की राजनीति में सहभागिता आवश्यक है।

अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. सुमन्त गुप्त ने कहा कि वर्तमान समय में राजनैतिक भागीदारी व हिस्सेदारी नगण्य है। इस कारण समाज का आर्थिक शोषण व उत्पीड़न होता है। इस सम्मेलन के माध्यम से अपनी आवाज उठाने का कार्य किया जाएगा। खुदरा व्यापार में वालमार्ट जैसी बड़ी विदेशी कम्पनियों के आने से रिटेल के व्यापार करने वाले व्यापारियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। भारत दुनिया का सबसे आकर्षक रिटेल बाजार है। तेजी से बढ़ती हुई ई-कामर्स क्षेत्र में निवेश के मौके का लाभ उठाते हुए आनलाइन बाजार में विदेशी कम्पनियों द्वारा अपना प्रभुत्व स्थापित करने का प्रयास है। खुदरा बाजार पर नियंत्रण स्थापित करने की योजना है। जिससे छोटे, मध्यम व मंझोले स्तर का रिटेल व्यापार प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश से लोकसभा में मात्र दो सांसद समाज के हैं जबकि प्रदेश में 16 प्रतिशत जनसंख्या व सर्वाधिक राजस्व देने का वैश्य समाज है। इस लोकसभा में 12 टिकट समाज के दावेदारों को दिए जाएं। उन्होंने कहा कि आजकल विवाह समारोह में फिजूल खर्ची जमकर हो रही है। जिसे रोकने की दिशा में भी समाज में जन जागरण की आवश्यकता है। जिससे समाज का धन व समय बचे। इसके साथ ही लिव इन रिलेशनशिप पर पूर्ण प्रतिबंध की मांग भी उठाई। इस मौके पर राष्ट्रीय प्रधान महासचिव विनोद गुप्त, जिलाध्यक्ष अरूण जायसवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष नरेंद्र गुप्त, वेद प्रकाश गुप्त, रामस्वरूप गुप्त, विनय गुप्त फौजी, सत्येंद्र अग्रहरि, शैलेंद्र शरन सिंपल, सतीश साहू, नमो गुप्त, संजीव गुप्त भी मौजूद रहे।



कम्प्यूटर क्लास में शिक्षा लेते नौनिहाल छात्र। अमृत विचार

## एनपीएस कंप्यूटर क्लासेस शुरू

**खागा फतेहपुर।** नगर पंचायत खखरेरू का नेशनल पब्लिक स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में दिन प्रतिदिन एक कदम आगे की ओर अग्रसर है। नौनिहालों के भविष्य के लिए विद्यालय के प्रबंधक महफूज खान ने कंप्यूटर क्लासेस शुरू करने के लिए कड़ी मेहनत की तथा शिक्षा के क्षेत्र में नेशनल पब्लिक स्कूल को जनपद में प्रथम दर्जा दिलाने का एक लक्ष्य सामने रखा है।

तहसील के खखरेरु नगर पंचायत स्थित नेशनल पब्लिक स्कूल में कंप्यूटर क्लासेस का गुरुवार को पहला दिन रहा। जिसमें स्कूली बच्चों ने कंप्यूटर के सामने बैठकर एक अलग अनुभव प्राप्त किया। इस दौरान कंप्यूटर क्लासेस के लिए रखी गई दो महिला शिक्षकों ने बारी बारी से क्लास लगाई तथा बच्चों को कई तरह की जानकारियां दी तथा उन्हें सिस्टम के बारे में बारीकी से बताया गया। इस दौरान विद्यालय के प्रबंधक महफूज खान व प्रधानाचार्य सुनील कुमार, शमा बेगम, ज्योति सिंह, जयसिका, अनिल कुमार, धर्मेंद्र कुमार, राजेश कुमार, हेना परवीन मौजूद रहे।

The Ano-Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)

Video Recto Scope
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा
बवासीर (Piles)
भगन्दर (Fistula)
एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज

क्लीनिक का पता
एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
7388913338, 8005423919
www.anorectalclinic.com

# 382 वर-वधुओं ने थामा एक-दूजे का हाथ

## युगराज सिंह महाविद्यालय में हुआ सामूहिक विवाह, रीति रिवाज से हुआ हिन्दू-मुस्लिम जोड़ों का विवाह

कार्यालय, संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** शहर के ठाकुर युगराज सिंह महाविद्यालय में गुरुवार को सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया गया। जिसमें हिन्दू व मुस्लिम जोड़ों के उनके धर्म के रीति-रिवाजों के मुताबिक विवाह कराए गए। मेहमानों ने सभी को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

महाविद्यालय के मैदान पर जिला समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का उद्घाटन मुख्य अतिथि केन्द्रीय राज्यमंत्री व सासंद साध्वी निरंजन ज्योति ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। जिले के विभिन्न ब्लाकों में हुए 382 जोड़ों के रजिस्ट्रेशन हुआ था। गुरुवार को जहां हिन्दू रीति-रिवाज के अनुसार जोड़ों का विवाह कराया गया। तो वहीं मुस्लिम जोड़ों को विधि-विधान के साथ निकाह कराया गया। पूरा पांडाल अतिथियों से भरा रहा। वर वधुओं ने एक दूसरे का साथ निभाने का वादा किया। 379 हिन्दू जोड़ों को आचार्यो ने मंत्रोच्चारण के बीच विवाह सम्पन्न कराया। वहीं 03 मुस्लिम जोड़ों को निकाह कुबूल कराया गया। मौजूद अतिथियों ने सभी ने जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस मौके पर तमाम जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे। शासन द्वारा निर्धारित धनराशि के जोड़ों को सामान भी भेंट किए गए।



केंद्रीय राज्यमंत्री व अधिकारियों के साथ मौजूद वर वधू। अमृत विचार

### सुरक्षा के रहे कड़े इंतजाम

शहर के ज्वालागंज स्थित ठा. युगराज सिंह महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में प्रशासन ने आए हुए लोगों के लिए सुरक्षा व्यवस्था की। इसके साथ वर-वधु व उनके रिश्तेदारों के लिए खाने पीने की व्यवस्था की गई।

### मुस्लिमों का भी हुआ निकाह

समाज कल्याण विभाग की ओर से कुल 382 कन्याओं का विवाह कराने की व्यवस्थाएं की गई थी। जिसमें 379 हिन्दू व 03 मुस्लिम जोड़ों के विवाह कराए गए। वहीं पंजीकृत होने के बावजूद भी कई जोड़े अनुपस्थित रहे।

### केंद्रीय मंत्री ने किया जनसेवा केंद्र का उद्घाटन

संवाददाता असोथर अमृत विचार। स्थानीय नगर पंचायत कार्यालय रोड़ के नई बाजार स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के समीप कॉमन सर्विस सेंटर जन सेवा केंद्र का उद्घाटन केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने गुरुवार को फीता काट कर किया। बताया कि केंद्र का संचालन ऐझी वार्ड जिला पंचायत सदस्य मनोज कुमार गुप्ता करेंगे। केंद्र सरकार व राज्य सरकार की सभी महत्वाकांक्षी योजनाओं का कार्य एक ही केंद्र पर उपलब्ध होगा। केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने कहा की नगर की जनता को कार्यालय के आस-पास सरकारी योजनाओं के लिये ऑनलाइन आवेदन करने के लिये परेशान होना पड़ता था। अब उन सभी लोगों को एक ही सेंटर पर सभी जन्म, मृत्यु, आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र, विधवा, वृद्धा, विकलांग पेंशन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान सम्मान निधि, खसरा खतौनी व अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष नीरज सिंह सेंगर, सोमेश गुप्ता, भाजपा मंडल अध्यक्ष राम महेश निषाद, पूर्व मंडल अध्यक्ष अमित अग्निहोत्री, पूर्व मंडल अध्यक्ष शिव प्रताप सिंह, भाजपा किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष जयदेव सिंह गौतम, किसान मोर्चा अध्यक्ष निर्मल सिंह समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# गंदगी के अंबार से बढ़ा मच्छरों का प्रकोप

संवाददाता फतेहपुर

- गांवों में भी संक्रामक बीमारियों का ग्राफ बढ़ा
- वार्डों में सफाई न होने से बजबजा रहे नाले

**अमृत विचार।** नगर पालिका के वार्डों में साफ- सफाई में लापरवाही बरती जा रही है। कागजों पर ही नाला क्लीनिंग मशीन से नाले की सफाई हो रही है। नतीजा यह रहा कि शहर के अधिकांश नाले कचरे से पटे हुए हैं। नाला चोक होने से गंदा पानी व मलबा लोगों के घरों व दुकानों के सामने बहता रहता है। इस वजह से मच्छरों का प्रकोप दिन पर दिन बढ़ता जा रहा है।

नागरिकों को काफी दिक्कतें झेलनी पड़ रही है। शिकायत के बाद भी समस्या का निदान नहीं हो पा रहा है। इसे लेकर वार्ड के लोगों में आक्रोश है। मच्छर जनित रोगों की रोकथाम में फॉगिंग और एंटी लार्वा का छिड़काव भी नहीं हो रहा। जिले की पालिका के वार्डों में इन दिनों सबसे अधिक लापरवाही नाले व मोहल्लों की सफाई में हो रही है। तीन महीने से अब तक इन जगहों पर साफ सफ़ाई व जलभराव खात्मे को लेकर कोई प्रयास शुरू नहीं हुए। कई जगह नाला पटा हुआ है, इसके अलावा वार्ड में सड़क के किनारे भारी पैमाने पर कूड़ा फैला हुआ है। उसमें दिन भर मच्छर भनभनाते रहते हैं। रानी कालोनी मोहल्ले के लोग कहते हैं कि नगर क्षेत्र में जलनिकासी व्यवस्था ध्वस्त है। यहां मामूली बारिश के बाद मुख्य मार्ग तालाब में तब्दील हो जाता है। इसके अलावा कई ऐसी बस्तियां है, जहां सड़क पर वर्ष के 365 दिन जलजमाव रहता है। इस मामले को लेकर हम लोग डीएम से मिलेंगे। इधर, नगर पालिका के ईओ समीर कश्यप ने बताया कि नियमित रूप से नाले की सफाई कराई जा रही है। अगर नाले की साफ-सफाई में लापरवाही बरती गई तो कार्यवाही तय होगी। फॉगिंग के लिए उपकरणों की मरम्मत जारी है।


शहर के गंगा नगर कालोनी में बजबजाती नाली। अमृत विचार

# निचली गंगा नहर में पानी छोड़ना व सिल्ट सफाई कराना भूले जिम्मेदार

संवाददाता थरियांव

- सूखी नहर देख मायूस हो रहे हैं किसान
- हसवा ब्लाक के सखियांव व मुरांव गांव से निकली है नहर

**अमृत विचार।** हसवां विकास खंड के सखियाओं गांव वा मुराव से निकली निचली गंगा नहर में इस बार किसी तरह की सिल्ट सफाई नहीं हुई और न ही इस नहर में समय पर पानी छोड़ा जाता है। खरीफ की फसल धान की सिंचाई के समय में इस नहर में कभी पानी नहीं आता है।

किसानों को नलकूपों का सहारा लेना पड़ता है। यह नहर निचली गंगा नहर परियोजना के तहता मुराव की बड़ी नहर से टूट कर निकलती है जो सखियाव, मुराव, घुरीबुजुर्ग, ब्रह्मपुर, मीरपुर, कसमापुर, भैरमपुर, नवहैया, रजाबाद, सलेमपुर, कोल्हारिया आदि गांवों से होकर गुजरती है। यह नहर आज सूखी पड़ी है, वहीं इसके बगल से निकलने वाले चकरोड में भैरमपुर से रजाबाद तक पूरी तरह जंगल खड़ा हो गया। जिससे लोगो का वाहन या पैदल किसी भी तरह निकलना मुश्किल हो गया है। किसानों ने बताया कि कई बरसों से इस नहर में रबी की फसल में एक दो बार पानी आता है। खरीफ की फसल के समय यह नहर सूखी पड़ी रहती है और इस पर किसी अधिकारी या जनप्रतिनिधि की नजर नही पड़ रही है।


सूखी पड़ी नहर की नहीं हुई सिल्ट सफाई। अमृत विचार

# बिजली अफसरों ने ली मतदान करने की शपथ

**फतेहपुर।** डीएम, जिला निर्वाचन अधिकारी सी. इंदुमती के मार्गदर्शन में गुरुवार को स्वीप आइकॉन डॉ. अनुराग श्रीवास्तव के नेतृत्व में मतदाता जागरुकता हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। विद्युत वितरण प्रथम खण्ड कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम राजमंगल सिंह अधिशासी अभियंता व आरके गुप्ता अधिशासी अभियंता मीटर ने मतदाता जागरुकता हस्ताक्षर अभियान के बैनर में हस्ताक्षर कर सभी विद्युत उपभोक्ताओं को जागरूक करने की स्वीकृति दी। स्वीप आइकॉन डॉ. अनुराग द्वारा उपस्थित सभी अधिकारियों, कर्मचारियों व उपस्थित विद्युत उपभोक्ताओं को मतदाता शपथ दिलाई। इस अवसर पर एमएम सिद्दीकी एसडीओ, चंद्रेश रायजादा लेखाकार, रामचंद्र मौर्य, जयसिंह, पुष्पा देवी, रीना देवी सहित तमाम बिजली उपभोक्ता भी उपस्थित रहे।

# मौसम की शरारत से फसल सहेजने में जुटे किसान

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- दोबारा बारिश की संभावना से किसानों की धड़कनें तेज
- गुरुवार को भी दिन भर चलती रही ठंडी हवाएं

**अमृत विचार।** जिले में तापमान में उतार चढ़ाव का सिलसिला जारी है। गुरुवार को मौसम ने फिर करवट बदली। तेज धूप निकलने से जहां लोग छाया तलाशते दिखे। वहीं पिछले हफ्ते बारिश व ओलों से सहमें किसान मौसम विभाग की ओर से फिर ओले गिरने व बारिश की संभावना जताए जाने से फसलों को सुरक्षित करने की कवायद में तेजी से जुटे नजर आ रहे हैं।

तापमान में उतार चढ़ाव के साथ मौसम भी आए दिन करवट बदल रहा है। बुधवार रात में पारा सामान्य के करीब 12.6 डिग्री रहा। जबकि ठंडी हवा भी चलती रही। गुरुवार को भी बदली व ठंडी हवा के साथ दिन शुरू हुआ। लेकिन दिन में आसमान साफ रहने व तेज धूप निकलने से लोग पेड़ों की छाया तलाशते दिखे। आसमान साफ होते ही किसानों ने खेतों में डेरा डाल दिया। मौसम विभाग की ओर से फिर से ओले गिरने व बारिश की संभावना से परेशान किसान पककर तैयार सरसों, धनियां आदि की फसलों की कटाई व आलू की खुदाई में मशगूल दिखे। मौसम विभाग की मानें तो दो व तीन मार्च को गरज चमक के साथ बारिश होने व ओले गिरने की भी संभावना है। किसान किसी तरह से अपनी कड़ी मेहनत से तैयार की गई फसलों को जल्द से जल्द घर ले जाने का प्रयास कर रहे हैं। जिससे दैवीय आपदा वाले नुकसान से फसलों को बचाया जा सके।



## सार-संक्षेप

### पति पर लगाए बहू से अवैध सम्बंधों के आरोप

**फतेहपुर।** पीड़ित महिला ने न्याय की गुहार लगाते हुए पुलिस अधीक्षक से मिलकर प्रार्थना पत्र देते हुए कार्रवाई की मांग की है। पत्नी ने आरोप लगाया कि वह किराए के मकान में रहकर अपना गुजारा कर रही है। खागा कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहनी वाली एक महिला ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर प्रार्थना पत्र देते हुए आरोप लगाया कि उसके पति का बहू के साथ अवैध सम्बंध है। जिस कारण पति उसके साथ मारपीट करता है। पति को कई बार बहू के साथ आपत्तिजनक हालत में पकड़ था, जिस कारण पति उसके साथ रोज मारपीट करता रहा। पति के द्वारा मारपीट से परेशान होकर शहर में एक किराए के मकान में रहकर गुजर कर रही है। 16 फरवरी को अपने भाई के साथ ससुराल गई तो मेरे देवर व अन्य लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया था, जिसकी शिकायत कोतवाली में की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं की गई। पीड़ित महिला ने एसपी से गुहार लगाते हुए पति के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इस मामले में कोतवाली प्रभारी से बात हुई तो उन्होंने बताया कि इस तरह का कई भी प्रार्थना पत्र नहीं मिला है।

### भाजपा में शामिल हुए विभाकर शास्त्री का हुआ स्वागत

**फतेहपुर।** कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के पौत्र विभाकर शास्त्री का गुरुवार को भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओ ने फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। पार्टी कार्यालय पहुंचे वरिष्ठ भाजपा नेता विभाकर शास्त्री का भाजपा जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल, अमित मिश्रा ऊर्फ नीटू, स्वरूप राज सिंह जूली, विवेक श्रीवास्तव, पुष्पराज पटेल ने 51 किलो का माला पहनाकर स्वागत किया। इसके अलावा भाजपा फ्रंटल संघठनों के अध्यक्ष और पदाधिकारियों ने भी पुष्प गुच्छ और शील्ड देकर स्वागत किया। स्वागत समारोह में बोलते हुए विभाकर शास्त्री ने कहा कि इंडिया गठबंधन की केवल एक ही विचारधारा है केवल मोदी हटाओ। इसके अलावा उनके पास कोई दूसरी विचारधारा नहीं है। वह देश के प्रधानमंत्री मोदी की विचारधारा सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास से प्रभावित होकर भाजपा में शामिल हुए है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश रोज नये नये कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। इस मौके पर अपर्णा गौतम, कुलदीप भदौरिया, अतुल त्रिवेदी, उदय लोधी, ज्योति प्रवीण, वंदना द्विवेदी, सुनिधि तिवारी, दिनेश तिवारी खलीफा, बच्चा तिवारी समेत कई लोग मौजूद रहे।

### पंचायत भवन में लटकता ताला, ग्रामीण परेशान

**खागा।** विकासखंड धाता के ग्राम पंचायत हकीमपुर खंतवा में बने लाखों की कीमत से पंचायत भवन में ताला लटकता नजर आ रहा। शासन का इतना पैसा खर्च करने के बाद भी ग्रामीणों को लाभ नहीं मिल पा रहा। ग्रामीणों का कहना है कि कोई भी ग्रामीण यहां जाता है तो लटकता ताला देखकर वापस होकर लौट आता है। सुविधा न मिलने के कारण तहसील के कई बार चक्कर लगाने पड़ते हैं। बावजूद इसके पचायत भवन में पंचायत सहायक रेहान अहमद की नियुक्ति होने के बावजूद भी ग्रामीण भटकते नजर आते हैं। इस ओर आज तक किसी अधिकारी कर्मचारी का ध्यान नहीं जा रहा है। ग्रामीणों ने नसीम, सलमान, रजी फारूक, जुबैर अहमद आदि लोगों ने बताया की यह लगभग महीने में दो तीन बार खुलता है। जिससे किसी काम के लिए काफी इंतजार करना पड़ता है।

### अंतिम संस्कार में आये लोगों पर मधुमक्खियों का हमला

**बिन्दकी।** ललौली थाना क्षेत्र के अजमतपुर गांव में बीना की गुरुवार की दोपहर को मौत हो गई। महिला की मौत के बाद उसके शव को दाह संस्कार के लिए गांव के पास एक बगीचे में दिन में ले जाया गया। दाह संस्कार के पहले ही पेड़ में बैठी मधुमक्खियां अचानक उड़ने लगी मधुमक्खियां के हमले से गांव के राजकुमार श्रीवास्तव गंभीर घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिंदकी ले जाया गया। जहां पर चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। मधुमक्खियां के हमले से गांव के शिवकरण प्रजापति, जब्बर सविता और शिवदास भी घायल हो गए।

# कानून व्यवस्था न संभाल पाने में कई की थानेदारी गई

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह ने कानून व्यवस्था में फेल सदर कोतवाली प्रभारी शमशेर बहादुर सिंह को कोतवाली से हटाते हुए मीडिया सेल प्रभारी बनाया है। बिंदकी कोतवाली प्रभारी संतोष सिंह को हटाते हुए अपराध शाखा विवेचना सेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक के पीआरओ ने बताया कि संजय कुमार पांडेय को थाना कल्यानपुर से प्रभारी निरीक्षक बिंदकी, सुनील कुमार सिंह प्रभारी मीडिया सेल से प्रभारी निरीक्षक किशनपुर, राम केवल पटेल को प्रभारी यूपी 112 से हुसैनगज थाना प्रभारी, राजेन्द्र सिंह को हुसैनगंज से सदर कोतवाली प्रभारी बनाया है। किशनपुर थाना प्रभारी जय प्रकाश शाही को हटाते हुए वाचक पुलिस अधीक्षक, ज्ञान सिंह को अपराध शाखा विवेचन सेल से प्रभारी यूपी 112 बनाया गया है।

# बहुआ-ललौली मार्ग पर 15 घंटे तक लगा रहा जाम

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** बहुआ-ललौली मार्ग पर स्थित गौरी नहर पुल की जर्जर सड़क में बुधवार रात करीब दस बजे मौरंग लोड ट्रक की कमानी टूट गई। उसी समय बगल से निकल रहे ओवरलोड मौरंग लदे ट्रक का पहिया जर्जर सड़क में जा धंसा। इससे बहुआ-ललौली मार्ग पर रात से गुरुवार दोपहर तक भीषण जाम लगा रहा। नहर पुल से बहुआ कस्बे और दूसरी ओर बंधवा तक करीब सात किलोमीटर लंबी वाहनों की लाइन लगी रही।

भीषण जाम की वजह से रोडवेज बसें और स्कूली वाहन बहुआ से मुत्तौर कोर्राकनक होकर निकले। वहीं चार पहिया वाहन और टैक्सी दूसरे रास्तों में बहुआ से तपनी लिंक मार्ग से होते हुए खुरमानगर मोड़ से बिंदकी की ओर गए। गुरुवार को मिस्त्री बुलाकर ट्रक की कमानी ठीक कराकर ट्रक को बाहर निकाला गया तब कहीं जाकर करीब दोपहर एक बजे जाम खुल सका। इस दौरान करीब 15 घंटे तक मार्ग बाधित रहा। गैर जनपद और क्षेत्र की मौरंग खदानों से निकलने वाले ओवरलोड मौरंग लदे ट्रक और डंपर चिल्ला पुल से लेकर बहुआ कस्बे तक की जर्जर सड़क के गड्ढों में फंस जाते हैं। इससे आयेदिन क्षेत्र के लोगों समेत सभी राहगीरों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।


बुधवार रात से लगा जाम गुरुवार दोपहर में हट सका। अमृत विचार

**मनमानी** — कई बार हो चुका शिलान्यास, नहीं शुरू हो सका सड़क निर्माण, आंदोलन, धरना प्रदर्शन, भूख हड़ताल के बाद भी ढाक के तीन पात

# जनता पूछ रही सवाल, कब बहाल होगा गाजीपुर-विजयीपुर मार्ग

संवाददाता, असोथर फतेहपुर

**अमृत विचार।** यूं तो मैं (गाजीपुर-विजयीपुर सड़क) अपने पर इतराती हूं कि दो विधान सभा क्षेत्रों से मेरा नाता है। एक क्षेत्र के विधायक विकास गुप्ता हैं, एक विधायक कृष्णा पासवान जो कि जिले की सांसद और मुख्यमंत्री के बहुत नजदीकी मानी जाती हैं। कांग्रेस नेता शिवाकांत तिवारी और फतेहपुर जिले से सांसद रह चुके विशंभर प्रसाद निषाद विपक्ष में रहकर विभिन्न मुद्दों को जोरशोर से उठाते हैं। ऐसे में मुझे तो यह उम्मीद थी कि मेरे पर कभी आंच भी नहीं आएगी, पर ऐसी आशा तो दूर मेरा तो जीर्णोद्धार का काम भी चींटी की चाल जैसा चल रहा है। ऐसे में मेरा वीआइपी होने का भ्रम भी टूटता है, अब तो बस यही दुआ कर रही हूं कि हे रहनुमाओ मेरे हाल पर रहम खाओ और सड़क जल्दी बनाओ।

फतेहपुर संसदीय क्षेत्र, अयाह शाह और खागा विधानसभा से जुड़ी विजयीपुर से गाजीपुर तक की सड़क यदि बोल सकती तो कुछ उपरोक्त अंदाज में अपनी व्यथा व्यक्त करती। पिछले कई वर्षों से तो यह सड़क़ जर्जर अवस्था में थी और जब पिछले वर्ष 2017 भाजपा सरकार में इसका काम शुरू हुआ, तो उम्मीद बंधी कि अब जल्द सब ठीक हो जाएगा, पर सात वर्ष बाद भी निर्माण अधूरा है।

**आखिरकार जनता पूछ रही सवाल:** वहीं क्षेत्रीय ग्रामीणों का कहना है कि दो बार गाजीपुर-विजयीपुर मार्ग का शिलान्यास लोक निर्माण विभाग के मंत्रियों द्वारा किया जा चुका है। अब देखना है कि मार्ग का निर्माण होगा या सिर्फ कागजों तक सीमित रहेगा। या सिर्फ जनता को चुनावी लॉलीपॉप दिया जा रहा है। हालांकि 2023-2024 में फिर से एक बार सरकार ने सड़क निर्माण के लिए 90 करोड़ रुपये का बजट दिया है।


बदहाल गाजीपुर विजयीपुर मार्ग। अमृत विचार

### अक्सर होती हैं दुर्घटनाएं

कई वर्ष पहले सरकी गांव के पास जानलेवा बस हादसा हुआ था। इस जर्जर मार्ग से निकलते समय आए दिन कोई न कोई वाहन फंस जाता है, गिर जाता है। कोई न कोई हादसा होता है। पिछले वर्ष तो एक दोपहिया वाहन चालक युवक सरकी गांव के पास गिरने से जान तक चली गई थी।

### अति व्यस्तम है यह मार्ग

अति व्यस्त यह मार्ग अयाह शाह विधानसभा के असोथर और हसवां, विजयीपुर ब्लॉक के लोग इसी मार्ग से औद्योगिक क्षेत्र मलवां, कानपुर और चित्रकूट जिले को जाने वाले धाता पुल से राष्ट्रीय राजमार्ग बांदा की ओर भी आवागमन करते हैं। इसी मार्ग से जुड़ी हुई शहर की सबसे बड़ी मलाका सब्जी मंडी है। आगे भारतीय खाद्य निगम का भंडारण गृह है। इसी राजमार्ग से होते हुए वाहन चालक कानपुर, बांदा, चित्रकूट, मध्य प्रदेश, कौशांबी और प्रयागराज जैसे बड़े महानगरों को आवागमन करते हैं। दो साल स्कूल-कालेज बंद रहे, तो ट्रैफिक कुछ कम था, पर अब तो शहर के सभी सरकारी, निजी स्कूल-कालेज भी खुल गए हैं और सैकड़ों बसें भी यहां से निकलने लगी हैं। स्कूली बच्चे धूल खाते हुए निकलते हैं, पर जन प्रतिनिधियों व पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को इसकी परवाह क्यों हो, वो तो एयरकंडीशन कारों में निकलते हैं, उन्हें किसी के दुख-दर्द से क्या।

### सड़क को लेकर हो चुका सत्याग्रह

पिछले वर्ष आक्रोशित क्षेत्रीय ग्रामीणों ने मार्ग पर धरना और सत्याग्रह आंदोलन शुरू कर आवाज उठाई, तो जिले की सांसद और अयाह शाह विधायक विकास गुप्ता के अथक प्रयासों के बाद लोकनिर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने सड़क निर्माण के लिए 89 करोड़ का बजट उपलब्ध कराकर 28 फरवरी को सड़क का जिला मुख्यालय के गांधी मैदान से शिलान्यास भी किया गया। हालांकि इस मार्ग के लिए अयाह शाह के विधायक विकास गुप्ता ने भी पहले भी कई बार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और पूर्व लोक निर्माण मंत्री केशव प्रसाद मौर्य को जर्जर सड़क की दशा के बारे में अवगत कराया था और विधानसभा तक में मामला उठा। तब जाकर सड़क का बननी शुरू हुई, पर काम पूरा होने की जगह कागजों में सिमट कर रह गया।

"पूर्व में गाजीपुर विजयीपुर मार्ग के सुदृढ़ीकरण के लिए शासन द्वारा 34 करोड़ रुपये अवमुक्त किये गये थे। जिसमें आबादी स्थलों पर नाली निर्माण, विद्युत पोलों की सिफ्टिंग, बढ़ी चौड़ाई के मानकारुप साइडों में गिट्टी भराई के साथ ही असोथर नगर में निचली गंगा नगर पुल व मनावां स्थित ससुर खदेरी नदी पुल के साथ ही मार्ग की सभी पुलियों का चौड़ीकरण का कार्य पूर्ण हो गया है। जिला स्तर से अपग्रेड हुआ राजमार्ग फतेहपुर बहुआ हिनौता मार्ग संख्या 170 के अवशेष गाजीपुर विजयीपुर दूरी 33 .775 किलोमीटर के निर्माण की सभी शर्तें पूरी हो गई हैं। शासन द्वारा धन अवमुक्त हो चुका है। जिसे 2024 वर्ष के 3 मार्च से आगामी 2025 वर्ष के मार्च माह तक पूर्ण किया जायेगा।



**-प्रवीण सिंह,** भाजपा जिला मीडिया प्रभारी

## क्या कहते हैं स्थानीय लोग

पता नहीं, इस सड़क को कौन सा श्राप लगा है, जो काम पूरा होने को नहीं आ रहा। इस रास्ते से निकलना खतरे से खाली नहीं है। पीडब्ल्यूडी अधिकारी व जनप्रतिनिधि गंभीर ही नहीं हैं। पिछली तरह शिलान्यास से लगता है कि कहीं सड़क का शिलान्यास चुनावी रणनीति न बनकर रह जाए।



**-हरेंद्र निषाद**

मैं इस रास्ते से अक्सर निकलता हूं। सड़क का हाल खराब है। काम शुरू हुआ, तो उम्मीद बंधी थी, लेकिन काम रुक गया था। अब फिर से मार्ग निर्माण का शिलान्यास होने से उम्मीद दिख रही है। साथ ही क्षेत्रीय ग्रामीणों को आवागमन के साथ व्यापार भी बढ़ेगा।



**-दशरथ मोदनवाल**

सड़क के दोनों तरफ का काम भी पूरा नहीं हो पाया है। थोड़े दिन काम चलता है, फिर रुक जाता है। हमारी तो यही मांग है कि जल्दी से काम पूरा होकर जनता को राहत दिलाई जाए।



**-राजेश गुप्ता**

सड़क खराब होने से संबंधियों के यहां आने जाने से दूरियां बढ़ गई थी। अब फिर 3 मार्च से सड़क बनने की खबर सुनने को मिल रही है। सड़क बनने से संबंधों की दूरी खत्म होगी।



**-संदीप मौर्य**

गाजीपुर-विजयीपुर संपर्क मार्ग कई सालों से खस्ता हाल है। तमाम तरीके की दुर्घटनाएं होती रहती हैं। पिछले दो बार से लगातार भाजपा के विधायक, सांसद जीत रहे हैं। केंद्र और प्रदेश में भाजपा की सरकार है, लेकिन इस मार्ग का उद्धार नहीं हो सका। आज जब कुछ दिनों में ही आचार संहिता लगने वाली है, तो इस मार्ग का शिलान्यास कर जनता को गुमराह किया जा रहा है।



**-फूल सिंह मौर्य, सपा नेता**

# मेडिकल कालेज में कूल्हे का प्रत्यारोपण

संवाददाता, तिर्वा-कन्नौज

● 20 वर्षीय युवती कई साल से पीड़ित थी गठिया से, गल रहे थे कूल्हे

**अमृत विचार।** कूल्हे में गलन रोग लगने से युवती को चलने फिरने में दिक्कत आ गई। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य ने सभी जांचें कराने के उपरांत गुरुवार को कूल्हे का पूर्ण प्रत्यारोपण कर उसे राहत दिला दी। कॉलेज की इस उपलब्धि से स्टाफ में हर्ष है।

कन्नौज के छिबरामऊ थाना क्षेत्र के खानपुर गांव निवासी रमेशचंद्र की 20 साल की पुत्री मनीषा गठिया रोग से पीड़ित थी। रोग के कारण दोनों कूल्हे गलने लगे थे। वह अपने आप चल नहीं पा रही थी। एक से दूसरे स्थान तक जाने के लिए सहारे की जरूरत पड़ने लगी और दर्द से परेशान रहती। काफी इलाज के बाद भी उसे जब राहत नहीं मिली तो पांच दिन पहले वह मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सीपी पाल से मिली। उन्होंने जांच के बाद उसे भर्ती कर लिया। इसके बाद सीटी स्कैन, एमआरआई जांच कराकर गुरुवार को ऑपरेशन किया। करीब ढाई घंटे चले ऑपरेशन के बाद कूल्हे का प्रत्यारोपण कर दिया। प्राचार्य ने बताया कि गठिया कारण युवती के दोनों कूल्हे गल रहे थे। काफी गरीब परिवार से होने से वह निजी अस्पताल में नहीं जा सकती थी। उसकी स्थिति देख एक कूल्हा का पूर्ण प्रत्यारोपण किया गया। दूसरे का प्रत्यारोपण तीन माह बाद किया जाएगा।


ऑपरेशन करते प्राचार्य व अन्य।

# बैंक से निकली शिक्षिका के 60 हजार रुपये हुए पार

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

● ई-रिक्शे पर साथ बैठी थी एक अन्य महिला सवारी

**अमृत विचार।** बैंक से रुपये निकाल कर ई रिक्शा से जा रही शिक्षिका के पर्स से किसी ने 60 हजार रुपये पार कर दिये। रिक्शे से उतरने के बाद रुपये देखे तो नहीं मिले। पीड़ित शिक्षिका ने कोतवाली प्रभारी को घटना की जानकारी दी।

बीआरसी में प्रशिक्षण ले रही शिक्षिका गुरुवार को स्टेट बैंक शाखा सरायमीरा में रुपये निकालने पहुंची। उसने खाते से 60 हजार रुपये निकाले और पर्स में रख लिये। इसके बाद वह जीटी रोड पहुंची जहां ईरिक्शे पर बैठकर बीआरसी की ओर चल दी। ई रिक्शे पर मुंह बांध कर एक महिला बैठी थी। उसके साथ दो बच्चे भी थे। बीआरसी के निकट ई रिक्शे से उतरने के बाद वह बीआरसी की और चल दी। कुछ दूर जाकर पर्स चेक की तो रुपये गायब थे। इधर-उधर ईरिक्शे की खोज की लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। इसके बाद महिला सदर कोतवाली पहुंची जहां कोतवाली प्रभारी विष्णुकांत तिवारी को जानकारी दी। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस ने ई रिक्शे की खोज की है पर कोई पता नहीं चल सका है।

# पिता व दो बेटों को कारावास की सजा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

● युवक के पेट में चाकू घोंपने की मिली सजा
● एक बेटे को मिला सात साल का कारावास

**अमृत विचार।** खेत की मेड़ को लेकर हुए विवाद में युवक पर जानलेवा हमला करने वाले आरोपी पिता-पुत्रों को दोषसिद्ध करते हुए कोर्ट ने कठोर कारावास की सजा सुनाई है। इनमें पिता और एक बेटे को एक-एक साल तो दूसरे बेटे को सात साल कठोर कारावास की सजा सुनाई गई है। कोर्ट ने तीनों पर 16 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। जुर्माने की धनराशि अदा न करने पर तीन माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

शासकीय अधिवक्ता बृजेश शुक्ल ने बताया कि सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चौधरियापुर में मेड़ को लेकर दो पक्षों में विवाद हुआ था। दो अगस्त 2022 की शाम को आठ बजे वादी सुभाषचंद्र पुत्र प्यारेलाल मेड़ को लेकर उलाहना देने के लिए सुरेश पुत्र सुक्खा के घर पर गए तो वहां सुरेश व उनके बेटे विजय व राजू ने उस पर हमला बोल दिया। राजू ने सिर पर लाठी-डंडों से प्रहार किया। उनका भाई लालजीत बचाने गया तो विजय ने उसके पेट में चाकू घोंप दिया, जिससे वह लहूलुहान होकर गिर गया। उसे जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां से राजकीय मेडिकल कॉलेज तिर्वा भेज दिया गया। हालत गंभीर होने पर लालजीत को कानपुर रेफर कर दिया गया। छह अगस्त 2022 को सुभाष ने सुरेश, राजू व विजय के खिलाफ सदर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई। मामले की विवेचना करते हुए उपनिरीक्षक सुनील कुमार चौधरी ने न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। अभियोजन पक्ष की तरफ से सात गवाह पेश किए गए। गुरुवार को अपर सत्र न्यायाधीश (एफटीसी-प्रथम) इंद्रजीत सिंह ने सुरेश व उनके बेटों राजू व विजय को दोष सिद्ध करते हुए मारपीट व अभद्रता में एक-एक साल का कठोर कारावास व एक-एक हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। वहीं, विजय को चाकू घोंपने का दोषी पाते हुए उसे सात साल का कारावास व दस हजार अर्थदंड की सजा दी।

## एक नजर

### मां-बेटे से मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** रंजिश को लेकर गांव के लोगों ने गालीगलौज की और मां बेटे को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम सराय प्रयाग निवासी विक्की का कहना है कि रंजिश को लेकर गुरुवार की सुबह लगभग 06 बजे गांव के जगन सिंह, विशाल, रवि, मोहर सिंह ने दरवाजे पर आकर गालीगलौज की। मना करने पर उसे व उसकी मां रज्जो देवी को लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### शिक्षिका की दिव्यंगता का मजाक बना की अभद्रता

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** शिक्षिका ने पड़ोसी दंपति पर उसकी दिव्यांगता का मजाक बनाकर अभद्रता करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। नगर के तिर्वा रोड स्थित इंटर कॉलेज में सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत शिक्षिका ने बताया कि वह दिव्यांग है और मोहल्ला रामकृष्ण नगर में किराए के मकान में रहती है। यहां पड़ोसी युवक व उसकी पत्नी उसके आते जाते समय रास्ते बाइक व ठेली लगा देते हैं। मना करने पर उसकी दिव्यांगता का मजाक बनाकर उसके साथ गाली गलौज और मारपीट की धमकी देते हैं। कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# रिश्वत लेने में एंटी करप्शन टीम ने बाबू को पकड़ा

## कानपुर की टीम बीएसए कार्यालय से पकड़कर सदर कोतवाली ले गई

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

● एरियर निकालने के लिए पहली किस्त में 10 हजार रुपये लेने का आरोप
● लिपिक को पकड़े जाने की खबर से मच गई कार्यालय में अफरा-तफरी

**अमृत विचार।** बीएसए कार्यालय में तैनात बाबू को कानपुर से आई एंटी करप्शन टीम (भ्रष्टाचार निरोधक दस्ता) ने रिश्वत लेने के आरोप में पकड़ लिया। टीम आरोपी को कोतवाली सदर ले गई। यहां मामला दर्ज होने के बाद बाबू को साथ ले गई। बताया गया है कि लखनऊ जेल भेजा जाएगा।

एंटी करप्शन टीम का नेतृत्व करने वाले इंस्पेक्टर मृत्युंजय मिश्र ने बताया कि कानपुर से ही इंस्पेक्टर सुशील परासर व महिला इंस्पेक्टर अर्चना शुक्ला की मौजूदगी में बीएसए कार्यालय के बाबू विमल पांडेय को 10 हजार रुपये लेते हुए पकड़ा गया। इंस्पेक्टर ने बताया कि शिक्षक अनुराग की शिकायत है कि पांच महीने का एरियर (बकाया वेतन) देने के बदले 20 हजार रुपये मांगे थे। गुरुवार को पहली किस्त में 10 हजार रुपये दिए गए। इसी दौरान पकड़ लिया गया।

इंस्पेक्टर के मुताबिक वाकया दोपहर 12.25 बजे का है। टीम द्वारा बाबू को पकड़े जाने की खबर पर बीएसए कार्यालय में अफरातफरी मच गई। इंस्पेक्टर के मुताबिक उनकी टीम में हेड कांस्टेबिल बृजनन्दन व अनिल कुमार, कांस्टेबिल अभिषेक कुमार, सत्येंद्र कुमार, शिवम अवस्थी, सुरजीत, प्रशांग व प्रीतम शामिल रहे।


कोतवाली में मौजूद कर्मचारी व शिक्षक। अमृत विचार

### अप्रैल 2022 में भी हुआ था मामला

बीएसए कार्यालय में एंटी करप्शन टीम के इंस्पेक्टर जटाशंकर की अगुवाई में अप्रैल 2002 में भी बाबू बलवीर सिंह यादव को रिश्वत लेने के आरोप में पकड़ा था। उसके बाद जेडी कानपुर ने निलंबन भी किया। मामला न्यायालय में भी पहुंचा। बहाली के बाद वर्तमान में बलवीर सिंह यादव कानपुर देहात डायट में नौकरी कर रहे हैं। इसके अलावा जिला पंचायत कन्नौज के कर्मी, तिर्वा व छिबरामऊ में लेखपाल को भी इसी तरह पूर्व में पकड़ा जा चुका है। इसी आरोप में पहले पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई हो चुकी है।

## टीम पर डीवीआर तोड़ने व मारपीट का लगा आरोप

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

● आरोपी बाबू को पकड़ने की जानकारी पर शिक्षक व कर्मचारी कोतवाली पहुंचे

**अमृत विचार।** जिले में पहली बार ऐसा हो रहा है जब बीएसए कार्यालय के बाबू को पकड़ने आई एंटीकरप्शन टीम पर भी सवाल उठने लगे हैं। टीम पर सीसीटीवी कैमरे व डीवीआर तोड़ने व आरोपी बाबू के साथ मारपीट करने के भी आरोप लगे हैं। मामले की जानकारी पाकर कई शिक्षक व कर्मचारी कोतवाली सदर पहुंच गए।

बीएसए कार्यालय के बाबू विमल पांडेय को पकड़ने के बाद कोतवाली लाया गया। जानकारी पाकर यहां पहुंचे कई शिक्षकों ने एंटी करप्शन टीम पर आरोप लगाए कि जिस शिक्षक के एरियर को निकालने के एवज में रुपये लेने की बात कही गई है, वह पटल विमल पांडेय के पास नहीं है। शिक्षकों का कहना है कि टीम ने जिस कक्ष से बाबू को पकड़ा है, वहां सीसीटीवी कैमरा लगा है। ऐसी स्थिति में वह रुपये कैसे ले सकते हैं। टीम ने गलत तरीके से पकड़ा है, इसी वजह से कार्यालय में लगे डीवीआर को तोड़ दिया गया। अन्य उपकरणों में भी छेड़छाड़ की गई। दूसरी ओर कर्मियों ने बताया कि एंटीकरप्शन की कार्रवाई गलत तरीके से हो रही है।


बीएसए कार्यालय में पड़ा डीवीआर।

> हम लोगों ने डीवीआर नहीं तोड़ी है और न ही उसे लाए हैं। यह कार्य बाबू के भाई लोगों का होगा। न ही मारपीट की गई है। पांच महीने का बकाया वेतन दिलाने के लिए शिक्षक की 20 हजार रुपये में बाबू के साथ डील हुई थी। उसी के तहत पहली किस्त का 10 हजार रुपये दिया गया। उसे पकड़ लिया गया।
>
> –मृत्युंजय मिश्र, इंस्पेक्टर

### एंटी करप्शन टीम के खिलाफ दी तहरीर

बेसिक शिक्षा कार्यालय के कर्मियों ने भी एंटी करप्शन टीम के खिलाफ भी रिपोर्ट दर्ज कराने को लेकर तहरीर दी है। आरोप लगाया है कि कार्यालय में लगे डीवीआर को तोड़ा गया है। उपकरणों से छेड़छाड़ की गई है। इसमें कर्मियों ने हस्ताक्षर किए हैं।

### इन सवालों का नहीं है जवाब

- टीम ने पीड़ित शिक्षक का नाम अनुराग बताया, लेकिन विद्यालय का नाम किसी को पता नहीं।
- सीसीटीवी कैमरे के सामने आखिर कोई कैसे रुपये ले सकता है।
- कैमरे में टीम की गलत कार्रवाई का साक्ष्य न मिले कहीं इस वजह से डीवीआर तो नहीं तोड़ी गई।
- एरियर निकालने के लिए पटल के प्रभारी प्रबल प्रताप सिंह हैं तो विमल पांडेय कैसे रुपये ले सकते।

### अनुराग ने किया शिकायत करने से इनकार

पीड़ित शिक्षक का नाम अनुराग बताया गया है। चर्चा है कि वह प्राथमिक स्कूल गौरीबांगर ब्लॉक गुगरापुर क्षेत्र में तैनात है। शिक्षक के मोबाइल नंबर पर जब बात की गई तो उसने बताया कि एंटी करप्शन में कोई शिकायत उसने नहीं की है। न ही उससे किसी प्रकार का रुपया मांगा गया। उसके नाम का कोई दूसरा व्यक्ति होगा। इसी विद्यालय के एक शिक्षक ने बताया कि गुरुवार को अनुराग अवकाश पर रहे।

सदर कोतवाली में बैठे विमल पांडेय ने ऑनकैमरा बताया कि उनके पास शिक्षकों के एरियर निकालने का चार्ज नहीं है। जो आरोप हैं वह निराधार हैं। वह शिकायतकर्ता को जानते भी नहीं हैं। न ही रुपये मांगे हैं। गुरुवार को फाइल दी गई लेकिन उन्होंने लेने से मना कर हाथ पीछे कर लिए, लेकिन टीम ने जबरन पकड़ लिया।



# कांग्रेसियों की मुकदमा वापसी की मांग

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशन में जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को दिया। इसमें भाजपा सरकार द्वारा सत्ता के दबाव में प्रशासन द्वारा पूर्व केंद्रीय मंत्री के अलावा सपा नेताओं और अन्य 60, 70 लोगों के विरुद्ध दर्ज हुए मुकदमा वापस लेने की मांग की है।

जिला अध्यक्ष दिनेश पालीवाल ने बताया कि 24 फरवरी को संत रविदास की जयंती पर झांसी में अहिरवार समाज द्वारा जुलूस निकाला गया। श्रद्धालुओं द्वारा संत रविदास एवं डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमाएं स्थापित करने पर प्रशासन ने स्थान को विवादित बताते हुए रोक लगा दी। कई घंटे की वार्ता के बाद दोनों पक्षों को समझाकर प्रतिमा विवादित स्थान से हटाकर पुनः कमरे में रखवा दी गई। दोनों पक्षों में समझौता करवा दिया गया, लेकिन तीन दिन के बाद सत्ता के दबाव में पुलिस ने इस आयोजन में सम्मिलित पूर्व केंद्रीय मंत्री कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता व समाजवादी पार्टी के नेता डॉ. रघुवीर चौधरी, अहिरवार समाज के नेता उमाशंकर अहिरवार एडवोकेट व 60,70 अन्य लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर दिया गया। मांग की गलत दर्ज हुए मुकदमे तुरंत वापस लिए जाएं। नहीं तो कांग्रेस पार्टी सड़कों पर उतरकर विरोध करने के लिए विवश होगी। इस मौके पर अविनाश दुबे, अरविंद दुबे, रमाशंकर राठौर, एहसान उल हक, रीना वर्मा, मीडिया प्रभारी घनश्याम यादव, अशोक कनौजिया, गंगा नरेश, सत्य प्रकाश, रामकरण कश्यप, एकलाख, सुषमा कुशवाहा, शिवम द्विवेदी आदि मौजूद रहे।


कलक्ट्रेट में ज्ञापन देने जाते कांग्रेसी। अमृत विचार

# नाबालिग को भगाने की शिकायत करने पर महिला को पीटा

**तिर्वा, कन्नौज।** नाबालिग को भगाकर ले जाने की शिकायत करने पर दंबगों ने महिला को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

कोतवाली क्षेत्र के गांव निवासी महिला ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि 25 फरवरी को उसकी नाबालिग पुत्री घर पर अकेले थी। उसकी दौरान रतापुर्वा गांव निवासी कैलाश पुत्र कामता अपने जीजा राजू व अनुज पुत्र संजय उसकी पुत्री को बहलाफुसला कर भगा ले गया। जब उसने उनके घर पर जाकर शिकायत की तो आरोपियों के साथ चार परिवारिजनों ने गालीगलौज कर मारपीट कर दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# सास-बहू के आवासीय पट्टे डीएम ने किए निरस्त

संवाददाता सौरिख, कन्नौज

● बहू रह चुकी प्रधान, 2018 में तत्कालीन एसडीएम ने दिए थे पट्टे
● आवासीय पट्टों के निरस्तीकरण के बाद जमीन ग्राम समाज के हवाले की

**अमृत विचार।** छह साल पहले सास-बहू के नाम से जारी किए गए आवासीय पट्टों को डीएम ने निरस्त कर दिया और भूमि को ग्राम समाज को सौंपने के निर्देश दिए हैं। बताया गया कि यह पट्टे 2018 में तत्कालीन एसडीएम ने प्रदान किए थे, जिस पर ग्रामीणों ने आपत्ति दर्ज कराते हुए शिकायत की थी।

क्षेत्र की ग्राम सभा शंकर की पूर्व प्रधान शशिप्रभा व उनकी सास चमेली देवी के नाम 22 मार्च 2018 को तत्कालीन एसडीएम ने 120 वर्गमीटर के दो आवासीय पट्टे जारी किए थे। गांव के अनूप कुमार सहित कई लोगों ने इस पर आपत्ति दर्ज कराई थी। 21 मई 2019 को इस मामले की शिकायत जिलाधिकारी से की गई, जिस पर एक कमेटी बनाकर जांच कराई गई। चार साल तक चली जांच के बाद जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने पूर्व प्रधान व उनकी सास के नाम से जारी आवासीय पट्टों को निरस्त कर जमीन ग्राम समाज को सौंप दी है। डीएम के इस निर्णय पर ग्रामीणों ने खुशी जाहिर की है। शिकायतकर्ताओं ने बताया कि सत्ता पक्ष के नेताओं के माध्यम से अधिकारियों से सांठगांठ कर अवैध पट्टे कराए गए थे, जिन्हें डीएम ने जांच में गलत पाया और निरस्त कर दिए।

## सार-संक्षेप



किसानों को संबोधित करतीं ब्लाक प्रमुख। अमृत विचार

### किसानों को प्रोत्साहित कर रही सम्मान निधि

**जलालाबाद, कन्नौज।** कृषि विज्ञान केंद्र अनौगी के सभागार में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के किसान सम्मान निधि की 16 वीं किस्त के हस्तांतरण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण दिखाया गया। ब्लॉक प्रमुख प्रतिभा दोहरे ने कहा कि किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए किसान सम्मान निधि प्रधानमंत्री की जन प्रिय योजना है। इसे किसान अपनी खेती की लागत के रूप में प्रयोग कर सकते हैं। मृदा वैज्ञानिक डॉ. अरविंद कुमार ने किसानों किसान सम्मान निधि के पैसे को कृषि निवेशों के प्रबंधन में प्रयोग करने की सलाह दी। गृह वैज्ञानिक डॉ. पूनम सिंह ने प्राकृतिक खेती की पद्धति को अपनाकर पोषण वाटिका में रसायन मुक्त सब्जी तैयार करने की सलाह दी। डॉ. अमर सिंह, डॉ. चंद्रकला यादव ने मानव स्वास्थ्य के लिए मोटे अनाज के उपयोग पर जोर दिया। इस दौरान भूमि संरक्षण अधिकारी आरके वर्मा, राजाराम दोहरे, अमरेंद्र यादव, प्रभारी राजकीय बीज भंडार विमलेश व अनीता कटियार मौजूद रही।

### ऑनलाइन मंगाया ड्रोन कैमरा, आया रूमाल

**तिर्वा, कन्नौज।** ऑनलाइन ड्रोन कैमरा मंगवाने के बाद जब डिलीवरी हुई तो रूमाल निकला। यह देख महिला ने पुलिस को ठगी होने की तहरीर दी। थाना इंदरगढ के एराहो निवासी दामिनी पत्नी मनीष ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि उसने सात दिन पहले मोबाइल पर ऑनलाइन एक ड्रोन कैमरा ऑर्डर किया था जिसकी कीमत 850 रुपये थी। डिलीवरी मैन 28 फरवरी को डिलीवरी देने आया। पैकेट खोला तो सील पैक डिब्बे में एक हल्का कपड़ा रखा हुआ निकला और डिलीवरी मैन रुपये लेकर भी चला गया। उसने डिलीवरी मैन को फोन किया गया लेकिन उसने रिसीव नहीं किया।


पैकिंग दिखाती महिला।

### मोबाइल सेंटर की दुकान से नकदी सहित लाखों की चोरी

**सौरिख, कन्नौज।** मोबाइल सेंटर की दुकान से नकदी सहित लाखों का सामान चोर ले गए। घटना की सूचना पुलिस को दी गई है। खड़नी क्षेत्र के गढ़िया पाह निवासी प्रदीप शर्मा पुत्र रमेश चंद्र शर्मा खड़नी मेन बाजार में शर्मा टेलीकॉम के नाम से दुकान किए है। बुधवार शाम रोज की तरह अपनी दुकान बंद करके घर चला गया। सुबह आकर देखा तो दुकान के ताले टूटे मिले। यह देख उसके होश उड़ गए। अंदर जाकर देखा तो सभी सामान बिखरा पड़ा था। चोरों ने दुकान से एक लैपटॉप, सोलर पैनल, मोबाइल फोल्डर मशीन, इनवर्टर, पांच एंड्रायड मोबाइल फोन, पांच कीपैड मोबाइल फोन, सात रिपेयर मोबाइल तथा गोलक में रखे पांच हजार रुपये आदि चोरी कर लिए। दुकान मालिक ने घटना की सूचना चौकी पुलिस को दी।


दुकान में बिखरा पड़ा सामान।

# जिला अस्पताल की कैंटीन में मार्च से मिलेगा सस्ता खाना

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

● जिला अस्पताल परिसर में भवन बन कर तैयार

**अमृत विचार।** जिला अस्पताल में मार्च में कैंटीन शुरू होगी। यहां हर व्यक्ति को सस्ता खाना, दूध, चाय, नाश्ता भी मिलेगा। इसका संचालन स्वयं सहायता समूह से कराया जायेगा।

जिला अस्पताल में मरीजों को तो अस्पताल की ओर से निशुल्क खाना व नाश्ता मिल रहा है लेकिन तीमारदार को बाहर से ही मंगाना पड़ रहा था। इसी को देखते हुए जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. शक्ति बसु ने जिला अस्पताल परिसर में कैंटीन की व्यवस्था की है। इसमें आम लोगों को सस्ता खाना कम कीमत पर दिया जायेगा। इसमें रोटी, दाल, चावल, रायता के अलावा सलाद व पापड़ भी होगा। इस कैंटीन का संचालन मार्च के पहले सप्ताह में किया जायेगा। ताजा व स्वादिष्ट खाना व नास्ता चाय व दूध भी यहां मिलेगा। कैंटीन का संचालन युवराज स्वयं सहायता समूह यूसुफपुर भगवान की अध्यक्ष मुन्नी देवी को सौंपा गया है। कैंटीन शुरू हो जाने से अस्पताल आने वाले लोगों को बाहर के होटलों से खाना नहीं खाना पड़ेगा। कैंटीन सुबह छह से रात 11 बजे तक खुली रहेगी।


जिला अस्पताल की कैंटीन के लिए तैयार किया गया भवन।

**व्यवस्था ध्वस्त** | ड्यूटी पर तैनात यातायात के पीआरडी जवान बने रहते मूकदर्शक

# रेलवे स्टेशन तिराहा पर ई-रिक्शा से लगता जाम

संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** रेलवे रोड तिराहा जीटी रोड पर ई-रिक्शा चालकों ने कब्जा कर लिया है। इससे लोगों को आवागमन करने में दिक्कत हो रही है। वहीं यहां ड्यूटी पर लगे यातायात पीआरडी जवान मूक दर्शक बने रहते हैं।

सरायमीरा हो या मकरंदनगर या फिर पाल चौराहा। इन सभी चौराहों व तिराहों पर यातायात व्यवस्था बेहतर रखने के लिये पीआरडी जवानों को लगाया गया है। यह जवान अपने प्वाइंट पर मुस्तैद तो रहते हैं लेकिन ड्यूटी की फिक्र नहीं करते। इसी का नतीजा है सरायमीरा जीटी रोड के रेलवे रोड तिराहा पर ई रिक्शा चालकों की रेलमपेल। यह हालात तब हैं जब यहां पर चार पीआरडी जवान लगे रहते हैं। एक साथ कई-कई ई रिक्शा खड़े हो जाने से जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। जाम लग जाने के बाद भी यह ई रिक्शा न तो हटते हैं न ही पीआरडी के जवान इन को हटाने के लिये आते हैं। जो पीआरडी का जवान जहां बैठा होता है वहीं पर बैठ कर बातों में लगा रहता है। खास बात तो यह है कि इन ई रिक्शा संचालकों पर न तो यातायात पुलिस कार्रवाई करती है न ही परिवहन विभाग इन पर कार्रवाई करता है। क्यों कि इन ई रिक्शा संचालकों को इन विभागों का पूरा संरक्षण मिला हुआ है। इस संबंध में यातायात प्रभारी आफाक खां का कहना है कि अवैध तरीके से चलने वाले ईरिक्सों पर कार्रवाई की जा रही है।


जीटी रोड के रेलवे रोड तिराहे पर आड़े तिरछे खड़े ई-रिक्शा। अमृत विचार

### परमिट नगर का, फर्राटा भरते जीटी रोड पर

**कन्नौज।** परिवहन विभाग ने रजिस्टर्ड ई रिक्शों को नगर में ई संचालन का परमिट दे रखा है। इसके बाद भी यह जीटी रोड या मुख्य मार्ग पर पूरे दिन फर्राटा भरते रहते हैं। मुख्य मार्गों पर ईरिक्शा चलने के बाद भी परिवहन विभाग के अधिकारी देखकर भी अनदेखी करते हुए निकल जाते हैं। इन ईरिक्शों के संचालन हो जाने से जहां तिर्वा-कन्नौज को चलने वाली कई बसों के परमिट मालिको ने रद्द करा दिये। इससे सरकार को लाखों रुपये का चूना लगा है। इसके बाद भी विभाग इन पर किसी तरह की कार्रवाई नहीं कर रहा है।

# राशन कार्डधारकों को जबरन बिक्री नहीं की जाएंगी वस्तुएं

## स्वेच्छा से ले सकते एफएसएसएआई से प्रमाणित की गई सामग्री : डीएसओ

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** जिला पंचायत की बैठक में बुधवार को तिर्वा विधायक कैलाश राजपूत के डीएसओ पर कई तरह के आरोप लगाए गए थे। इसमें राशन कार्डधारकों को जबरन घटिया गुणवत्ता की सामग्री अधिक रेट में बिक्री करने का भी आरोप है। उसके एक दिन बाद डीएसओ ने बयान जारी कर कहा है कि कोटेदार किसी भी कार्डधारक को जबरन कोई भी वस्तु बिक्री नहीं कर सकते हैं। साथ ही बिक्री की जाने वाली सामग्री भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) से प्रमाणित होनी चाहिए।

डीएसओ राजीव मिश्र की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि उचित दर विक्रेताओं (कोटेदारों) की आय बढ़ाने के लिए सार्वजनिक वितरण प्रणाली में अनुसूचित वस्तुओं (गेहूं, चावल, दाल, आटा, चीनी, खाद्य तेल, मिट्टी तेल, मोटा अनाज व नमक) के अलावा जन उपयोगी वस्तुओं व स्वास्थ्य सुरक्षा संबंधी वस्तुओं की बिक्री कर सकते हैं। इसकी अनुमति इस शर्त के साथ दी गई है कि वस्तुओं का विनिर्माता एफएसएसएआई के मानकों का अनुपालन करता हो। उनकी गुणवत्ता सक्षम स्तर से प्रमाणित हो। इसके साथ ही उक्त वस्तुएं मात्र ऐसे उचित दर विक्रेता की ओर से बिक्री की जाएंगी जिनकी दुकान मुख्य मार्ग पर स्थित हो। साथ ही भारी वाहन सुगमता से पहुंच सकता हो। अतिरिक्त वस्तुओं की बिक्री स्वेच्छा व कार्डधारकों की मांग पर ही की जाएगी। नियमित खाद्यान्न व अन्य वस्तुओं के साथ उसे टैग कर किसी भी कार्डधारक को बिक्री नहीं किया जाएगा। अगर उचित दर विक्रेता ने इन शर्तों का पालन नहीं किया तो इसे गंभीर अनियमितता की श्रेणी में माना जाएगा। साथ ही आरोपी कोटेदार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी।


डीएसओ पर बिफरे विधायक, कमीशनखोरी का आरोप

29 फरवरी को प्रकाशित खबर।

- जिला पंचायत की बैठक में तिर्वा विधायक के मामला उठाने के बाद चेते जिम्मेदार

### राशन दुकानों पर गड़बड़ी की यहां करें शिकायत

- तहसील तिर्वा क्षेत्र के लिए क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी मनोज गहराना, मोबाइल नंबर- 9411053497
- छिबरामऊ तहसील क्षेत्र के लिए पूर्ति निरीक्षक सियाराम कुरील, मोबाइल नंबर- 7839301822,
- तहसील छिबरामऊ इलाके के पूर्ति निरीक्षक सौरभ गुप्ता, मोबाइल नंबर- 9451178589
- कन्नौज तहसील क्षेत्र के लिए पूर्ति निरीक्षक अंकित अग्रवाल, मोबाइल नंबर- 9889433959
- जनपद के लिए डीएसओ राजीव मिश्र, मोबाइल नंबर- 9918584700

### मोदी सरकार की गारंटी वाले 27 सेल्फी प्वाइंट बने

**कन्नौज/तिर्वा।** जिले के 27 उचित दर विक्रेताओं (कोटेदारों) के यहां मोदी सरकार की गारंटी... वाले सेल्फी प्वाइंट लग गए हैं। इसमें प्रधानमंत्री की फोटो के साथ राशनकार्ड धारक अपनी फोटो खिंचवा सकते हैं। डीएसओ राजीव मिश्र ने बताया कि कन्नौज, तिर्वा व छिबरामऊ तहसील क्षेत्र की नौ-नौ दुकानों में सेल्फी प्वाइंट बनाए गए हैं। तिर्वा तहसील क्षेत्र के ब्लॉक उमर्दा में पांच व हसेरन में चार दुकानों पर सेल्फी स्टैंडी लग गईं हैं। क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी मनोज गहराना ने बताया कि सभी चिह्नित दुकानों पर पीएम की फोटो लगे कटआउट पहुंचा दिए गए हैं। उमर्दा क्षेत्र के ठठिया कस्बे की दो दुकानों, भखरौली, अहेर, बहसार व हसेरन ब्लॉक इलाके में कलसान, नादेमऊ, सकतपुर और हसेरन की दुकानों में सुविधा दी गई है।



तिर्वा में कोटे की दुकान पर बना सेल्फी प्वाइंट। अमृत विचार

### कल अन्नपूर्णा मॉडल शॉप का होगा शुभारंभ

डीएसओ राजीव मिश्र ने बताया कि दो मार्च को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश भर में अन्नपूर्णा मॉडल शॉप (राशन दुकानों) का शुभारंभ करेंगे। कन्नौज की 20 दुकानों का भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए उदघाटन होगा। तहसील सदर क्षेत्र की किसी एक दुकान पर कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी दिखाया जाएगा। आज स्थल चयनित हो जाएगा।

## कोटेदार की मनमानी पर ग्रामीणों में रोष

**छिबरामऊ, कन्नौज।** ग्राम पंचायत घिलोई खास के कोटेदार की मनमानी व राशन वितरण में धांधली के चलते ग्रामीणों ने रोष व्याप्त है।

ग्राम पंचायत घिलोई ख़ास में तीन मजरे लगते हैं, जिसमें घिलोई, नगला राजन, सराय भीम आते हैं। आरोप है कि कोटेदार रतीराम राजपूत अपने गांव सराय भीम में राशन का वितरण करता है। घिलोई और राजन नगला सराय भीम से लगभग दो किलोमीटर की दूरी पर स्थित हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि कार्ड धारक महिलाओं को कई बार अंगूठा लगाने के नाम पर दो-तीन दिन लगातार चक्कर लगाने पड़ते हैं। कोटेदार की कार्यशैली से ग्रामीणों में काफी रोष है। कार्ड धारकों ने भारतीय किसान यूनियन किसान के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. रजनीश दुबे के नेतृत्व में ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मांग करते हुए कहा कि कोटेदार के द्वारा की जाने वाली घटतौली को रोका जाए।

## दुर्घटना में दो छात्रों समेत छह घायल

संवाददाता, छिबरामऊ-कन्नौज

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र में हुई अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में ग्राम कैरदा रोड स्थित दमकल कार्यालय के पास दो बाईकों की भिड़ंत में पेपर देने जा रहे दो भाइयों सहित चार लोग तथा नगर की कोतवाली के पास बाइकों की टक्कर में दो लोग घायल हो गए। हालत गंभीर होने पर सौ शैय्या अस्पताल से राजकीय मेडिकल कॉलेज तिर्वा के लिए रेफर कर दिया गया।

विशुनगढ़ थाना क्षेत्र के गांव खजुरागढ़ निवासी 25 वर्षीय गोविंद पुत्र रामविलास बुधवार शाम 7.30 बजे करीब गांव मलपुरा सरैया निवासी 26 वर्षीय रजनेश पुत्र वेदराम के साथ बाइक से गांव जा रहे थे। दूसरी तरफ से बाइक सवार ग्राम कैरदा निवासी 20 वर्षीय आदर्श व 19 वर्षीय शिवम पुत्र राजपाल सिंह व 19 वर्षीय ज्ञान सिंह पुत्र देवेंद्र सिंह आ रहे थे। कैरदा रोड पर दमकल कार्यालय के पास दोनों बाइकों की टक्कर हो गई। हादसे में चारों घायल हो गए। घायलों को सौ शैय्या अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद गोविंद, आदर्श व शिवम को गंभीर हालत में तिर्वा मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया गया।

अस्पताल पहुंचे परिजनों ने बताया कि शिवम व ज्ञान सिंह कानपुर में एसएससी जीडी की परीक्षा देने जा रहे थे। आदर्श बाइक से उन्हें छिबरामऊ छोड़ने आ रहा था। रास्ते में हादसा हो गया। वहीं, दूसरी घटना में ग्राम नगला दुर्गा निवासी 20 वर्षीय विनय पुत्र सरमन की बाइक सौरिख रोड स्थित बटेश्वर दयाल में इंटर का पेपर देने जा रहे दूसरी बाइक पर सवार ग्राम रामपुर निगोह निवासी अनुज पुत्र हरिविलास सिंह की बाइक से कोतवाली के पास भिड़ंत हो गई, जिसमें दोनों युवक घायल हो गए। उन्हें भी सौ शैय्या अस्पताल में भर्ती कराया गया।


छात्र का इलाज करते स्वास्थ्य कर्मी। अमृत विचार

## उत्तर मध्यमा में नौ परीक्षार्थियों ने छोड़ी अंग्रेजी की परीक्षा

संवाददाता, गुरसहायगंज-कन्नौज

- पूर्व मध्यमा में चार परीक्षार्थी इम्तिहान देने नहीं आए

**अमृत विचार।** संस्कृत शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश लखनऊ के परीक्षा केंद्र श्रीमती राधादेवी आदर्श संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 10 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे।

प्रथम पाली में पूर्व मध्यमा द्वितीय में अंग्रेजी की परीक्षा में 64 में 60 परीक्षार्थी मौजूद रहे। उत्तर मध्यमा प्रथम में 70 परीक्षार्थियों में से 61 ने परीक्षा दी। द्वितीय पाली में उत्तर मध्यमा द्वितीय में 34 परीक्षार्थियों में 30 ने परीक्षा दी। केंद्र व्यवस्थापक परिवेक्षक अर्चना यादव राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ऊमरपुर तथा सह केंद्र व्यवस्थापक बलराम त्रिपाठी ने सघन तलाशी ली। संस्कृत बोर्ड परीक्षा को नकलविहीन व शांतिपूर्ण कराने के लिए सचिव कुमार तिवारी, अनूप कुमार, दिग्विजय सिंह, अंशुल दीक्षित, पंकज कुमार, कंचन प्रभा, श्वेता यादव, कामिनी देवी, दीक्षा आदि मौजूद रहे।


परीक्षा के दौरान निरीक्षण करते केंद्र व्यवस्थापक। अमृत विचार

## चौदह पर गुंडा, 17 पर की गई मिनी गुंडा एक्ट की कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** थाना ठठिया पुलिस ने आपराधिक गतिविधियो पर अंकुश लगाने के लिये 14 पर गुण्डा एक्ट व 17 पर मिनी गुण्डा एक्ट की कार्रवाई की है।

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द की ओर से अपराध एव अपराधियो के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत पंकज पुत्र रामआसरे खानपुर, रम्पत उर्फ अनुपम यादव प्रताप सिंह निवासी ग्राम हिम्मापुर्वा, अल्ली निवासी ग्राम खानपुर, विद्याराम सिंह, रामआसरे उर्फ अलवर निवासी ग्राम खानपुर, शीलू पुत्र रामबहादुर, ग्रीशचन्द्र निवासी ग्राम हिम्मापुर्वा, प्रदीप, सुल्तान निवासी ग्राम पल्यौरा, श्रवण कुमार निवासी ग्राम जैतापुर, अवधेश निवासी ग्राम सरसौनपुर्वा, बलराम निवासी ग्राम जनखत, महताब, सुल्तान निवासीगण ग्राम पल्यौरा थाना ठठिया जनपद कन्नौज पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई की गई है। मिनी गुण्डा एक्ट के तहत वीरभान पुत्र लालाराम निवासी जैतापुर, चांदबाबू, खालिद निवासी ग्राम दौलतपुर, गिरजेश निवासीगण ग्राम सुमेरपुर, कुलदीप, गोविन्द, विनोद, अनुरोध निवासीगण ग्राम झौआ, धर्मेन्द्र उर्फ छोटे निवासी ग्राम हरेईपुर, जितेन्द्र, शनि निवासीगण ग्राम हरिजनपुर्वा, अनोखेलाल निवासी ग्राम हरेईपुर्वा, खुशीलाल, राहुल, संदीप उर्फ रिंकू निवासीगण ग्राम नदईपुर्वा, अजय उर्फ लल्ली, संजेश निवासीगण ग्राम उसरी थाना ठठिया पर कार्रवाई की गई है।

## सरकारी गेहूं खरीद आज से, अप्रैल में ही होगी बोहनी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- 40 केंद्रों पर 2275 रुपये प्रति क्विंटल की दर से खरीद
- 835 किसान करा चुके हैं अब तक रजिस्ट्रेशन

**अमृत विचार।** जिले में गेहूं की खरीद सरकारी केंद्रों पर एक मार्च यानि आज से होगी। पहले की अपेक्षा 150 रुपये अधिक कीमत पर खरीद की जायेगी। इसके लिये 40 केंद्र बनाये गये हैं। जिले में अप्रैल में गेहूं तैयार होगा। इसके बाद ही केंद्रों पर पहुंचेगा।

सरकार ने एक मार्च से गेहूं की खरीद शुरू करने का निर्णय लिया है। इसके लिये जिले में अभी 37 खरीद केंद्र बनाये हैं। तीन केंद्र और बढ़ाए जाएंगे। यानी 40 केंद्रों पर खरीद की जायेगी। जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी अनूप कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि गेहूं खरीद का सरकार ने समर्थन मूल्य निर्धारित कर दिया है। इस बार 2275 रुपये प्रति क्विंटल की दर से गेहूं की खरीद की जाएगी। बीते वर्ष यह खरीद 2125 रुपये प्रति क्विंटल की दर से की जा रही थी। इस बार 150 रुपये की वृद्धि की गई है। गेहूं की फसल सरकारी केंद्रों पर बेंचने के लिये अभी तक 835 किसान रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं। अन्य किसानों को रजिस्ट्रेशन के लिये प्रेरित किया जा रहा है। अभी तक शासन ने जिले में गेहूं खरीद का लक्ष्य निर्धारित नहीं किया है। इसके बाद भी विभाग अधिक से अधिक गेहूं की खरीद करने की पूरी तैयारी कर चुका है। किसानों को बताया जा रहा है कि वह केंद्र पर गेहूं साफ व सुखाकर ही लेकर आएं यदि नम गेहूं हुआ तो मशीन से जांच की जायेगी। इसके बाद ही खरीदा जायेगा।


खेत में खड़ी गेहूं की फसल। अमृत विचार

### तैयार होने के पहले ही सरकार ने खुलवाए गेंहू खरीद केंद्र

**तिर्वा, कन्नौज।** सरकारी दर पर किसानो की गेहूं फसल खरीदने के लिए सरकार ने फसल तैयार होने के पहले ही केंद्र खुलवा दिये। किसानों ने पंजीकरण कराना शुरू कर दिया। शुक्रवार एक मार्च से क्रय केंद्र खुल जाएंगे जबकि अभी गेहूं तैयार होने में करीब एक माह का समय है। तिर्वा मंडी में विपणन शाखा के प्रभारी राजकुमार ने बताया कि इस बार गेहूं समर्थन मूल्य 2275 की दर से खरीदा जाना है। खरीद के लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। कई किसान बिक्री के लिए पंजीकरण करा चुके हैं। उन्होंने किसानों से अधिक से अधिक पंजीकरण कराने को कहा है।

## जेडी के निर्देश पर बदले गए वाह्य केंद्र व्यवस्थापक

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** कानपुर से आए संयुक्त निदेशक (जेडी) माध्यमिक मनोज द्विवेदी ने यूपी बोर्ड के कई परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। हैवतपुर कटरा के परीक्षा केंद्र के वाह्य केंद्र व्यवस्थापक को बदलने के निर्देश दिए। बाद में डीआईओएस ने वहां दूसरे शिक्षक की तैनाती की।

डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह ने बताया कि जेडी ने हैवतपुर कटरा के बीएस विद्यालय के अलावा गुरसहायगंज में अमतुन्ना बानो इंटर कॉलेज, जलालाबाद और अकबरपुर के परीक्षा केंद्रों में सीसीटीवी कैमरे व अन्य व्यवस्थाएं देखीं। इसके अलावा डीएम शुभ्रान्त शुक्ल व डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह ने परीक्षा केंद्रों पर पहुंचकर जायजा लिया। सुबह हाईस्कूल में विज्ञान व दोपहर को इंटरमीडिएट गणित का पेपर हुआ। डीआईओएस कार्यालय में बने कंट्रोल रूम के सह प्रभारी आशीष शुक्ल ने बताया कि सुबह की पाली में हाईस्कूल विज्ञान के पेपर में 27,145 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। 24,763 उपस्थित हुए। 2,382 छात्र-छात्राएं गैरहाजिर रहे। सुबह की पाली में इंटरमीडिएट लेखाशास्त्र की परीक्षा में 89 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिसके सापेक्ष 87 ने परीक्षा दी। दो परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे।

### शाम को 1151 ने छोड़ी परीक्षा

**कन्नौज।** डीआईओएस ने बताया कि दूसरी पाली में हाईस्कूल में पंजीकृत 324 में से 302 परीक्षार्थियों ने इम्तिहान दिया। इंटरमीडिएट में पंजीकृत 18091 में से 16962 ने परीक्षा दी और 1129 गैरहाजिर रहे।

## अतिक्रमण से निजात दिलाने को दो टीमें गठित

संवाददाता, गुरसहायगंज-कन्नौज

**अमृत विचार।** नगर को अतिक्रमण और जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए पालिका प्रशासन ने कमर कस ली है। इसके लिए नगर पालिका ने सर्विलांस और अवलाकन टीम का गठन किया है। दोनों टीमें अगले सप्ताह से नगर में भ्रमण कर अतिक्रमण पर नजर रखेंगी और इसकी सूचना पालिका कार्यालय में देंगी। इसके बाद कार्रवाई की जाएगी।

यह जानकारी नगर पालिका परिषद अधिशासी अधिकारी अनिल पंडित ने दी। उन्होंने गुरुवार को कार्यालय में पटल सहायकों के साथ बैठक कर रणनीति तय की। बताया कि वीडियो सर्विलांस टीम में चार व अवलोकन टीम में चार पटल सहायकों को लगाया गया है। अगले सप्ताह से सर्विलांस टीम नगर में भ्रमण कर अतिक्रमण की फोटो खींच कर अवलोकन टीम को देगी। इसके बाद वह निरीक्षण करेगी और अतिक्रमण करने वाले का नाम व पता लेकर कार्यालय में रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। अतिक्रमण करने वाले को 20,000 रुपये जुर्माना की धनराशि प्रतिदिन के हिसाब से देनी होगी। जिलाधिकारी कार्यालय में अतिक्रमण करने वाले की आरसी भेजी जाएगी। इसके बाद राजस्व विभाग द्वारा 10 प्रतिशत अतिरिक्त के साथ वसूली की जाएगी। मुनादी कराकर व अभियान चलाकर इसकी जानकारी दे दी गई है। अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान आरपी सिंह, जिलेदार आदि रहे।


पटल सहायकों के साथ बैठक करते अधिशासी अधिकारी। अमृत विचार

## राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों को बताए दायित्व

**कन्नौज।** शहर के पीएसएम पीजी कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का प्राथमिक स्कूल नसरापुर के निकट सात दिवसीय विशेष शिविर शुरू हो गया।

प्राचार्य डॉ. अजय सिंह ने सभासद झुन्नीलाल व अन्य शिक्षकों के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। साथ ही प्राचार्य ने राष्ट्रीय स्वयं सेवकों को उनके दायित्वों को बताया। साथ ही सात दिनों तक चलने वाले शिविर की रूपरेखा बताई। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रमेश सिंह व डॉ. श्याम बाजपेयी ने एनएसएस विषय पर बात रखी। इस मौके पर डॉ. अमित सचान, डॉ. वरुण वशिष्ठ, रेनू त्यागी, लक्ष्मीनारायण सिंह, डॉ. आशीष सिंह, प्रेमनारायण, रामनारायण, डॉ. सत्येंद्र सिंह, रवींद्र शुक्ल, पंकज राय, डॉ. शिवनारायण, डॉ. संजय शर्मा व डॉ. प्रियंका मिश्रा मौजूद रहीं। स्वयं सेवकों ने भोजन भी तैयार किया।

## सार-संक्षेप

### मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

**छिबरामऊ, कन्नौज।** थाना विशुनगढ़ के ग्राम भोजपुर निवासी अनीता पत्नी विकास ने बताया कि 27 फरवरी को गांव के दबंगों ने उनके खेत में पानी भर दिया था, जिससे खेत में काफी नुकसान हो गया। बुधवार की शाम करीब 6 :00 बजे जब इसकी शिकायत लेकर गई तो दबंग भड़क गए और गालीगलौज करने लगे। इसके बाद उक्त दबंग लाठी डंडे लेकर उसके घर में घुस आये और मारपीट करने लगे। मारपीट के दौरान उक्त लोगों ने दीवार गिराकर घर में तोड़फोड़ कर दी। बचाने आये पति विकास व बहन सुधा के साथ भी मारपीट कर घायल कर दिया। लोगों के आ जाने पर खेत जोत लेने व जान से मार देने की धमकी देते हुए चले गए। पीड़िता की तहरीर पर थाना पुलिस ने मामले की एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष बने भइया लाल दुबे


भइया लाल दुबे।

**गुरसहायगंज।** भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया व किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष रामबाबू ने जारी किए गए पत्र में नगर निवासी सभासद भइयालाल दुबे को नगर गुरसहायगंज से मंडल अध्यक्ष मनोनीत किया है। उनके मनोनयन ने स्थानीय लोगों में हर्ष व्याप्त हो गया। सभासद दीपक गुप्ता, अनुराग गुप्ता, प्रशांत पाठक, धर्मेन्द्र गुप्ता, विपिन आदि ने फूलमालाएं पहनाकर व मिष्ठान खिलाकर उनका स्वागत व सम्मान किया।

### तमंचा समेत दो गिरफ्तार

**छिबरामऊ, कन्नौज।** प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि कोतवाली क्षेत्र के सिद्ध बाबा मंदिर जीटी रोड अकबरपुर के पास से जनपद कानपुर थाना अकबरपुर के ग्राम बदलापुर मदारपुर निवासी मोहम्मद उवैस उर्फ जुबैर पुत्र असगर अली व नसीम पुत्र हसन मियां को उपनिरीक्षक प्रमोद कुमार तिवारी ने गिरफ्तार कर लिया। दोनों के पास से एक- एक 315 बोर का तमंचा व दो-दो कारतूस बरामद किए गए। उनके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

### तालाब के पास मिला नवजात का क्षत-विक्षत शव

**तिर्वा।** ग्राम खजुआ में तालाब के पास एक नवजात का शव पड़ा था। गुरुवार दोपहर जब ग्रामीण तालाब में मवेशियों को पानी पिलाने गए तो वहां कुत्ते दिखाई दिए। मौके पर जाकर ग्रामीणों ने देखा तो वहां एक नवजात का शव पड़ा था, जिसका सिर व एक हाथ गायब था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाल विजय सिंह ने बताया कि नवजात शिशु का शव करीब चार से पांच महीने का लग रहा है। पता नही चल पा रहा है कि लड़का है या लड़की।

### बुजुर्ग किसानों को दी जाए सात हजार रुपये प्रतिमाह पेंशन

**कन्नौज।** भारतीय किसान यूनियन (लोकशक्ति) ने किसान हितों की मांगों को लेकर प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपा। किसान नेताओं ने मांग की कि 60 साल की आयु पूरी करने वाले बुजुर्ग किसानों को सात हजार रुपये प्रतिमाह पेंशन दी जाए तथा स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट को लागू कर सभी फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित किए जाएं। गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन (लोकशक्ति) के जिलाध्यक्ष गिरीशचंद्र त्रिपाठी के नेतृत्व में कई किसान कलेक्ट्रेट पहुंचे और अतिरिक्त मजिस्ट्रेट रामनारायण को ज्ञापन सौंपा।

सेमिनार — आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के सदस्य व ऐशबाग ईदगाह के इमाम शामिल

## पढ़ाई पर दिया गया जोर, शिक्षक व छात्र-छात्राएं सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** मुल्क की तरक्की में तालीम की अहमियत विषय पर एक सेमिनार हुआ। इसमें वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा तरक्की की ओर ले जाती है, इसलिए पढ़ाई जरूरी है। कार्यक्रम में कई शिक्षकों को सम्मानित भी किया गया।

गुरुवार को शहर निवासी सपा नेता नाजिम खान के आवास पर आयोजित हुए कार्यक्रम में शिक्षा के क्षेत्र में योगदान देने वाले शिक्षकों अहमद खान, जैनुल हसन, तौकीर जिया, मोहम्मद आफताब इदरीसी, शेख सलाउद्दीन, मोहम्मद अय्यूब, हाजी मोहम्मद आसिफ, मुरसलीन अहमद, मोहम्मद साकिब, मुजीब, जीशान को सम्मानित किया गया। इसके अलावा हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के मेधावियों को भी सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि मौलाना खालिद रशीद ने कहा कि सभी लोग अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा दिलाएं। अतिथि आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के सदस्य व ऐशबाग ईदगाह के इमाम खालिद रशीद फिरंगी महली ने कहा कि कुरान में सबसे पहले आयत इकरा में तालीम के बारे में जिक्र है। इस्लाम में तालीम के लिए जोर दिया गया है। उन्होंने कहा कि पैगंबर मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैह वसल्लम ने भी कहा है कि तालीम हासिल करो चाहे चीन तक जाना पड़े। कार्यक्रम के आयोजक नाजिम खान ने कहा कि सबको जो संविधान से अधिकार मिले हैं उनको हासिल करने के लिए शिक्षित होना बहुत जरूरी है। संचालन तौकीर जिया ने किया।


कार्यक्रम में मौजूद अतिथि व सम्मानित हुए छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

### इन छात्र-छात्राओं का हुआ सम्मान

इंटरमीडिएट में बेहतर अंक लाने वाली आकांक्षा सैनी, शीतल सैनी, असरा और मारिया बी को पुरस्कृत किया गया। इसी तरह हाईस्कूल में अच्छा प्रदर्शन करने वाली आयशा सिद्दीकी, जाइरा अल्वी, सिदरा उस्मान, फलक वारसी व अदन फातिमा को सम्मानित किया गया। इसके अलावा फरहीन, मोहम्मद शरीक, सादिया, अंबरीन बानो, सलीना बानो, अदीबा नूर, अदनान अली, जुबैर, अलीशा, अजीत, कनीज, सबरीन, जेबा, मोहम्मद हसन समेत मदरसों के भी छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया।

## बाइक और स्कूटी की भिड़ंत, युवक घायल

**सौरिख।** बाइक स्कूटी की आमने-सामने भिड़ंत में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे राहगीरों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। यहा से गंभीर हालत में तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। क्षेत्र के छोटे नगला बेहटा निवासी अमरनाथ पुत्र रामशरण पत्नी बबली के साथ बाइक से सौरिख आ रहा था। जैसे ही बाइक सौरिख-बिधूना मार्ग स्थित तपुरा गांव के पास पहुंची, सामने से आ रही स्कूटी से टक्कर हो गई। हादसा होते ही बाइकसवार दंपति सड़क पर जा गिरे। अमरनाथ गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की मदद से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। यहां से तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

# हाईस्कूल विज्ञान में 1826 परीक्षार्थी गैरहाजिर

## बोर्ड परीक्षा : इंटरमीडिएट लेखा की परीक्षा में सभी परीक्षार्थी रहे उपस्थित, बहुविकल्पीय व लघु उत्तरीय प्रश्न आए थे सरल

**कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद**


परीक्षा केंद्र में प्रवेश करते परीक्षार्थी। अमृत विचार

**अमृत विचार**। यूपी बोर्ड परीक्षा 2024 में सुबह की पाली में विज्ञान विषय की परीक्षा कड़ी निगरानी के बीच हुई। जबकि इंटर के लेखा की परीक्षा में सभी परीक्षार्थी हाजिर रहे। प्रश्न पत्र सरल आने से परीक्षार्थियों के चेहरों पर मुस्कान थी। परीक्षार्थियों का कहना था कि बहुविकल्पीय व लघु उत्तरीय प्रश्न काफी सरल आए। छह-छह नंबर के दीर्घ उत्तरीय प्रश्न थोड़े जरूर कठिन थे। वहीं माध्यमिक शिक्षा परिषद के ज्वाइंट डायरेक्टर (जेडी) ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।

गुरुवार को सुबह की पाली में हाईस्कूल विज्ञान विषय की परीक्षा सभी केंद्रों व इंटरमीडिएट लेखा शास्त्र की परीक्षा आधा दर्जन परीक्षा केंद्रों पर संपन्न हुई। सघन तलाशी के बाद परीक्षार्थियों को प्रवेश करने दिया गया। माध्यमिक शिक्षा परिषद के संयुक्त शिक्षा निदेशक (जेडी) कानपुर मंडल कानपुर मनोज कुमार द्विवेदी ने रस्तोगी इंटर कॉलेज, महीयसी महादेवी वर्मा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज (जीजीआईसी) फतेहगढ़, बीएस इंटर कॉलेज पाहला और आरपी इंटर कमालगंज का निरीक्षण किया।

इसके बाद वह डीआईओएस कार्यालय में बने कंट्रोल रूम आए और कंप्यूटर पर स्वराजवीर इंटर कॉलेज परीक्षा केंद्र के सीलिंग व पैकिंग हॉल, स्ट्रांग रूम, स्ट्रांग रूम के बाहर बने कमरों में लगे सीसी कैमरे चेक किए। करीब 15 मिनट रुकने के बाद चले गए। जेडी ने बताया कि परीक्षा सही चल रही है। वाह्य केंद्र व्यवस्थापक या कक्ष निरीक्षक का अनुपस्थित रहना तकनीकि बात है। परिषद का मुख्य उद्देश्य है कि यूपी बोर्ड परीक्षा नकलविहीन हो और फर्रुखाबाद में शांतिपूर्ण परीक्षा चल रही है।

वहीं रामानंद बालिका इंटर कॉलेज से परीक्षा देकर निकल रहीं हाईस्कूल की छात्रा अर्रा पहाड़पुर की सुहानी, नगला भूड़ की प्रिया और अल्पी शाक्य ने बताया कि बहु विकल्पीय व लघु उत्तरीय प्रश्न तो बहुत सरल थे, जो सभी हल किए। 10वीं की छात्रा प्रांती और जाह्नवी का कहना था कि छह नंबर के लघु उत्तरीय प्रश्न जरूर थोड़े कठिन थे। कुल मिलाकर पेपर सरल था।

कंट्रोल रूम प्रभारी रामलखन सिंह ने बताया कि 10वीं विज्ञान विषय में पंजीकृत 26,457 में 24,631 परीक्षार्थी इम्तिहान देने आए। 1826 अनुपस्थित रहे। इंटरमीडिएट लेखाशास्त्र में पंजीकृत 225 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। कोई अनुपस्थित नहीं था।

## एक नजर

### डॉ. राम कृष्णा राजपूत का हुआ सम्मान

**फर्रुखाबाद**। श्रीलंका में आयोजित 22वें अंतरराष्ट्रीय हिंदी सम्मेलन से सम्मान पाकर लौटे डॉ. रामकृष्ण राजपूत का जनपद के गणमान्य लोगों ने स्वागत किया। डॉ. रामकृष्ण राजपूत ने बताया कि श्रीलंका की राजधानी कोलंबो में 17 से 25 फरवरी तक कार्यक्रम हुआ था। इस कार्यक्रम में भाग लेना उनके लिए सौभाग्य की बात है। इस अवसर पर डॉ. उर्मिला राजपूत, डॉ. मोहम्मद मोहसिन, संजय गर्ग, जनार्दन दत्त राजपूत, रविन्द्र भदौरिया होरीलाल गौड़ और मोहम्मद नासिर आदि मौजूद रहे।

### गंगा स्नान के साथ दान-पुण्य, मंदिर में लगा मेला

**कमालगंज फर्रुखाबाद**। गुरुवार को तीर्थ स्थली श्रृंगीरामपुर में गंगा में श्रद्धालुओं ने पुण्य की डुबकी लगाई। स्नान व दान पुण्य के बाद श्रृंगीऋषि मंदिर में दर्शन-पूजन किया। मुंडन कराने आए लोगों की भीड़ से मंदिर क्षेत्र में मेला जैसा नजारा रहा। दुकानों पर खूब बिक्री हुई। मंदिर महंत आचार्य राघव श्रृंगी महाराज ने पूजन कराया।

### छत से गिरकर घायल

**कायमगंज-फर्रुखाबाद**। क्षेत्र के गांव लालबाग पट्टी निवासी सोनी पुत्री राजू निवासी छत से गिरकर गंभीर घायल हो गयी। आनन फानन में ई रिक्शा से अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## निरीक्षण में तीन परीक्षा केंद्रों से स्टेटिक मजिस्ट्रेट नदारद मिले

**कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद**

**अमृत विचार**। संयुक्त शिक्षा निदेशक (जेडी) कानपुर मंडल कानपुर को जहां परीक्षा केंद्रों पर व्यवस्थाएं ठीक मिली थीं। वहीं जनपद के पर्यवेक्षक व एडी बेसिक को कई परीक्षा केंद्रों पर अव्यवस्थाएं मिलीं। अधिकतर परीक्षा केंद्रों पर वॉयस रिकार्डर में आवाज नहीं आ रही थी।

तीन केंद्रों पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट अनुपस्थित पाए गए। एडी बेसिक राजेश वर्मा ने गुरुवार को सुबह की पाली में भारतीय विद्या इंटर कॉलेज महेशनगर, मेजर शिवदयाल सिंह इंटर कॉलेज, शक्ति सैनिक इंटर कॉलेज मौधा, प्रेम विद्यालय इंटर कॉलेज रैसेपुर मोहम्मदाबाद चौधरी गजराज सिंह इंटर कॉलेज टिलियां व दोपहर की पाली में श्री महिपाल शास्त्री इंटर कॉलेज बबना, शकुंतला देवी इंटर कॉलेज, राजेंद्र सिंह इंटर कॉलेज, राजाराम इंटर कॉलेज अचरा खलवारा और राष्ट्रीय विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नवाबगंज का निरीक्षण किया। भारतीय विद्या इंटर कॉलेज महेशनगर, राजाराम इंटर कॉलेज अचरा खलवारा व राष्ट्रीय विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नवाबगंज में स्टेटिक मजिस्ट्रेट नदारद थे। अन्य परीक्षा केंद्रों पर सीसी कैमरे के पास लगे वॉयस रिकार्डर से आवाज नहीं आ रही थी। एडी बेसिक ने बताया कि निरीक्षण के दौरान वॉयस रिकार्डर से आवाज आती नहीं मिली, जबकि स्टेटिक मजिस्ट्रेट भी गायब थे। सचल दल प्रभारी बीएसए गौतम प्रसाद ने केशवशरन कांती देवी कॉलेज का निरीक्षण किया। सूत्रों ने बताया कि बीएसए को केंद्र पर काफी खामियां मिलीं, जिस पर उन्होंने फटकार लगाते हुए सुधार लाने के निर्देश दिए।

## केंद्र के बाहर खड़ी बाइक की डिग्गी से मोबाइल चोरी

**कमालगंज-फर्रुखाबाद**। परीक्षा केंद्र के बाहर खड़ी बाइक की डिग्गी खोलकर चोर दो छात्रों के मोबाइल चोरी कर ले गए। परीक्षा देकर लौटे छात्रों ने डिग्गी से मोबाइल गायब देखे तो थाने पहुंचकर तहरीर दी।

थाना क्षेत्र के गांव अखमेलपुर निवासी ऋषभ व प्रांजुल क्षेत्र के राजेपुर में स्थित पैगामे ए हक इंटर कॉलेज में कक्षा 12 में पढ़ते हैं। उनका यूपी बोर्ड परीक्षा का सेंटर कस्बा के निकटवर्ती गांव ककरैया में स्थित स्वाराज वीर शिक्षा सदन इंटर कॉलेज में गया। गुरुवार दोपहर करीब 2 बजे ऋषभ व प्रांजुल एक ही बाइक से परीक्षा केंद्र पहुंचे। दोनों ने केंद्र के बाहर बाइक खड़ी कर उसकी डिग्गी में अपने- अपने मोबाइल फोन रख दिए। परीक्षा देने के दौरान किसी ने बाइक की डिग्गी का ताला खोलकर उसमें रखे दोनों मोबाइल पार कर दिए। शाम करीब 5.15 बजे जब वह परीक्षा देकर बाइक के पास पहुंचे तो डिग्गी खुली देख दंग रह गए। उसमें रखे मोबाइल भी गायब थे। इस पर उन्होंने लोगों से पूछताछ की, लेकिन पता नहीं चला।

## परिवार नियोजन में बेहतर कार्य पर किया गया सम्मान



सम्मानित करते अधिकारी। अमृत विचार

**संवाददाता, फर्रुखाबाद**

- मुख्य चिकित्साधिकारी ने समारोह आयोजित कर मोमेंटो व प्रमाण पत्र दिए

**अमृत विचार**। परिवार नियोजन के क्षेत्र में जिले का भी अच्छा योगदान रहा। जनपद स्तर पर परिवार नियोजन में अच्छा योगदान देने वाले स्वास्थ्य कर्मियों को मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने सम्मान समारोह आयोजित किया था। इसमें मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने जनपद व ब्लाक के अधिकारियों सहित सेवा प्रदाताओं और क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं को जनपद स्तर पर प्रमाण पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। यह सम्मान इस वित्तीय वर्ष के दौरान विश्व जनसंख्या दिवस, पुरुष नसबंदी पखवाड़ा और खुशहाल परिवार दिवस के दौरान विभिन्न विधाओं में सर्वश्रेष्ठ कार्य करने के लिए दिया गया।

उत्कृष्ट सेवा सम्मान 2023 -24 में जनपद स्तर पर सभी अधिकारियों सहित एमओआईसी एवं आशा बहुओं व संगिनी को स्वास्थ्य क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया। साथ ही पुरस्कार भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम में जिला स्तर पर महिला नसबंदी में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए कॉट टीम से डॉ. आशा अरोड़ा को वित्तीय वर्ष 2022 -23 में 441 महिला नसबंदी करने व 2023-24 में 366 के लिए प्रथम पुरस्कार, ब्लॉक राजेपुर को 117 महिला नसबंदी के लिए प्रथम पुरस्कार, सीएचसी कायमगंज में स्टॉफ नर्स रीता को इस वित्तीय वर्ष में सर्वाधिक पीपी आईयूसीडी 507 के लिए प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। साथ ही सीएचसी कायमगंज में तैनात परिवार नियोजन काउंसलर शीनू को पीपी आईयूसीडी 2285 और 526अंतरा इंजेक्शन प्रेरित करने के लिए प्रथम और सीएचसी कायमगंज में तैनात परिवार नियोजन काउंसलर सुनीता को, 1728 पीपी आईयूसीडी और 451 अंतरा इंजेक्शन के बारे में लाभार्थियों को प्रेरित करने में द्वितीय पुरस्कार से नवाजा गया। इसके साथ ही मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डीपीएम कंचन बाला, जिला परिवार नियोजन परामर्श दाता विनोद कुमार सहित यूपीटीएसयू के परिवार नियोजन विशेषज्ञ रिजवान अली को सम्मानित किया गया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बेहतर कार्य करने वाले सेवा प्रदाताओं को बधाई दी। साथ ही आशा व्यक्त की है कि आगे भी सभी बेहतर कार्य करेंगे। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. दलवीर सिंह ने कहा कि परिवार नियोजन एक ऐसा कार्यक्रम है जिसकी समीक्षा लंबे समय में ही हो पाती है। जब उस क्षेत्र की प्रजनन दर को आंका जाता है। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि अधिकारी इसकी आशा करते हैं कि आगे भी अच्छा करने का प्रयास इसी तरह होगा।

## मौसम बदला तो जुकाम-बुखार, खांसी के रोगी बढ़े

**कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद**


फिजीशियन कक्ष में लगी रोगियों की भीड़। अमृत विचार

- समय से इलाज न कराने पर ले सकता है निमोनिया का रूप

**अमृत विचार**। मौसम में बदलाव के चलते जुकाम-बुखार, खांसी के मरीजों की संख्या में बेतहाशा वृद्धि हो रही है। लोहिया अस्पताल में प्रतिदिन 200 से 250 रोगी जुकाम-बुखार, खांसी के आ रहे हैं।

डॉ. राममनोहर लोहिया अस्पताल के वरिष्ठ फिजीशियन डॉ. प्रवीण कुमार का कहना है कि शरद ऋतु जाने के बाद बसंत ऋतु आते ही हर व्यक्ति स्वास्थ्य सम्बन्धी बरती जाने वाली सावधानियां भूल जाता है। गुनगुनी धूप को देख कर वह गर्म कपड़े पहनना छोड़ देता है। जिस वजह से हर उम्र के व्यक्ति पर इसका बुरा असर पड़ता है। दिन में गुनगुनी धूप और रात में पड़ने वाली ठंड अपने साथ जुकाम, बुखार, खांसी की बीमारी ले आती है। यह जुकाम ,बुखार, खांसी यदि परिवार में किसी एक को हो जाये तो वह पूरा परिवार संक्रमित हो जाता है।

डॉ. प्रवीण कुमार का कहना है कि यदि समय से इस जुकाम और बुखार का इलाज न किया जाए तो यह निमोनिया का रूप धारण कर लेता है जो की जानलेवा बन जाता है और खांसी भी काली खांसी में परिवर्तित होकर ला इलाज हो जाती है। उनका कहना है कि इस समय परिवार के परिवार जुकाम ,बुखार, खांसी की चपेट में है ।जिसकी खास वजह ऋतु परिवर्तन के समय स्वास्थ्य संबंधी असावधानी बरतना है । डॉक्टर ने बताया कि इस बीमारी का सबसे ज्यादा असर बच्चों और 60 साल से ऊपर की उम्र दराज लोगों पर पड़ता है। यह लोग अक्सर निमोनिया के शिकार हो जाते हैं और उनके फेफड़े काम करना बंद कर देते है।

डॉक्टर प्रवीण कुमार का कहना है कि निमोनिया एक खतरनाक बीमारी है। इसका समय पर इलाज न किया जाए तो यह जानलेवा बन सकती है ।उनका कहना है कि निमोनिया से पीड़ित बच्चों के गले से फुसफुस की आवाज आने लगती है। उसकी पसलियां चलने लगती हैं। फेफड़ों स्व हारमोनियम जैसी आवाज आती है। होंठ काले पड़ जाते हैं। प्यास अधिक लगती है और बुखार हमेशा बना रहता है। ऐसे लक्षण यदि दिखाई दे तो तत्काल प्रभाव से रोगी को निकट के सरकारी अस्पताल में जाकर दवा लेना चाहिए। इसी तरह से पुरानी खांसी हो जाने पर काली खांसी का रूप ले लेती है। यदि खांसी का समय से इलाज न किया जाए तो वह टीबी का रूप धारण कर लेती है। डॉ. प्रवीण कुमार बताते हैं कि ऋतु परिवर्तन के समय हर व्यक्ति को बहुत ही सावधानी बरतनी चाहिए। खान-पान एवं पहनने ओढ़ने के वस्त्रों का विशेष ध्यान रखना चाहिए। वरिष्ठ फिजीशियन बताते हैं कि इस समय सर्वाधिक मरीज खांसी, जुकाम और बुखार से पीड़ित आ रहे हैं। जिनका इलाज किया जा रहा है।

## ब्रह्ममुहूर्त में जागने से शरीर रहता है निरोगी

**कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद**


कथा सुनाते व्यास मुनि।

**अमृत विचार**। श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन विकास खंड कमालगंज के गांव रुनीचुरसाई में चल रहा है । जिसमे व्यास सुरेशचंद्र द्विवेदी व सुनोराम दुबे के मुखारविंद से अमृतमयी कथा का रसपान कराया जा रहा है । कथा व्यास ने मानवजाति के कल्याण के लिए कहा कि हम सभी को प्रातःकाल ब्रह्ममुहूर्त में उठना चाहिए । दिन में देर से उठने वाले सभी रोगी होते जा रहे हैं। प्रातकाल उठके रघुनाथा, मात पिता गुरु नावहिं माथा की चौपाई सुनाकर श्रीराम ने हमको यह संदेश दिया है। इसको अपने आचरण में उतारने की आवश्यकता है । ब्रह्म मुहूर्त में उठने से शारीरिक रोग नहीं होते हैं । मन हर्षित रहता है ।प्रातःकाल में की गई पूजा अर्चना से भगवान प्रसन्न होकर मनुष्य की समस्त मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं । आगे कहते हैं कि वेद-पुराण सुनै मन लाई , आप कहैं अनुजै समुझाई , दिन में वेद-पुराणों की कथाओं का श्रवण करना चाहिए और यह रामकथा तो सभी पापों का नाश करने वाली है ।

रामकथा सुन्दर करतारी , संशय विहग उड़ावन हारी ।आज कल हमारे संस्कार लुप्त हो रहे हैं । युवा पीढ़ी हमेशा मोबाइल पर चिपकी रहती है ।अपने माता पिता गुरु जनों की सेवा करने में शर्म लगती है ।हमें अपने बच्चों को संस्कारवान बनाना चाहिए तभी हमारा आपका और हमारे देश का उत्थान हो सकता है ।

## बिजली चोरी में उपभोक्ता व मीटर रीडर फंसे

**संवाददाता, फर्रुखाबाद**

**अमृत विचार**। थाना अमृतपुर क्षेत्र के गांव नगला हूसा में घर में लगा बिजली मीटर जल जाने की सूचना पर जब जांच की गई तो मौके पर मीटर दूसरा लगा पाया गया। टेस्ट मीटर से जब जांच हुई तो जले मीटर में 23283 यूनिट बिजली स्टोर मिली। यानी करीब 1.28 लाख की बिजली चोरी की गई। अवर अभियंता ने उपभोक्ता व मीटर रीडर के खिलाफ अमृतपुर थाने में तहरीर दी है। गांव नगला हूसा निवासी रामकिशोर पुत्र अहिबरन के यहां दो किलोवाट का घरेलू कनेक्शन है। जनवरी में उपभोक्ता ने शिकायत की कि उसके यहां लगा बिजली मीटर जल गया। इस पर विभागीय अधिकारियों ने दूसरा मीटर लगाकर जला मीटर जांच के लिए परीक्षणशाला भिजवा दिया। जब मीटर की जांच हुई तो जले मीटर में 25,528 यूनिट रीडिंग पाई गई, जिसमें 23,283 यूनिट रीडिंग स्टोर थी, जबकि उपभोक्ता के घर लगे नए मीटर से 2245 यूनिट रीडिंग का बिल बनाया गया था। अवर अभियंता होरीलाल वर्मा ने बताया कि जले मीटर की जांच में 23,283 यूनिट रीडिंग स्टोर पाई गई। इससे प्रतीत होता है कि मीटर रीडर व उपभोक्ता ने मिलकर मीटर जलाया है। उपभोक्ता रामकिशोर व मीटर रीडर रमेश के खिलाफ तहरीर दी गई है। एसई अजय कुमार ने बताया कि दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी।

## अस्पताल में पकड़ी बिजली चोरी

**संवाददाता, फर्रुखाबाद**


चेकिंग करते बिजली अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार**। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर हाईलाइन लॉस सिटी फीडर पर राजस्व वसूली व बिजली चोरी अभियान के तहत बुधवार देर शाम रामपुर ढपरपुर में चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान सद्दाम हॉस्पिटल में बिजली चोरी पकड़ी गई। उप खंड अधिकारियों व व अवर अभियंता की संयुक्त तहरीर पर हॉस्पिटल संचालक के खिलाफ चार किलोवाट बिजली चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई।

अवर अभियंता अब्दुल मजीद, उप खंड अधिकारी द्वितीय मुकेशचंद्र राव व उप खंड अधिकारी प्रथम अजय कुमार के नेतृत्व में रामपुर ढपरपुर में चेकिंग अभियान चलाया गया। सद्दाम हॉस्पिटल में डायरेक्ट एचटी लाइन से कटिया डालकर बिजली चोरी की जा रही थी। टीम ने कटिया उतरवाकर हॉस्पिटल का कनेक्शन काट दिया। घटना की वीडियोग्राफी भी कराई गई। गुरुवार दोपहर बाद सद्दाम हॉस्पिटल के संचालक लाल सिंह राजपूत पुत्र लंकुश सिंह राजपूत के खिलाफ चार किलोवाट बिजली चोरी की रिपोर्ट दर्ज की गई। अधीक्षण अभियंता अजय कुमार ने बताया कि चेकिंग अभियान जारी रहेगा। जो भी उपभोक्ता बिजली चोरी करते मिला, उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी।

## गाय ने किसान को पटककर मार डाला

**कायमगंज**। कोतवाली कायमगंज क्षेत्र में फसल चर रही आवारा गाय ने किसान को पटक कर मार डाला।

ग्राम नरसिंहपुर के मजरा गोविंदपुरी हकीम खा निवासी सत्य राम50 पुत्र आत्माराम जाटव अपने गेहूं की फसल को देखने खेत पर गए थे ।उनके खेत में गाय गेहूं की फसल चर रही थी। वह गाय को खेत से वाहर निकालने के लिए गए । तभी गाय ने उन पर हमला बोल दिया और दौड़ा-दौड़ा कर उन्हें पटका-मारा। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए । घायल होकर वह खेत पर ही गिर गए। घटना की सूचना परिजनों को मिली तो परिजनों ने उन्हें आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज ले गए । जहां डॉक्टर ने सत्यराम को मृत घोषित कर दिया।

**मांगों पर अड़े** — भाकियू भानू गुट के आंदोलनकारियों ने कहा- मुख्यमंत्री से वार्ता हुए बिना आंदोलन वापस नहीं

## धरना दे रहे किसानों को मनाने पहुंचे विधायक-अफसर

**संवाददाता, अमृतपुर-फर्रुखाबाद**


एसडीएम को ज्ञापन देने जाते किसान नेता। अमृत विचार

**अमृत विचार**। बदायूं मार्ग के धर्मपुर मढ़ी के पास मैदान मे भारतीय किसान यूनियन (भानू) के आंदोलन के चौथे दिन विदायक व अफसर पहुंचे। उन्होंने किसान नेताओं की मांग पर मुख्यमंत्री से प्रतिनिधिमंडल से वार्ता कराने का आश्वासन दिया। किसान नेताओं ने विधायक के समझाने पर भी धरना समाप्त करने से इंकार कर दिया। किसान नेताओं ने कहा सीएम से वार्ता के बाद ही वह धरना समाप्त करने का निर्णय लेंगे।

गुरुवार को आंदोलन स्थल पर अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य एसडीएम रविन्द्र सिंह, सीओ रावेंद्र नाथ राय के साथ पहुंचकर किसान नेताओं से वार्ता की। किसान नेता मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपने पर अडिग रहे। बात न बनने पर विधायक सुशील शाक्य ने किसान नेताओं से कहा आप अपना तीन सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल तैयार करें। वह मुख्यमंत्री से तीन दिन मे वार्ता कराएंगे। विधायक के आश्वाशन पर किसान नेताओं ने सहमति जताई। किसान नेता मुख्यमंत्री से वार्ता न होने तक आंदोलन समाप्त करने के लिए तैयार नहीं हुए। किसान नेताओं ने कहा आंदोलन मुख्यमंत्री से वार्ता होने तक जारी रहेगा। जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह ने बताया अमृतपुर विधायक ने किसानों के तीन सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल की मुख्यमंत्री से भेंट कराने का आश्वासन दिया है। भेंट होने तक आंदोलन पूर्व की भांति जारी रहेगा।

### किसान नेताओं ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

**कायमगंज**। भारती किसान यूनियन (लोक शक्ति गुट) ने उपजिलाधिकारी कायमगंज को को ज्ञापन सौपा। ज्ञापन में कहा गया कि ग्राम शाहआलम पुर में सरकारी जमीन पर अवैध रूप से कब्जा करके दबंग सतीश पुत्र रामेश्वर दयाल ने प्लाटिंग करके बेच दिया। जिस पर प्रेमपाल, आशाराम, शीशराम, वीरपाल, मुखराम ने अवैध तरीके से सरकारी जमीन पर मकान बनवा लिए हैं, जिसको तत्काल प्रभाव से खाली कराया जाये। वही आरोपियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाए। ग्राम कमलैपुर निवासी हसमुखी पत्नी वीर सिंह के जेठ ने फर्जी बैनामा करा लिया था जिसकी जांच की जाए। जहानपुर निवासी शिवम पुत्र स्व. सुरेन्द्र सिंह की बहन सुषमा (17) वर्ष पुत्री स्व. सुरेन्द्र सिंह घर से कहकर परीक्षा देने के लिए निकली थी उस की बहन परीक्षा देने स्कूल नही पहुची । वहीं से कहीं चली गयी। पता लगा कि उसकी बहन को शिवपाल यादव पुत्र रामरईस निवासी ग्राम गढ़चपा पोस्ट पडैया थाना काठ जनपद शहजहांपुर ने अपहरण कर लिया है। लड़की बरामद कर परिवार को सपुर्द की जाए। इस मौके पर दर्जनों भाकियू नेता मौजूद रहे।

## अमृतपुर में अग्निशमन केंद्र का उद्घाटन

**संवाददाता, अमृतपुर-फर्रुखाबाद**


उद्घाटन करते विधायक सुशील शाक्य। अमृत विचार

**अमृत विचार**। फर्रुखाबाद बदायूं मार्ग दौलतपुर चकई स्थित अग्नि शमन केंद्र का सीएम योगी ने वर्चुअल लोकार्पण किया। सीएम योगी के लोकार्पण के बाद अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य ने शिलापट से पर्दा हटाकर लोकार्पण की औपचारिकता पूरी की।

लोकार्पण के बाद विधायक ने अधिकारियों के साथ केंद्र में बने कार्यालय का निरीक्षण किया। अग्निशमन अधिकारी ने विधायक को केंद्र के विषय मे जानकारी दी। 9 करोड़ 42 लाख रुपए से अधिक की लागत से तीन वर्ष में फायर स्टेशन बनकर तैयार हुआ है। विधायक ने कहा क्षेत्र मे फायर स्टेशन शुरू होने से क्षेत्र की जनता को इसका लाभ मिलेगा। एसपी विकास कुमार ने बताया कि सीएम योगी ने प्रदेश भर के नव निर्मित फायर स्टेशनो का लोकार्पण किया है। इसमें तहसील अमृतपुर के भी फायर स्टेशन का लोकार्पण हुआ है। क्षेत्र में आग लगने की घटना जब भी होगी तो जल्द से जल्द पहुंच कर उसपर काबू पा लिया जायेगा ।जिससे जान माल के खतरे और नुकसान को न्यूनतम किया जा सकेगा। गंगा पार क्षेत्र के कई ऐसे इलाके हैं जहां प्रतिवर्ष आग लग जाती है और फिर लोगों को जान माल सहित भारी नुकसान भी उठाना पड़ता है। ऐसे समय में फर्रुखाबाद से फायर ब्रिगेड की गाड़ी को आने में आधा से एक घंटे का समय लग जाता था। जिसके चलते आग विकराल रूप धारण कर अपने आगोश मे समेटकर सब कुछ नष्ट कर देती थी। क्षेत्र की जनता कई बड़े अग्निकांडों को झेल चुकी है। अब क्षेत्र में ही फायर स्टेशन बनने से गाड़ी मिनटों मे पहुंच सकेगी।

हिंसाबबलमसाधूनां राज्ञा दण्डविधिर्बलम्।
शुश्रुषा तु बलं स्त्रीणां क्षमा गुणवतां बलम्॥

हिंसा दुष्ट लोगों का बल है, दंडित करना राजा का बल है, सेवा करना स्त्रियों का बल है और क्षमाशीलता गुणवानों का बल है।

## संपादकीय

# संदेशखाली और राजनीति

पश्चिम बंगाल की राजनीति में संदेशखाली का विवाद राष्ट्रीय आक्रोश का मुद्दा बना हुआ है। पिछले पखवाड़े तृणमूल कांग्रेस सरकार को संदेशखाली में हुई घटनाओं से असंवेदनशील तरीके से निपटने के लिए आलोचना का सामना करना पड़ा। तृणमूल कांग्रेस भाजपा पर मामले को तूल देने के आरोप लगाती रही है, वहीं भाजपा अपराधियों को बचाने के आरोप सत्तारूढ़ दल पर लगा रही है। दरअसल एक अनाज घोटाले में ईडी की कार्रवाई पर टीएमसी कार्यकर्ताओं के प्रतिरोध और उसके बाद ईडी अधिकारियों पर हमले के बाद संदेशखाली में नए-नए खुलासे होते रहे हैं। हिंसा व दबंगई के लिए कुख्यात इलाके में दबंग राजनेताओं द्वारा जमीन कब्जाने और आदिवासी महिलाओं के शोषण के मामले उजागर हुए। 8 फरवरी से स्थानीय महिलाओं ने शाहजहां शेख और उसके समर्थकों के खिलाफ प्रदर्शन शुरू किया। महिलाओं ने आरोप लगाया कि शाहजहां शेख और उसके लोग महिलाओं का यौन शोषण करते थे। आखिरकार संदेशखाली कांड के मुख्य आरोपी शेख शाहजहां को 55 दिन बाद बुधवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसके करीबी अमीर अली गाजी को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

टीएमसी की ओर से शुरूआत में यह संदेश देने का प्रयास किया गया कि शाहजहां सामाजिक कार्यकर्ता था जिसे प्रवर्तन निदेशालय और भाजपा द्वारा गलत तरीके से निशाना बनाया जा रहा था। मुख्यमंत्री के वफादारों ने जोर देकर कहा कि टीएमसी नेताओं के चरित्र पर कोई दाग नहीं है। यहां तक कि छेड़छाड़ और बलात्कार के आरोप लगाने वालों से वीडियोग्राफिक सबूत पेश करने को कहा गया। मांग की गई कि शाहजहां और उसके गुर्गों के खिलाफ आरोप लगाने वाली महिलाएं अपना चेहरा दिखाएं ताकि साबित हो सके कि वे स्थानीय थीं, बाहरी नहीं। लोकसभा चुनाव करीब आने के साथ, यह स्वाभाविक है कि ममता बनर्जी अपना ध्यान संदेशखाली से और विशेष रूप से स्थानीय टीएमसी नेताओं द्वारा महिलाओं के शोषण से, वह भी पार्टी कार्यालय के अंदर से हटाना चाहेंगी। संदेशखाली के प्रतिकूल प्रभावों को दूर करने के लिए मुख्यमंत्री जवाबी कार्रवाई के अपने आजमाए और परखे हुए तरीकों पर भरोसा करती नजर आ रही हैं। सबसे पहले, उन्होंने लक्ष्मीर भंडार योजना के तहत महिलाओं को भुगतान दोगुना करने सहित कई अतिरिक्त कल्याणकारी लाभों की घोषणा की। राजनीतिक संरक्षण में अपराधियों का फलना-फूलना किसी भी समाज के लिए दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति ही है। जबकि संगीन अपराध के मुद्दे पर राजनीति करने के बजाय वास्तविक अपराधियों को दंडित कराना ही प्राथमिकता होनी चाहिए। पीड़ितों को न्याय दिलाने में तत्परता दिखानी चाहिए।

# गंगा नदी का अस्तित्व खतरे में


अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

राष्ट्रीय नदी के रूप में सम्मानित गंगा देश की एक चौथाई जल की आपूर्ति करती है। हिंदुओं के लिए गंगाजल सर्वाधिक पवित्र है। धर्मग्रंथों के अनुसार मोक्ष दायिनी गंगा में डुबकी लगाने से ही जन्म जन्मांतर के पापों से छुटकारा मिल जाता है।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने मार्च 2023 में उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल के 94 जगहों से गंगा जल की जांच कराई थी जिसमें पाया गया कि अधिकांश स्थानों पर गंगा का पानी पीने योग्य क्या, नहाने लायक भी नहीं रह गया है। शहर के सीवरेज ने गंगा जल की ऐसी दुर्दशा कर दी है कि गंगा के पानी को फिल्टर तक नहीं किया जा सकता है। पिछले दो वर्षों में पटना के घाटों पर गंगा जल का प्रदूषण 10 गुना अधिक हो गया है। पानी के प्रदूषण, घटते जल स्तर, निरंतर कम होते नदी पाट, सिल्टों के जमाव से नदी सिमट रही है। स्वाभाविक रूप से गंगा नदी धीरे-धीरे मृतप्राय होने की स्थिति में आ रही है।

आईआईटी खड़गपुर के प्रोफेसर अभिजीत मुखर्जी के साथ कनाडियन शोधकर्ता सौमेंद्र नाथ भांजा और ऑस्ट्रिया के योशिहीदी वाडा ने 2015 से 2017 के मध्य गंगा नदी पर किए अपने अध्ययन में कहा कि गंगा नदी में हरिद्वार से लेकर बंगाल की खाड़ी तक पानी पीने योग्य नहीं रह गया है। लगभग दो दशकों से गर्मियों के सीजन में गंगा के पानी के स्तर में निरंतर कमी देखी जा रही है। मई महीने में प्रयागराज के पास फाफामऊ में गंगा के पानी का स्तर इतना कम हो जाता है कि लोग इसे आसानी से पैदल ही पार कर सकते थे।

वर्ष 1999 से 2013 के बीच गर्मी के सीजन में गंगा के पानी में प्रत्येक साल 0.5 से 38.1 सेमी तक की कमी दर्ज की गई है। शोधकर्ताओं ने यह भी कहा कि अगले तीस वर्षों तक गंगा में भूजल का हिस्सा लगातार घटता रहेगा। यह सिलसिला जारी रहने की स्थिति में नदी के पर्यावरण पर तो बेहद प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा ही, गंगा की घाटी में रहने वालों के सामने भोजन का गंभीर संकट भी पैदा हो सकता है। अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए ने वर्ष 1958 से लेकर वर्ष 1972 के बीच गंगा बेसिन की गुप्त तरीके से लगभग आठ हजार सैटेलाइट तस्वीरें ली थीं, जो वर्ष 2018 में पब्लिक की गई। उस समय की तस्वीरों के साथ आज के तस्वीरों के विश्लेषण से पता चलता है कि गंगा नदी ने अपना रंग, रूप और रास्ता अनेक स्थानों पर बदल लिया है। गंगा के बड़े- बड़े और चौड़े बहाव क्षेत्र अब पतली शाखाओं में बदल गए हैं। वर्ष 1965 में हरिद्वार में गंगा नदी

> आईआईटी खड़गपुर के प्रोफेसर अभिजीत मुखर्जी के साथ कनाडियन शोधकर्ता सौमेंद्र नाथ भांजा और ऑस्ट्रिया के योशिहीदी वाडा ने 2015 से 2017 के मध्य गंगा नदी पर किए अपने अध्ययन में कहा कि गंगा नदी में हरिद्वार से लेकर बंगाल की खाड़ी तक पानी पीने योग्य नहीं रह गया है।

की मुख्य धारा की लंबाई 3.63 वर्ग किलोमीटर थी, जो अब बढ़कर 6.67 वर्ग किलोमीटर हो गई है, लेकिन नदी का बहाव रोकने वाला किनारा 17.85 वर्ग किलोमीटर से घटकर 7.07 वर्ग किलोमीटर हो गया है। 1965 में बिजनौर में गंगा नदी की मुख्य धारा की लंबाई 15 वर्ग किलोमीटर थी, जो अब बढ़कर 19 वर्ग किलोमीटर हो चुकी है। कानपुर में गंगा नदी की लंबाई 1965 में 15.5 वर्ग किलोमीटर थी, जो अब बढ़कर 17.63 वर्ग किलोमीटर हो गई है, लेकिन कछार का इलाका तेजी से घट गया है। यह 20.62 वर्ग किलोमीटर से घटकर 4.98 वर्ग किलोमीटर हो चुका है। 1976 में प्रयागराज में नदी का कुल क्षेत्रफल 43.88 वर्ग किलोमीटर था, जो अब घटकर 19.02 वर्ग किलोमीटर हो गया है। भागलपुर में गंगा नदी की कई शाखाएं थीं, लेकिन मुख्य धारा काफी ज्यादा चौड़ा है। यहां पर मुख्य धारा की लंबाई 40 वर्ग किलोमीटर थी, जो बढ़कर 45 वर्ग किलोमीटर हो चुकी है यानी चौड़ाई कम होती जा रही है, नदी की लंबाई बढ़ती जा रही है। फरक्का में नदी की मुख्य धारा की लंबाई में काफी ज्यादा अंतर आया है। यह पहले 43.34 वर्ग किलोमीटर था, जो अब बढ़कर 56.85 वर्ग किलोमीटर हो गया है।

वर्ल्ड वाइल्डलाइफ फंड के अनुसार गंगा में डॉल्फिन की संख्या 1980 के दशक के 5,000 से घट कर अब 1,800 पर आ पहुंची है। शुद्ध गंगा नदी के पानी की कमी घनी आबादी वाले उत्तरी भारतीय मैदानों की घरेलू जल आपूर्ति, सिंचाई के लिए पानी की आवश्यकताओं, नदी परिवहन, पारिस्थितिकी आदि को खतरे में डाल सकती है। नदी के पानी में कमी का खाद्य उत्पादन पर सीधा प्रभाव पड़ता है, जो इस क्षेत्र में रहने वाली 100 मिलियन से अधिक आबादी के लिए खतरे का संकेत है। नदी का जल स्तर इस तरह घट रहा है कि हाल में गंगा नदी शुरू की गई क्रूज सेवा एक जगह कम पानी होने के कारण तथा सिल्ट होने के कारण कई दिनों तक एक ही जगह खड़ी रही। रिपोर्ट के अनुसार वाराणसी में गंगा नदी घाट से लगभग सात से दस फीट अंदर की ओर खिसक गई है। यहां गंगाजल का स्तर पूर्व से लगभग छह फीट नीचे गिर गया है। जाहिर है आज गंगा गंभीर संकट से गुजर रही है।

राष्ट्रीय नदी के रूप में सम्मानित गंगा देश की एक चौथाई जल की आपूर्ति करती है। हिंदुओं के लिए गंगाजल सर्वाधिक पवित्र है। धर्मग्रंथों के अनुसार मोक्ष दायिनी गंगा में डुबकी लगाने से ही जन्म जन्मांतर के पापों से छुटकारा मिल जाता है। गंगा को इस विकट स्थिति में पहुंचाने के पीछे शहरों के सीवरों का गंदा पानी, प्लास्टिक थैलियों का निस्तारण, उद्योगों से निकला रासायनिक कचरा, डैम और बैराज का निर्माण, लाशों को जलाना आदि जिम्मेदार है। हिमालय में चीन द्वारा निर्मित विभिन्न डैम परियोजनाओं का असर भी गंगा के जल स्तर पर पड़ रहा है। हिमालयी क्षेत्र में अनियंत्रित और अनियोजित विकास जिम्मेदार है। गंगा प्रदूषण से जैव विविधता पर खतरा उत्पन्न हो गया है जिससे कई जलीय जीव और पर्यावरणीय पदार्थों का अस्तित्व ही समाप्ति के कगार पर है। हरिद्वार में गंगा नदी से पत्थरों को निर्माण कार्य के लिए अवैध रूप से निकाला जा रहा है जिससे गंगा के तटबंधों को नुकसान हो रहा है। पर्यावरण को हो रही क्षति का आंकलन किए बिना उत्तरकाशी, अलखनंदा और भागीरथी नदी पर अनियोजित डैम के निर्माण से गंगा का प्राकृतिक प्रवाह प्रभावित हो रहा है।

कोलकाता में लगभग 26 सीवरों का पानी बिना शोधित हुए गंगा में प्रवाहित हो रहा है। बिहार के भागलपुर में सिंचाई बैराज और प्रदूषण ने गंगा के इको सिस्टम प्रभावित कर दिया है। नदी किनारे स्थित शहरों के सीवर से निकला गंदा पानी नदी को सबसे ज्यादा प्रदूषित कर रहा है। गंगा नदी की सफाई के लिए वर्ष 1985 में पंद्रह वर्षीय गंगा एक्शन प्लान को वाराणसी में लांच किया गया था जिसमें वर्ष 2000 तक गंगा को पूरी तरह प्रदूषण मुक्त करने का लक्ष्य था। सरकारी आंकड़ों के अनुसार गंगा एक्शन प्लान के अंतर्गत अब तक 36 हजार करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं, लेकिन 38 वर्ष के बाद भी गंगा को प्रदूषण की समस्या से छुटकारा नहीं मिला है। निश्चित रूप से इसके लिए सरकारों की दृढ़ इच्छाशक्ति का अभाव ही जिम्मेदार है। वर्ष 2009 में बनी नेशनल गंगा रीवर बेसीन अथारिटी का लक्ष्य था कि वर्ष 2020 तक गंगा को प्रदूषण मुक्त कर इसे संरक्षित करना। मिशन क्लीन गंगा प्रोग्राम के पहले चरण में शहरों में घरों और उद्योगों से निकलने वाले गंदे पानी और कचरे को साफ करने पर ध्यान दिया जाना था।

गंगा के प्रदूषण में लगभग 35 प्रतिशत जिम्मेदार राज्यों उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल के सीवरों की निगरानी की जानी थी। गंगा संरक्षण के लिए गंगा नॉलेज सेंटर का गठन किया गया। परंतु 38 वर्षों के प्रयास के बाद भी गंगा में बिना किसी ट्रीटमेंट के 60 प्रतिशत सीवेज की निकासी जारी है। गंगा की स्वच्छता संबंधी पीएम की अध्यक्षता वाली राष्ट्रीय गंगा परिषद भी लगभग निष्क्रिय हो गई है। नमामि गंगे योजना का उद्देश्य गंगा के बिगड़े रंग-रूप को बदलना और प्रदूषण पर रोक लगाना था। वर्ष 2014-15 से लेकर 2020-2021 तक इस नमामि गंगे योजना के अंतर्गत 30 हजार करोड़ रुपए खर्च कर दिया गया, परंतु स्थिति में बहुत सुधार नहीं हो पाया है।

नदियों के पुनर्जीवित करने का सबसे बड़ा उदाहरण टेम्स नदी है, जो वर्ष 1950 तक पूरी तरह सीवर में बदल गई थी। इसमें ऑक्सीजन की मात्रा लगभग समाप्त हो गई थी जिससे जलीय जीवों के अस्तित्व पर खतरा मंडराने लगा था। गंभीरता को देखते हुए ब्रिटिश सरकार ने वर्ष 1964 में नदी सफाई अभियान चलाया। इस अभियान को सफलता पूर्वक 1970 के दशक के मध्य तक पूरा कर लिया गया। यदि टेम्स नदी को प्रदूषण मुक्त किया जा सकता है तो कोई कारण नहीं कि गंगा को स्वच्छ नहीं बनाया जा सकता है, बस राजनैतिक इच्छाशक्ति एवं सामाजिक सोच बदलने की आवश्यकता है।

## प्रसंगवश

# सामाजिक विवेक और चेतना


डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

समाज शब्द सम+अज, सामंजस्य से बना है। समाज शब्द में साथ रहने का भाव निहित है। पारस्परिकता, सहयोग, सामीप्य, सेवा, स्नेह, सम्मान, सहनशीलता, सामंजस्य आदि का भाव। सभी दिशाओं में समान गतिशीलता। समाज में स्वभाव से ही लोग समता के भाव से परस्पर जुड़े हुए होते हैं। पारस्परिकता तभी दृढ़ हो सकती है, जब समानता का भाव हो। समानता का भाव ही न्याय का आधार है, न्याय न हो तो समाज बिखर जाएगा। न्याय से ही समाज में संतुलन बना रहता है। सामाजिक विवेक और सामंजस्य चेतना न हो तो समाज जीवित रह सकता है? भयावह स्थितियों में भी सामंजस्य और समष्टिचेतना ने हार नहीं मानी? यह सच है कि समाज में संघर्ष सदा चलता रहता है और आगे भी चलता ही रहेगा, किंतु समाज तो समायोजन से ही बना है। संघर्ष सच है, किंतु सामंजस्य उससे बड़ा सच है। धर्म का मूल तत्व समन्वय है, सामंजस्य है, सहिष्णुता है, सत्य, शिव और सुंदर है। समाज और सामाजिकता यदि निर्बल हुई तो वैसे ही नए नए सामाजिक दोष, समस्याएं, विसंगतियां, विषमताएं, अपराध और सामाजिक रोग पैदा होते रहेंगे, जैसे जब शरीर निर्बल होता है तो रोग उसे ग्रस लेते हैं। विचार करना होगा कि इस पारस्परिकता, सहयोग, सामीप्य, सेवा, स्नेह, सम्मान, सहनशीता, सामंजस्य आदि को कोई क्षति तो नहीं पहुंचा रहा? हमें गहराई से पहचान करनी है, समझना है कि कौन-कौन लोग हैं, जो किसी न किसी सिद्धांत के आवरण में सामाजिक भाव पर चोट कर रहे हैं, समानता के भाव पर चोट कर रहे हैं। समानता के भाव में इतनी बड़ी ताकत है कि उन असभ्य और अर्द्धसभ्य कहे जाने वाले कबीलों में जब उपनिवेशवादी ताकतें पहुंची तो तीर कमानों और पत्थर के हथियारों ने बंदूक और बमों के छक्के छुड़ा दिए थे। जहां विषमता होती हैं, वहां अन्याय होता है, अनीति होती है, अत्याचार होता है और सामाजिकता का भाव वहां कुंठित हो जाता है और तब वहां स्वतंत्रता भी खतरे में पड़ जाती है। राज्य समाज की रक्षा के लिए है। ऐसा न हो कि राज्य के लिए समाज को कमजोर बना दिया जाए। राज्य अपने कर्तव्य को भूल न जाए, इस पर समाज को निरंतर सोचना होगा।

# डिजिटल इंडिया मिशन की ओर अग्रसर भारत


ऋषभ मिश्रा
सहायक प्रोफेसर
केआईटी, कानपुर

> आईडीसी के डिजिटल बिजनेस सर्वे से संकेत मिलता है कि आज एक तिहाई से अधिक भारतीय कंपनियों में सीईओ डिजिटल रणनीति को आगे बढ़ाते हैं।

'न्यू इंडिया' के विचार ने हाल ही के वर्षों में सभी भारतीयों में बहुत अधिक आत्मविश्वास और आशावाद को प्रेरित किया है जिसमें से वैश्विक और क्षेत्रीय राजनीतिक परिदृश्य में कई मुद्दों पर आत्मविश्वास पूर्ण स्वतंत्र रुख अपनाने की हमारी क्षमता, ओलंपिक सहित सभी खेलों में असाधारण प्रदर्शन दर्ज कराना, और चन्द्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर (विश्व के किसी भी देश के द्वारा पहली बार) कामयाबी के साथ चन्द्रयान उतारना जैसे कई महत्वपूर्ण आयामों में से कुछ एक हैं, जो हमें यह विश्वास करने का कारण देते हैं कि अंततः न्यू इंडिया उभर रहा है।

वर्तमान में भारत का आर्थिक रूपांतरण जिसे डिजिटलीकरण द्वारा महत्वपूर्ण रूप से गति प्रदान की गई है, यह न्यू इंडिया का एक और जगमगाता हुआ उदाहरण है, जो विकसित हो रहा है। दुनियाभर के देशों और संगठनों में कोविड के कारण डिजिटल को अपनाने के लिए मजबूर होने से बहुत पहले ही वर्तमान सरकार ने डिजिटल अर्थव्यवस्था और डिजिटल वितरण मॉडल पर सक्रिय रूप से जोर दिया है। डिजिटल इंडिया मिशन 2015 में शुरू किया गया था। भारत सरकार ने न केवल सार्वजनिक कल्याण के लिए, बल्कि डिजिटल प्लेटफार्म और 'अवसंरचना का भारतीय समूह' (स्टैक) के निर्माण में भी क्रांति की शुरुआत की है, जो अर्थव्यवस्था के विभिन्न घटकों को लाभान्वित करते हुए विकास के लिए भी एक अनूठा मंच प्रदान करता है।

डिजिटलीकरण कृषि, परिवहन, स्वास्थ्य, सेवा और शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण उद्योगों को नए व्यवसाय मॉडल की ओर ले जा रहा है, जो सभी मौलिक परिवर्तन के दौर से गुजर रहे हैं। यह डिजिटलीकरण हमारी व्यवस्था में खामियों को दूर कर वितरण में अनियमितताओं को कम करता है और अर्थव्यवस्था के औपचारिकरण को सक्षम बनाता है। जीएसटी के लिए बढ़ता पंजीकरण और जीएसटी संग्रहण में वृद्धि इसकी सफलता को परिलक्षित करता है। व्यापक वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र में वित्तीय संस्थान और संगठन संभवतः भारतीय 'स्टैक' को सबसे अधिक मजबूती से अपनाने वाले रहे हैं जिससे वित्तीय समावेशन को बढ़ावा मिला है तथा वित्तीय उत्पादों को अपनाने हेतु सुगम बनाया है।

डिजिटलीकरण के बढ़ते अवसरों के जवाब में हम उद्यमों द्वारा विशेष रूप से बीटूसी डोमेन में डिजिटल प्लेटफार्म और 'अवसंरचना का भारतीय समूह' (स्टैक) का व्यापक उपयोग देखते हैं, जो भारत के नागरिकों को प्रदान किए गए व्यापक लाभों को रेखांकित करता है। वास्तव में डिजिटल के लिए सरकार का जोर इतना आकर्षक रहा है कि भारत में अगस्त 2023 के डिजिटल बिजनेस सर्वे में 25 प्रतिशत मध्यम बड़े उद्यमों ने माना कि डिजिटलीकरण की दिशा में सरकार का जोर उनके द्वारा डिजिटल व्यवसाय मॉडल को अपनाने के प्रमुख कारकों में से एक था। इंटरनेट वितरण केंद्र (आईडीसी) एक डिजिटल व्यवसाय को उस रूप में परिभाषित करता है, जहां मूल्य निर्माण डिजिटल प्रौद्योगिकियों के उपयोग पर आधारित होता है। इसमें कई पहलू शामिल हैं। जैसे आंतरिक और बाहरी प्रक्रियाएं, ग्राहकों, नागरिकों, आपूर्तिकर्ताओं और भागीदारों के साथ एक संगठन का जुड़ाव तथा कर्मचारियों को आकर्षित एवं प्रबंधित करना तथा उत्पाद सेवाएं और अनुभव प्रदान करना इत्यादि इसमें शामिल है।

आईडीसी के डिजिटल बिजनेस सर्वे से संकेत मिलता है कि आज एक तिहाई से अधिक भारतीय कंपनियों में सीईओ डिजिटल रणनीति को आगे बढ़ाते हैं। जबकि अन्य 25 प्रतिशत उद्यमों ने डिजिटल एजेंडा को आगे बढ़ाने के लिए पिछले दो वर्षों में मुख्य डिजिटल अधिकारी एवं मुख्य डेटा अधिकारी जैसे नए पद कायम किए हैं। उद्यमों को एहसास है कि डिजिटल व्यवसाय मॉडल, परिचालन क्षमता को आगे बढ़ाने, त्वरित निर्णय लेने तथा प्रतिस्पर्धा में आगे बने रहने में मदद करते हैं और सबसे महत्वपूर्ण रूप से ग्राहकों की अपेक्षाओं को पूरा करने में मदद करते हैं।

85 करोड़ इंटरनेट ग्राहकों 63 करोड़ से अधिक स्मार्टफोन उपयोगकर्ता सहित 1.1 अरब मोबाइल ग्राहकों के साथ 39.8 करोड़ सोशल मीडिया यूजर के साथ भारत में पहले से ही डिजिटल से जुड़ी आबादी है। यह आबादी डिजिटल -4 को अपना रही है। डिजिलॉकर के 13.7 करोड़ से अधिक उपयोगकर्ता हैं। यूपीआई के 30 करोड़ सक्रिय उपयोगकर्ता हैं और कोविन ने 1.1 अरब लोगों का पंजीकरण किया है। उद्यमों और उपभोक्ताओं द्वारा डिजिटल को सक्रिय रूप से अपनाने के साथ यह स्पष्ट है कि भारत का डिजिटल की ओर रुख वास्तविक अपरिवर्तनीय और व्यापक है।

## सोशल फोरम

# जलवायु संकट से युवाओं में हताशा


सुशोभित

एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय- जो इन दिनों दुनिया को मथ रहा है, लेकिन हिंदी के ग़ाफ़िल संसार में जिस पर कोई चर्चा नहीं हो रही है- यह है कि आसन्न जलवायु संकट को देखते हुए युवा जोड़ों- चाहे वे विवाहित हों या लिव-इन सहभागी- को संतान उत्पन्न करने का निर्णय लेना चाहिए या नहीं? क्योंकि वे अपने बच्चों को इस बात की गारंटी नहीं दे सकेंगे कि आने वाले 50 सालों में उन्हें जीवन-योग्य पर्यावरण मिल पाएगा।

पश्चिम में यह आंदोलन ज़ोर पकड़ चुका है। 'टाइम' पत्रिका ने हाल ही में इसको रिपोर्ट किया कि जलवायु संकट से युवाओं में हताशा घर कर गई है और वे अपने परिवार को बढ़ाना नहीं चाहते हैं। चीन और जापान के भी युवा संतानोत्पत्ति से कतराने लगे हैं। अगर आप इंगमार बर्गमान या आन्द्रे तारकोव्स्की का सिनेमा देखें तो पाएंगे कि 1960 और 70 के दशक में न्यूक्लियर-वॉर के ख़तरों के कारण भी ऐसी ही मनोदशा यूरोप के लोगों की निर्मित हो गई थी। बर्गमान की एक फिल्म ('वाइल्ड स्ट्रॉबेरीज़') की नायिका इसीलिए मां बनने से इनकार कर देती है। एक अन्य फिल्म ('विंटर लाइट') में एक पुरुष आसन्न सर्वनाश से अवसादग्रस्त होकर आत्महत्या कर लेता है। तारकोव्स्की की फिल्म 'द सैक्रिफ़ाइस' में नायक एटमी-सर्वनाश से अपने बच्चों को होने वाले कष्टों की कल्पना से पूरे समय सिहरता रहता है।

क्या आज जन्म लेने वाले बच्चे 70 वर्षों का अपना जीवनकाल उस तरह से पूरा करेंगे, जैसे हमारे पूर्वजों ने किया था और जैसे शायद हम- यानी उम्र की तीसरी या चौथी दहाई वाले लोग-करने जा रहे हैं- यह इस समय का सबसे बड़ा प्रश्न है।

कहीं ऐसा तो नहीं कि हमारे बच्चे आज से 50 साल बाद हमें कोसें कि हम पृथ्वी की जलवायु संकट संबंधी समस्याओं के बारे में जानते थे, अख़बारों में उस पर लेख आदि छपते थे, लेकिन इसके बावजूद हम उन्हें इस धरती पर लेकर आए और एक यंत्रणापूर्ण जीवन की विरासत सौंप गए? क्या वे अपने माता-पिता को जिम्मेदार अभिभावक समझेंगे?

-फेसबुक वॉल से

# इंदिरा गांधी से मतभेद के बाद विरोधी खेमे का नेतृत्व कर रहे थे मोरारजी भाई


गोपेश मोहन जसवाल
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

> 1971 के आम चुनाव से पहले मोरारजी भाई झांसी के सर्किट हाउस में ठहरे थे, जो कि हमारे बुंदेलखंड कॉलेज के बहुत नजदीक था। हम बीए द्वितीय वर्ष के आधा दर्जन छात्र उन्हें देखने सर्किट हाउस के गेट पर खड़े हो गए।

भारत रत्न मोरारजी देसाई भाई का जन्म 29 फरवरी, 1896 को हुआ था। मोरारजी भाई को पाकिस्तान के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'निशान-ए-पाकिस्तान' से भी विभूषित किया गया था। मोरारजी भाई अपने जीवन में कुल छब्बीस 29 फरवरी भी नहीं देख पाए कि भगवान को प्यारे हो गए। यह बात दूसरी है कि इस अल्पायु में उन्होंने कुल 99 वसंत अवश्य देख लिए थे। स्वमूत्र चिकित्सा के पक्षधर और भारत में 14 कैरेट के स्वर्णाभूषणों के जन्मदाता, भोजन में अन्न के त्यागी किंतु दूध, मेवे और फलों के अनुरागी, मोरारजी भाई अपनी हठवादिता और गांधीवादी उसूलों (अपने बेटे कांति भाई के कारनामों की अनदेखी करने की कमजोरी को छोड़कर) के लिए प्रसिद्ध हैं।

मोरारजी भाई जब वृहत्तर बंबई प्रांत के मुख्यमंत्री थे तो उनके पास सरकारी कर्मचारी वाहन भत्ते की मांग लेकर गए थे। मोरारजी भाई ने उन्हें टहल कर ऑफिस तक आने-जाने की सलाह दी। जब कर्मचारियों ने घर से ऑफिस की ज़्यादा दूरी का हवाला दिया तो उन्होंने कहा-'कार या मोटर साइकिल-स्कूटर के लिए तो वाहन भत्ता आपको नहीं मिलेगा पर मैं आप सबको सरकार की ओर से मुफ्त साइकिल दिला सकता हूं।' 1962 के भारत-चीन युद्ध के बाद हमारे देश की गिरती हुई अर्थव्यवस्था को सहारा देने की नाकाम कोशिश में मोरारजी भाई ने बदनाम-'गोल्ड कंट्रोल' की नीति लागू की थी। इसके अंतर्गत 22 कैरट के स्वर्ण आभूषणों की जगह 14 कैरट के बदसूरत स्वर्ण आभूषणों ने ले ली थी। हजारों सुनार इस नई अव्यावहारिक नीति के कारण बेरोजगार हो गए थे। उन दिनों हम लोग रायबरेली में रहा करते थे। रायबरेली के एक सुनार रामचंद्र स्वर्णकार का सुनारी का धंधा घाटे में चल रहा था। उसने अपना पुश्तैनी धंधा छोड़कर भुने चने का एक ठेला लगा लिया था। रामचंद्र स्वर्णकार के ठेले पर रखे हुए एक बड़े से बोर्ड पर मोटे-मोटे अक्षरों में उसका अपना नाम अंकित था और साथ में एक सूचना भी दी गई थी-'भुने चने मोरारजी देसाई की कृपा से बने।' 1964 में हमारे पिताजी ने हमारी बहनजी की शादी में मां के घोर विरोध के बावजूद उनके लिए फीकी आभा वाले 14 कैरट के कड़े बनवाए थे, जो कि बहनजी ने अपने जीवन में कभी पहने ही नहीं। इस काले कानून के रद्द किए जाने के बाद मां ने अपनी तरफ से सोना लगाकर बहनजी के इन 14 कैरट वाले कड़ों को 22 कैरट के कड़ों में बदलवाया था। गोल्ड कंट्रोल लागू किए जाने के दिन से मां की और बहन जी की नजरों में ही क्या, हमारी नजरों में भी, मोरारजी भाई खलनायक हो गए थे। 1969 में राष्ट्रपति के चुनाव में मतभेद के बाद मोरारजी भाई इंदिरा गाधी के विरोधी खेमे का नेतृत्व कर रहे थे।

1971 के आम चुनाव से पहले मोरारजी भाई झांसी के सर्किट हाउस में ठहरे थे, जो कि हमारे बुंदेलखंड कॉलेज के बहुत नजदीक था। हम बीए द्वितीय वर्ष के आधा दर्जन छात्र उन्हें देखने सर्किट हाउस के गेट पर खड़े हो गए। हमको देखकर दो आदमी हमारी तरफ लपके तो हम खिसकने लगे, पर यह क्या? उन दोनों ने प्यार से हमको रोका और फिर वो हमको लॉन में बैठे मोरारजी भाई से मिलाने के लिए ले गए। पांच मिनट की इस संक्षिप्त भेंट में मोरारजी भाई द्वारा विद्यार्थियों के नाम संदेश का एक हर्फ भी मुझको याद नहीं है, पर यह याद है कि उनके साथ हमने समोसे, मिठाई और चाय का रसास्वादन किया था। यह बात और है कि मोरारजी भाई का नमक खाकर भी हम कभी उनके सगे न हुए। 1977 से 1979 तक के काल में प्रधानमंत्री के रूप में मोरारजी भाई के ढाई साल बहुत उठा-पटक और रस्साकशी में बीते थे। उनकी परेशानी का सबसे बड़ा सबब थे-1977 के चुनाव में रायबरेली में इंदिरा गांधी को धूल चटाने वाले राज नारायण। वैसे तो अपने निजी जीवन में राजनारायण मोरारजी भाई की स्वमूत्र चिकित्सा के अनुयायी थे, किंतु अपने राजनीतिक जीवन में मोरारजी भाई के अनुशासन का उनमें नामो-निशान तक नहीं था।

राजनारायण ने चौधरी चरण सिंह के साथ मिलकर अपने आराध्य मोरारजी भाई को सिंहासन से उतरवा दिया था। मोरारजी भाई ने राजनीतिक संन्यास में लगभग 16 वर्ष बिताए थे। उनके जीवन में ही कई बार उनके स्वर्गवास का समाचार प्रसारित हुआ था। अंत में जीवन का शतक लगाने से दस महीने पहले ही 10 अप्रैल 1995 को मोरारजी भाई ने विद्यार्थीगण को और कर्मचारीगण को छुट्टी दिलाने के लिए अपनी पारी समाप्ति की घोषणा कर दी। अपनी सनक और अपनी जिद के बावजूद मोरारजी भाई को आज के नेताओं की तुलना में दूध का धुला कहा जा सकता है।

# नहीं मिली ट्यूशन से मुक्ति


अशोक मधुप
वरिष्ठ पत्रकार

केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के तहत सभी राज्यों में लागू कर दी। केंद्र सरकार नई शिक्षा नीति लागू करने के बाद भी छात्रों के बस्ते का बोझ कम नहीं कर सकी। शिक्षाविद और मनोवैज्ञानिक कई बार बस्तों के बोझ को लेकर चिंता जाहिर कर चुके हैं। हमारी पोती अमेरिका में पढ़ती है। कक्षा पांच तक उसे कोई किताब नहीं दी जाती। बस स्कूल में ही क्रिटीविटी सिखाई जाती है। कहानी की दो पुस्तकें घर जाकर पढ़ने को दी जाती हैं ताकि बच्चे की रीडिंग की आदत बढ़े।

भारत का कितना ही महंगा स्कूल हो, कक्षा पांच के बाद छात्र का ट्यूशन पढ़ना उसकी मजबूरी है। घर आकर होमवर्क में दो तीन घंटे लगाने के बाद प्रत्येक विषय के ट्यूशन के लिए उसे एक घंटा देना ही होता है। इस ट्यूशन में आने जाने में भी समय लगता है। पांच ट्यूशन हुए तो पांच घंटे ट्यूशन में लगेंगे। इस शिक्षा ने बच्चे को पढ़ाई के नाम पर मशीन बनाकर रख दिया। उससे बच्चे का मानसिक और शारीरिक विकास रूक गया। इसके लिए सोचने को न सरकार के पास समय है, न शिक्षाविदों के पास। देखने में आ रहा है कि कुछ अभिभावक आईएएस और आईपीएस बनाने की इच्छा और इरादा बच्चे पर लाद देते हैं। काफी बच्चे पढ़ाई का ये दबाव नहीं बर्दाश्त कर पाते। वे डिप्रेशन में चले जाते हैं। कुछ आत्महत्या तक कर लेते हैं।

ऐसे में सरकार को समान शिक्षा नीति बनाने पर भी सोचना होगा। सरकार को शिक्षा नीति में फिर से विचार करने की जरूरत है। जरूरत है ऐसी शिक्षा की जिसमें बच्चे का समुचित विकास हो। छात्र पर बस्ते का बोझ कम से कम हो। स्कूल से आने के बाद के घर पर बच्चे को ट्यूशन की जरूरत ही न महसूस हो।

# एक करोड़ की लागत से बनेगा नगर पालिका का नया भवन

## सभी वार्डों में होगी वाटर कूलर की व्यवस्था, पालिका बोर्ड बैठक में प्रस्ताव हुए मंजूर

कार्यालय संवाददाता, इटावा


बजट बैठक में उपस्थित चेयरमैन ज्योति गुप्ता एवं ईओ विनय मणि। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नगर पालिका बोर्ड की बजट बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए कुल एक लाख 10 हजार रुपये के अनुमानित घाटे के साथ बजट प्रस्तुत किया गया। इस बार बजट में बढ़ोतरी करते हुए कुल एक अरब 29 करोड़ 83 लाख रुपये से शहर क्षेत्र के विकास की रुपरेखा तय की गयी। अगले एक वर्ष में सर्वाधिक खर्च सड़क निर्माण, पेंचवर्क के साथ ही नये निर्माण आदि के लिए निर्धारित किया गया है। इनमें पालिका परिषद की ही नगर पालिका के नए भवन के निर्माण के लिए भी एक करोड़ रुपये की राशि सुनिश्चित की गई है।

गुरुवार को नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में अधिशासी अधिकारी विनय कुमार मणि त्रिपाठी की मौजूदगी में वरिष्ठ लेखाकार अवधेश कुमार तिवारी ने बोर्ड के बजट एजेंडे को प्रस्तुत किया। इस दौरान वित्तीय वर्ष 2022-23 में वास्तविक आय के रूप में 88 करोड़ 33 लाख 16427 रुपये के सापेक्ष 2023- 24 में अनुमानित आय के रूप में एक अरब 30 करोड़ 25 लाख 20 हजार की जानकारी उपलब्ध कराई गई। वहीं वास्तविक आय वित्तीय वर्ष 2023- 24 में एक अप्रैल 2023 से 31 जनवरी 2024 तक कुल 64 करोड़ 97 लाख 84740 की प्रदर्शित की गई। ऐसे में वित्तीय वर्ष 2024- 25 में कुल अनुमानित आय के लिए एक अरब 29 करोड़ 83 लाख 60 हजार रुपये का अनुमान लगाया गया। वहीं वित्तीय वर्ष 2022-23 में कुल वास्तविक व्यय 79 करोड़ 13 लाख 87976 के सापेक्ष वित्तीय वर्ष 2023-24 में 1 अप्रैल 2023 से 31 जनवरी 2024 तक कुल 58 करोड़ 96 लाख 51541 रुपए व्यय किया जा चुका है, जबकि वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए एक अरब 29 करोड़ 83 लाख रुपए का अनुमानित व्यय बजट रखा गया। ऐसे में पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 के अनुमानित घाटे 1 लाख 70 हजार की तुलना में इस बार वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल अनुमानित घाटा एक लाख दस हजार रहने की आशंका है। ध्वनि मत से बजट को बोर्ड ने स्वीकृत कर लिया।

कुछ सभासदों ने बजट एजेंडा बैठक में ही उपलब्ध कराए जाने, अन्य व विविध मद जैसी चीजों पर सवाल उठाए। जिस पर लेखाधिकारी व अधिशाषी अधिकारी ने स्पष्ट जवाब दिया।

अध्यक्ष ज्योति गुप्ता ने सभासदों को आश्वस्त किया कि आचार संहिता से पहले ही वाटर कूलर की व्यवस्था सभी वार्डों में की जाएगी। इसके अलावा नगर पालिका का नया भवन भी इसी परिसर में पीछे की ओर खाली जमीन पर बनाया जाएगा। इसके लिए एक करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है जबकि कुल 14 करोड़ रुपये से पुराने कट्ठी खाने की जमीन पर बनने वाले पार्क के लिए डीपीआर शासन को भेजा गया है।

## प्रधान, सचिव को दिया गया प्रशिक्षण

**इटावा।** पंचायती राज विभाग द्वारा राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत विकास खंड सैफई एवं बढ़पुरा के ग्राम प्रधान, सचिव व पंचायत सहायकों का दो दिवसीय तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का शुभारंभ जिला परियोजना प्रबंधक दीपक कुमार ने किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान ई ग्राम स्वराज, पीएफएमएस, पंचायत गेटवे, जेम पोर्टल आदि की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान पंचायती राज विभाग के डीपीएम दीपक कुमार एवं प्रशिक्षण प्रदाता श्रीट्रान इंडिया लिमिटेड के जिला समन्वयक पवन सिंह, आदर्श सिंह, ट्रेनर कुश पाठक, बृजकिशोर सिंह आदि मौजूद रहे।

## विद्यार्थियों को पुरस्कार में मिलीं साइकिलें

संवाददाता जसवंतनगर, इटावा


बच्चों को पुरस्कार में दी गईं साइकिलों के साथ अतिथि। अमृत विचार

- नगर के बाइटेंड पब्लिक स्कूल में हुआ कार्यक्रम

**अमृत विचार।** नगर के कोठी केस्त स्थित ब्राइटेंड पब्लिक स्कूल में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि स्वाति गुप्ता, सुमंत पुरवार, आईसीआईसीआईआई बैंक मैनेजर डॉ सुनील कुमार, आनंद स्वरूप वर्मा ने किया। प्रतियोगिता में बच्चों ने एक से बढ़कर विज्ञान के मॉडल प्रस्तुत किये साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति से सभी का मन मोहा। प्रथम स्थान प्राप्त करने पर आदित्य चौधरी कक्षा 6, सृष्टि कक्षा 8, हिमदीक्षा कक्षा 4 को साइकिल व द्वितीय स्थान प्राप्त अमित यादव कक्षा 8, अमन शाक्य कक्षा 8 को स्मार्ट घड़ी जबकि तृतीय श्रेणी पर काबिज 15 स्कूली बच्चों को स्कूल वैग मुख्य अतिथि द्वारा वितरित किये गये। प्रबंधक सुरेंद्र धनकर और प्रधानाचार्य संघ प्रिय गौतम ने सभी अतिथियों को सम्मानित किया।कार्यक्रम में अनुभव यादव, आशीष गुप्ता, युवराज, विकास शैलेन्द, सौदान पाल, आकांक्षा यादव, आशा, संगीता चौरसीया, लवली यादव, प्रियंका उपाध्याय, कविता महेरे, प्रिया चौहान, निकेता चौहान, काजल शाक्या, शिफा आदि उपस्थित रहे।

## स्कूलों में बनेगी बाल संसद, कायाकल्प का काम होगा पूरा

- निपुण भारत कार्यक्रम की बैठक में सीडीओ ने की समीक्षा

**इटावा।** बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों में बच्चों की संसद बनेगी, इसे बाल संसद का नाम दिया जाएगा। इसमें छात्रों को जिम्मेदारी सौंपी जाएगी और छात्र अपनी जिम्मेदारी के अनुरुप कार्य करेंगे। यह निर्देश मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम ने दिए। गुरुवार को विकास भवन के सभागार में बेसिक शिक्षा विभाग की निपुण भारत योजना के तहत समीक्षा बैठक सीडीओ अजय कुमार गौतम की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में श्री गौतम ने कहा कि बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों में बाल संसद का गठन किया जाए। यह छात्र छात्राओं की संसद होगी। इसमें छात्रों को विभिन्न दायित्व सौंपे जाएं और छात्र अपने सौंपे गए दायित्व के अनुसार कार्य करें। इससे छात्रों को जिम्मेदारी मिलेगी और कामकाज करने का तरीका सीखेंगे। इसी संसद के पद के अनुरुप छात्र व्यवस्थाएं संभाले। बैठक में सीडीओ ने यह निर्देश भी दिए कि स्कूलों में कायाकल्प योजना का काम तेज गति से कराया जाए। उन्होने कहा कि 31 मार्च तक इस योजना का काम पूरा कर लिया जाए। सीडीओ ने शहरी क्षेत्र में न गर पालिकाओं के अधिशाषी अधिकारी से कायाकल्प का काम जल्द पूरा कराने के लिए कहा। उन्होने डीपीआरओ से कहा कि ग्रामीण क्षेत्र स्कूलों में कायाकल्प का काम तेजी से पूरा कराएं। इस बैठक में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा. राजेश कुमार, डीपीआरओ बनवारी सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी सूरज सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी सीमा त्रिपाठी, जिला समन्वयक बेसिक शिक्षा मनोज धाकरे, ज्ञानेन्द्र सिंह मौजूद रहे।

## नए अध्यक्ष व संचालकों को दिलाई गई शपथ

संवाददाता इकदिल, इटावा

- साधन सहकारी समिति के परिसर में हुआ कार्यक्रम

**अमृत विचार।** कस्बा में साधन सहकारी समिति के नव निर्वाचित अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के अलावा संचालक मंडल का शपथ गृहण समारोह संपंन हुआ। अध्यक्ष व उपाध्यक्ष को सचिव प्रमोद कुमार चतुर्वेदी ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके अलावा संचालको को अध्यक्ष ने शपथ दिलाई। सहकारी समिति के परिसर में नव निर्वाचित अध्यक्ष प्रदीप कुमार सोनी उर्फ भूरे सोनी व उपाध्यक्ष राजेशयादव को सचिव प्रमोद कुमार चतुर्वेदी ने शपथ दिलाई व संचालक सुनील कुमार टंडन ,उत्तम राजपूत ,प्रेमनारायण त्रिपाठी ,गीता देवी अंजनी मिश्रा व रामस्वरूप दिवाकर को समिति के अध्यक्ष ने शपथ दिलाई । नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने कहा कि किसानों का विकास सहकारिता के द्वारा ही हो सकता है। इसके लिए मिलकर प्रयास करना होगा। इस मौके पर रविंद्र नाथ भटेले कोऑपरेटिव बैंक के मैनेजर सुनील मिश्रा दीपक गोयल प्रताप राजपूत रंजीत राठौर पूनम टंडन आदि ने किसानों के लिए इसके उद्देश्य पर विस्तृत जानकारी दी। सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों को बेहतर बीज, खाद मिल सके।

## दिवंगत अधिवक्ता को दी श्रद्धांजलि

**इटावा।** डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन इटावा के बयोवृद्ध वरिष्ठ अधिवक्ता पं गोपाल मोहन तिवारी एडवोकेट का लंबी बीमारी के चलते आकस्मिक निधन हो गया। सभी अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहे। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन हॉल में शोक सभा हुई। जिसकी अध्यक्षता डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बृजेश कुमार दुबे ने की। सभी अधिवक्ताओं ने भावभीनी श्रद्धांजलि दी। शोक सभा में रमेश चन्द्र यादव, अवधेश दीक्षित भ्रमर, फेरी सिंह, अवनीश यादव, सतेन्द्र यादव, गिरन्द सिंह राठौर, अजय द्विवेदी, राजीव दुबे, मैराजअला खान, मीडिया प्रभारी विवेक द्विवेदी, पदमा मिश्रा, राघवेन्द्र त्रिपाठी, देवेन्द्रमणि द्विवेदी आदि मौजूद थे।

## किसी विषय को तार्किक ढंग से समझाना ही विज्ञान है

कार्यालय संवाददाता, इटावा


विज्ञान के बारे में जानकारी देते ब्रजेश दीक्षित एवं कैलाश चंद्र यादव। अमृत विचार

- पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल में हुआ कार्यक्रम

**अमृत विचार।** पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल में विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पधारे बृजेश दीक्षित ने विज्ञान के अपने अनुभवों को छात्र-छात्राओं से साझा करते हुए विज्ञान के चमत्कार के बारे में बताया। इस अवसर पर साइंस कॉन्सेप्ट क्लासेस के आनंद मित्तल ने भी अपने अनुभव बच्चों को बताए। विज्ञान विषय से प्रेम करने और चीजों को तार्किक ढंग से समझने की बात कही। भारत विकास परिषद से अत्रि दीक्षित ने भी इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त किए ।

प्रबंधक कैलाश चंद्र यादव ने बताया कि समाज में जागरूकता लाने और वैज्ञानिक सोच पैदा करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तत्वावधान में हर साल विज्ञान दिवस मनाया जाता है । उन्होंने कहा कि विद्यालय छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पित है । इसी कड़ी में इस प्रकार के आयोजनों को करके छात्र-छात्राओं की विषय में रुचि एवं मनोबल को बढ़ाने का कार्य किया जाता है । वह अपने विषय में पारंगत होकर के कुछ नए कारनामे करने का काम करें।

### शिक्षा के क्षेत्र में वैज्ञानिक तकनीकी का प्रयोग लाभदायक

**इटावा।** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में अर्चना मेमोरियल इंटर कॉलेज में विज्ञान और कला प्रदर्शनी लगायी गई। प्रदर्शनी का उदघाटन जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार, विज्ञान क्लब के समवयक डा मुकेश यादव, इंजीनियरिंग कॉलेज के पूर्व डीन डॉ देवेंद्र, नेचर कंजरवेटिव सोसायटी के अध्यक्ष डॉ. राजीव चौहान, सर्प मित्र डॉ आशीष त्रिपाठी, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की प्रवक्ता राखी सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। डीआईओएस मनोज कुमार ने विज्ञान की नई खोज के बारे में बताया तथा नये आविष्कार से संबंधित माडल बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। विद्यालय के प्रबंधक विवेक यादव ने बच्चों को विज्ञान का सदुपयोग करने तथा आज के समय में नए नए अविष्कारों को समाज की समृद्धि एवं देश के विकास में उपयोग का सही उपयोग करने का संदेश दिया। प्रधानाचार्या असरा अहमद ने बच्चों को विज्ञान के क्षेत्र के साथ साथ अन्य विषयों के महत्व के बारे में अवगत कराया। संचालन मो. फैजान खान ने किया। इस मौके पर राधेश्याम, मो. ताजीम, पीआर श्रीवास्तव, अमिता मिश्रा, उत्कर्ष दीक्षित, नेहा, प्रशान्त आदि मौजूद थे।


प्रदर्शनी को देखते डीआईओएस मनोज कुमार एवं अन्य।

## जनता कालेज में खुली प्रदेश की पहली स्नेक बाइट हेल्पडेस्क

कार्यालय संवाददाता, इटावा


स्नेक बाइट हेल्प डेस्क के शुभारंभ पर मौजूद डा सूर्यकांत एवं डा आरके त्रिपाठी। अमृत विचार

- सरकार ने सर्पदंश को राज्य आपदा घोषित कर रखा है

**अमृत विचार।** वर्तमान समय में भारत विश्व भर में सर्पदंश से प्रभावित एक देश है। हर वर्ष हजारों लोगों की जान सर्पदंश के कारण सही समय पर सही इलाज न मिलने पर चली जाती है। वर्तमान योगी आदित्यनाथ सरकार ने भी अब सर्पदंश को राज्य आपदा घोषित कर दिया है। अक्सर पीड़ित की सही समय के अंदर इलाज (एंटीवेनम) न मिल पाने से हालत बिगड़ जाती है। एक घंटे में अस्पताल पहुंचने की जगह रोगी का अमूल्य समय झाड़ फूंक कराने में ही व्यर्थ हो जाता है। समाज के इसी अंधविश्वास को दूर करने के साथ साथ सर्पदंश के पीड़ित को जल्द से जल्द अस्पताल पहुंचाने के उद्देश्य से इस विशेष स्नेक बाइटहेल्पडेस्क की स्थापना जनता कालेज बकेवर के परिसर में की गई है। इसका शुभारंभ पर्यावरण एवं वन्यजीव संरक्षण के लिए समर्पित संस्था ओशन एवं मिशन स्नेक बाइट डेथ फ्री इंडिया यूपी के सहयोग से किंग जार्ज मेडिकल कालेज लखनऊ के रेस्पिरेट्री मेडिसिन विभाग के विभागाध्यक्ष सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ सूर्य कांत ने किया।

इस अवसर पर डॉ सूर्य कान्त ने कहा कि, इस क्षेत्र की शैक्षिक धरोहर एवम ऐतिहासिक संस्था रहे जनता कालेज बकेवर के इस सर्पदंश सहायता हेल्पडेस्क के माध्यम से आम जनमानस में सर्पदंश के सही उपचार की जानकारी पहुंचायी जा सकेगी। वन्यजीव विशेषज्ञ सर्पमित्र डॉ आशीष त्रिपाठी को भविष्य में हेल्पडेस्क के सफल संचालन के लिए अपनी हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि,वे भी इस सर्पदंश सहायता पटल को अपना सहयोग देते रहेंगे। इस अवसर पर कालेज के प्रबंधक/सेक्रेटरी अरविंद कुमार मिश्रा ने कहा कि विशेष सर्पदंश सहायता पटल के शुरू करने का प्रयास भी उसी जनसेवा की भावना की हमारी प्रतिज्ञा का एक अंश मात्र ही है। प्राचार्य डॉ आर के त्रिपाठी ने कहा कि, इस हेल्पडेस्क के संचालन से क्षेत्रीय ग्रामीणों को समय समय पर सर्पदंश उपचार से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारीयां सहायता पटल के हेल्पलाइन नम्बर 7017204213 से मिलती रहेगी।

स्नेकबाइट हेल्पडेस्क के शुभारंभ के इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ सूर्य कान्त, उनकी धर्मपत्नी प्रीतिकान्त विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे में केलिफोर्निया मेडिकल यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर डॉ विपिन चतुर्वेदी उनकी धर्मपत्नी डॉ नीरजा चतुर्वेदी, डॉ वरुन चतुर्वेदी,सेक्रेटरी, जनता कालेज बकेवर अरविंद कुमार मिश्र,प्राचार्य डॉ आर के त्रिपाठी, प्रगतिशील किसान अमर सिंह, जन्तु विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ ललित गुप्ता,अरविंद चौधरी,सर्पदंश सहायता पटल के सहायक प्रभारी श्याम बाबू मिश्रा सहित प्रोफेसर डॉ ए के पाण्डेय, डॉ पी के राजपूत,डॉ एम पी यादव,डॉ एम पी सिंह,डॉ धर्मेंद्र कुमार,डॉ अभिषेक सिंह, डॉ आदित्य कुमार,कुलदीप अवस्थी आदि मौजूद रहे।

## कच्ची शराब के साथ युवक हुआ गिरफ्तार

**सैफई, इटावा।** वैदपुरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत कुंजपुरा रोड पर रजमऊ गांव के समीप गुरुवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर पांच लीटर कच्ची शराब बरामद की।

वैदपुरा थाना प्रभारी समित चौधरी ने बताया गुरुवार सुबह मुखबिर कि सूचना पर कुंजपुरा रोड रजमऊ गांव समीप एक युवक प्लास्टिक की कट्टी में कच्ची शराब लेकर जा रहा था तत्काल प्रभाव से उप निरीक्षक बृजेश कुमार को पुलिस टीम के भेजा गया तो युवक पुलिस को देखकर के भागने लगा तलाशी लेने पर युवक के पास से एक प्लास्टिक की पांच लीटर की कट्टी बरामद हुई कट्टी में कच्ची शराब भरी हुई थी। नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम राजेश पुत्र सूबेदार निवासी रजमऊ बताया आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## बंदरों ने छत से गिराई ईंट, किसान की मौत

**बसरेहर, इटावा ।** कस्बा में बंदरों की धमाचौकड़ी से आए दिन हादसे हो रहे हैं। प्रशासन इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। कस्बा में रहने किसान राकेश कुमार यादव 55 वर्ष अपने घर में काम कर रहे थे। पड़ोस में भाई रानी यादव के मकान की छत पर बंदरों का झुंड आपस में उत्पात मचाने लगे, इस दौरान बंदरों की टक्कर से छत पर बनी बाउंड्री वॉल से गिरी ईंट राकेश के सिर पर लगी। ईंट का प्रहार इतना जबरदस्त था कि नाक कान से खून बहने लगा। उन्हें सीएचसी बसरेहर ले जाया गया जहां से डाक्टरों ने सैफई रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**
मेरा नाम SATYA WATI सर्विस रिकार्ड में गलत लिख गया है। सही नाम SATYA VATI W/O Late Shiv Bahadur Singh निवासी ग्राम मझिगवां करन, पोस्ट चौहनिया थाना हरचंदपुर, जिला रायबरेली 229303 होना चाहिए।

**सूचना**
सूचित हो कि मेरे मुंशी व कामिल की मार्कशीट मदरसा शिक्षा परिषद लखनऊ में मुंशी का रोल न. 841/1998 व कामिल का रोल न. 3078/2006 है। वास्तव में कही खो गई है। मो. सलीम पुत्र मेहंदी लाल निवासी बनबीर पुर पो. सदरपुर तहसील महमूदाबाद जिला सीतापुर।

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि वैभव दीक्षित पुत्र विष्णु कुमार दीक्षित निवासी कितूली थाना जगतपुर मै प्रयागराज अपने निजी कार्य से गया हुआ था। तभी बस में मेरा बैग छूट गया जिसमें मेरे हाई स्कूल की अंक पत्र सन 2020 अनुक्रमांक 1213345 कहीं वास्तव में खो गया है।

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मैं वैभव दीक्षित पुत्र विष्णु कुमार दीक्षित निवासी कितूली थाना जगतपुर मै प्रयागराज अपने निजी कार्य से गया हुआ था। तभी बस में मेरा बैग छूट गया जिसमें मेरे इंटरमीडिएट की अंक पत्र सन 2022 अनुक्रमांक 2225902575 वास्तव में कहीं खो गया है

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपने पुत्र अंकित पाल को उसके गलत कृत्यों से परेशान होकर अपनी व अपने पूर्वजों की समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं और भविष्य में उनके द्वारा किए गए कृत्यों के लिए स्वंय जिम्मेदार होगा मुझसे व मेरे अन्य परिवार वालों से कोई वास्ता सरोकार नहीं होगा। अशोक कुमार पुत्र कढ़ीलेराम निवासी ग्राम गदियाखेड़ा मव तिलन मलिहाबाद लखनऊ। हाल पता मोहन रोड बुद्धेश्वर काकोरी लखनऊ। मो न व 8573926290

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मुझे ओमप्रकाश गुप्ता व घनश्याम गुप्ता दोनों ही नामों से जाना व पहचाना जाता है। ये दोनों ही नाम मेरे हैं। ओमप्रकाश गुप्ता पुत्र विश्वनाथ गुप्ता निवासी–रमईपुर कलां, पोस्ट–सरेनी, तहसील–लालगंज, जनपद–रायबरेली।

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मैं जन्मेजय बुधौलिया पिता का नाम विनोद कुमार तथा माता का नाम वंदना है। मेरे हाई स्कूल अंक पत्र में माता पिता का यही नाम दर्ज है। मेरे इंटर के अंक पत्र में माता का नाम वंदना बुधौलिया पिता का नाम विनोद बुधौलिया कर दिया है। दोनो नाम मेरे माता पिता के है।माता का नाम वंदना पिता का नाम विनोद कुमार के नाम से जाना जाए। जन्मेजय बुधौलिया समदनगर महोबा।

**सूचना**
सूचित हो कि मेरे समस्त मूल प्रमाण पत्र व बी यू एम एस की डिग्री वास्तव में कही खो गई है। डॉ0 शबनम परवीन पत्नी अहसान पुत्री कत जमील अहमद निवासनी सी 2483 मिनी एल आई जी राजाजीपुरम थाना तालकटोरा जिला लखनऊ।

आयोजन

**कांग्रेस की महिला जिला अध्यक्ष बोलीं–भाजपा सरकार महिला सुरक्षा के प्रति गंभीर नहीं**

## महिला अत्याचार के खिलाफ संघर्ष करेंगे

कार्यालय संवाददाता, इटावा


पत्रकारों से बातचीत करतीं सुनीता कुशवाहा व सरला जाटव। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कांग्रेस की नवनियुक्त महिला जिला अध्यक्ष सुनीता कुशवाहा शहर अध्यक्ष सरला जाटव ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने उन्हे बड़ी जिम्मेदारी दी है। उसे पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ निभाने का काम करेंगे। इटावा में महिलाओं पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ लड़ाई लड़ने का काम हम सभी मिलकर करेंगे।

कांग्रेस की महिला नेताओं ने कहा की उत्तर प्रदेश की सरकार महिला सुरक्षा को लेकर बड़े दावे करती है लेकिन राष्ट्रीय महिला सुरक्षा आयोग के आंकड़ों ने योगी सरकार के दावों की पोल खोल कर रख दी है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की रिपोर्ट के अनुसार उत्तर प्रदेश में महिलाओं पर सबसे अधिक अत्याचार हुए हैं। बलात्कार के मामले में उत्तर प्रदेश देश के प्रथम स्थान पर है रेप के बाद हत्या गैंगरेप,दहेज हत्या और महिला अपहरण के मामले में उत्तर प्रदेश देश प्रथम स्थान पर है। उन्होंने कहा बनारस में बी एच यू की छात्रा के साथ भाजपा के आईटी सेल के पदाधिकारी ने रेप किया गया। उन्हें 3 महीने तक गिरफ्तार नहीं किया गया क्योंकि आरोपी भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी थे। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि महिला हो रहे अपराधों को लेकर भाजपा सरकार कितनी संवेदनशील है।

जिला अध्यक्ष मलखान सिंह यादव, शहर अध्यक्ष पल्लव दुबे, मोहम्मद राशिद खान, कोमल सिंह कुशवाहा, आलोक यादव, संजय दोहरे, आसिफ जादरान, सरवर अली, सुरेंद्र प्रताप सिंह,सत्य प्रकाश राजपूत,विष्णु कांत मिश्रा, महेश कटारे, यासमीन बेगम,श्याम सिंह कुशवाहा,मिथलेश संखवार,विमला प्रजापति, अंजू वर्मा मौजूद रहे।

## छात्र लापता, तीन दिन बाद भी कोई सुराग नहीं

संवाददाता बकेवर, इटावा

- 19 हजार रुपये फोनपे में डलवाने के बाद से लापता हुआ 16 वर्षीय छात्र

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के लखना कस्बा के मोहल्ला कहारन से तीन दिन पूर्व इंटरमीडिएट का 16 वर्षीय छात्र जनसेवा केंद्र से 19 हजार रुपये फोनपे में डलवा लेने के बाद से लापता हो गया। परिजनों ने उसकी खोजबीन की, लेकिन अभी तक उसका कोई पता नहीं चल सका है। परिजनों ने पुलिस की तहरीर देकर छात्र का पता लगाने की गुहार लगाई है।

लखना कस्बा कहारन मोहल्ला निवासी संदीप कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 27 फरवरी 2024 मंगलवार को करीब चार बजे से उसका पुत्र हिमांशु लापता है। वह जनता इंटर कॉलेज में कक्षा 12 का छात्र जिसके बोर्ड परीक्षा चल रही हैं।लखना कस्बा चकरनगर रोड पर स्थित एक जनसेवा केंद्र का संचालक मंगलवार को पांच बजे उनके घर आए और कहा कि हिमांशु फोनपे में 19000 रुपये डलवाकर बगैर रुपये दिए चला गया है। उसके बाद से छात्र लापता है। पिता संदीप कुमार ने उसकी हत्या की आशंका व्यक्त की है। छात्र के पिता ने गुरुवार को थाने पहुंचकर उसकी बरामदगी की गुहार लगाई है। बकेवर पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर छात्र की तलाश शुरू कर दी है।

# 4 साल पहले घोषित हुआ औद्योगिक क्षेत्र, नहीं लगे उद्योग

**05** राजस्व गांव को मिलाकर शासन ने घोषित किया था औद्योगिक क्षेत्र–मूलभूत सुविधाएं भी नहीं मिल सकीं

संवाददाता, कंचौसी, औरैया




न्यू कंचौसी का स्टेशन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** आजादी के लंबे अंतराल के बाद भी कानपुर देहात व औरैया जनपदों की सीमा पर बसा कंचौसी प्रदेश व देश की विकास रफ्तार से अभी कोसों दूर है। जहां जनता के मूलभूत साधनों के लाले हैं। आज जब कंचौसी कानपुर देहात नगर पंचायत का हिस्सा बन गया है। जिसका बड़ा भाग पहले से न्यू कंचौसी रेलवे स्टेशन जो बान परजनी गांव के मध्य नया बना डीएफसी का स्टेशन है। उसी नाम से राज्य सरकार द्वारा औद्योगिक क्षेत्र नगर पंचायत बनने से पहले सरकरी अभिलेखो में बना दिया गया था। लेकिन, आज भी यह क्षेत्र गांव है और यहां के वाशिंदे ग्रामीण परिवेश में मेहनत मजदूरी कर गुजर बसर कर रहे हैं। आज तक यहां कोई उद्योग धंधे की शुरुआत तक नहीं हुई है। इसके लिए यहां की जनता दोषी नहीं है।

दोष केवल सरकारी तंत्र व जनता द्वारा चुने गये विधायक, सासंद व अन्य जन प्रतिनिधियों का है, जो इलाके के इस पिछडेपन को दूर करने में या तो ध्यान नहीं दे रहे हैं या उदासीन है। कंचौसी बान बाजार रानेपुर, रसूलाबाद, जिस्टामऊ, सड़रामऊ, पुरवा, हुलासी, धौकलपुरवा आदि गांव उसकी लगभग 5 हजार एकड भूमि इस औद्योगिक गलियारे में विकसित होना है। दिल्ली हावड़ा डीएफसी रेल ट्रेक के दोनों तरफ यह उद्योग फैलेंगे जहां सरकारी और निजी छोटे बडे कई उद्योग लगाने की योजना है, जिस पर चार सौ करोड़ रुपए से अधिक खर्च होगा, लेकिन कब इसका अभी कोई निश्चित समय नहीं है।

जब कि भूमि की मालियत अधिक होने से बिक्री खरीद पर स्टांप ड्यूटी औद्योगिक क्षेत्र की बसूली जा रही है, जो कम आय के लोगों के लिए मुशीबत है। जिससे भूमि, प्लाट, मकान खरीदने से पहले लिखा-पढ़ी कराने के लिए बीस बार सोचना पड़ता है। यदि इस औद्योगिक क्षेत्र में उद्योग-धंधे, कल कारखाने स्थापित हो जाएं तो लाखों लोगों को रोजगार मिलने की सुविधा से इनकार नहीं किया जा सकता है। निश्चित तौर पर युवाओं की बेरोजगारी भी खत्म होगी और जिले में विकास की गंगा भी बहती हुई दिखाई देगी। ऐसी स्थिति में शासन और प्रशासन को जनहित में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देते हुए श्रेय लेने की महती आवश्यकता है। जनता जनार्दन प्लास्टिक सिटी जैसे उद्योगों में विकास की गंगा बहती देखना चाहती है, जनहित का कार्य होते ही जनपद की जनता शासन व प्रशासन की प्रशंसा करते थकते प्रतीत नहीं होगी।



क्रासिंग पर लगा जाम। अमृत विचार

# जाम से 5 मिनट रुकी वंदे भारत एक्सप्रेस

संवाददाता, अछल्दा, औरैया

- तीन घंटे तक जाम से जूझते रहे वाहन चालक
- जाम के कारण फाटक बंद न होने से रोकनी पड़ी ट्रेन

**अमृत विचार।** बड़े वाहनों की कस्बे में नो एंट्री होने के बावजूद भी जाम थमने का नाम नहीं ले रहा है। जाम के कारण बुधवार शाम को 13 बी क्रॉसिंग बंद नहीं हो पाने से वंदे भारत एक्सप्रेस को पांच मिनट आउटर पर खड़ा रहना पड़ा। इस दौरान करीब तीन घंटे तक लोगों को जाम का सामना करना पड़ा। बुधवार की रात 7 बजकर 25 मिनट पर जाम ज्यादा होने से कानपुर से इटावा की तरफ जा रही बन्दे भारत आउटर पर खड़ी रही। क्रॉसिंग बंद हुई उनके बाद ट्रेन रवाना हुई।

## एक नजर

### पुलिस ने लिया बूथों का जायजा

**अछल्दा।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर थाना प्रभारी भूपेंद्र राठी ने पुलिस बल के साथ ब्लॉक क्षेत्र में पड़ने वाले मतों को लेकर मतदान स्थलों का निरीक्षण किया। वहीं, पैरामिलिट्री फोर्स के रुकने के लिए ब्लॉक क्षेत्र के योगिराज श्रीकृष्ण महाविद्यालय, मुलायम सिंह बालिका इंटर कॉलेज, आदर्श इंटर कॉलेज का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। कहा कि फोर्स की रुकने में कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए।

### अग्निशमन केंद्र का हुआ वर्चुअल लोकार्पण

**औरैया।** गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा जिले के बिधूना स्थित नवीन अग्निशमन केंद्र का वर्चुअल लोकार्पण किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक चारु निगम, जिला पंचायत अध्यक्ष कमल दोहरे समेत अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### वांछित के गांव में मुनादी की

**अजीतमल औरैया।** अजीतमल कोतवाली क्षेत्र के मुरादगंज चौकी निवासी रहमान पुत्र इकवाल दलेलनगर कोतवाली अजीतमल में गैंगस्टर एक्ट में वांछित है। गुरुवार को उसके घर कोतवाली प्रभारी राजकुमार ने मय पुलिस फोर्स मुनादी कराई गई। क्षेत्रवासियों को सूचित किया गया कि कोई भी व्यक्ति यदि गैंगस्टर वांछित को शरण देगा तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# हर मंडल पर कमल का फूल होगा प्रत्याशी

## भाजपा के इटावा लोकसभा प्रभारी नीरज चतुर्वेदी ने जिलाध्यक्ष के साथ मंडल अध्यक्षों के घर जाकर की वार्ता

कार्यालय संवाददाता, औरैया



बैठक के दौरान जानकारी देते भाजपाई। अमृत विचार



बैठक के दौरान चर्चा करते पदाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** इटावा लोकसभा चुनाव के प्रभारी एवं पूर्व विधायक नीरज चतुर्वेदी ने लोकसभा संयोजक रजनीश पांडेय, भाजपा जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता के साथ दिबियापुर और औरैया के सभी मंडल अध्यक्षों के आवास पर जाकर इटावा लोकसभा सीट के कार्यकर्ताओं को चुनाव जीतने के गुरु मंत्र दिए। उन्होंने कहा कि आज हर कोई यह जानने में जुटा है कि लोकसभा सीट पर प्रत्याशी कौन होगा। कमल का फूल ही हर मंडल पर अपना प्रत्याशी है। मुख्यमंत्री ने नारा दिया... यही समय है सही समय है, आपकी बार 400 पार। इसको ध्यान में रखकर चुनावी मैदान में उतर जाएं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाकर देश को मजबूत करें। उन्होंने दिबियापुर विधानसभा क्षेत्र के दिबियापुर, फफूंद ,बल्लापुर, अछल्दा व औरैया विधानसभा क्षेत्र के औरैया नगर, औरैया देहात, मुरादगंज, अजीतमल मंडल अध्यक्ष के साथ उनके आवास पर मंडल पदाधिकारियों के साथ मंडल क्षेत्र की जानकारी ली। लोकसभा प्रभारी नीरज चतुर्वेदी ने कहा कि इस बार हमें जीत का दायरा बढ़ाना है। इसके लिए मंडल अध्यक्ष,मंडल प्रभारी मंडल टीम के साथ कार्ययोजना बनाएं। मंडल कार्यकर्ताओं से कहा कि जनता के बीच जाएं और मोदी की गारंटी की बात करें। इस बार 370 भाजपा व 400 एनडीए पार ले जाने की हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि इटावा लोकसभा क्षेत्र के दो विधानसभा औरैया , दिबियापुर विधानसभा सीटें आती हैं। इन सीटों की जिम्मेदारी मुझे दी गई है। इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब तीसरी बार जीत की माला पहनें तो इस माला में इटावा लोकसभा सीट का कमल का फूल जरूर हो। यह सब आसानी से हासिल किया जा सकता है। बस आपको मेहनत से जुटने की जरुरत है। इस अवसर पर पूर्व राज्यमंत्री लाखन सिंह राजपूत, लोकसभा विस्तारक अतुल मिश्रा, लोकसभा क्षेत्र के सह संयोजक राकेश पाल, दिबियापुर विधानसभा प्रभारी महेन्द्र मिश्रा, औरैया विधानसभा प्रभारी शिववीर सिंह भदौरिया, पूर्व जिलाध्यक्ष श्रीराम मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### फफूंद मंडल अध्यक्ष के घर किया प्रवास

**फफूंद, औरैया।** भाजपा मंडल फफूंद के अध्यक्ष गोविंद मिश्रा के आवास पर भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा प्रभारी नीरज चतुर्वेदी एवं लोकसभा विस्तारक अतुल मिश्रा ने मंडल के पदाधिकारी का स्वागत किया। लोकसभा इटावा के प्रभारी नीरज चतुर्वेदी ने कहा कि अबकी बार 400 पार करेंगे। कहा कि आज से ही सभी पदाधिकारी तन मन से अपने अपने बूथों एवं सेक्टर में केंद्र सरकार व प्रदेश सरकार की लाभकारी योजनाओं को बताकर भारतीय जनता पार्टी के लिए वोट मांगना प्रारंभ कर दें। इसके बाद लोकसभा विस्तारक अतुल मिश्रा एवं विधानसभा संयोजक महेंद्र नाथ मिश्रा तथा जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता ने भी बूथ अध्यक्षों एवं सेक्टर प्रभारी से लोकसभा चुनाव के लिए जुट जाने के लिए कहा है। इस मौके पर प्रेम कुमार गुप्ता, जिला मंत्री कौशल राजपूत, कंचन श्रीवास्तव, मिथिलेश राजपूत, श्याम महेश मिश्रा, आशाराम सिंह, राजवर्धन सिंह आदि मौजूद रहे।

# बहन की हत्या कर पुलिस से बोला, फांसी लगाई

संवाददाता, बिधूना, औरैया

- पति के साथ नहीं रहने से था नाराज, शादी के बाद किसी और के साथ रह रही थी बहन

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के गांव बड़े पुर्वा में शादी के बाद किसी और के साथ रहने व पति के साथ न जाने से नाराज एक भाई ने अपनी सगी बहन का गला दबाकर हत्या कर दी। घटना की जानकारी होते ही पुलिस अधीक्षक चारू निगम सहित पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची, भाई को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

पुलिस के अनुसार गांव बड़े पुर्वा निवासी गौरव दोहरे पुत्र जगजीवन राम ने सूचना दी उसकी बहन पारूल (23 वर्ष) ने फांसी लगा ली है। घटना की जानकारी होते ही पुलिस फोर्स मौके पहुंच गई और जांच पड़ताल शुरू की। बताया कि मौके पर जाकर पुलिस ने पारूल के शव को देखा तो उसके गले में इंजरी थी। जिससे पारूल की मौत को संदिग्ध मानते हुए पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ की। जिस पर जानकारी हुई कि गौरव की बहन पारूल की शादी 2019 में इटावा जिले के गांव रमाइन भरथना निवासी सुनील कुमार के साथ हुई थी। जिनका एक चार वर्षीय पुत्र अर्षित है जो सुनील कुमार के साथ रहता है। बताया गया कि पारूल का अपने पति सुनील से मनमुटाव होने कारण करीब छह माह पूर्व वह अपने पति का साथ छोड़कर किसी अन्य व्यक्ति के साथ कहीं चली गई थी।

अभी जब कुछ दिन पहले वह अपने मायके वापस आयी तो भाई गौरव ने उसे बहनोई सुनील कुमार के साथ जाने के लिए समझाया पर वह अपने पति के साथ जाने को तैयार नहीं हुई। इस बात को लेकर गुरुवार को भाई बहन दोनों में वाद-विवाद हुआ। इसके बाद गौरव ने बहन का गला दबाकर हत्या कर दी। बताया कि पति सुनील कुमार मौके पर आ गये हैं। तहरीर ली जा रही है। कोतवाली पुलिस ने कहा मृतिका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# छह माह बाद फिर उखड़ा कंचौसी–झींझक मार्ग

संवाददाता, कंचौसी, औरैया



झींझक–कंचौसी का जर्जर मार्ग।

**अमृत विचार।** पीडब्ल्यूडी द्वारा झींझक-कंचौसी मार्ग का छह महीने पहले मरम्मत कार्य किया गया, पूरा मार्ग क्षतिग्रस्त होकर जनता के लिए परेशानी का सबब बन गया। ब्लॉक झींझक से कंचौसी तक जाने वाले मार्ग पर रोजाना बान परजनी, चिता का पुरवा, कंचौसी के लोग अपने निजी कार्य से गुजरते हैं। लेकिन, इस खस्ताहाल मार्ग को दुरस्तीकरण के लिए किसी की निगाह केंद्रित नहीं हो पा रही हैं, जिससे इस खराब पड़े मार्ग के हालात बहुत खराब है। ग्रामीणों ने बताया कि इस मार्ग पर पैदल चलना दूभर हो चुका है। मार्ग पूरा उखड़ चुका है, रोजाना दो पहिया, चार पहिया वाहनों को कष्ट भरा सफर करने के मजबूर होना पड़ रहा है। उधर किसी भी जनप्रतिनिधि, सांसद, विधायक व अधिकारी की निगाहें इस जर्जर मार्ग पर नहीं पड़ रही। एक तरफ योगी सरकार टूटे फूटे पड़े मार्गों के लिए धन आवंटित कर मरम्मतीकरण करवाने का दिशा निर्देश दे रही है। लेकिन, जमीनी हकीकत कुछ और है, इस मार्ग से रसूलाबाद, अकबरपुर, रूरा, कंचौसी यहां तक कानपुर की जनता कंचौसी होते हुए औरैया, इटावा तक के लोग अपने निजी वाहनों से गुजरते हैं। इसी मार्ग से जनपद के कई उच्चाधिकारी, कंचौसी में बन रहे रेलवे फ्लाई ओवर ब्रिज का निरीक्षण करने जा चुके है। इसी मार्ग विद्यार्थी, मरीज झींझक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तक जाते हैं।

# 25 दिन बाद भी नहीं मिली मदद

**फफूंद, औरैया।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक किसान की 25 दिन पूर्व फसल में सिंचाई करते समय सर्दी लगने से हालत बिगड़ गई थी। परिजन उन्हें अस्पताल ले गए लेकिन तब तक उनकी मृत्यु हो गई। घटना को 25 दिन बीतने के बाद भी किसान के परिजनों को सहायता राशि नहीं मिली है।

गांव भर्रापुर निवासी 50 वर्षीय रघुवीर कठेरिया किसान थे। तीन फरवरी की रात वह गेहूं की फसल में पानी लगाने गए थे। जहां सर्दी से उनकी हालत बिगड़ने लगी। जैसे तैसे वह घर आए परिजन उन्हें अस्पताल ले गए। लेकिन, उनकी रास्ते में ही मौत हो गई। मृतक का पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया, जिसमें उनकी मौत सर्दी से होना दर्शाया गया। मृतक किसान के बड़े पुत्र सौरभ कठेरिया ने बताया कि सात फरवरी को पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद नौ फरवरी को उसने सहायता राशि के लिए सभी कागज क्षेत्रीय लेखपाल अश्वनी कुमार को देकर कार्यवाही भी पूरी कर दी थी।

# एल्डर कमेटी ने निर्वाचितों को दिए प्रमाणपत्र

कार्यालय संवाददाता, औरैया



नवनिर्वाचित अध्यक्ष संजीव चतुर्वेदी को प्रमाण पत्र देते एल्डर कमेटी के अध्यक्ष।

**अमृत विचार।** जिला बार एसोसिएशन वर्ष 2023 -24 के चुनाव में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को एल्डर कमेटी ने मीटिंग हॉल में प्रमाण पत्र दिए।

बताया कि जिला बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष संजीव कुमार चतुर्वेदी उर्फ चुन्ना, महामंत्री शैलेश कुमार चतुर्वेदी उर्फ पप्पल भैया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय कुमार श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष उपेंद्र कुमार शुक्ला उर्फ सीपू, उपाध्यक्ष नितिन अवस्थी, मोहम्मद अकरम, कनिष्ठ उपाध्यक्ष प्रद्युम्न कृष्णा तिवारी, कंचन सिंह, संयुक्त मंत्री भानु प्रकाश पाठक, मोहित कुमार शर्मा, सर्वेश कुमार यादव, वरिष्ठ सदस्य श्याम बिहारी शुक्ला, जमुना नारायण बाजपेई, अश्वनी कुमार शुक्ला को प्रमाण पत्र देकर बधाई दी। वहीं, एल्डर कमेटी के अध्यक्ष एच.एन पांडेय ने कहा कि नवनिर्वाचित कमेटी सभी अधिवक्ताओं के सुख-दुख का ध्यान रखते हुए न्याय के प्रति सजग रहेगी और अधिवक्ताओं के हितों के लिए कार्य करेगी। वहीं नवनिर्वाचित अध्यक्ष संजीव कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि अधिवक्ताओं का हित सर्वोपरि है। उनके मान सम्मान के लिए वह हर संभव प्रयास करेंगे और न्याय दिलाने का कार्य करते रहेंगे।

उन्होंने यह भी कहा कि जनपद औरैया का जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन यह ध्यान रखें की किसी भी अधिवक्ता के खिलाफ आई शिकायत को जिला बार एसोसिएशन को अवगत कराए। इसके बाद ही कोई कार्रवाई अमल में ले अन्यथा उनके खिलाफ आंदोलन किया जाएगा। जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन और जिला प्रशासन की होगी। इस मौके पर महामंत्री शैलेश कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि अधिवक्ताओं एवं पदाधिकारी का सम्मान बार बेंच के बीच की सामंजस्य बिठाकर कार्य किया जाएगा उक्त प्रमाण पत्र वितरण समारोह में वरिष्ठ अधिवक्ता पंकज मिश्रा नरेंद्र बाबू पूर्व महामंत्री प्रदीप तिवारी वरिष्ठ अधिवक्ता कुलदीप दुबे,शंबूदयाल कुशवाह,अरविंद पाल,रामसरन गोतम,अरविंद यादव,मान सिंह पाल,सतीश राजपूत,सुरेंद्र शुक्ला ने बधाई दी।

## सार-संक्षेप

### बन्दर के बच्चे को लगा करंट, बंदरों ने किया राहगीरों पर हमला

**अजीतमल,औरैया।** अजीतमल कोतवाली क्षेत्र में शाम को अचानक एक बंदर के बच्चे को करंट लग गया और वह घायल होकर नीचे गिर गया। उसके बाद बंदरों के दल ने निकलने वाले राहगीरों पर हमला बोल दिया। किसी तरह लोगों ने अपने आप को बचाया। बुधवार की देर शाम को कस्वे के गढ़िया रोड पर ट्रांसफार्मर के पास से गुजरते समय बन्दर के एक बच्चे को ट्रांसफार्मर से अचानक करंट लग गया, जिससे वह घायल होकर जमीन पर गिर गया। गुस्साए बंदरों के दल ने सड़क के दोनों ओर बैठकर आने जाने वाले पैदल, साईकिल सवार, मोटरसाइकिल सवार बच्चों व महिलाओं के ऊपर हमला बोल दिया,जिससे कई राहगीर बचने के लिए भागे तो गिर पड़े।किसी तरह लोगों ने बंदरों के दल को भगाकर लोगों को बंदरों से बचाया। उसके बाद राहगीरों, दुकानदारों व मुहल्ले वासियों ने बड़ी मुश्किल से बंदरों को भगाकर, घायल बन्दर के बच्चे को सड़क से एक तरफ किया।लेकिन इस बीच सड़क पर करीब आधे घण्टे तक बंदरों के तांडव से जाम भी लगा रहा। वही कुछ राहगीर काफी देर तक बंदरों के दल के जाने का इंतजार करते रहे तो कुछ दूसरे रास्ते से होकर गन्तव्य को गए।

### मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड के प्रदेश सचिव बने राजा तिवारी



**अजीतमल, औरैया ।** कस्बा निवासी राजा तिवारी को प्रदेश सचिव मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इससे पहले राजा तिवारी छात्र सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष भी रहे हैं। इस जिम्मेदारी पर पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने बधाई व शुभकामनाएं दी हैं। राजा तिवारी ने कहा की आने वाला समय समाजवादी पार्टी का हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव में सपा अप्रत्याशित जीत दर्ज करेगी और धरती पुत्र मुलायम सिंह के सपनों को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव साकार करेंगे। उन्होंने समर्थकों का अभिवादन करते हुए कहा कि प्रदेश नेतृत्व द्वारा जो उन्हें जिम्मेदारी सौंपी गई हैं वह यथासंभव उसका पालन करेंगे। साथ ही समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और प्रदेश अध्यक्ष अनीस राजा का धन्यवाद किया।



जलाभिषेक के लिए कांवड़ लेकर रवाना होते कांवड़िए। अमृत विचार

### शिवरात्रि पर्व की धूम, जलाभिषेक को कांवड़ियों का जत्था रवाना

**फफूंद (औरैया)।** महाशिवरात्रि पर्व को लेकर लोधेश्वर महादेव के दर्शन करने के लिए कांवड़ियों के जत्थे रवाना होने शुरू हो गए हैं। गुरुवार को भी सलहापुर पंचायत से ग्राम प्रधान उमेश चंद्र कुशवाह के नेतृत्व में कांवड़ियों का एक जत्था रवाना हुआ जिन्हें ग्रामीणों ने फूल मालाएं पहनाकर रवाना किया। गुरुवार दोपहर सलहापुर गांव से 50 से अधिक कांवरियों की टोली के साथ ग्राम प्रधान लोधेश्वर के लिए रवाना हुए। ग्रामीणों ने फूल–मालाओं से लादकर बम भोले और हर–हर महादेव का जय घोष करके उन्हें रवाना किया। प्रधान के साथ जत्थे में शामिल गांव के युवा नंदकिशोर, कल्लू, छैलू, शिवम तिवारी, वेद प्रकाश, सुरेश ने बताया कि वह भगवान शिव के भक्त हैं। 20 साल से लगातार शिवरात्रि पर्व पर कांवर लेकर जाते हैं। पहले वह कांवर लेकर बिठूर जाएंगे, जहां से जल लेकर लोधेश्वर पहुंच कर महादेव का जलाभिषेक कर वापस लौटेंगे बिठूर के बाद यात्रा पैदल तय करेंगे।

**रंग लाई प्रधान की मेहनत** | हाटकुक्ड में परोसा जाता है बेहतर भोजन, प्राथमिक विद्यालय में भी बढ़ी विद्यार्थियों की संख्या

# 10 से 48 पहुंची आंगनबाड़ी केंद्र पर बच्चों की संख्या

संवाददाता, फफूंद, औरैया



सिमहारा के आंगनबाड़ी केंद्र पर मौजूद बच्चे प्रधान और कार्यकर्ता। अमृत विचार

**अमृत विचार।** ग्राम पंचायत सिम्हारा के प्रधान की गांव के बच्चों को शिक्षा के लिए जागरूक करना अब रंग ला रहा है। गांव के प्राथमिक विद्यालय के अलावा आंगनबाड़ी केंद्र पर भी शत प्रतिशत बच्चे पढ़ने के लिए पहुंचने लगे हैं। प्रधान की देखरेख में केंद्र पर बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के साथ ही बेहतर भोजन भी परोसा जा रहा है, जिससे बच्चों के अभिभावक भी खुश हैं।

भाग्यनगर ब्लाक की ग्राम पंचायत सिम्हारा के ग्राम प्रधान राजकुमार सिंह गांव में शिक्षा को लेकर काफी सक्रिय हैं। प्राथमिक विद्यालय और आंगनबाड़ी केंद्र के कार्यकर्ताओ के साथ घर-घर जाकर बच्चों को पढ़ाई के लिए प्रेरित करते रहते हैं। जिसके परिणाम स्वरूप प्राथमिक विद्यालय और निजी स्कूल में बच्चों की खासी संख्या पढ़ने पहुंचती है। छोटे बच्चों को भी शिक्षा के लिए प्रधान आंगनवाड़ी केंद्र के स्टाफ के साथ मेहनत कर रहे हैं जो अब रंग ला रही है। आंगनवाड़ी केंद्र पर कभी आठ से 10 बच्चे ही पहुंचते थे। लेकिन, अब उनकी संख्या 48 हो गई है। कार्यकर्ता सरोजनी देवी और सरोज कुमारी भी प्रधान के साथ मिलकर मेहनत कर रही हैं, जिससे शत प्रतिशत बच्चे आंगनवाड़ी केंद्र पर पहुंचने लगे हैं। प्रधान की देखरेख में प्रतिदिन मैन्यू के हिसाब से आंगनबाड़ी के बच्चों को गर्म और ताजा भोजन और फल उपलब्ध कराया जाता है। गांव निवासी अभिभावक सुनील कुमार, रंजीत सिंह, अनीसुद्दीन, रविंद्र कुमार, मुकेश, मजीद अहमद, रामवीर, सरनाम सिंह, बलबीर ने बताया कि गांव के प्रधान बच्चों की शिक्षा पर विशेष मेहनत कर रहे है। गांव के शत प्रतिशत बच्चे पढ़ने के लिए विद्यालय और आंगनवाड़ी केंद्र पहुंचने लगे हैं वहीं मैन्यू के अनुसार बच्चो को बेहतर भोजन भी उपलब्ध हो रहा है।

# तीन माह से नहीं बन रहे प्रमाण पत्र

**अजीतमल, औरैया ।** नगर पंचायत, बाबरपुर-अजीतमल के सभी वार्डों से लोगों के जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र पिछले तीन माह से नहीं बन रहे जिससे लोग खासे परेशान हैं। नगर पंचायत व तहसील में तालमेल की कमी के कारण पहले से ही विलम्बित हो गये थे और अब नगर पंचायत में अधिशासी अधिकारी का स्थानान्तरण हो जाने के कारण उनके डिजिटल हस्ताक्षर न मिलने से और विलम्ब हो रहा हैं। नगर पंचायत अध्यक्ष ने डीएम नेहा प्रकाश से अधिशासी अधिकारी जल्द से जल्द नियुक्त करने की गुहार लगाई। जिसमें जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र और नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी की जल्द तैनाती की बात कही जा सकती है।

## एक नजर

### प्रदेश में लोकसभा प्रत्याशी उतारेगी एआईएमआईएम

**अमृत विचार, लखनऊ :** लोकसभा चुनाव में ओसुविददीन औवैसी की ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-उल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) भी मैदान में होगी। औवैसी ने इंडिया गठबंधन पर सौतेले व्यवहार का आरोप लगाते हुए प्रदेश की सात सीटों पर प्रत्याशी उतारने का एलान किया है। आजमगढ़, समेत बदांयू, संभल, मुरादाबाद, अमरोहा, मेरठ सीटों पर प्रत्याशी उतारने की घोषणा की है।

### माध्यमिक शिक्षा की मजबूती को 25 करोड़ रुपये

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री रविवार को गोरखपुर में माध्यमिक शिक्षा की मजबूती के लिए करीब 25 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उपहार देंगे। वह 26 माध्यमिक विद्यालयों में प्रोजेक्ट अलंकार के कार्यों और 141 माध्यमिक विद्यालयों में प्रीमियम स्मार्ट क्लास रूम का शिलान्यास करेंगे।

# मांगा था वीआरएस, मिल गई नई तैनाती

## प्रशासनिक पदों से हटाए गए डॉक्टरों को बनाया गया वरिष्ठ परामर्शदाता

पदमाकर पाण्डेय, लखनऊ



▸▸ 62 वर्ष की आयु पूरी कर चुके 31 डॉक्टरों की दो सूचियां की गईं जारी

**अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग में प्रशासनिक पदों पर तैनात 62 साल उम्र पूरी कर चुके कुछ डॉक्टरों ने स्वैच्छिक सेवानिवृति (वीआरएस) मांगी थी। सरकार ने उनके प्रार्थनापत्र अस्वीकार कर नई जगह तैनात कर दिया। गुरुवार को दो सूचियां जारी कर 31 ऐसे डॉक्टरों की दूर दराज के जिलों में भेजा गया। कई को उनसे जूनियर डॉक्टरों के अधीन तैनाती दी गई है।

कई माह से प्रशासनिक पदों से सेवा मुक्त हुए ग्रेड चार के चिकित्सकों को बतौर वरिष्ठ परामर्शदाता नई तैनाती दी गई है। इनमें से कई अक्टूबर, कुछ नवम्बर, दिसम्बर व जनवरी में 62 साल के हुये हैं। इनमें ज्यादातर डॉक्टरों ने स्वैच्छिक सेवानिवृत्त के साथ तुरंत सेवाएं देने के दिशा निर्देश मांगे थे। स्वास्थ्य महानिदेशालय से कोई निर्देश जारी न होने से ढ़ाई दर्जन से ज्यादा डॉक्टर संबंधित कार्यालयों के चक्कर लगाते रहे। समायोजित सूची में शामिल ज्यादातर चिकित्सकों ने सूची पर असंतोष व्यक्त किया है।

स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ.ब्रजेश राठौर का कहना है डॉक्टरों की मांग के मुताबिक शासन ने जिलों में तैनाती दी है।

### सेवानिवृत्त हुए पांच अधिकारी

स्वास्थ्य विभाग में 62 साल की आयु पूरी करने वाले ग्रेड पांच व छह के पांच अधिकारी गुरुवार को सेवानिवृत्त हुए हैं। इनमें ग्रेड छह के बलरामपुर अस्पताल के निदेशक डॉ.अविनाश कुमार सिंह, मेरठ की डॉ.ईश्वर देवी बत्रा व अपर निदेशक डॉ.अर्चना त्यागी, लखनऊ में अपर निदेशक डॉ.संघमित्रा और प्रयागराज में प्रशिक्षण केन्द्र के प्रधानाचार्य डॉ.अशोक कुमार मिश्रा शामिल हैं।

### नोशनल पदोन्नति मिलनी चाहिये

अधिवर्षता आयु 62 से 65 साल किये जाने के जारी निर्देश में ग्रेड पांच व ऊपर के ग्रेड के चिकित्सकों को अनिवार्य सेवा निवृत्ति दी गई है। साथ ही ग्रेड चार के डॉक्टरों को प्रशासनिक पद से मुक्त रखते हुए चिकित्सकीय सेवाओं में रखने के निर्देश हैं। चिकित्सकों का कहना है कि अगर सरकारी सेवा लगातार जारी है तो 62 साल के बाद की सेवा के दौरान नियमानुसार डीपीसी या नोशनल पदोन्नति मिलती चाहिये, ताकि ग्रेड पांच में पहुंचने पर चिकित्सक रिटायर हो सकें।

# शादी शून्य घोषित हो जाने के बाद भी दाखिल कर सकते हैं परिवाद

लखनऊ, विधि संवाददाता

▸▸ हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने महत्वपूर्ण निर्णय किया पारित

**अमृत विचार:** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने एक महत्वपूर्ण निर्णय पारित करते हुए कहा है कि शादी के शून्य घोषित हो जाने के बावजूद पत्नी घरेलू हिंसा का मुकदमा दाखिल कर सकती है। न्यायालय ने कहा कि भले ही सक्षम न्यायालय द्वारा शादी को समाप्त किया जा चुका हो, इसका घरेलू हिंसा अधिनियम की धारा 12 के तहत दाखिल परिवाद पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

यह निर्णय न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की एकल पीठ ने पति की ओर से दाखिल याचिका को खारिज करते हुए पारित किया है। प्रतापगढ़ के इस मामले में याची पति का कहना था कि उसकी और शिकायतकर्ता पत्नी की शादी को 26 मार्च 2021 को सक्षम न्यायालय द्वारा डिक्री पारित करते हुए शून्य घोषित किया जा चुका है। कहा गया कि उक्त पति-पत्नी के सपिण्ड होने के कारण उनका विवाह हिन्दू विवाह अधिनियम की धारा 5(वी) के तहत प्रतिबंधित था तथा पत्नी बायपोलर डिसॉर्डर से पीड़ित थी, इस तथ्य को छिपा कर उसने शादी की थी।

दलील दी गई कि परिवार न्यायालय द्वारा उनकी शादी शून्य घोषित हो चुकी है लिहाजा घरेलू हिंसा अधिनियम के तहत पति के खिलाफ मुकदमा नहीं चलाया जा सकता।

न्यायालय ने अपने निर्णय में इस दलील को खारिज करते हुए कहा कि अलग होने से पूर्व याची व विपक्षी पति-पत्नी की तरह ही रह रहे थे तथा एक घरेलू नातेदारी में थे, शादी के शून्य घोषित होने तक दोनों एक-दूसरे से शादी के रिश्ते में बंधे थे।न्यायालय ने और स्पष्ट करते हुए कहा कि यहां तक कि शादी के शून्य घोषित होने से पूर्व वे वैवाहिक रिश्ते में ही रहे, लिहाजा पत्नी घरेलू हिंसा अधिनियम के तहत पीड़िता मानी जाएगी तथा उसे धारा 12 के तहत परिवाद दाखिल करने का पूर्ण अधिकार है।

# उप्र में रीयल एस्टेट सेक्टर के तहत हो रहा 50 हजार करोड़ का निवेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ।

▸▸ बड़े स्तर पर राज्य में युवाओं को मिलेंगी नौकरियां

**अमृत विचार:** हाल ही में संपन्न ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी 4.0) के माध्यम से रीयल एस्टेट सेक्टर में देश और दुनिया के कई बड़े निवेशकों ने अपनी योजनाओं को जमीन पर उतारने की शुरुआत कर दी है। इस सेक्टर में 50 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के प्रोजेक्ट्स की शुरुआत हो चुकी है।

इन प्रोजेक्ट्स के जरिए उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में युवाओं को बड़े पैमाने पर सेवायोजन का लाभ मिलेगा। सर्वाधिक 14 हजार से ज्यादा रोजगार के अवसर तो अकेले रीयल एस्टेट कंपनी एम3एम ही अपने प्रोजेक्ट के जरिए देने जा रही है। एम3एम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने पश्चिमांचल (गौतम बुद्ध नगर) में रेजिडेंशियल, कॉमर्शियल, ऑफिशियल, रिटेल और सर्विस अपार्टमेंट विकसित करने के लिए 7500 करोड़ रुपए का निवेश किया है। इस निवेश का उद्देश्य गौतमबुद्धनगर में रीयल एस्टेट सेक्टर को और अधिक बढ़ावा देना है, बल्कि वृहद पैमाने पर रोजगार सृजित करना भी है। माना जा रहा है कि इस निवेश के माध्यम से 14,000 से अधिक नौकरियां सृजित होंगी जो यूपी को रोजगार के बड़े केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को और मजबूत करेगा।

इसके अलावा, अभिनंदन लोढ़ा हाउस ने मध्यांचल (अयोध्या) में 3000 करोड़ रुपए के एक लग्जरी रेजिडेंशियल और कॉमर्शियल रियल एस्टेट प्रोजेक्ट की शुरुआत की है, जिसमें 100 से अधिक नौकरियों के अवसरों का वादा किया गया है।

### धान खरीद बंद, 53.67 लाख एमटी हुई खरीद

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में गुरुवार को खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 की धान खरीद बंद हो गई। 70 लाख मीट्रिक टन लक्ष्य के सापेक्ष 5207 केंद्रों पर 7,99,944 किसानों से महज 53,67,516 मीट्रिक टन (76.68 प्रतिशत) धान खरीदा जा सका। जालौन, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, बागपत, हापुड़ में खरीद शून्य रही। पश्चिम के मंडल आगरा, अलीगढ़, झांसी, मेरठ का खरीद फीसद बेहद कम रहा। वजह नवंबर से फरवरी तक खुले केंद्रों पर बढ़ा बाजार भाव हावी रहा। किसानों ने समर्थन मूल्य से अधिक दाम मिलने पर बाजारों में धान बेचा। इस वजह से केंद्रों पर आवक कम हुई। नमी व मानकों का पेंच तो ढुलाई-छनाई के केंद्रों पर खुद दाम चुकाना भी कम खरीद की वजह रही। उठान की नई प्रकिया से भी खरीद प्रभावित हुई। केंद्रों से नियमित धान का उठान न होने के कारण नई खरीद के लिए जगह नहीं रही। इस वजह से तमाम किसान धान नहीं बेच पाए। जबकि पिछले वर्ष 70 लाख मीट्रिक टन में 65 लाख मीट्रिक टन धान खरीदा गया था। लखनऊ समेत कई जिलों ने 100 प्रतिशत से अधिक खरीद की थी। हालांकि गुरुवार शाम तक खरीद की तिथि बढ़ाने के निर्देश नहीं आए।

# तहसील स्तर पर फायर स्टेशन वाला पहला राज्य होगा उप्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ मुख्यमंत्री ने 35 अग्निशमन वाहनों का फ्लैग ऑफ भी किया

▸▸ विभाग की ओर से लगाई गयी प्रदर्शनी का किया अवलोकन



कालिदास मार्ग स्थित सरकारी आवास के बाहर आयोजित अग्नि सुरक्षा कवच के सुदृढ़ीकरण हेतु आयोजित कार्यक्रम में लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन करते मुख्यमंत्री योगी, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, साथ में अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि संकट के समय अग्निशमन सेवाओं की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका होती है। प्रदेश सरकार ने अग्निशमन से जुड़े कानूनों के व्यापक रिफॉर्म तथा इन सेवाओं के आधुनिकीकरण के लिए समयबद्ध तरीके से कार्य किया है।

उन्होंने कहा 1944 से 2017 के बीच 73 वर्षों में केवल 288 फायर स्टेशन स्थापित किये गये जबकि पिछले 7 वर्षों में 71 नए फायर स्टेशन स्थापित किए गये। आज प्रदेश, तहसील स्तर पर एक-एक फायर स्टेशन स्थापित करने की दिशा में तेजी के साथ अग्रसर हो चुका है।

उन्होंने कहा कि जल्द ही उत्तर प्रदेश पूरे देश में ऐसा राज्य होगा, जहां तहसील स्तर पर फायर स्टेशन होंगे। उन्होंने बताया कि विभाग की सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए अब तक लगभग 1400 करोड़ रुपये दिये हैं।

मुख्यमंत्री गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर आयोजित अग्निशमन सुरक्षा कवच के सुदृढ़ीकरण के लिए 25 जिलों के 34 अग्निशमन केन्द्रों का वर्चुअल लोकार्पण, 4 नए अग्निशमन केन्द्रों का शिलान्यास तथा 35 अग्निशमन वाहनों के फ्लैग ऑफ कार्यक्रम में बोल रहे। इस दौरान उन्होंने ने विभाग की ओर से लगाई गई प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया और अधिकारियों से अग्निशमन उपकरणों की जानकारी हासिल की।

**लोगों को करें प्रशिक्षित, मदद के लिए करें प्रेरित :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि स्कूल और कॉलेज में बच्चों के प्रशिक्षण के लिए भी प्रयास करना चाहिए। उनकी काउंसिलिंग को भी कार्यक्रम का हिस्सा बनाना चाहिए, क्योंकि सामान्य दिनों में केवल विभाग के भरोसे ही रहकर नहीं बल्कि घटना घटित होते ही बचाव शुरू हो, यह महत्वपूर्ण है।

इसके प्रति लोगों को पहले से तैयार कर सकें तो घटना के बाद जब तक सहायता पहुंचती है तब तक लोग स्वयं भी अपने स्तर पर बचाव अभियान की शुरुआत कर सकते। कार्यक्रम में परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह, मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र, प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद, डीजीपी प्रशांत कुमार, महानिदेशक अग्निशमन एवं आपात सेवा अविनाश चंद्र आदि शामिल थे।

### फाइलेरिया उन्मूलन के लिए तीन करोड़ ने खाई दवा

**अमृत विचार :** फाइलेरिया उन्मूलन के लिए संचालित सर्वजन दवा सेवन (एमडीए) अभियान में बुधवार तक दो करोड़ 95 लाख 76 हजार 242 यानि 83 प्रतिशत लोगों ने दवा का सेवन कर लिया है। कुल तीन करोड़ 55 लाख 69 हजार 434 लोगों को दवा खिलाने का लक्ष्य है। अभियान अभी पांच मार्च तक चलेगा। अपर निदेशक डॉ भानु प्रताप सिंह कल्याणी ने गुरुवार को समीक्षा बैठक में बताया कि प्रदेश 51 जिलों में संचालित अभियान में 56 हजार 728 स्वास्थ्यकर्मी, 28 हजार 364 टीमें और सात हजार पर्यवेक्षक लगाए गए हैं। दवा सेवन के हर दिन के आंकड़े ई-कवच पोर्टल पर दर्ज किए जा रहे हैं।

# कल्याण साथी एप करेगा अध्यापकों का मूल्यांकन

राजीव शुक्ला, लखनऊ

▸▸ अभ्युदय योजना से छात्रों को दी जाती है आईएएस और पीसीएस परीक्षा की कोचिंग

▸▸ समाज कल्याण विभाग की योजना का लाभ लेने वाले 19 छात्रों का हुआ था चयन

▸▸ बेहतर शिक्षा मिल सके इसके लिए कल्याण साथी एप से मानीटरिंग की जाएगी

▸▸ अध्यापक कैसी शिक्षा दे रहे हैं और किस समय पर आ रहे हैं हो सकेगी जांच

**अमृत विचार :** कल्याण साथी कमांड सेंटर और कल्याण साथी मोबाइल एप से शिक्षकों का मूल्यांकन किया जाएगा। इस एप से पता चलेगा कि शिक्षक किस समय आ रहे और कक्षा में कितना समय छात्रों को दे रहे हैं। मानकों पर खरे न उतरने वाले शिक्षकों को बाहर कर दिखा जाएगा। अभी एप को तकनीकी रूप से विकसित किया जा रहा है इसलिए योजना को धरातल में उतरने में अभी कुछ समय लगेगा।

समाज कल्याण निदेशालय की ओर से ग्रामीण क्षेत्र और निर्बल आय वाले परिवारों के मेधावी बच्चों को आईएएस, पीसीएस, इंजीनियरिंग, मेडिकल आदि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जाती है। प्रदेश के 75 जिलों में 27 हजार से अधिक छात्र ऐसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं।

| कोर्स | छात्रों की संख्या |
|---|---|
| सिविल सर्विस | 12872 |
| नीट | 6274 |
| जेईई व आईआईटी | 2143 |
| सीडीएस व एनडीए | 1918 |
| बैंकिंग एवं अन्य | 4428 |

“कल्याण साथी मोबाइल एप को अपग्रेड किया जा रहा है। एप को इस तरह विकसित किया जा रहा है जिससे मानीटरिंग की जा सके। साथ ही एप के माध्यम से मातहतों को निर्देश भी जारी किए जा सकेंगे।

-कुमार प्रशांत, निदेशक समाज कल्याण

1944 विषय विशेषज्ञ शिक्षकों को तैयारी कराने का जिम्मा दिया गया है। इन कोचिंग की तैयारी से 19 छात्रों का चयन हाल ही में यूपीपीसीएस के परीक्षा के जरिये डिप्टी कलेक्टर, डिप्टी एसपी, डिप्टी जेलर, ट्रेजरी आफिसर आदि पदों पर हुआ था।

कल्याण साथी कमांडर सेंटर और कल्याण साथी मोबाइल एप का समाज कल्याण निदेशालय में शुभारंभ किया गया। एप के माध्यम से बायोमैट्रिक उपस्थिति की तैयारी है। इससे पता चलेगा कि कोचिंग में कितने छात्र और शिक्षक पहुंचे। छात्रों को परीक्षाओं के लिए कैसी तैयारी कराई जा रही है। मानकों के अनुरूप तैयारी न कराने वाले शिक्षकों को बाहर किया जाएगा।

# टेक्सटाइल सेक्टर में दुनिया को है भारत का इंतजार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ।

▸▸ नई दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित ''भारत टेक्स 2024'' में शामिल हुए योगी

▸▸ भारत टेक्स 2024 में उप्र के 66 एग्जिबिटर्स ने लगाई हैं अपने हुनर की प्रदर्शनियां

**अमृत विचार :** टेक्सटाइल सेक्टर में हमारे हुनर, इनोवेशन और टेक्नोलॉजी का इंतजार दुनिया का बाजार कर रहा है।

भारत से 17 हजार करोड़ का कार्पेट एक्सपोर्ट होता है, जिसमें से 60 प्रतिशत कार्पेट उप्र. के भदोही, मीरजापुर और वाराणसी से भेजा जाता है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को प्रगति मैदान, नई दिल्ली में आयोजित ''भारत टेक्स 2024'' के चौथे दिन मीडिया से बातचीत के दौरान कही। वहीं प्रगति मैदान में योगी आदित्यनाथ को देखते ही लोगों ने भारत माता की जय और जय श्रीराम का नारा लगाकर उनका स्वागत किया।

योगी ने ''भारत टेक्स 2024'' के यूपी पॉवेलियन में आए सभी बायर्स और विजिटर्स का अभिनंदन किया। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इतने महत्वपूर्ण इवेंट में यूपी को पार्टनर स्टेट के रूप में भागीदार होने का अवसर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने यहां बताया कि लखनऊ की चिकनकारी, सीतापुर की दरी, बरेली की जरी जरदोजी और भदोही की कालीन को प्रमोट करने के लिए बीते सात साल में काफी कार्य हुआ है।

इससे पहले मुख्यमंत्री ने यहां देश के अलग अलग हिस्सों से आए और उत्तर प्रदेश के हस्तशिल्पियों एवं कारीगरों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनियों का अवलोकन किया। इस मौके पर एमएसएमई मंत्री राकेश सचान, अपर मुख्य सचिव अमित मोहन प्रसाद सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## वर्ग पहेली-358

**बाएं से दाएं**

1.1. व्यभिचारिणी स्त्री 2. बिना विवाह किए रखी हुई स्त्री, रखैल, उपपत्नी।

4.1. सूत्र 2. नियम, नुस्खा 3. विधि; सिद्धांत 4. किसी काम को करने का तरीका, गुर, तरकीब; जैसे- फ़िल्म हिट करने का फ़ॉरमूला 5. सांकेतिक भाषा में तथ्यों का विवरण 6. औषधि या दवाई के घटक तथा उसे बनाने की विधि 7. मतभेद सुलझाने या समझौता कराने का उपाय।

5.1. वह कर्मचारी जिसपर किसी कार्य का दारोमदार या पूरा दायित्व हो 2. स्तंभ 3. राज्य का प्रमुख

6. नट, कलाबाज़ी दिखाने वाला व्यक्ति।

**ऊपर से नीचे**

1. धरती पर गिरा हुआ, भूमिसात।

2.1. नागरमोथा घास की एक जाति 2. एक तृण जिससे चटाई बनाई जाती है 3. गोनरा या गोनी नामक घास।

3.1. जिसमें ज़ोर या शक्ति हो, ज़ोरवाला, बलशाली 2. तेज़, प्रबल, तीव्र 3. ज़बरदस्त, उत्साहवर्धक 4. आग्रहयुक्त, जैसे- ज़ोरदार अनुशंसा।

5. सामूहिक रूप से नमाज़ अदा करने के लिए मस्जिद से होने वाली पुकार या बुलावा।



### वर्ग पहेली - 357 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 के | | 2 धू |
| | 3 र | | फ़े | | पि |
| | स | | 4 टि | कि | या |
| | धा | | रि | | |
| 5 क | र | छि | या | | 6 दि |
| रे | | | | | खा |
| 7 ल | घु | चे | ता | | ना |

## सुडोकू-75

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | 1 | | | | 4 | | 3 |
| | | | 2 | | | 7 | | |
| 5 | 6 | | | 1 | | 9 | | |
| 9 | | 6 | | 3 | | | | 8 |
| | | 4 | | | | 6 | | |
| 1 | | | | 7 | | | | 5 |
| | | 7 | | 4 | | | 2 | |
| | | 2 | | | 5 | | | |
| 8 | | | | | 1 | 3 | 9 | |

### सुडोकू - 74 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 3 | 4 | 2 | 9 | 6 | 1 | 5 |
| 5 | 1 | 2 | 7 | 6 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 9 | 4 | 6 | 3 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 |
| 6 | 9 | 5 | 1 | 4 | 2 | 3 | 7 | 8 |
| 4 | 3 | 1 | 8 | 7 | 6 | 5 | 9 | 2 |
| 8 | 2 | 7 | 5 | 9 | 3 | 1 | 6 | 4 |
| 3 | 5 | 4 | 9 | 1 | 7 | 2 | 8 | 6 |
| 2 | 7 | 8 | 6 | 3 | 5 | 9 | 4 | 1 |
| 1 | 6 | 9 | 2 | 8 | 4 | 7 | 5 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 1 मार्च, शुक्रवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-षष्ठी पूर्ण रात्रि तक।

**मेष** - आज नए व्यवसाय में आप निवेश कर सकते हैं। धन संबंधित परेशानियां सुलझ सकती हैं। रुके हुए कार्यों को पूरा करने के लिए दिन शानदार है। दूसरों के दबाव में आकर काम न करें। अधिकारी आपके काम की प्रशंसा करेंगे।

**वृष** - आज पारिवारिक जीवन काफी सामान्य रहेगा। अपने विचारों को सदैव सकारात्मक बनाए रखें। शाम के समय परिवार के साथ बहुत अच्छा समय बिताएंगे। आशा के अनुरूप परिणाम मिलने से मन हतोत्साहित हो सकता है।

**मिथुन** - आज प्रभावशाली लोगों के संपर्क में आएंगे। आगामी लक्ष्यों को लेकर थोड़े संशय में आ सकते हैं। संतान को लेकर मन अप्रसन्न हो सकता है। जॉब में उच्च पद प्राप्त हो सकता है। शिक्षा में आ रही परेशानियों का निवारण होगा।

**कर्क** - आज जिन लोगों का वजन बढ़ा हुआ है उनको स्वास्थ्य समस्या हो सकती है। अपने काम में दूसरों का हस्तक्षेप न होने दें। ऐश्वर्य के साधनों पर आपका धन खर्च होगा। विवादों को समझदारी पूर्वक सुलझाने में सफलता मिलेगी।

**सिंह** - आज मनोरंजन में समय बीत सकता है। तकनीकी संबंधी परेशानियों का निवारण होगा। उत्साह और प्रसन्नता के समाचार प्राप्त होंगे। प्रेम संबंधों में निकटता बढ़ेगी। परिवार के हित को लेकर महत्वपूर्ण कदम उठा सकते हैं।

**कन्या** - आज जॉब में आपके ऊपर काम का दबाव बढ़ेगा। पूर्व में लिए गए निर्णयों के कारण हानि हो सकती है। कार्यक्षेत्र में आपकी पहचान अच्छी बनेगी। मन की चंचलता दूर होगी। आय में अचानक कमी आ सकती है। पार्टनर के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें।

**तुला** - आज आपका मन शांत रहेगा। धन संबंधित समस्या सुलझ सकती है। कीमती वस्तुओं की खरीदारी कर सकते हैं। आय के नए साधनों में वृद्धि होगी। भाग्य आपका भरपूर साथ देगा। अचानक आए खर्चों में कमी आएगी।

**वृश्चिक** - आज मानसिक रूप से अशांत महसूस करेंगे। दूसरों से अपनी तुलना न करें। इससे आपमें हीन-भावना घर कर सकती है। गुप्त शत्रुओं से सावधान रहें। दौड़-धूप के कारण आपको समस्या होगी। शरीर में दर्द की शिकायत हो सकती है।

**धनु** - आज जॉब में काम का दबाव बढ़ने के बावजूद उसे अच्छी संभाल लेंगे। शेयर मार्केट के माध्यम से आपको धन लाभ हो सकता है। विपरीत लिंग के जातकों के प्रति आकर्षित रहेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद प्राप्त हो सकता है।

**मकर** - आज गृहस्थ जीवन सुखी रहेगा। अटके हुए काम तेजी से पूरे होंगे। इससे आपका मनोबल बढ़ेगा। घर की महिलाओं की सेहत का ध्यान रखें। आप सभी कार्य संभल कर करेंगे। व्यापार में सहकर्मियों पर विश्वास करें।

**कुंभ** - आज बेवजह की चर्चाओं और विवादों से दूर रहें। बुद्धि व विवेक से काम करने से आपको लाभ होगा। मानसिक रूप से मजबूत रहेंगे। सामाजिक क्रियाकलापों में आपकी गतिविधियां बढ़ेंगी। आप थोड़े अव्यावहारिक हो सकते हैं।

**मीन** - आज दिन की शुरुआत थोड़ी कमजोर रहेगी। सेहत थोड़ी कमजोर रहेगी। यात्रा के दौरान आपको परेशानी होने की आशंका है। विवाहेतर संबंधों को लेकर थोड़े असहज हो सकते हैं। टालमटोल की प्रवृत्ति के कारण काम बिगड़ सकते हैं।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-स्वाती 12.48 तक तत्पश्चात विशाखा।

## आज की फिल्में

B4U Movies: घर में राम गली में श्याम - सुबह : 10.56; सत्य - शाम : 06.31

Sony Max: एबीसीडी 2 - सुबह : 10.44; ता रा रम पम - रात : 07.02

Sony Pix: एक्वामैन - सुबह : 09.08; एज ऑफ टूमारो - रात : 08.50

Zee Cinema: कुछ लव जैसा - सुबह : 10.30; जवान - शाम : 04.30

Colors Cineplex: बेमिसाल - दोपहर : 12.33; रंगून - रात : 09.28

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात-04.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

सोनू नजर चेक करवाने गया।
डॉक्टर ने एक नोट देकर पूछा- ये कितने का नोट है।
सोनू ने कहा- बाहर धूप में देखकर आता हूं।
बाहर निकला तो नोट 2000 का था।
बस फिर क्या डॉक्टर आज तक सोनू को ढूंढ रहा है।

चिंटू- तुम्हारी बेटी की सगाई को पूरे दो साल हो गए हैं, विवाह में इतनी देरी क्यों?
पिंटू- दरअसल लड़का एक वकील है, जैसे ही विवाह की तारीख पास आती है, वह कोई न कोई बहाना करके तारीख आगे बढ़ा देता है।

# कानून के प्रति जागरूकता के लिए कार्यक्रम होते रहने चाहिए : डीएम

## कलेक्ट्रेट स्थित मानस सभागार में कार्यशाला में बोलीं डीएम नेहा प्रकाश

कार्यालय संवाददाता, औरैया



कार्यशाला के दौरान जानकारी देते डीएम नेहा प्रकाश। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट स्थित मानस सभागार में यौन उत्पीड़न से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2013 के संबंध में अधिकाधिक कार्य स्थलों एवं आमजन में जागरूकता लाने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। डीएम नेहा प्रकाश ने कहा कि विभागाध्यक्ष और निजी संस्थानों के नियोक्ता यह सुनिश्चित करें कि कार्य करने वाली महिलाओं के प्रति कोई भी गलत नजरिया न रखें और उन्हें सम्मानपूर्वक कार्य करने की लिए सहयोग करें जिससे उनकी कार्य क्षमता बढ़ती है। उन्होंने कहा कि कानून के प्रति जागरूकता लाने के लिए समय-समय पर कार्यक्रम किए जाएं और यदि किसी के द्वारा किसी भी कार्य करने वाली महिला के प्रति कोई अभद्रता की जाती है तो पाश एक्ट के तहत निर्धारित समय सीमा में नियमानुसार कार्यवाही कराये।

मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह ने कहा कि महिलाओं को अब किसी भी प्रकार से डरने और चुप रहने की जरूरत नहीं है। यदि उनके साथ अब कोई गलत नजरिए से पेश आता है तो उसके विरुद्ध नियमानुसार विरोध में खड़ी होकर कार्यवाही कराये। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण स्वाति चन्द्रा ने कहा कि यौन उत्पीड़न से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2013 के प्रति आम लोगों में जन जागरूकता लाने के लिए समय-समय पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएं जिससे आमजन में जानकारी हो और वह कानून का नियमानुसार प्रयोग कर सकें। कार्यशाला में जिलाधिकारी ने मिशन शक्ति के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाली जिला सामाजिक समन्वयक विद्या सेंगर, महिला कल्याण अधिकारी वंदना शर्मा, केस वर्कर वन्दना कुशवाहा एवं मल्टीपरपज एकता सक्सेना को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर जिला विकास अधिकारी करुणापति मिश्र, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी बब्बन प्रसाद मौर्य, अधीक्षण अभियंता विद्युत बृजमोहन, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी अशोक कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी कामिनी गौतम, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद राम आसरे कमल आदि अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## चकरनगर में फायर स्टेशन व आवासीय भवनों का लोकार्पण

**चकरनगर, इटावा।** विकास खंड चकरनगर के मॉडर्न फायर स्टेशन के 26 आवासीय भवनों का मुख्यमंत्री के वर्चुअल लोकार्पण कार्यक्रम का एसएसपी ने फीता काटकर उदघाटन किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चकरनगर में अग्निशयन केंद्र पर नवनिर्मित भवनों का वर्चुअली लोकार्पण किया।इस दौरन मुख्यमंत्री के संबोधन का लाइव प्रसारण भी दिखाया गया।

लोकार्पण के दौरान उप जिलाधिकारी चकरनगर ब्रह्मानंद सिंह कठेरिया, सीओ चकरनगर नागेन्द्र राव चौबे, सीओ फायर तबारक हुसैन,फायर स्टेशन अधिकारी सुभास आर्या, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि राकेश यादव मुकेश राजावत ग्राम प्रधान सज्जन राजावत सहित अभी थानों के थानाध्यक्ष मौजूद रहे।

एसएसपी संजय वर्मा ने बताया कि अग्नि शमन केंद्र पर फायर कर्मियों के रहने के लिए 12 करोड़ की लागत से 26 आवासीय भवनों का निर्माण किया गया है। इससे पुलिस फायर कर्मियों के साथ साथ परिवार के रहने के लिये समुचित विवस्था है। इस दौरान क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

## भाकियू ने पावर हाउस में दिया धरना

संवाददाता, दिबियापुर, औरैया



पावर हाउस के बाहर प्रदर्शन करते किसान यूनियन के पदाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** दिबियापुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत बिजली घर में गुरुवार भारतीय किसान यूनियन द्वारा अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया। अधिकारी के आश्वासन के बाद किसानों ने धरना समाप्त किया। दिबियापुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत बिजली घर में उस समय हड़कंप मच गया, जब दो दर्जन से अधिक सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया। किसानों को एकत्रित देखकर विद्युत अधिकारियों के हाथ-पांव फूल गए। बिजली अधिकारियों ने तुरंत दिबियापुर थानाध्यक्ष को सूचना दी। किसान यूनियन के सदस्य अधिशाषी अभियंता के खिलाफ नारेबाजी करते रहे।

जिलाध्यक्ष के साथ किसान अपनी समस्याओं को लेकर बिजली घर के भीतर धरने पर बैठ गए। किसानों ने मुख्य गेट को बंद कर दिया। सूचना मिलते ही जिला मुख्यालय से एलआईयू सक्रिय हो गई और वहां पहुंचकर अधिशासी अभियंता से बात की। किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष ने बिजली विभाग द्वारा किसानों के साथ उत्पीड़न के खिलाफ आवाज बुलंद की। वहीं, जिलाध्यक्ष विपिन राजपूत ने बताया किसानों के नलकूप की फर्जी तरीके से आरसी काटकर राजस्व कर्मचारी अमीन द्वारा वसूली के लिए अनावश्यक परेशान किया जा रहा है। वर्तमान में गेहूं की फसल की सिंचाई को देखते हुए नलकूप के फीडर पर पर्याप्त विद्युत आपूर्ति नहीं दी जा रही है। जिससे सिंचाई में समस्या उत्पन्न हो रही है। बिजली विभाग द्वारा नलकूप कनेक्शन के नाम पर किसानों की धनराशि जमा होने के बावजूद अनावश्यक परेशान किया जा रहा है।

● **किसानों की समस्या को लेकर बिफरे भाकियू कार्यकर्ता**

शासन द्वारा नलकूप के बिल माफ होने के बाद भी चेकिंग करके सप्लाई बंद की जा रही है। यदि इन सभी समस्याओं का निस्तारण नहीं होगा तो भारतीय किसान यूनियन टिकैत संगठन द्वारा धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। इसके बाद अधिशाषी अभियंता नेहा सिंह ने सदस्यों को उनकी समस्या हल का उचित आश्वासन दिया। इसके बाद किसान यूनियन के सदस्य वापस लौट गए।

## पुलिस ने मौके पर जाकर बाल विवाह रुकवाया

**जसवंतनगर, इटावा।** क्षेत्र के एक गांव में हो रहे बाल विवाह को रोकने के लिए ऑनलाइन की गई शिकायत के आधार पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बाल विवाह को रुकवाया।

प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि क्षेत्र के गांव में बाल विवाह होने जा रहा है इस आधार पर बाल संरक्षण अधिकारी सोहन गुप्ता तथा जिला समाज कल्याण अधिकारी सतीश कुमार की मौजूदगी में गांव में पहुंच कर विवाह को रुकवाया। जब वह मौके पर पहुंचे तब लग्न लिखाई जा रही थी। पुलिस ने वधू पक्ष के पिता से बात के बाद बाल विवाह रुकवा दिया गया। नाबालिग बालिका को नारी निकेतन में छोड़ा गया।

## ट्रेन से कटकर युवक ने दी जान, शिनाख्त नहीं

**अछल्दा,औरैया।** दिल्ली-हावड़ा रेल मार्ग पर युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी। मौके पर पहुंची आरपीएफ ने शव को कब्जे में लिया। युवक की शिनाख्त नहीं हो सकी। लोको पायलट ने बैसोली गांव के पास खम्बा नंबर 1118/14 के पास एक युवक 12495 प्रताप एक्सप्रेस से कट जाने की सूचना स्टेशन मास्टर को दी। स्टेशन मास्टर की सूचना पर पहुंचे आरपीएफ कांस्टेबल कमलेश कुमार ने मौके पर पहुंच कर थाना पुलिस को सूचना दी। मृतक के हाथ पर सोनू यादव, खाटू श्याम बाबा हारे का सहारा गुदा हुआ है। युवक के पास ही एक नीली रंग की हाफ जैकेट पड़ी हुई मिली। युवक ने ग्रे रंग का जीन्स पहना हुआ था। सूचना पर पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### बैठक सूचना

प्रस्तावित मत्स्य जीवी सहकारी समिति लि. महेशपुर वि0 खं0 राजपुर तहसील सिकंदरा कानपुर देहात की एक आवश्यक बैठक दिनांक 01/03/2024 को ग्राम सभा महेशपुर के पंचायत भवन परिसर में दोपहर 12:00 बजे प्रस्तावित की गई है। जिसमें इच्छुक मछुवा समुदाय व मछली शिकार से जुड़े व्यक्ति प्रतिभाग कर बैठक को सफल बनाएं।

**प्रार्थी, हेरशबाबू**
**मुख्य प्रवर्तक**
**प्रस्तावित मत्स्य जीवी सहकारी समिति लि. महेशपुर वि0 खं0 राजपुर तहसील सिकंदरा कानपुर देहात**

### बैठक सूचना

प्रस्तावित मत्स्य जीवी सहकारी समिति लि. महेशपुर वि0 खं0 राजपुर तहसील सिकंदरा कानपुर देहात की एक आवश्यक बैठक दिनांक 01/03/2024 को ग्राम सभा महेशपुर के पंचायत भवन परिसर में दोपहर 3 बजे प्रस्तावित की गई है। जिसमें इच्छुक मछुवा समुदाय व मछली शिकार से जुड़े व्यक्ति प्रतिभाग कर बैठक को सफल बनाएं।

**निवेदक**
**राम देवी ग्राम महेशपुर**
**कानपुर देहात**

### बैठक सूचना

प्रस्तावित मत्स्य जीवी सहकारी समिति लि. खोजारामपुर वि0 खं0 राजपुर तहसील सिकंदरा कानपुर देहात की एक आवश्यक बैठक दिनांक 01/03/2024 को ग्राम सभा खोजारामपुर के पंचायत भवन परिसर में दोपहर 12:30 बजे प्रस्तावित की गई है। जिसमें इच्छुक मछुवा समुदाय व मछली शिकार से जुड़े व्यक्ति प्रतिभाग कर बैठक को सफल बनाएं।

**निवेदक पिंटू सिंह**
**ग्राम खोजारामपुर**
**कानपुर देहात**

### बैठक सूचना

प्रस्तावित मत्स्य जीवी सहकारी समिति लि. बैजामऊ वि0 खं0 राजपुर तहसील सिकंदरा कानपुर देहात की एक आवश्यक बैठक दिनांक 01/03/2024 को ग्राम सभा बैजामऊ के पंचायत भवन परिसर में समय सुबह 11 बजे प्रस्तावित की गई है। जिसमें इच्छुक मछुवा समुदाय व मछली शिकार से जुड़े व्यक्ति प्रतिभाग कर बैठक को सफल बनाएं।

**निवेदक श्याम बाबू निषाद**
**ग्राम बैजामऊ**
**कानपुर देहात**

### बैठक सूचना

प्रस्तावित मत्स्य जीवी सहकारी समिति लि. घटापारा वि0 खं0 राजपुर तहसील सिकंदरा कानपुर देहात की एक आवश्यक बैठक दिनांक 01/03/2024 को ग्राम सभा घटापारा के पंचायत भवन परिसर में दोपहर 1 बजे प्रस्तावित की गई है। जिसमें इच्छुक मछुवा समुदाय व मछली शिकार से जुड़े व्यक्ति प्रतिभाग कर बैठक को सफल बनाएं।

**निवेदक सुखदेव निषाद**
**ग्राम घटापारा**
**कानपुर देहात**

### बैठक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की प्रस्तावित मत्स्य जीवी सहकारी समिति लि. अहरौली घाट बांगर विकासखंड अमरौधा तहसील भोगनीपुर जनपद कानपुर देहात के गठन किए जाने हेतु आवश्यक बैठक दिन शुक्रवार दिनांक 01/03/ 2024 समय 1:00 बजे दोपहर अहरौली घाट पंचायत भवन में संपन्न होगी। अतः न्याय पंचायत देवराहट के समस्त ग्राम पंचायतों के व्यक्ति जो समिति के सदस्य बनना चाहते हैं तो बैठक में प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

**निवेदक**
**मानसिंह निषाद**
**ग्राम सिमरिया अहरौली घाट बांगर**
**भोगनीपुर कानपुर देहात।**

### बैठक सूचना

सभी ग्राम खरका ग्राम पंचायत किशुनपुर न्याय पंचायत कथरी विकास खंड अमरौधा तहसील भोगनीपुर जिला कानपुर देहात के निवासियों को सूचित किया जाता है। कि ग्राम खरका ग्राम पंचायत किशनुपुर में शासन की मंशा के अनुरूप नवीन मत्स्य सहकारी समिति का गठन होने जा रहा है। जिसकी बैठक 01.03.2024 को समय 1 बजे ग्राम खरका में संपन्न होगी । अतः आप लोग उपस्थित होने कष्ट करे । दिनांक 01.03.2024 की बैठक में समिति संबंधी विचार रखे जायेंगे।

**निवेदक**
**राहुल सिंह, ग्राम खरका,**
**ग्राम पंचायत किशुनपुर,**
**कानपुर देहात**

### बैठक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की प्रस्तावित मत्स्य जीवी सहकारी समिति लि. देवराहट तहसील भोगनीपुर जनपद कानपुर देहात के गठन किए जाने हेतु आवश्यक बैठक दिन शुक्रवार दिनांक 01/03/ 2024 समय 11:00 बजे दोपहर देवराहट पंचायत भवन में संपन्न होगी। अतः न्याय पंचायत देवराहट के समस्त ग्राम पंचायतों के व्यक्ति जो समिति के सदस्य बनना चाहते हैं तो बैठक में प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

**निवेदक**
**लल्लन सिंह निषाद**
**ग्राम देवराहट**
**भोगनीपुर कानपुर देहात।**

## एक नजर

### सात घंटे बंद रहेगी बिजली

**इटावा।** एक मार्च को 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र मैनपुरी फाटक के फीडर न 3 व 5 पर आरडीएसएस योजनान्तर्गत अनुरक्षण संबंधी कार्य के कारण बिजली सप्लाई सात घंटे बंद रहेगी। जेई विनयशील ने बताया कि विद्युत उपकेंद्र मैनपुरी फाटक से संबंधित मोहल्ला वसुंधरा कॉलोनी, मुन्नी का अड्डा शिवा कॉलोनी और शांति कॉलोनी की आपूर्ति सुबह 10बजे से शाम 5 बजे तक बाधित रहेगी।

### सड़क हादसे में तीन घायल

**अजीतमल औरैया।** अजीतमल कोतवाली क्षेत्र के बाबरपुर फफूंद मार्ग पर अनियंत्रित होकर ऑटो खड्ड में जा गिरा जिससे महिला समेत तीन लोग घायल हो गए ।सभी घायलों को सीएचसी अजीतमल में भर्ती कराया गया। बाबरपुर फफूंद मार्ग पर अनियंत्रित होकर ऑटो खड्ड गिर गया जिससे उसमे बैठी सवारियां शिव कुमार पुत्र राम शंकर ,मोहन पुत्र सुखदेव निवासी फफूंद व सर्वेश कुमारी पत्नी गिरेंद्र सिंह निवासी बीसलपुर अटसु घायल हो गए।

### शिव परिवार की हुई स्थापना

**महेवा, इटावा।** ग्राम पंचायत महेवा के मजरा बस्ती महेवा में श्री शिवमन्दिर में शिवपरिवार की स्थापना धूमधाम से की गई। पूरे कस्बे में कलश यात्रा ने बैंडबाजों के साथ भ्रमण किया। मूर्तियों की स्थापना के लिए प्रकांड विद्वान पंडित बृजबिहारी त्रिपाठी ने विधिविधान के बीच स्थापना की प्रक्रिया की।

### भागवत कथा सात मार्च से

**महेवा, इटावा।** ब्लाक क्षेत्र महेवा के अंतर्गत ग्राम पुरावली स्थित श्री नीलकंठ महादेव आश्रम पर श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ एवं सप्त कुंडीय रुद्र महायज्ञ का आयोजन 07 मार्च से 11 मार्च तक होगा। आश्रम के महंत बालक दास महाराज ने बताया कि सरस कथा वाचक चैतन्य योगी महाराज होंगे। यज्ञाचार्य के रूप में पंडित जागेश कुमार मिश्रा होंगे महंत बालकजी दास ने सभी क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में आकर कथा सुनने की अपील की है।

## भागवत कथा सुनकर श्रोता हुए भाव-विभोर

**अछल्दा, औरैया।** क्षेत्र के नगला झालगांव में सात दिवसीय श्री मद्भागवत कथा के चौथे दिन गुरुवार को आचार्य गोविंद अवस्थी ने भक्त प्रह्लाद चरित्र, भरत चरित्र, पृथु चरित्र व हिरणकश्यप बध आदि का वर्णन किया। कथावाचक ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा का केंद्र है आनंद। आनंद की तल्लीनता में पाप का स्पर्श भी नहीं हो पाता। भागवत कथा एक ऐसा अमृत है कि इसका जितना भी पान किया जाए मन तृप्त नहीं होता है। हिरणकश्यप नामक दैत्य ने घोर तप किया, तप से प्रसन्न होकर ब्रह्माजी प्रकट हुए व कहा कि मांगों जो मांगना है। इस पर उसने कहा- मैं न दिन में मरूं, न रात को, न अंदर, न बाहर, न कोई हथियार काट सके, न आग जला सके, न ही मैं पानी में डूबकर मरूं, सदैव जीवित रहूं। लेकिन उसके बाद भी उसका वध हुआ।

## सैयद बाबा दरगाह पर की चादरपोशी

कार्यालय संवाददाता, इटावा



जेल वाले सैयद बाबा की दरगाह पर चादर पेश करते सेकेट्री मोनू बशीर व अन्य।

**अमृत विचार।** स्व. बशीर अहमद नियाजी मेवाती टोला द्वारा स्थापित हज़रत नूर अली जेल वाले सैयद बाबा का दो दिवसीय सालाना उर्स मुबारक का देर रात्रि में हज़रत नूर अली जेल वाले सैयद बाबा के कुल शरीफ के साथ समापन हो गया।

दरगाह हज़रत नूर अली जेल वाले सैयद बाबा कमेटी के अध्यक्ष वसीम अहमद नियाजी जिम्मी बशीर व सेकेट्री इख्तियार अहमद मोनू बशीर की देखरेख में सालाना उर्स मुबारक सैयद एजाज हुसैन, हाफिज मोहम्म्द अहमद चिश्ती, हाफिज फैजान चिश्ती के संचालन में अदबो एहतराम के साथ सम्पन्न हो गया। इसके बाद स्व. बशीर अहमद नियाजी के मकान मेवाती टोला से मोनू बशीर, पप्पू बशीर, सोनू बशीर, जिम्मी बशीर की देखरेख में अदबो एहतराम से चादर उठीं जिन्हें भोलन शहीद बाबा की दरगाह, कचहरी वाले सैयद बाबा की दरगाह, मोतीझील वाले सैयद बाबा की दरगाह के साथ जेल वाले सैयद बाबा की दरगाह पर पेश किया गया। रात में जेल वाले सैयद बाबा की दरगाह पर महफिले समां का आयोजन किया गया जिसमें सलीम झंकार कव्वाल ग्वालियर, मतलूब नियाजी कव्वाल शमशाबाद फर्रुखाबाद ने महफिले समां में बेहतरीन कलाम पेश कर जमकर वाहवाही हासिल की। उर्स के दौरान दरगाह पर श्रद्धालुओं के लिए लंगर का भी इंतजाम किया गया। उर्स की व्यवस्था में शुजा खान, रुहूल खान, चांद खां आदि का सराहनीय योगदान रहा। उर्स में इमरोज अनवर, प्रदीप जैन, चांद खां, प्रशांत शर्मा, मोहम्मद जैद, शावेज़ नक़वी, मसूद तैमूरी, वहाज अली खान निहाल, मुजफ्फर अली सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। उर्स के समापन पर दरगाह कमेटी के अध्यक्ष वसीम अहमद नियाजी जिम्मी बशीर व सेकेट्ररी इख्तियार अहमद मोनू बशीर ने कव्वालों व श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया।

## योजनाओं के लाभ से कोई वंचित न रहे

संवाददाता बकेवर, इटावा



केंद्र की योजनाओं की जानकारी देते डा संजय दीक्षित। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बकेवर स्थित कांशीराम कालोनी में वरिष्ठ भाजपा नेता डा संजय दीक्षित ने विकसित भारत संकल्प यात्रा में लाभार्थियों से बात करते हुए कहा कि समाज में अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सरकार खुद पहुंच रही है। यात्रा का सबसे बड़ा मकसद है कि कोई भी हकदार सरकारी योजना के लाभ से छूटना नहीं चाहिए।

डा दीक्षित ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा सिर्फ केंद्र की सरकार की नहीं बल्कि देश की यात्रा बन चुकी है। सपनों, संकल्पों और भरोसे की यात्रा बन चुकी है। कम समय में इस यात्रा से 11 करोड़ से अधिक लोगों का जुड़ना अपने आप में अभूतपूर्व है। संकल्प यात्रा का मकसद है कि कोई भी हकदार लाभ से छूटना नहीं चाहिए।

## संत विवेकानंद में आयोजित की गई विज्ञान प्रतियोगिता

**इटावा।** आलमपुर हौज स्थित संत विवेकानंद सीनियर सेकेंड्री पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रतियोगिता मे स्कूल के छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया।

प्रधानाचार्य/निदेशक डा आनंद मुनि ने भारत के महान वैज्ञानिक सीवी रमन के जीवन उसकी खोज रमन प्रभाव के बारे में प्रकाश डाला। छात्रों को भी विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ने, वैज्ञानिक सोच अपनाने पर बल दिया। विज्ञान प्रतियोगिता के नतीजे जल्द ही घोषित होगे।

## अज्ञात कारणों से घर में लगी आग, सामान जलकर राख

**इटावा।** भरथना थाना क्षेत्र के गांव बाहर पुरा में एक पल्लेदार के मकान में अचानक आग लग गई। आग की पलटे उठती देख गांव के लोग मौके पर पहुंचे और आग बुझाने के प्रयास में जुट गए।लोग जब तक आग पर काबू पाते तब तक घर में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। पीडित का कहना हे कि उसने अपनी बेटी की शादी के लिए सामान खरीदकर रखा था वह भी आग की भेंट चढ़ गया।

उक्त गांव निवासी पप्पू खां पल्लेदारी का काम कर अपने परिवार का भरण पोषण करता है। वह वुधवार को काम पर गया था। उसकी पत्नी रूकसाना पडोस में चली गई। उसका बेटा जाकिर घर पर था तभी अचानक उसके घर में रखे छप्पर में आग लग गई। आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। लोग दौडकर मौके पर पहुंचे और आग बुझाने के प्रयास शुरू किए।

**प्रतिभाओं को सम्मान** ब्लाक संसाधन केंद्र अछल्दा में हुआ ब्लाक स्तरीय हमारा आंगन-हमारे बच्चे कार्यक्रम

## आंगनबाड़ी व बच्चों का किया गया सम्मान

संवाददाता, अछल्दा-औरैया



निपुण बच्चे को प्रशस्ति पत्र व शील्ड देकर सम्मानित करते ब्लॉक प्रमुख शरद राणा।

**अमृत विचार।** बेसिक शिक्षा विभाग तथा बाल विकास सेवा और पुष्टाहार विभाग के संयुक्त तत्वावधान में प्रदेश के समस्त जनपदों में ब्लॉक स्तरीय हमारा आंगन-हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिसमें खंड शिक्षा अधिकारी जगदीश कुमार श्रीवास्तव के कुशल नेतृत्व तथा बाल विकास परियोजना अधिकारी उमाकान्ती यादव के कुशल मार्गदर्शन में पूर्व एजेण्डानुसार गुरुवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र-अछल्दा पर ब्लॉक स्तरीय हमारा आंगन-हमारे बच्चे कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ ब्लॉक प्रमुख शरद कुमार राणा द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन निर्धारित सत्रानुसार निपुण भारत एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के परिप्रेक्ष्य में पूर्व प्राथमिक शिक्षा एवं बुनियादी शिक्षा के उद्देश्य, स्कूल रेडीनेस, साप्ताहिक कैलेण्डर, चहक किट, बिगबुक, एनबीटी कार्यपुस्तिका, परिकलन, कलांकुर, वण्डर बॉक्स, होलिस्टिक रिपोर्ट कार्ड एवं लर्निंग कार्नर आदि विषयवस्तु से उपस्थित कार्यकर्ता परिचित कराया गया। इसमें बीआरसी पर प्रारम्भ प्री-प्राइमरी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता क्षमता संवर्धन आधारित 3-दिवसीय प्रशिक्षण में चरणबद्ध सभी कार्यकर्ता को सन्दर्भदाता जितेन्द्र चन्द्र पाण्डेय एवं प्रहलाद नारायण ओमर द्वारा प्रशिक्षित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं निपुण बच्चे एवं विज्ञान क्विज में चयनित शीर्ष 10-बच्चों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

अंत में खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा अपने उद्बोधन में सभी को तत्परता से कार्य करने तथा निपुण भारत बेंचमार्क वर्ष से पूर्व ब्लॉक को निपुण ब्लॉक बनाने हेतु अपील की गयी। इस अवसर पर एआरपी आलोक सिंह राठौर, रामानन्द गौतम, सर्वेश कुमार, मुहम्मद जावेद, संजीव बाबू राजपूत तथा शिक्षक संकुल सदस्य जितेन्द्र चन्द्र पाण्डेय, प्रहलाद नारायण ओमर आदि मौजूद रहे।

### कार्यालय ग्राम पंचायत मनगाँव विकास खण्ड सैफई – इटावा

पत्रांक: ग्राम पंचायत मनगाँव/निविदा प्रकाशन/2023–24 दिनांक: 29.02.2024

नोटिस/विज्ञप्ति

महामहिम राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से ग्राम पंचायत मनगाँव सैफई–इटावा के अन्तर्गत वर्ष 2023–24 की कार्ययोजना के अनुसार मनरेगा/15 वें वित्त/पंचम वित्त आयोग के टाइड एवं अनटाइड मद निम्नाकित विवरण के अनुसार कराये जाने वाले निर्माण कार्यो हेतु ग्राम पंचायत मनगाँव विकास खण्ड सैफई में फर्मो/ठेकेदारों से निविदायें/टैण्डर/1.3.2024 से 8.3.2024 समय 02:30 तक आमंत्रित एवं दिनांक 8.3.2024 को ग्राम निविदा समिति द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 03:30 पर खोली जायेगी / निविदा प्रपत्र दिनांक 1.3.2024 से 8.3.2024 तक ग्राम पंचायत मनगाँव सचिवालय कार्यालय दिवस में प्रातः 10:30 से 01:00 बजे तक निर्धारित शुल्क अदा कर क्रय किये जा सकते है। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है।

| क्रं0 सं0 | कार्य का नाम | योजना का नाम | प्राक्कलन की लागत | जमानत धनराशि 2 प्रतिशत | निविदा का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | विजय सिंह के घर से शिव सिंह के घर तक सीसी एवं नाली निर्माण | 15 Untied SBM | 363113 | 7262.26 | 300 |
| 2 | 2–कूकपुर की सीसी से विश्राम फौजी के घर तक सीसी एवं नाली निर्माण | 15 Untied SBM | 217327 | 4346.54 | 300 |
| 3 | रामपाल के घर से श्याम सुंदर के घर तक सीसी एवं नाली निर्माण | 15 Untied SBM | 354838 | 7096.76 | 300 |
| 4 | बीटू के घर से पातीराम के घर तक नाली निर्माण कार्य | 15 tied | 342462 | 6849.24 | 300 |
| 5 | पक्की सड़क से गोरेलाल के घर तक सीसी निर्माण | 15 Untied | 275429 | 5508.58 | 300 |
| 6 | प्राथमिक विद्यालय मनगांव में बालक बालिका शौचालय निर्माण | 15 Untied SBM | 150980 | 3019.6 | 300 |
| 7 | सोनपाल के घर से बृजराज के घर तक सीसी एवं नाली निर्माण | 15 Untied SBM | 111162 | 2223.24 | 300 |

निविदा की शर्ते ग्राम पंचायत मनगाँव कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है। 01– अपर मुख्य सचिव उ0प्र0 शासन के पत्र सं0–730/33–3–2022–11/2022 दिनांक 26.04.2022 के अनुसार वित्त आयोग के अन्तर्गत सामग्री आपूर्ति हेतु पंचायती राज विभाग से जुड़े पदाधिकारी / कर्मी (क्षेत्र पंचायत प्रमुख खण्ड विकास अधिकारी सहायक विकास अधिकारी (पं0) ग्राम प्रधान पंचायत सचिव पंचायत सहायक पंचायती राज विभाग में सविदा पर कार्यरत कर्मी) के पारिवारिक सदस्यों व रिश्तदारों द्वारा स्थापित फर्म / वेण्डर की निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। साक्ष्य प्राप्त होने पर निविदा स्वतः निरस्त की दी जायेगी।

**प्रधान**
**ग्राम पंचायत मनगाँव**
**विकास खण्ड सैफई**

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत मनगाँव**
**विकास खण्ड सैफई**

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 72,500.30 | 21,982.80 |
| बढ़त | 195.42 | 31.65 |
| प्रतिशत में | 0.27 | 0.14 |

अमृत विचार
www.amritvichar.com
कानपुर, शुक्रवार, 1 मार्च 2024

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**–शिवालिक 995 फ्लैग 1105 डीएमओ 875 बोल्ड 1140, **सम्भल-चन्दौसी**–शिवालिक 1005 फ्लैग 1120 बोल्ड 1150 डीएमओ 905।

## कानपुर मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)–** | |
| गेहूंदड़ा | 2525–2550 |
| आरआर 21 | 2700–2750 |
| गेहूंफारम | 2800–2850 |
| जौ | 2000–2100 |
| ज्वार | 2600–4000 |
| बाजरा | 2125–2175 |
| मकाई | 2000–2200 |
| **दलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लोकल | मिल डिलीवरी |
| चना | 5200–5400 |
| अरहर | 7500–8000 |
| मसूर | 5500–5600 |
| मटर | 4200–4300 |
| उड़दहरा | 10000–10200 |
| उड़दकाला | 6000–8000 |
| मूंग | 8500–8800 |
| **दाल (प्रति क्वि.)** | |
| अरहरफूल | 14500–14700 |
| अरहरस्पेशल1 | 12000–12000 |
| चनादाल | 7050–7150 |
| मटरदाल | 4950–5000 |
| मसूरमलका | 6875–6925 |
| मसूरदाल | 6975–7025 |
| उड़ददाल | 9000–12000 |
| उड़द धोवा | 10500–13000 |
| मूँगदाल | 8800–10300 |
| मूँग धोवा | 9800–11500 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| अरवा | 2000–2300 |
| बासमती नं.1 | 8500–10000 |
| सेला | 2500–3000 |
| बासमती नं.2 | 6500–7500 |
| **आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)** | |
| आटा | 1490–1550 |
| मैदा | 1475–1520 |
| सूजी | 1500–1550 |
| **चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)** | |
| शाहपसंद | 1430–1475 |
| **तिलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लाही | 4900–4950 |
| अलसी | 4500–4600 रुपये। |

# देश में 3 सेमीकंडक्टर संयंत्र होंगे स्थापित

## मंजूरी के बाद दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा-1.26 लाख करोड़ रुपये का होगा निवेश

**नई दिल्ली, एजेंसी**



सरकार ने बृहस्पतिवार को 1.26 लाख करोड़ रुपये के अनुमानित निवेश के साथ गुजरात और असम में तीन सेमीकंडक्टर संयंत्र स्थापित करने के प्रस्तावों को मंजूरी दे दी। इनमें टाटा समूह और जापान की रेनेसस इलेक्ट्रॉनिक्स की परियोजनाएं शामिल हैं। चिप की जरूरत को पूरा करने के लिए भारत की आयात पर निर्भरता को कम करने के लिए यह कदम महत्वपूर्ण है।

केंद्रीय मंत्रिमंडल के प्रस्तावों को मंजूरी देने के बाद दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि रक्षा, ऑटोमोबाइल और दूरसंचार जैसे क्षेत्रों के लिए चिप बनाने वाली इन इकाइयों का निर्माण कार्य अगले 100 दिनों में शुरू हो जाएगा। तीनों इकाइयां 'सेमीकंडक्टर और डिस्प्ले विनिर्माण परिवेश का विकास' कार्यक्रम के तहत स्थापित की जाएंगी। इस कार्यक्रम के तहत 76,000 करोड़ रुपये तक की सरकारी सहायता दी जाती है। टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड ताइवान की पावरचिप सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग कॉर्प (पीएसएमसी) के साथ साझेदारी में एक सेमीकंडक्टर फैब स्थापित करेगी। इस संयंत्र की स्थापना गुजरात के धोलेरा में की जाएगी। इसमें 91,000 करोड़ रुपये का निवेश होगा।

### बाघों के संरक्षण के लिए 'इंटरनेशनल बिग कैट अलायंस' का होगा गठन

केंद्रीय कैबिनेट ने बाघों और ऐसे अन्य वन्यजीवों के संरक्षण के लिए एक वैश्विक नेटवर्क 'इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस' (आईबीसीए) के गठन को मंजूरी दी। इस संस्था का मुख्यालय भारत में होगा। इसमें वन्यजीवों से संबंधित 96 देशों की बहु-एजेंसी संस्था के रूप में आईबीसीए की कल्पना की गई है। कुल सात वन्यजीवों (बाघ, शेर, तेंदुआ, हिम तेंदुआ, प्यूमा, जगुआर और चीता) में से पांच बाघ, शेर, तेंदुआ, हिम तेंदुआ और चीता भारत में पाए जाते हैं। मंत्रिमंडल ने 2023-24 से 2027-28 तक पांच साल की अवधि के लिए आईबीसीए की खातिर 150 करोड़ रुपये की एकमुश्त बजटीय सहायता को मंजूरी दी है।

### केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 12 महत्वपूर्ण और सामरिक खनिजों पर रॉयल्टी दर तय की

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बृहस्पतिवार को 12 महत्वपूर्ण एवं रणनीतिक खनिजों पर रॉयल्टी दर तय करने के लिए एमएमडीआर अधिनियम में संशोधन को मंजूरी दे दी। खान मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस बारे में फैसला किया गया। बयान के मुताबिक-केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 12 महत्वपूर्ण एवं रणनीतिक खनिजों के संबंध में रॉयल्टी की दर निर्दिष्ट करने के लिए खान एवं खनिज विकास और विनियमन (एमएमडीआर) अधिनियम, 1957 की दूसरी अनुसूची में संशोधन को मंजूरी दे दी है।

## डीजीसीए ने एयर इंडिया पर 30 लाख रुपये का लगाया जुर्माना

**नई दिल्ली।** नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने मुंबई हवाई अड्डे पर एक 80 साल के यात्री को व्हीलचेयर उपलब्ध नहीं कराने के मामले में एयर इंडिया पर 30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। व्हीलचेयर नहीं मिलने के कारण यात्री को विमान से टर्मिनल तक चलना पड़ा था और वह गिर गया था। बाद में इस यात्री की मृत्यु हो गई थी। यह घटना 12 फरवरी को हुई थी। डीजीसीए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को कहा कि एयर इंडिया पर 30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है क्योंकि वह बुजुर्ग यात्री को व्हीलचेयर उपलब्ध कराने में विफल रही थी। अधिकारी ने कहा-इसके अलावा एयर इंडिया ने इस मामले में गलती करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ हुई कार्रवाई की भी जानकारी नहीं दी है।

# सरकार ने गेहूं खरीद का लक्ष्य 3 से 3.2 करोड़ टन किया तय

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● खाद्य मंत्रालय ने फैसले के बारे में दी जानकारी



सरकार ने 2024-25 रबी विपणन सत्र के लिए गेहूं खरीद का लक्ष्य 3 से 3.2 करोड़ टन तय किया है। खाद्य मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। सरकार के गेहूं खरीद के लक्ष्य को कुछ कम माना जा रहा है।

कृषि मंत्रालय को फसल वर्ष 2023-24 (जुलाई-जून) में 11.4-11.5 करोड़ टन के रिकॉर्ड गेहूं उत्पादन की उम्मीद है। इसके बावजूद सरकार द्वारा खरीद का लक्ष्य कम रखा गया है। बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी में केंद्रीय खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा की अध्यक्षता में में राज्यों के खाद्य सचिवों की बैठक हुई थी। इसी बैठक में विचार-विमर्श के बाद गेहूं खरीद का लक्ष्य तय किया गया है। मंत्रालय ने बयान में कहा-विचार-विमर्श के बाद आगामी रबी विपणन सत्र 2024-25 के दौरान गेहूं की खरीद का अनुमान तीन से 3.2 करोड़ टन का तय किया गया है। गेहूं के अलावा, मंत्रालय ने चावल के मामले में रबी धान खरीद का लक्ष्य 90 लाख से एक करोड़ टन तय किया है। सरकार ने रबी मोटे अनाज/बाजरा (श्रीअन्न) के लिए 6,00,000 टन का खरीद लक्ष्य भी निर्धारित किया है। केंद्र ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से फसलों के आहार में पोषण बढ़ाने के लिए बाजरा की खरीद पर ध्यान केंद्रित करने को कहा है।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 71,850 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 64,025 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,700-47,900 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 64,000 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 63,850 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42,500 |
| चांदी (999) | 71,500 |
| चांदी तैयार | 71,600 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| सोना जेवरात पक्के | 63,800 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 62,800 |
| चांदी पक्की | 708 (अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 64,050 |
| चांदी आभूषण | 71,800। |

## देश में एफडीआई प्रवाह 13% घटकर 32 अरब डॉलर पर पहुंचा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

देश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) का प्रवाह चालू वित्त वर्ष के पहले नौ माह यानी अप्रैल-दिसंबर-2023 में 13 प्रतिशत घटकर 32.03 अरब अमेरिकी डॉलर रह गया है। सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है।

मुख्य रूप से कंप्यूटर हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर, दूरसंचार, वाहन और फार्मा क्षेत्रों में कम निवेश के कारण एफडीआई घटा है। पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में देश में 36.74 अरब डॉलर का एफडीआई आया था। हालांकि, चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही के दौरान एफडीआई प्रवाह 18 प्रतिशत बढ़कर 11.6 अरब डॉलर रहा है, जो 2022-23 की समान तिमाही के दौरान 9.83 अरब डॉलर था। उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के आंकड़ों के अनुसार, कुल एफडीआई प्रवाह (जिसमें इक्विटी प्रवाह, पुनर्निवेश आय और अन्य पूंजी शामिल है) अप्रैल-दिसंबर, 2022 के 55.27 अरब डॉलर के मुकाबले चालू वित्त वर्ष के पहले नौ माह में सात प्रतिशत घटकर 51.5 अरब डॉलर रह गया है।

## राजकोषीय घाटा वार्षिक लक्ष्य के 63.6 प्रतिशत पर आ गया

**नई दिल्ली।** चालू वित्त वर्ष में जनवरी के अंत तक सरकार का राजकोषीय घाटा 11 लाख करोड़ रुपये के साथ संशोधित वार्षिक लक्ष्य के 63.6 प्रतिशत पर पहुंच गया है। बृहस्पतिवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। एक साल पहले की समान अवधि में सरकारी व्यय और राजस्व के बीच का अंतर यानी राजकोषीय घाटा केंद्रीय बजट 2022-23 के संशोधित अनुमान (आरई) का 67.8 प्रतिशत था। मौजूदा वित्त वर्ष 2023-24 में सरकार का राजकोषीय घाटा 17.35 लाख करोड़ रुपये यानी जीडीपी का 5.8 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

## 8 बुनियादी उद्योगों की वृद्धि 15 माह के निचले स्तर पर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● आंकड़ों के अनुसार-जनवरी में सुस्त पड़कर 3.6% पर आ गई



आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि जनवरी में सुस्त पड़कर 3.6 प्रतिशत पर आ गई। यह इसका 15 माह का निचला स्तर है। बृहस्पतिवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात और बिजली जैसे क्षेत्रों के कमजोर प्रदर्शन के कारण वृद्धि धीमी हुई।

गौरतलब है कि आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों का उत्पादन दिसंबर, 2023 में 4.9 प्रतिशत बढ़ा था। एक साल पहले जनवरी, 2023 में बुनियादी उद्योगों की वृद्धि की रफ्तार 9.7 प्रतिशत थी। इन आठ क्षेत्रों में कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली शामिल हैं। जनवरी, 2024 से कम वृद्धि दर अक्टूबर, 2022 में 0.9 प्रतिशत थी। चालू वित्त वर्ष के पहले 10 माह अप्रैल-जनवरी के दौरान बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर 7.7 प्रतिशत रही, जो इससे पिछले वित्त वर्ष 2022-23 की समान अवधि में 8.3 प्रतिशत थी। जनवरी, 2024 में रिफाइनरी उत्पादों और उर्वरक का उत्पादन घट गया है।

समीक्षाधीन महीने में कोयला, इस्पात और बिजली के उत्पादन में वृद्धि की गति धीमी हो गई। हालांकि, इस दौरान कच्चे तेल, प्राकृतिक गैस और सीमेंट के उत्पादन में सालाना आधार पर सकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई। देश के औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में आठ प्रमुख क्षेत्रों का योगदान 40.27 प्रतिशत है।



# 400 पार का नारा जनता ने दिया, हमारी गारंटी पर देश को विश्वास: नरेंद्र मोदी

## मध्य प्रदेश के लिए प्रधानमंत्री ने 17,551 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का किया लोकार्पण

**भोपाल, एजेंसी**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि भाजपा भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य के साथ आगामी लोकसभा चुनाव में उतर रही है तथा चारों ओर एक ही बात सुनाई दे रही है कि भाजपा के नेतृत्व वाला राजग (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) इस बार 400 सीट का आंकड़ा पार कर जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मोदी की गारंटी पर देश को भरोसा है। उन्होंने कहा कि 400 पार का नारा हमने नहीं, जनता ने दिया है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों के उनके कार्यकाल में अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भारत की साख कई गुना बढ़ी है, जिससे देश में निवेश आकर्षित करने में मदद मिली है और दुनिया भर के देश भारत के साथ अच्छे संबंध बनाने के इच्छुक हैं।

मोदी ने भाजपा शासित मध्य प्रदेश में 17,551 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन करने के बाद 'विकसित भारत, विकसित मध्य प्रदेश' कार्यक्रम को वर्चुअल तौर पर संबोधित किया।

### प्रधानमंत्री बिहार, झारखंड और बंगाल में करोड़ों रुपये की परियोजनाओं का करेंगे शिलान्यास

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार और शनिवार को झारखंड, बिहार और पश्चिम बंगाल का दौरा करेंगे और करोड़ों रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने बृहस्पतिवार को एक बयान में यह जानकारी दी। पीएमओ के मुताबिक प्रधानमंत्री एक मार्च को लगभग 11 बजे झारखंड के सिंदरी में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में भाग लेंगे, जहां वह राज्य में 35,700 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। वह करीब तीन बजे पश्चिम बंगाल के हुगली में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में 7,200 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। अगले दिन शनिवार को प्रधानमंत्री लगभग 10:30 बजे पश्चिम बंगाल के नदिया जिले के कृष्णानगर पहुंचेंगे, जहां वे 15,000 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

## राष्ट्रपति ने केरल लोकायुक्त विधेयक को मंजूरी दी

**तिरुवनंतपुरम।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राज्य विधानसभा द्वारा पारित केरल लोकायुक्त विधेयक को मंजूरी दे दी है लेकिन उन्होंने तीन विश्वविद्यालय कानून विधेयकों पर अपनी स्वीकृति अभी नहीं दी है। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने राष्ट्रपति को ये विधेयक उनकी स्वीकृति के लिए भेजे थे। राजभवन ने बृहस्पतिवार को एक बयान में कहा कि राष्ट्रपति ने केरल विश्वविद्यालय कानून (संशोधन संख्या 2) विधेयक 2022 पर अभी अपनी स्वीकृति नहीं दी है। बयान के अनुसार इसके अलावा विश्वविद्यालय कानून संशोधन विधेयक, 2022 और विश्वविद्यालय कानून संशोधन विधेयक, 2021 को भी राष्ट्रपति की मंजूरी नहीं मिली है। राष्ट्रपति को भेजे गए सात विधेयकों में से केवल एक विधेयक केरल लोकायुक्त संशोधन विधेयक, 2022 को सहमति दी गई है।




**बीकानेर :** महाजन फील्ड फायरिंग रेंज (एमएफएफआर) में संयुक्त सैन्य अभ्यास 'धर्म गार्जियन' के पांचवें संस्करण के दौरान भारतीय सेना और जापान ग्राउंड सेल्फ डिफेंस फोर्स के जवान। ● एजेंसी

## एक नजर

### भाजपा में शामिल हुए बीआरएस सांसद रामुलु

**नई दिल्ली।** तेलंगाना से भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के सांसद व दलित नेता पी रामुलु बृहस्पतिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। वह लोकसभा में नागरकुरनूल (आरक्षित) संसदीय सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं। केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर, भाजपा संसदीय बोर्ड के सदस्य के लक्ष्मण, राष्ट्रीय महासचिव व तेलंगाना के प्रभारी तरुण चुघ और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डी के अरुणा की मौजूदगी में रामुलु ने भाजपा की सदस्यता ली।

### ड्रग तस्कर की अवैध संपत्ति की गई कुर्क

**श्रीनगर।** केन्द्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिला पुलिस ने गुरुवार को एक ड्रग तस्कर की "अवैध संपत्ति' को कुर्क किया। पुलिस ने बताया कि इस कुख्यात ड्रग तस्कर का एक मंजिला आवासीय घर करीब 15 लाख रुपये का है। नशे की तस्कारी करने वाली की पहचान अफरोजा बेगम उर्फ अफरी के रूप में की गई है, जो गनी हमाम निवासी फयाज अहमद डार की पत्नी है। वर्तमान में वह ट्रुमगुंड ह्यगम सोपोर में रहती है। पुलिस ने कहा, विभिन्न सुसंगत धाराओं के तहत यह कार्रवाई की गई है।

## कोर्ट ने शाहरुख पठान की जमानत याचिका पर पुलिस से मांगा जवाब

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली उच्च न्यायालय ने शाहरुख पठान की जमानत याचिका पर बृहस्पतिवार को शहर पुलिस से जवाब मांगा। उत्तर-पूर्वी दिल्ली में 2020 में हुए दंगों के दौरान पठान पर एक पुलिसकर्मी पर खुलेआम बंदूक तानने का आरोप है। न्यायमूर्ति ज्योति सिंह ने पठान की जमानत याचिका पर दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया और उन्हें जवाब दाखिल करने के लिए चार सप्ताह का समय दिया। उच्च न्यायालय ने पठान के जेल में उसके आचरण का विवरण देने का भी आदेश दिया। मामले की अगली सुनवाई 16 अप्रैल को होगी।

अदालत ने कहा-नोटिस जारी किया जाता है। लोक अभियोजक ने नोटिस स्वीकार कर लिया है और स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने के लिए चार सप्ताह का समय मांगा है।'' पठान के वकील ने सुनवाई के दौरान कहा कि उस पर हत्या के प्रयास का आरोप लगाया गया है, जिसके लिए अधिकतम सजा 10 साल है। उन्होंने इस आधार पर जमानत मांगी कि पठान पिछले चार साल से हिरासत में हैं। अभियोजक ने अदालत से आग्रह किया कि वह आरोपी के आचरण पर जेल से भी रिपोर्ट मांगे।

**दिल्ली में वर्ष 2020 में हुए दंगों का मामला**




पठान ने निचली अदालत के पिछले साल 14 दिसंबर के उस आदेश को चुनौती दी है जिसमें उसकी जमानत याचिका खारिज कर दी गई थी। पठान के वकील ने कहा कि उसने इस आधार पर राहत मांगी थी कि वह मार्च 2020 से हिरासत में हैं और लगभग 90 गवाहों से पूछताछ की जानी बाकी है। जाफराबाद में 24 फरवरी, 2020 को सांप्रदायिक दंगों के दौरान पठान पर दिल्ली पुलिस के एक हेड कांस्टेबल पर पिस्तौल तानने और गोलीबारी करने का आरोप है। पठान को तीन मार्च, 2020 को उत्तर प्रदेश के शामली जिले से गिरफ्तार किया गया था और वर्तमान में वह यहां एक जेल में बंद है। उत्तर पूर्वी दिल्ली में 24 फरवरी, 2020 को नये नागरिकता कानून का समर्थन और इसका विरोध करने वालों के बीच सांप्रदायिक झड़पें हुई थीं। इन झड़पों में 53 लोगों की मौत हो गई थी और कई लोग घायल हो गए थे।

## मणिपुर में शांति बनाए रखने के लिए असम राइफल्स की मांगी मदद

**इंफाल, एजेंसी**

● सरकार ने हिंसा प्रभावित छह जिलों के लिए बनाई रणनीति

मणिपुर सरकार ने राज्य के हिंसा प्रभावित छह जिलों में शांति कायम रखने और जनता का विश्वास बहाल करने के लिए असम राइफल्स से मदद मांगी है।

इंफाल पश्चिम के जिला मजिस्ट्रेट ने बृहस्पतिवार को कानून व्यवस्था के उल्लंघन की खबरों, खासतौर पर भीड़ हिंसा की घटनाओं का उल्लेख किया। आदेश में कहा गया, हालात जिला प्रशासन और पुलिस के नियंत्रण से बाहर हो गए हैं। इसमें कहा गया है कि जिले के विभिन्न हिस्सों में 29 फरवरी से पांच मार्च तक असम राइफल्स की सेवाएं मांगी गई हैं। इससे पहले बुधवार रात को इंफाल पश्चिम में हजारों महिलाओं ने मशाल जुलूस निकालकर केंद्र सरकार और कुकी उग्रवादी समूहों के बीच अभियानों का निलंबन (एसओओ) समझौते को समाप्त करने की मांग की। करीब 200 हथियारबंद लोगों ने 27 फरवरी को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एम अमित सिंह के आवास में गोली चलाईं और तोड़फोड़ की थी।

## राजस्थान में लव जेहाद के मामले में दो लड़कियों सहित तीन लोग गिरफ्तार

**अलवर।** राजस्थान में अलवर शहर के कोतवाली थाना अंतर्गत एक मोहल्ले में किराए पर रहने वाली हिंदू लड़कियों से दोस्ती कर 'लव जेहाद' कराने के मामले में पुलिस ने दो लडकियों सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक आनंद शर्मा ने बताया कि गत 27 फरवरी को अलवर में कॉलेज में पढने वाली दो लड़कियों ने थाना कोतवाली में एक शिकायत दी कि उनकी दो रूममेट काजल उर्फ बबीता और सकीना मेव है जो धर्म परिवर्तन करने की बात कहती हैं और जबरन वसीम नामक युवक से दोस्ती करने की बात कहती है। शिकायत के बाद तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

## रोहिंग्या शरणार्थियों की रिहाई संबंधी याचिका पर कोर्ट करेगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने देश भर की जेलों और हिरासत केंद्रों में 'अवैध और मनमाने ढंग से' हिरासत में रखे गये रोहिंग्या शरणार्थियों को रिहा करने के लिए सरकार को निर्देश देने संबंधी याचिका की मार्च में सुनवाई करने पर बृहस्पतिवार को सहमति जता दी। न्यायमूर्ति बी. आर. गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ वकील प्रशांत भूषण द्वारा मामले का विशेष उल्लेख किये जाने के बाद याचिका को सूचीबद्ध करने पर सहमत हुई। भूषण ने दलील दी थी कि इस मामले को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध नहीं किया गया है। भूषण ने कहा कि केंद्र को नोटिस जारी करने के बावजूद, भारत सरकार ने आज तक अपना जवाब दाखिल नहीं किया है।

# असम : विपक्ष ने राष्ट्रपति से सीएए रद करने का किया आग्रह

**गुवाहाटी, एजेंसी**

असम में विपक्षी दलों ने संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) को रद करने के लिए बृहस्पतिवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से हस्तक्षेप करने की मांग की और कहा कि अगर उनकी मांग पूरी नहीं हुई तो वे राज्य भर में 'लोकतांत्रिक जन आंदोलन' करेंगे। सोलह दलों वाले संयुक्त विपक्षी मंच असम (यूओएफए) ने मुर्मू को राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया के माध्यम से एक ज्ञापन सौंपा।

यूओएफए ने कहा-यह अधिनियम न केवल असंवैधानिक है बल्कि यह इतिहास, संस्कृति, सामाजिक ताने-बाने, अर्थव्यवस्था और असमिया लोगों की पहचान को खतरे में डालकर 1985 के ऐतिहासिक असम समझौते को भी रद करने वाला है। यूओएफए ने राष्ट्रपति से मामले में हस्तक्षेप करने और केंद्र को असम में नागरिकता संशोधन अधिनियम, 2019 को लागू करने के अपने फैसले से बचने व इस 'असंवैधानिक और राष्ट्र-विरोधी' अधिनियम को रद्द करने का निर्देश देने का आग्रह किया। ज्ञापन में कहा गया, ''हम आपको सूचित करते हैं कि अगर भारत सरकार इन मांगों पर ध्यान नहीं देती है तो हम विपक्षी राजनीतिक दलों और असम के लोगों के पास सरकार को मजबूर करने के लिए लोकतांत्रिक जन आंदोलन के अलावा कोई विकल्प नहीं बचेगा।

**हस्तक्षेप की मांग**

● सोलह दलों वाले संयुक्त विपक्षी मंच यूओएफए ने लागू करने पर आंदोलन की दी चेतावनी




### असम में राज्यव्यापी बंद से होने वाले नुकसान की भरपाई आंदोलनकारियों से की जाएगी: पुलिस महानिदेशक

असम के विपक्षी दलों द्वारा नागरिकता (संशोधन) अधिनियम लागू होने पर राज्यव्यापी बंद की धमकी देने के एक दिन बाद पुलिस महानिदेशक ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह ने बृहस्पतिवार को चेतावनी दी कि प्रतिदिन 1,643 करोड़ रुपये का वित्तीय नुकसान होने का अनुमान है, जिसकी वसूली आंदोलन के आयोजकों से की जा सकती है। विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की तर्ज पर राज्य में गठित संयुक्त विपक्षी मंच असम (यूओएफए) ने बुधवार को घोषणा की कि विवादास्पद अधिनियम लागू होने के अगले ही दिन राज्यव्यापी बंद बुलाया जाएगा। सोशल मीडिया मंच पर 'एक्स' पर एक पोस्ट में, सिंह ने 2019 में बंद पर सुनाए गए गौहाटी उच्च न्यायालय के आदेश के दो पेज साझा किए और जून 2022 के मुद्दे पर अपना बयान फिर से पोस्ट किया।

## एक नजर

### प्रवासी भारतीयों से जुड़ने के लिए शुरू की लेबर इंडियंस पहल

**लंदन।** इस साल के आखिर में होने वाले आम चुनाव में विपक्षी लेबर पार्टी अपनी नैया पार लगाने के लिए ब्रिटिश भारतीयों को साधने में जुट गई है। लेबर पार्टी ने प्रवासी भारतीयों से जुड़ने और सत्ता में आने के बाद एक साल में भारत के साथ बातचीत को मजबूत करने के मकसद से नया प्रवासी आउटरीच कार्यक्रम शुरू किया है। लेबर पार्टी के विदेश मामलों के सचिव डेविड लैमी ने लंदन में संसद भवन परिसर में लेबर इंडियंस' पहल का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने अपनी हालिया भारत यात्रा का जिक्र किया।

### छत्तीसगढ़ के प्रख्यात पुरातत्वविद अरुण कुमार शर्मा का निधन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के पुरातत्ववेत्ता पद्मश्री अरुण कुमार शर्मा का गुरुवार को निधन हो गया। 92 साल की उम्र में उन्होंने आखिरी सांस ली। अरुण शर्मा वही शख्स हैं जिनकी मांग पर अयोध्या में राम जन्म भूमि पर खुदाई कराई गई थी। उन्होंने ही खुदाई में मिले अवशेषों के रिसर्च के आधार पर कोर्ट में मंदिर होने के सबूत पेश किए थे। अरुण के बेटे मनीष ने बताया कि रायपुर स्थित आवास पर पिता ने अंतिम सांस ली। बता दें, वह छत्तीसगढ़ सरकार के पुरातत्व सलाहकार भी रहे थे।





### चाय वाले के साथ छा गई बिल गेट्स की जुगलबंदी

**नई दिल्ली।** माइक्रोसॉफ्ट के फाउंडर और समाजसेवी बिल गेट्स बड़े कारोबार के अलावा अपने अनोखे अंदाज के लिए जाने जाते हैं। इस समय वह अपने भारत दौरे के कारण सुर्खियों में बने हुए हैं। हाल ही में बिल गेट्स का नागपुर के फेमस डॉली चायवाले के साथ एक वीडियो वायरल हुआ है। इंस्टाग्राम हैंडल पर डॉली चाय वाले के साथ वीडियो शेयर करते हुए उन्होंने भारत की तारीफ की है।

### पाकिस्तान में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में आतंकवादी ढेर

**इस्लामाबाद।** उत्तर पश्चिमी प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में छह आतंकियों को मार गिराया। सेना की मीडिया शाखा ने कहा- सुरक्षा बलों ने खुफिया सूचना पर एक अभियान चलाया। आईएसपीआर ने कहा, अभियान के दौरान सैनिकों और आतंकवादियों के बीच भीषण गोलीबारी हुई जिसमें छह आतंकवादी मारे गए, एक सैनिक भी घायल हुआ है।

## डब्ल्यूटीओ में भारत ने कहा ई-कॉमर्स पर सीमा शुल्क स्थगन की समीक्षा करने की जरूरत

**अबू धाबी, एजेंसी।** भारत ने गुरुवार को कहा कि विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के विकासशील और अल्प विकसित सदस्य देशों के लिए ई-कॉमर्स व्यापार पर सीमा शुल्क स्थगन की फिर से समीक्षा करने की जरूरत है। भारत ई-कॉमर्स व्यापार पर सीमा शुल्क स्थगन को आगे जारी रखने के पक्ष में नहीं है, इसका असर विकासशील देशों पर पड़ रहा है।

यह मुद्दा विश्व व्यापार संगठन के 13वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में ई-कॉमर्स सत्र के दौरान उठा। बता दें, मंत्रिस्तरीय सम्मेलन का गुरुवार को अंतिम दिन रहा। भारत ने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था का यह उभरता हुआ खंड अल्प विकसित देशों (एलडीसी) सहित विकासशील देशों के लिए आर्थिक वृद्धि की संभावनाएं लाता है। ऐसे में भारत ने इस बात पर जोर दिया है कि डिजिटल औद्योगीकरण को बढ़ावा देने के लिए ई-कॉमर्स व्यापार पर सीमा शुल्क लगाने सहित सभी नीतिगत विकल्प डब्ल्यूटीओ सदस्यों के पास होने चाहिए। वाणिज्य मंत्रालय ने बयान में कहा, भारत ने बताया कि विकसित और विकासशील देशों के बीच एक बड़ी डिजिटल खाई है। इससे वैश्विक ई-कॉमर्स में विकासशील देशों की भागीदारी बढ़ाना चुनौतीपूर्ण हो गया है।

## सर्वाधिक संख्या के साथ मध्य प्रदेश के सिर सजा 'तेंदुआ स्टेट' का ताज

मध्य प्रदेश का तेंदुआ स्टेट का तमगा इस बार भी बरकरार है। देश में तेंदुओं की सर्वाधिक संख्या 3,907 मध्य प्रदेश में है, वर्ष 2018 में 3421 थी। इसके बाद महाराष्ट्र में 1985, कर्नाटक में 1,879 और तमिलनाडु में 1,070 रही। टाइगर रिजर्व या सबसे अधिक तेंदुए की आबादी वाले स्थल आंध्रप्रदेश के श्रीशैलम में नागार्जुन सागर और इसके बाद मध्य प्रदेश में पन्ना और सतपुड़ा हैं। यह तथ्य गुरुवार को नई दिल्ली में भारत में तेंदुओं की स्थिति पर जारी रिपोर्ट में रेखांकित हुआ है। केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने इसकी रिपोर्ट जारी की।

**3,907**

के साथ मध्य प्रदेश देश में तेंदुओं की सर्वाधिक संख्या वाला प्रदेश है, वर्ष 2018 में 3421 थी संख्या



### तेंदुओं की आबादी का अनुमान



वहीं वन राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार ने कहा कि वन्य जीव हमारे जंगल की शान है। उल्लेखनीय है कि पांचवें चक्र में तेंदुओं की आबादी का अनुमान राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण और भारतीय वन्य जीव संस्थान द्वारा, राज्य वन विभागों के सहयोग से किया जा रहा है। चतुर्वर्षीय "बाघों की निगरानी, शिकारियों, शिकार और उनके आवास की निगरानी" अभ्यास के एक भाग के रूप में यह प्रयास किया गया था। इससे बाघ संरक्षण प्रयासों को गति मिली है।

### तेंदुओं के वर्गीकरण और संरक्षण चुनौतियां

बाघ रेंज वाले राज्यों और विविध परिदृश्यों को शामिल करते हुए, व्यापक सर्वेक्षण में तेंदुए की बहुतायत का आकलन करने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करके मजबूत वैज्ञानिक पद्धतियों का इस्तेमाल किया गया। इस दौरान कैमरा ट्रैपिंग, आवास विश्लेषण और जनसंख्या के संयोजन की एक सावधानीपूर्वक प्रक्रिया के माध्यम से, तेंदुओं के वर्गीकरण और संरक्षण चुनौतियों में महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि का पता चला।

### भारत में तेंदुओं की कितनी है आबादी

भारत में तेंदुओं की आबादी 13,874 (रेंज: 12,616 – 15,132) व्यक्ति होने का अनुमान है। यह 2018 में 12852 (12,172–13,535) व्यक्तियों के समान क्षेत्र की तुलना में स्थिर आबादी का प्रतिनिधित्व करती है। यह अनुमान तेंदुए के निवास स्थान की 70 प्रतिशत आबादी को दर्शाता है। इसमें हिमालय और देश के अर्धशुष्क हिस्सों का नमूना नहीं लिया गया है, क्योंकि यह बाघों का निवास स्थान नहीं हैं।

### सबसे बड़ी वृद्धि दर मध्य भारत

मध्य भारत में तेंदुओं की आबादी की स्थिर या थोड़ी बढ़ती दिखाई देती है। शिवालिक पहाड़ियों और गंगा के मैदानी इलाकों में गिरावट देखी गई। यदि हम उस क्षेत्र को देखें जिसका पूरे भारत में 2018 और 2022 दोनों में नमूना लिया गया था, तो प्रतिवर्ष 1.08 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। शिवालिक पहाड़ियों में, प्रतिवर्ष -3.4 % की गिरावट हो रही है।

## पाकिस्तान नेशनल असेंबली का पहला सत्र शुरू, राष्ट्रपति ने दी मंजूरी

### संविधान की शक्तियों का हुआ इस्तेमाल, 21 दिनों के भीतर होगा सत्र चुनाव

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

पाकिस्तान की नवनिर्वाचित संसद ने गुरुवार को अपना पहला सत्र शुरू कर दिया है। कार्यवाहक सरकार के साथ चल रहे मतभेदों के बाद राष्ट्रपति डॉ. आरिफ अल्वी ने आखिरकार विधानसभा सत्र बुलाया है। दोनों के बीच पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी समर्थित उम्मीदवारों को आरक्षित सीटें आवंटित किए जाने के मुद्दे को लेकर विवाद चल रहा था। पिछली संसद के निवर्तमान अध्यक्ष राजा परवेज अशरफ की अध्यक्षता में उद्घाटन सत्र एक घंटे से अधिक की देरी के बाद शुरू हुआ।

एक्स अकाउंट पर जारी बयान में कहा गया, 'कुछ आपत्तियों के अधीन, राष्ट्रपति डॉ. आरिफ अल्वी ने इस्लामिक गणराज्य पाकिस्तान के संविधान के अनुच्छेद 54(1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए 29 फरवरी को नेशनल असेंबली बुलाई है।' बता दें कि कि राष्ट्रपति ने अनुच्छेद 91 (2) में दी गई समयसीमा के जनादेश और निहितार्थों को ध्यान में रखते हुए और कुछ आरक्षणों के अधीन और 21वें दिन से पहले आरक्षित सीटों के मुद्दे के समाधान की उम्मीद करते हुए अपनी मंजूरी दे दी। गौरतलब है कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री कार्यालय ने मंगलवार को अल्वी द्वारा उठाई गई आपत्तियों को सीरे से खारिज कर दिया था। साथ ही कहा कि पाकिस्तान के संविधान के मुताबिक, नेशनल असेंबली सत्र चुनाव के 21 दिनों के भीतर होना चाहिए। संविधान के अनुच्छेद 91 के तहत, नेशनल असेंबली के पहले सत्र की जरूरी तारीख 29 फरवरी है। इस मीडिया रिपोर्ट में पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी ने मगंलवार को कहा कि संविधान की अवज्ञा करने पर अल्वी के खिलाफ कई कानूनी कार्रवाई की जाएंगी।

### नवाज शरीफ सहित कई नवनिर्वाचित सांसदों ने ली शपथ कल होगा प्रधानमंत्री पद के लिए चुनाव



पाकिस्तान के राष्ट्रपति आरिफ अल्वी द्वारा नेशनल असेंबली का सत्र बुलाए जाने के बाद देश के नवनिर्वाचित सांसदों ने गुरुवार को शपथ ली। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी समर्थित उम्मीदवारों को आरक्षित सीट आवंटित करने के मुद्दे पर कार्यवाहक सरकार के साथ मतभेद के कारण अल्वी के शुरुआती इनकार के बाद नई संसद का पहला सत्र आयोजित किया गया। इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) समर्थित सांसदों ने चुनाव में धांधली के नारे लगाए। चुनाव में धांधली के आरोपों के बीच नवाज शरीफ, पीएमएल-एन अध्यक्ष शहबाज शरीफ, पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के सह-अध्यक्ष आसिफ जरदारी और पीपीपी अध्यक्ष बिलावल भुट्टो-जरदारी अन्य सांसदों ने शपथ ली। बता दें, चुनाव में पार्टी का अच्छा प्रदर्शन नहीं होने के कारण उन्होंने रिकॉर्ड चौथी बार प्रधानमंत्री बनने का अपना प्रयास छोड़ दिया। नवनिर्वाचित सांसद नेशनल असेंबली के नए अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव करेंगे। प्रधानमंत्री पद के लिए चुनाव शनिवार को होने की उम्मीद है और पीएमएल-एन तथा पीपीपी के बीच चुनाव बाद समझौते के तहत नवाज शरीफ के छोटे भाई एवं पूर्व प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को सदन का नया नेता चुना जाना तय है।

## रूस के परमाणु हथियार इस्तेमाल को पूरी तरह तैयार: पुतिन

**मॉस्को।** रूस-यूक्रेन युद्ध के दो साल पूरे हो चुके हैं। इस बीच रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पश्चिमी देशों पर भड़ास निकाली है। पुतिन ने गुरुवार को राष्ट्र के नाम वार्षिक संबोधन में आरोप लगाया है कि पश्चिमी देश परमाणु संघर्ष के हालात पैदा करने चाहते हैं, जो मानव सभ्यता को नष्ट कर देगा।



मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पुतिन ने कहा कि पश्चिमी देश परमाणु युद्ध का 'वास्तविक' खतरा पैदा कर रहे हैं। रूसी राष्ट्रपति ने चेतावनी दी कि रूस के परमाणु हथियार उपयोग के लिए पूरी तरह तैयार में हैं। पुतिन ने आगाह किया है कि यूक्रेन युद्ध में दखलअंदाजी करने वालों के लिए परिणाम बहुत ही दुखद होंगे...उन्हें (पश्चिम) समझना चाहिए। मैंने उनसे कहा है कि हमारे पास भी ऐसे हथियार हैं जो उनके क्षेत्रों पर लक्ष्यों को नष्ट कर सकते हैं। पुतिन ने कहा कि रूस किसी को भी अपने आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करने की इजाजत नहीं देगा।

## यूएनएचआरसी: भारत ने कश्मीर मुद्दे पर पाकिस्तान को फटकारा

**संयुक्त राष्ट्र/ जिनेवा**

- जिनेवा में स्थायी सचिव अनुपमा ने कहा- भारत का यह आंतरिक मामला, टिप्पणी करना गलत

भारत ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) में बुधवार को डिबेट के दौरान कश्मीर के मुद्दे को उठाने के लिए पाकिस्तान को फटकार लगाई। साथ ही भारत ने इसे झूठ फैलाने के लिए हताश प्रयास बताया।

परिषद में भारत के स्थायी मिशन में प्रथम सचिव अनुपमा सिंह ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के दौरान संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक के दौरान जवाब देने के अधिकार में कहा, 'आज जब हम यूएनएससी सुधारों पर चर्चा करने के लिए मिल रहे हैं, तो पाकिस्तान के एक प्रतिनिधि ने फिर से जम्मू-कश्मीर का बेफिजूल संदर्भ उठा दिया। जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा है, भले ही पाकिस्तान का प्रतिनिधि कुछ भी मानता हो।

अनुपमा सिंह ने यूएनएचआरसी के 55वें सत्र में दोनों देशों द्वारा अपने बयानों में कश्मीर का मुद्दा उठाने के बाद भारत ने तुर्किये और पाकिस्तान को जवाब दिया। अनुपमा ने कहा, हमें तुर्किये द्वारा ऐसे मामले पर की गई टिप्पणी को लेकर खेद है जो भारत का आंतरिक मामला है और हम उम्मीद करते हैं कि वह भविष्य में हमारे आंतरिक मामलों पर अवांछित टिप्पणी करने से बचेगा।



### भारत के खिलाफ झूठे आरोप लगाना दुर्भाग्यपूर्ण

हाफिज सईद और मसूद अजहर जैसे आतंकी सरगनाओं के बारे में भारत ने कहा, एक ऐसा देश जो संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद द्वारा घोषित आतंकवादियों को पनाह देता है, उसका भारत पर टिप्पणी करना जिसकी लोकतांत्रिक साख दुनिया के लिए एक मिसाल हैं, हर किसी के लिए एक विरोधाभास है। भारत के व्यापक संदर्भों के लिए पाकिस्तान पर निशाना साधते हुए सिंह ने कहा कि परिषद के मंच का इस्तेमाल एक बार फिर भारत के खिलाफ झूठे आरोप लगाने के लिए किया जाना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।

## पति को आत्महत्या के लिए उकसाने का दोषी नहीं ठहराया जा सकता, तीन दशक बाद आरोपी बरी

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- सुप्रीम कोर्ट फैसला सुनाते हुए बोला- पत्नी की आत्महत्या के लिए पति के खिलाफ ठोस सबूत जरूरी

सुप्रीम कोर्ट ने 1993 के एक केस में अपनी पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में दर्ज एक पति की सजा को रद करते हुए व्यक्ति को बरी कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने तीन दशक पहले अपनी पत्नी को सुसाइड के लिए उकसाने के आरोप से एक व्यक्ति को बरी करते हुए कहा है कि शादी के सात साल के भीतर अपनी पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने पर किसी व्यक्ति को दोषी नहीं ठहराया जा सकता, जब तक कि उसके खिलाफ उत्पीड़न या क्रूरता के ठोस सबूत न हों।

भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा 113ए उन मामलों में पति और ससुराल वालों द्वारा उकसाने की धारणा स्थापित करती है, जहां शादी के सात साल के भीतर एक महिला की आत्महत्या होती है और वह क्रूरता का शिकार हुई है।

इस मामले में, आदमी की शादी 1992 में हुई थी। अभियोजन पक्ष ने दावा किया कि शादी के तुरंत बाद, आदमी और उसके माता-पिता ने पैसे की मांग करना शुरू कर दिया क्योंकि वह राशन की दुकान शुरू करना चाहता था। रिकॉर्ड के अनुसार, 19 नवंबर 1993 को महिला ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली थी। अभियोजन पक्ष के अनुसार, उसने अपने पति के लगातार उत्पीड़न के कारण आत्महत्या कर ली।शीर्ष अदालत ने कहा कि अदालतों को शादी के सात साल के भीतर किसी महिला को आत्महत्या के लिए उकसाने के विषय पर कानून के सही सिद्धांतों को लागू करने में बहुत सावधान और सतर्क रहना चाहिए, अन्यथा यह धारणा बन सकती है कि दोषसिद्धि कानूनी नहीं बल्कि नैतिकता है।

पीठ ने कहा, "इस अदालत ने माना है कि शादी के सात साल के भीतर आत्महत्या के तथ्य से, किसी को तब तक उकसाने के नतीजे पर नहीं पहुंचना चाहिए जब तक कि क्रूरता साबित न हो जाए। उत्पीड़न या क्रूरता के किसी ठोस सबूत के अभाव में, किसी आरोपी को दोषी नहीं ठहराया जा सकता है।

## एटमी हथियार केंद्र बंद...





**टेक्सास:** सैन फ्रांसिस्को अमेरिका में टेक्सास के जंगलों में लगी आग विकराल हो गई है। 5 स्थानों पर लगी इस आग ने 3.7 लाख एकड़ क्षेत्र को चपेट में ले लिया है। इससे अमेरिका का परमाणु हथियार सुविधा संचालन केंद्र खतरे में पड़ गया है। आग के बेकाबू होने के बाद अमेरिका के परमाणु शस्त्रागार को जोड़ने और अलग करने वाली मुख्य सुविधा ने मंगलवार रात टेक्सास में काम करना बंद कर दिया। आग बढ़ती देख छोटे शहरों को खाली करने के आदेश दिए गए हैं। गवर्नर ग्रेग एबॉट ने इसे आपदा घोषित कर दिया है। ● एजेंसी

## विकास साझेदारी हमारे संबंधों का प्रमुख स्तंभ

- मॉरीशस में परियोजनाओं के उद्घाटन पर मोदी बोले- 10 वर्षों में संबंधों को अभूतपूर्व दिशा मिली

**नई दिल्ली, एजेंसी**





मॉरीशस समकक्ष प्रविंद जुगनाथ के साथ वर्चुअली माध्यम से विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके मॉरीशस समकक्ष प्रविंद जुगनाथ ने गुरुवार को मॉरीशस के अगालेगा द्वीप पर छह सामुदायिक विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इसके साथ ही नई हवाई पट्टी (एयरस्ट्रिप) और सेंट जेम्स जेट्टी का भी संयुक्त रूप से लोकार्पण किया।

पीएम कार्यालय के एक बयान के अनुसार, यह कार्यक्रम वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित किया गया था। इन कई परियोजनाओं का उद्घाटन दोनों देशों, भारत और मॉरीशस के बीच मजबूत और दशकों पुरानी विकास साझेदारी का प्रमाण है। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा, 'पिछले 10 वर्षों में, भारत-मॉरीशस संबंधों को अभूतपूर्व दिशा मिली है। हमने इस रिश्ते में नई ऊंचाइयां हासिल कीं।

हमने वैज्ञानिक और ऐतिहासिक संबंधों को एक नया रूप दिया। विकास साझेदारी हमारे संबंधों का प्रमुख स्तंभ रही है। भारत ने हमेशा मॉरीशस की जरूरतों का सम्मान किया है'। आधिकारिक बयान के अनुसार, ये परियोजनाएं मुख्य भूमि मॉरीशस और अगालेगा के बीच बेहतर कनेक्टिविटी की मांग को पूरा करने में मदद करेंगी। पीएमओ के अनुसार इससे समुद्री सुरक्षा मजबूत होगी और सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा।

दरअसल, कुछ सप्ताह पहले दोनों नेताओं ने मॉरीशस में यूपीआई और रुपे कार्ड सेवाओं के शुभारंभ किया था। इसके बाद अब इन विकास परियोजनाओं का उद्घाटन इस क्षेत्र में बहुत महत्व रखता है।

**विज्ञान** | वैज्ञानिकों ने जताई थी तीन ग्रहों पर जीवन की संभावना, कम हो रही दूसरे ग्रह पर जीवन की उम्मीद

## खत्म हो रहा बाहरी सौरमंडल के ग्रह ट्रैपिस्ट-1ई का वातावरण

**नैनीताल कार्यालय**

**अमृत विचार:** सात ग्रहों का ट्रैपिस्ट एक्सोप्लैनेट (बाहरी ग्रहों) का सौरमंडल खत्म हो जाएगा। कुछ ऐसी ही संभावनाएं खगोल वैज्ञानिक जता रहे हैं। ताजा शोध में पता चला है कि रहने योग्य इस इस सोलर सिस्टम का एक ग्रह ट्रैपिस्ट-1ई का वारावरण नष्ट हो रहा है। इस जानकारी के बाद किसी दूसरे ग्रह पर जीवन की उम्मीद जाती रही।

ट्रैपिस्ट सात ग्रहों वाला सौर मंडल है। जिसके तीन ग्रहों पर जीवन की संभावना वैज्ञानिकों ने जताई थी। मगर अब जो जानकारी मिली है, उससे पता चलता है कि इस बाहरी सिस्टम में रहने योग्य ग्रहों को उसके लाल बौने तारे से निकलने वाले कठोर विकिरण उसके वायुमंडल से खत्म कर रहा है। जिसमे ट्रैपिस्ट-1ई जीवन के लिए दुर्गम बना सकती है।

वैज्ञानिकों के अनुसार प्रतीत होता है कि इस ग्रह के अपने लाल बौने मेजबान तारे के चारों ओर विद्युत धाराएं उत्पन्न हो रही हैं। इस सोलर सिस्टम के ग्रह लाल बौने तारे की परिक्रमा करते हैं। इस सिस्टम में सभी सात ग्रह पृथ्वी के समान चट्टानी हैं। जिनमें 3 रहने योग्य क्षेत्र में स्थित हैं। यह क्षेत्र न तो बहुत गर्म है और न ही बहुत ठंडा है और इनमें तरल पानी की प्रबल संभावना थी। ट्रैपिस्ट-1ई पृथ्वी से 40 प्रकाश वर्ष की दूरी पर स्थित है। ट्रैपिस्ट-1 ई एक्सोप्लैनेट में वायुमंडल की विस्तृत जानकारी के लिए नासा की जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप की मदद ली गई थी और गहन अध्ययन के बाद वैज्ञानिकों को निराश होना पड़ा है। अमेरिका के सेसिलिया गैराफो, हार्वर्ड और स्मिथसोनियन के वैज्ञानिक इस सौर मंडल का सामूहिक अध्ययन कर रहे हैं।



ट्रैपिस्ट-1 का सौरमंडल।

### पृथ्वी के आकार का है ट्रैपिस्ट 1ई, 0.7 गुना है द्रव्यमान

ट्रैपिस्ट-1ई लगभग पृथ्वी के आकार का है। इसका द्रव्यमान हमारे ग्रह के लगभग 0.7 गुना है। यह अपने तारे से चौथे नंबर का ग्रह है, जो पृथ्वी और सूर्य के बीच की दूरी से केवल 0.028 गुना दूरी पर परिक्रमा करता है, और केवल 6.1 पृथ्वी दिनों में एक चक्कर लगाता है। एक्सोप्लैनेट ट्रैपिस्ट-1बी का अपना वातावरण पहले ही खो चुका है। इस सौरमण्डल के सातों ग्रहों के नाम ट्रैपिस्ट-1बी, 1ई, 1सी 2डी आदि रखे गए हैं।

## गाजा में राहत सहायता की प्रतीक्षा कर रहे लोगों पर हमला, 70 की मौत

**राफा।** गुरुवार को गाजा शहर में मानवीय सहायता की प्रतीक्षा कर रहे फिलिस्तीनियों की भीड़ पर इजराइली हमले में दर्जनों लोग मारे गए और घायल हो गए। स्थानीय अस्पताल के अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी।

शिफा अस्पताल के नर्सिंग विभाग के प्रमुख डॉ. जदल्लाह शफाई ने अल जजीरा नेटवर्क को बताया कि लगभग 70 लोग मारे गए और 250 घायल हो गए। उन्होंने सटीक मरने वालों की संख्या नहीं बताया। अल जजीरा ने फुटेज चलाया जिसमें कई शव और घायल लोग शिफा पहुंचते हुए दिखाई दे रहे थे। कमल अदवान अस्पताल में एम्बुलेंस सेवा के प्रमुख फारेस अफाना ने कहा कि घटनास्थल पर पहुंचने वाले चिकित्सकों ने सैकड़ों को जमीन पर पड़ा हुआ पाया। उन्होंने कहा कि मृतकों और घायलों को गधे द्वारा खिंची जाने वाली गाड़ियों पर अस्पतालों में लाया जा रहा था।

## एच-1बी वीजा प्रक्रिया में सुधार के लिए हरसंभव प्रयास कर रहे

**वाशिंगटन, एजेंसी**

- भारतीय-अमेरिकियों को लेकर बोला-व्हाइट हाउस

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन एच1बी वीजा प्रक्रिया, 'ग्रीन कार्ड' बैकलॉग और देश की कानूनी आव्रजन प्रणाली से संबंधित अन्य मुद्दों में सुधार के लिए हर संभव कोशिश कर रहे हैं। एच1बी वीजा एक गैर-आप्रवासी वीजा है जो अमेरिकी कंपनियों को विदेशी श्रमिकों को विशेष व्यवसायों में नियोजित करने की अनुमति देता है जिनके लिए सैद्धांतिक या तकनीकी विशेषज्ञता की आवश्यकता होती है।

व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरिन ने बुधवार को कहा, अगर हम एच1बी वीजा प्रक्रिया को देखें, तो हमने उसमें सुधार करने के लिए कार्रवाई की है और वैध स्थायी निवासियों (ग्रीन कार्ड) के लिए प्रक्रिया और बैकलॉग जो अमेरिकी नागरिक बनने के लिए पात्र हैं।

### भारत की अध्यक्षता में क्वाड की प्रगति बरकरार रहेगी: व्हाइट हाउस

व्हाइट हाउस ने कहा है कि अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन को उम्मीद है कि क्वाड 2024 में भारत की अध्यक्षता में अपने पिछले तीन वर्षों की गति को बरकरार रखेगा। क्वाड (चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद) में भारत, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान चार देश शामिल हैं। जीन-पियरे ने कहा, राष्ट्रपति पिछले तीन वर्षों में क्वाड की प्रगति पर बहुत गर्व महसूस करते हैं। क्वाड के सदस्यों ने मार्च 2021 में व्हाइट हाउस में अपना पहला शिखर सम्मेलन आयोजित किया था। उन्होंने कहा- क्वाड की 2024 में वर्षगांठ आ रही है, हम उम्मीद कर रहे हैं अमेरिका के बारे में नहीं, भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया के बारे में भी बात कर रहे हैं।

## ट्रंप एक और राज्य के प्राथमिक चुनाव के लिए अयोग्य घोषित

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को बुधवार को कैपिटल हिल हिंसा मामले में सुप्रीम कोर्ट से राहत मिली। शीर्ष अदालत उनकी दलीलों को सुनने पर सहमत हुआ।



वहीं दूसरी ओर, इसी मामले को लेकर इलिनॉय राज्य में एक स्थानीय अदालत से उन्हें झटका लगा। अदालत ने ट्रंप को राष्ट्रपति चुनाव के लिए होने वाले प्राथमिक मतदान से बाहर करने का आदेश दिया है। इससे पहले मेन और कोलाराडो राज्य भी ट्रंप को राज्य के प्राथमिक मतदान के लिए अयोग्य घोषित कर चुके हैं। इलिनॉय में 19 मार्च को प्राथमिक चुनाव होंगे। कोर्ट ने कहा- ट्रंप ने एक विद्रोह में भाग लिया था। इसलिए उन्हें राज्य के मतपत्र में रहने की अनुमतिनहीं है।